ज्येष्ठ शुक्ल पक्ष नवमी
विक्रम संवत 2081

लखनऊ, बरेली, मुरादाबाद, हल्द्वानी, अयोध्या व कानपुर से प्रकाशित

शनिवार, 15 जून 2024
वर्ष 34, अंक 139, पृष्ठ 16
2 राज्य, 6 संस्करण
मूल्य 5 रुपये

अमृत विचार

लखनऊ

एक सम्पूर्ण अखबार

www.amritvichar.com

पेरिस ओलंपिक में नहीं खेलेंगे मेसी 15

11 अक्टूबर को रिलीज होगी आलिया भट्ट की जिगरा 16

आवास विकास परिषद ने बढ़ाए जमीन के दाम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- 10 से 15 फीसद तक बढ़ोतरी आज से लागू
- मुख्य अभियंता की अध्यक्षता वाली कमेटी का प्रस्ताव मंजूर

अमृत विचार : आवास एवं विकास परिषद ने बोर्ड बैठक के बाद प्रदेश की सभी योजनाओं की जमीन के दाम बढ़ा दिए हैं। नई कीमतों में 10 से 15 फीसद तक बढ़ोतरी की गई है, जो आज से लागू हो गई हैं।

मुख्य अभियंता की अध्यक्षता वाली कमेटी ने दरें बढ़ाने का प्रस्ताव आयुक्त को भेजा था। जिस पर मुहर लग गई है। नई दरों में 10 से 15 फीसद बढ़ोतरी की गई है। इसमें आवास विकास की सभी योजनाओं की जमीन शामिल है। लखनऊ में 10 फीसद जबकि प्रयागराज, कानपुर, गाजियाबाद, गोरखपुर, बस्ती, झांसी, इटावा, अलीगढ़ आदि जिलों में 10 से 15 फीसद दाम बढ़े हैं। लखनऊ की बात करें तो यहां अवध विहार, वृन्दावन व गोकुल ग्राम बीबी खेड़ा में जमीन खरीदने के लिए पहले और जेब ढीली करनी होगी। गुरुवार को हुई बोर्ड बैठक में इसका जिक्र नहीं किया गया। लेकिन, बैठक के बाद शुक्रवार को यह फरमान जारी कर दिया। इसके लेकर तमाम तरह की चर्चा रही। आवास आयुक्त डॉ बलकार सिंह से संपर्क किया तो फोन नहीं उठा।

मालगाड़ी की चपेट में आने से चार की मौत, छह घायल

नई दिल्ली/लातेहार। सासाराम रांची इंटरसिटी एक्सप्रेस में शुक्रवार शाम आग लगने की अफवाह के चलते कुछ यात्री ट्रेन से कूद गए और बगल की पटरी पर चल रही एक मालगाड़ी की चपेट में आ गए। चार लोगों की मौत और छह यात्री घायल हुए हैं। धनबाद मंडल रेल प्रबंधक ने बताया कि यह घटना रात करीब आठ बजे धनबाद मंडल के कुमांडीह रेलवे स्टेशन पर घटी। झारखंड के लातेहार जिले की उपायुक्त गरिमा सिंह ने बताया कि दुर्घटना में चार लोगों की मौत हो गई, जबकि 6 अन्य घायल हो गए। चार शव बरामद कर लिए गए हैं।

थोक महंगाई मई में लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61% पर

सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि का पड़ा असर

नई दिल्ली, एजेंसी

खाद्य वस्तुओं खासकर सब्जियों और विनिर्मित वस्तुओं की कीमतों में वृद्धि के कारण थोक मुद्रास्फीति मई में लगातार तीसरे महीने बढ़कर 2.61 प्रतिशत हो गई। थोक मूल्य सूचकांक (डब्ल्यूपीआई) आधारित मुद्रास्फीति अप्रैल में 1.26 प्रतिशत थी। मई 2023 में यह शून्य से नीचे 3.61 प्रतिशत रही थी। वाणिज्य एवं उद्योग मंत्रालय ने शुक्रवार को एक बयान में कहा कि मई 2024 में मुद्रास्फीति बढ़ने का मुख्य कारण खाद्य वस्तुओं, खाद्य उत्पादों के विनिर्माण, कच्चे पेट्रोलियम तथा प्राकृतिक गैस, खनिज तेल, अन्य विनिर्माण आदि की कीमतों में वृद्धि रहा।

चुनिंदा शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स, निफ्टी ने बनाए नए रिकॉर्ड

मुंबई। निर्यात के उत्साहजनक आंकड़ों के बीच शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों में लिवाली आने से लगातार तीसरे सत्र में भी तेजी जारी रही। इसके असर में घरेलू बाजारों के मानक सूचकांक सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुए। बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 181.87 अंक यानी 0.24 प्रतिशत चढ़कर 76,992.77 अंक के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 66.70 अंक यानी 0.29 प्रतिशत की बढ़त के साथ 23,465.60 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 91.5 अंक बढ़कर 23,490.40 अंक के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था।

आंकड़ों के अनुसार, खाद्य वस्तुओं की मुद्रास्फीति मई में 9.82 प्रतिशत बढ़ी, जबकि अप्रैल में यह 7.74 प्रतिशत थी। मई में सब्जियों की महंगाई दर 32.42 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में 23.60 प्रतिशत थी। प्याज की महंगाई दर 58.05 प्रतिशत, जबकि आलू की महंगाई दर 64.05 प्रतिशत रही। दालों की महंगाई दर मई में 21.95 प्रतिशत रही। ईंधन एवं बिजली क्षेत्र में मुद्रास्फीति 1.35 प्रतिशत रही, जो अप्रैल के 1.38 प्रतिशत से मामूली कम है। विनिर्मित उत्पादों में मुद्रास्फीति 0.78 प्रतिशत रही, जो अप्रैल में शून्य से नीचे 0.42 प्रतिशत थी।



प्रधानमंत्री ने किया प्रौद्योगिकी क्षेत्र में एकाधिकार समाप्त करने का आह्वान

मोदी बोले-वैश्विक तनाव का नतीजा भुगत रहे ग्लोबल साउथ के देश

जी-7 शिखर सम्मेलन

बारी (इटली), एजेंसी

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एकाधिकार को समाप्त करने का शुक्रवार को आह्वान किया और कहा कि समावेशी समाज की नींव रखने के लिए इसे रचनात्मक बनाया जाना चाहिए। मोदी ने इटली के अपुलिया क्षेत्र में जी-7 शिखर सम्मेलन के संवाद सत्र को संबोधित करते हुए कहा कि 'ग्लोबल साउथ' के देश वैश्विक अनिश्चितताओं और तनावों का खामियाजा भुगत रहे हैं। उन्होंने कहा कि भारत ने 'ग्लोबल साउथ' के देशों की प्राथमिकताओं और चिंताओं को विश्व मंच पर रखना अपनी जिम्मेदारी माना है।

उन्होंने कहा कि इन प्रयासों में हमने अफ्रीका को उच्च प्राथमिकता दी है। हमें गर्व है कि भारत की अध्यक्षता में जी-20 ने अफ्रीकी संघ को अपना स्थायी सदस्य बनाया है। मोदी ने कहा कि भारत अफ्रीका के सभी देशों के आर्थिक और सामाजिक विकास, स्थिरता और सुरक्षा में योगदान देता रहा है तथा भविष्य में भी ऐसा करता रहेगा। प्रधानमंत्री ने प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में एकाधिकार समाप्त करने के महत्व पर विस्तार से बात की और कृत्रिम बुद्धिमत्ता पर जोर दिया। उन्होंने कहा कि हमें प्रौद्योगिकी को रचनात्मक बनाना होगा, विघटनकारी नहीं। तभी हम समावेशी समाज की नींव रख पाएंगे।

मोदी ने कहा कि भारत कृत्रिम मेधा (आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस) को लेकर राष्ट्रीय रणनीति तैयार करने वाले शुरुआती कुछ देशों में शामिल है। उन्होंने कहा कि इसी रणनीति के आधार पर हमने इस वर्ष एआई मिशन की शुरुआत की है और इसका मूल मंत्र है सभी के लिए एआई। प्रधानमंत्री ने कहा कि पिछले वर्ष भारत द्वारा आयोजित जी-20 शिखर सम्मेलन के दौरान हमने एआई के क्षेत्र में अंतर्राष्ट्रीय शासन-प्रणाली के महत्व पर जोर दिया था। उन्होंने कहा कि भविष्य में भी हम एआई को पारदर्शी, निष्पक्ष, सुरक्षित, सुलभ और जिम्मेदार बनाने के लिए सभी देशों के साथ मिलकर काम करना जारी रखेंगे।

जी-7 सम्मेलन के दौरान पोप फ्रांसिस से मुलाकात करते प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी।

पोप फ्रांसिस को दिया भारत आने का न्यौता

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने शुक्रवार को पोप फ्रांसिस को भारत आने का न्यौता दिया और कहा कि वह लोगों की सेवा के प्रति पोप की प्रतिबद्धता की सराहना करते हैं। मोदी और पोप फ्रांसिस ने दक्षिणी इटली के अपुलिया में जी7 शिखर सम्मेलन के 'आउटरीच सत्र' में गर्मजोशी से मुलाकात की। उन्होंने विश्व के अन्य नेताओं के साथ महत्वपूर्ण वैश्विक मुद्दों पर चर्चा की।

राम मंदिर पर आतंकी हमले की मिली धमकी, बढ़ाई गई सतर्कता

अयोध्या कार्यालय

- आतंकी संगठन जैश ने जारी किया है धमकी का वीडियो
- पहले भी सोशल मीडिया और मोबाइल पर मिल चुकी है धमकी

अमृत विचार : राम मंदिर पर आतंकी हमले का आडियो वायरल होने के बाद अयोध्या में सतर्कता बढ़ा दी गई है। किसी प्रकार का हलचल न मचने पाए इसे लेकर सतर्कता बरती जा रही है। सुरक्षा एजेंसियों ने जांच शुरू कर दी है। सुरक्षा को लेकर अतिसंवेदनशील राम जन्मभूमि पर पहले भी सोशल मीडिया और मोबाइल पर हमले की धमकी मिल चुकी है।

सोशल मीडिया के साथ मीडिया में शुक्रवार को एक आडियो वायरल हुआ है। जिसमें आतंकी संगठन जैश ए मोहम्मद से जुड़े किसी आमिर नामक शख्स की ओर से मस्जिद की जमीन पर मंदिर का निर्माण किए जाने का हवाला देते हुए बदला लेने की बात कही जा रही है। मामला चर्चा में आने के बाद अयोध्या में सुरक्षा तथा ख़ुफ़िया एजेंसियों के फ़ोन घनघनाने लगे। मुख्यालय से लेकर वरिष्ठ अधिकारियों की ओर से मामले की जानकारी ली गई। अयोध्या में सतर्कता के साथ रामजन्मभूमि समेत अन्य मठ-मंदिरों पर जांच व तलाशी का कार्य पूर्व की भांति चलता रहा।

कुछ दिन पूर्व इंस्टाग्राम पर भी पोस्ट हुई थी धमकी

कुछ दिन पूर्व राम मंदिर को बम से उड़ाने की धमकी इंस्टाग्राम पर पोस्ट की गई थी, डायल 112 को फोन किया गया था। तब भी पुलिस ने सतर्कता के तहत जांच शुरू कराई थी। कुशीनगर जिले के पटहेरवा थाना क्षेत्र के बलुआ तकिया निवासी एक 16 वर्षीय किशोर की पहचान की गई थी। इसी लड़के की ओर से मुंबई के ताज होटल और छत्रपति शिवाजी महाराज अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे को उड़ाने की धमकी भी दी गई थी। पड़ताल में धमकी देने वाला लड़का मानसिक मंदित मिला था।

अयोध्या धाम की सुरक्षा व्यवस्था को विभिन्न एरिया में विभाजित करते हुए वरिष्ठ राजपत्रित अधिकारी के नेतृत्व में टीम का गठन किया गया है। हर जोन में सुरक्षाकर्मी तैनात किए गए हैं। जिला पुलिस के अलावा पीएसी की भी कई कंपनियां पहले से ही तैनात हैं। **-राज करण नैय्यर,** एसएसपी अयोध्या

डीजीपी प्रशांत कुमार ने अयोध्या के अधिकारियों को सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। अयोध्या परिक्षेत्र के आईजी प्रवीण कुमार ने बताया कि जैश-ए-मोहम्मद की धमकी को गंभीरता से लिया गया है। अयोध्या में पहले से मौजूद एटीएस, एसटीएफ, सीआरपीएफ, एसएसएफ की टीम को और सक्रिय रहने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही खुफिया विभाग को सतर्क किया गया है। रेलवे, स्टेशन, बस स्टेशन पर तैनात फोर्स को सक्रियता बरतने के निर्देश दिए गए हैं। वहीं, अयोध्या के एसएसपी ने महर्षि वाल्मीकि एयरपोर्ट पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। हालांकि धमकी दिए जाने पर कुछ भी बोलने से इन्कार किया है। अयोध्या पहुंचे पूर्व उपमुख्यमंत्री दिनेश शर्मा ने कहा कि धमकी देने वाला संगठन चाहे लश्करे तैयबा हो या जैश ए मोहम्मद, अथवा फिर इनके अब्बा। जो भी इधर नजर उठाएगा, वह सीधा जहन्नुम जाएगा।

एक नजर

स्कूलों में गर्मी की छुट्टियां 28 जून तक बढ़ाई गईं

लखनऊ। भीषण गर्मी को देखते हुए प्रदेश में कक्षा एक से आठ तक के सरकारी व निजी विद्यालयों में ग्रीष्मावकाश 17 जून से बढ़ाकर 28 जून तक कर दिया गया है। बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने आदेश जारी करते हुए कहा कि 25 जून से शिक्षक विद्यालय पहुंचकर व्यवस्था को दुरुस्त करेंगे। बच्चों की पढ़ाई 28 जून से शुरू होगी।

कॉर्बेट का ढिकाला जोन 14 नवंबर तक बंद

रामनगर। विश्व प्रसिद्ध जिम कॉर्बेट पार्क का ढिकाला पर्यटन जोन शनिवार से पर्यटकों के लिए बंद हो गया है। अब ढिकाला जोन 15 नवंबर को पर्यटकों के लिए खोला जाएगा। वन अधिकारियों के अनुसार, 15 जून 2023 से 14 जून 2024 तक ढिकाला में 4.32 लाख पर्यटक पहुंचे और 26 करोड़ का राजस्व प्राप्त हुआ।

बांदा और मिर्जापुर के चकबंदी अधिकारी निलंबित

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

- मैनपुरी में भी कई पर कार्रवाई अन्य लापरवाह अधिकारियों की भी रिपोर्ट मुख्यमंत्री ने मांगी

अमृत विचार : मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के निर्देश पर चकबंदी आयुक्त जीएस नवीन ने भ्रष्टाचार व कार्य में लापरवाही के आरोप में बांदा के चकबंदी अधिकारी राणा प्रताप और मिर्जापुर के चकबंदी अधिकारी राजेन्द्र राम को निलंबित करते हुए इनके खिलाफ विभागीय जांच के आदेश दिए हैं। वहीं मैनपुरी के अधिकारी और कर्मचारियों के खिलाफ विभागीय जांच और कारण बताओ नोटिस जारी की गई है। जल्द ही मुख्यमंत्री कार्यालय को अन्य लापरवाह अधिकारियों की भी रिपोर्ट सौंपे जाने की तैयारी है।

बांदा में वित्तीय वर्ष 2023-24 में धारा-27 व 52 के अंतर्गत लक्षित ग्राम उमरेंहडा का कार्य पूरा न करने, ग्राम बहिंगा में सहायक चकबन्दी अधिकारी स्तर पर सृजित चकों की त्रुटियों का निराकरण कर कार्य आगे बढ़ाने के बजाय ग्राम को सहायक चकबन्दी अधिकारी स्तर पर प्रत्यावर्तित करने, सीसीएमएस पोर्टल के माध्यम से न्यायालय न चलाने और ग्राम उमरेंहडा के गाटा संख्या-1331 का रकबा बन्दोबस्त से अधिक बढ़ाने पर चकबंदी अधिकारी राणा प्रताप को निलंबित किया गया है। मिर्जापुर में ग्राम नवैया की चक संख्या-950 आदि से मृतक शेषनरायन सिंह की वरासत बिना जांच चार बार अलग-अलग आदेश जारी करने और वाद संख्या-174, धारा-12 में बिना दस्तावेज परीक्षण और जांच के नामान्तरण आदेश पारित करने पर चकबंदी अधिकारी राजेन्द्र राम को निलंबित किया गया है। वहीं मैनपुरी में चकबंदी अधिकारी मो. साजिद, चकबंदीकर्ता काली चरण और रविकांत, चकबंदी लेखपाल अमित कुमार और अजय कुमार के खिलाफ कार्रवाई की गई है। मैनपुरी के ही उप संचालक चकबंदी, एडीएम एफआर रामजी मिश्र को कारण बताओ नोटिस दी गई है।

महाराजगंज के समाज कल्याण अधिकारी की सेवा समाप्त

लखनऊ। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाराजगंज के समाज कल्याण अधिकारी शंकर लाल की सेवाएं समाप्त कर दी है। उन पर उरई में तैनाती के दौरान 65 लाख रुपये के पेंशन घोटाले के आरोप थे, जांच में दोषी पाए जाने के बाद कार्रवाई करते हुए शुक्रवार को मुख्यमंत्री ने गबन की राशि के वसूली के भी निर्देश दिए हैं। मालूम हो कि समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ.हरिओम ने बीते 15 मार्च को नोटिस जारी किया, जिसमें तीन माह बीतने पर शंकर लाल को सेवानिवृत्त होना था, यानि 15 जून को शंकर लाल की सेवाएं स्वत: समाप्त हो जाएंगी।

चारधाम यात्रा में श्रद्धालुओं की दैनिक निर्धारित सीमा समाप्त

देहरादून। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी के निर्देशानुसार गढ़वाल आयुक्त/अध्यक्ष चारधाम यात्रा प्रशासन ने ऋषिकेश एवं हरिद्वार में चारधाम के दर्शन के लिए श्रद्धालुओं के लिए निर्धारित की गई सीमा को समाप्त कर दिया है। गढ़वाल आयुक्त विनय शंकर पांडेय ने बताया कि यात्रा की शुरुआत में भारी संख्या में श्रद्धालुओं के पहुंचने पर चारधाम के दर्शन के लिए निश्चित संख्या में ही श्रद्धालुओं को अनुमति दी जा रही थी। अब ऋषिकेश एवं हरिद्वार में चारों धामों के दर्शन के लिए श्रद्धालु रजिस्ट्रेशन काउंटर पर भौतिक रूप से मौजूद होकर यात्रा के लिए रजिस्ट्रेशन करा सकते हैं। यह आदेश तत्काल प्रभाव से लागू किया जाता है।

कुवैत से 45 शव लेकर पहुंचा विमान

कोच्चि, एजेंसी

- 31 शव कोच्चि हवाई अड्डे पर उतारे गए, 14 को ले जाया गया दिल्ली
- केरल के मुख्यमंत्री विजयन, केंद्रीय मंत्री सुरेश गोपी ने दी श्रद्धांजलि

कुवैत की एक बहुमंजिला इमारत में दो दिन पहले हुए अग्निकांड में जान गंवाने वाले 45 भारतीय कामगारों का शव लेकर वायुसेना का विमान शुक्रवार को भारत पहुंचा। इनमें से 31 लोग दक्षिणी राज्यों से थे जिनके शवों को कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतारने के बाद शेष 14 शवों को दिल्ली ले जाया गया।

हवाई अड्डे पर केरल के मुख्यमंत्री पिनराई विजयन सहित केंद्रीय और राज्य मंत्रियों ने मृतकों को श्रद्धांजलि अर्पित की। कुवैत से भारतीयों के शव लेकर आया भारतीय वायुसेना का विमान शुक्रवार को 10.30 बजे कोच्चि अंतर्राष्ट्रीय हवाई अड्डे पर उतरा। वायुसेना के सी-130जे परिवहन विमान से लाए गए 45 में से 31 शवों को यहां उतारा गया। इसके बाद विमान अन्य शवों को लेकर दिल्ली रवाना हो गया। अधिकारियों ने बताया कि कुवैत अग्निकांड में मारे गए दक्षिण राज्यों के 31 लोगों में केरल के 23, तमिलनाडु के सात और कर्नाटक का एक व्यक्ति शामिल है। मुख्यमंत्री विजयन ने यहां हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा कि अग्निकांड में इतनी बड़ी संख्या में भारतीय प्रवासियों की मौत देश के लिए एक बड़ी आपदा के समान है। पर्यटन एवं पेट्रोलियम राज्य मंत्री सुरेश गोपी भी मृतकों को श्रद्धांजलि देने के लिए कोच्चि हवाई अड्डे पर मौजूद थे। मृतकों के शवों को लाने वाले वायुसेना के विमान में आए विदेश राज्य मंत्री कीर्ति वर्धन सिंह और तमिलनाडु के अल्पसंख्यक कल्याण और अनिवासी तमिल कल्याण मंत्री के एस मस्थान ने भी मृतकों को श्रद्धांजलि दी।

कोच्चि हवाई अड्डे पर उतारे गए कुवैत हादसे में मृत भारतीयों के शव।

सिक्किम में भूस्खलन से 6 की मौत, कई लापता

गंगटोक, एजेंसी

- लगातार बारिश के चलते सड़क ढहने से कई पर्यटक फंसे
- तीस्ता नदी में जलस्तर बढ़ने से आसपास के तमाम घर ढहे

सिक्किम का उत्तरी इलाका लगातार हो रही बारिश के कारण एक बार फिर से बाढ़ और भूस्खलन की चपेट में गया है। बारिश जनित घटनाओं में अब तक छह लोगों की मौत हो चुकी है तथा कई अन्य लोग लापता हैं।

गुरुवार सुबह से देर रात तक जारी बारिश के चलते भारी तबाही हुई है। सड़क ढहने से कई पर्यटक फंस गए हैं। तिस्ता नदी में जल बढ़ने से आसपास के घर ताश की पत्तों की तरह ढह गए। इस बीच, सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने जिला प्रशासन को तुरंत राहत और बचाव के सारे प्रबंध करने के निर्देश दिए हैं। पुलिस के मुताबिक अंबीथांग (रंगरंग के पास) तीन लोग लापता हो गए हैं। पक्षेप (मंगन के पास) दो लोग लापता हो गए हैं, जबकि एक शव बरामद हुआ। इसी तरह से गेयथांग (जंगु) में तीन घर क्षतिग्रस्त हो गए हैं। नामपथांग (पेंटोक, मंगन के पास) कई घर क्षतिग्रस्त हो गए व सड़क अवरुद्ध हो गई। ब्रिंगबोंग ओपी के पास में दूसरे स्थान पर स्थानांतरित कर दिया गया।

सिम के लिए शुल्क लगाने का कोई प्रस्ताव नहीं : ट्राई

नई दिल्ली। दूरसंचार नियामक ट्राई ने शुक्रवार को उन रिपोर्टों को खारिज कर दिया, जिनमें कहा गया था कि उसने इन सीमित संसाधनों का कुशल उपयोग सुनिश्चित करने के लिए मोबाइल या लैंडलाइन नंबर खरीदने के लिए शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया है। ट्राई ने इस महीने राष्ट्रीय नंबरिंग योजना के संशोधन पर एक परामर्श पत्र जारी किया और सिफारिशों का मसौदा तैयार करने के लिए हितधारकों से टिप्पणियां मांगीं। ट्राई ने कहा कि हमारे ध्यान में आया है कि कुछ मीडिया हाउस ने रिपोर्ट की है कि ट्राई ने मोबाइल और लैंडलाइन नंबरों के लिए शुल्क लगाने का प्रस्ताव दिया है। यह अटकलें बिल्कुल गलत है।

सीबीआई जांच की याचिका पर केंद्र-एनटीए से मांगा जवाब

नीट-यूजी : सुप्रीम कोर्ट ने सीबीआई और बिहार सरकार से भी दो सप्ताह में जवाब देने को कहा

नई दिल्ली, एजेंसी

उच्चतम न्यायालय ने नीट-यूजी, 2024 में कथित अनियमितताओं की केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) से जांच के अनुरोध वाली याचिका पर शुक्रवार को केंद्र एवं राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) से जवाब मांगा। नीट-यूजी को लेकर चल रहे विवाद के बीच एक महत्वपूर्ण घटनाक्रम में न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने सीबीआई और बिहार सरकार से भी दो सप्ताह के भीतर जवाब देने को कहा। पीठ हितेन सिंह कश्यप द्वारा दायर जनहित याचिका पर सुनवाई कर रही थी।

- गर्मी की छुट्टियों के बाद 8 जुलाई को सभी लंबित व जनहित याचिकाओं पर सुनवाई करेगी कोर्ट

पीठ ने कहा कि अन्य लंबित याचिकाओं के साथ ही इस जनहित याचिका पर आठ जुलाई को सुनवाई की जाएगी, जब सर्वोच्च अदालत गर्मी की छुट्टियों के बाद बैठेगी। पीठ संक्षिप्त सुनवाई के दौरान उस समय अप्रसन्न हो गई जब एक वकील ने सीबीआई जांच के लिए अपने मामले को मजबूत बनाने के लिए राजस्थान के कोटा में छात्रों द्वारा आत्महत्या किए जाने का जिक्र किया। न्यायमूर्ति नाथ ने कहा कि यहां अनावश्यक भावनात्मक दलीलें नहीं दें। सीबीआई जांच का आदेश देने के लिए पेश दलीलों पर पीठ ने कहा कि कोई आदेश पारित करने से पहले एनटीए का जवाब आवश्यक है। वकील ने कहा कि यह 24 लाख छात्रों के भविष्य से जुड़ा मामला है। इस पर पीठ ने कहा कि हम समझते हैं। हम इन सबके प्रति सजग हैं।

खामियां मिलीं तो तय की जाएगी जवाबदेही : प्रधान

नई दिल्ली। नीट को लेकर जारी विवाद के बीच केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेन्द्र प्रधान ने शुक्रवार को कहा कि सरकार परीक्षा के संचालन में किसी भी तरह की गड़बड़ी या अनियमितता बर्दाश्त नहीं करेगी और यदि कोई गड़बड़ी पाई गई तो राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की जवाबदेही तय की जाएगी। जिन छह केंद्रों पर परीक्षा के प्रश्नपत्र गलत तरीके से वितरित किए गए थे और उम्मीदवारों को समय की बर्बादी के लिए कृपांक दिया गया था, उनके खिलाफ कार्रवाई पर प्रधान ने कहा कि हर पहलू पर गौर किया जा रहा है। जवाबदेही तय की जाएगी।

सभी याचिकाएं सुप्रीम कोर्ट में स्थानांतरित

नई दिल्ली। सुप्रीम कोर्ट ने पांच मई को आयोजित की गई राष्ट्रीय पात्रता सह प्रवेश परीक्षा (नीट यूजी), 2024 से संबंधित विवाद को लेकर विभिन्न उच्च न्यायालयों में लंबित याचिकाओं की जांच के लिए उन्हें अपने पास स्थानांतरित करने का शुक्रवार को फैसला किया। न्यायमूर्ति विक्रम नाथ और न्यायमूर्ति संदीप मेहता की अवकाशकालीन पीठ ने परीक्षा आयोजित करने वाली संस्था राष्ट्रीय परीक्षा एजेंसी (एनटीए) की याचिका पर यह फैसला किया।

एक नजर

शहरी निकायों में रिक्त पदों पर चुनाव की अधिसूचना जारी

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश की 27 नगर पंचायतों और नगर पालिका परिषदों में सदस्यों के रिक्त पदों पर 8 जुलाई को चुनाव होगा। राज्य निर्वाचन आयोग ने इस चुनाव के लिए शुक्रवार को अधिसूचना जारी कर दी है। राज्य निर्वाचन आयुक्त राज प्रताप सिंह की ओर से जारी अधिसूचना के अनुसार शनिवार 15 जून को जिला अधिकारी सार्वजनिक सूचना जारी करेंगे। वहीं, 18 जून रिटर्निंग आफिसर द्वारा सार्वजनिक सूचना जारी करने की तारीख है। 18 से 22 जून के बीच नामांकन दाखिल किए जा सकेंगे। 24 जून को नामांकन पत्रों की जांच होगी। 26 जून नामांकन वापसी की आखिरी तारीख है। 27 जून को चुनाव चिन्ह आवंटित किए जाएंगे। 8 जुलाई को मतदान होगा और 10 जुलाई को मतगणना करवा कर परिणाम घोषित किये जाएंगे।

फर्जी रायल्टी बनाकर क्षति पहुंचाने वाले तीन गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : एसटीएफ गोरखपुर यूनिट ने फर्जी तरीके से रायल्टी और रवन्ना बनाकर सरकार को करोड़ों रुपए की क्षति पहुंचाने वाले तीन अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। एसटीएफ लंबे समय से फर्जी रायल्टी बनाने वाले इस गिरोह की सूचनाएं एकत्रित कर रही थी। निरीक्षक सत्यप्रकाश सिंह ने बताया कि विभिन्न सरकारी कार्यदायी संस्थाओं द्वारा भवन, सड़कों आदि के निर्माण कार्यों में मोरम, गिट्टी, सीमेंट आदि की आपूर्ति होती है। ऐसे में ट्रकों की ओवरलोड मात्रा को अन्य ट्रकों में समायोजित करके बिल बाउचर बनाने का कार्य आरोपी कर रहे थे। गिरफ्तार अभियुक्तों में गोरखपुर के ही अरविंद सिंह, अमित यादव और मो. आमिर हैं। पूछताछ में बता चला कि यह खेल लंबे समय से चल रहा था।

दो आईपीएस का स्थानांतरण

अमृत विचार, लखनऊ : प्रदेश सरकार ने शुक्रवार को दो आईपीएस अधिकारियों का स्थानांतरण कर दिया है। आईपीएस राजीव नारायण मिश्रा को डीआईजी पीएसी कानपुर के साथ आईजी पीएसी प्रयागराज का अतिरिक्त कार्यभार दिया है। आईपीएस राहुल राज को डीआईजी रेलवे प्रयागराज बनाया गया है। ये तैनाती कुंभ को ध्यान में रखकर की गई है।

मोदी के दौरे से पहले योगी ने लिया तैयारी का जायजा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

निरीक्षण के दौरान जानकारी लेते मुख्यमंत्री योगी। अमृत विचार

▸▸ **18 को काशी आ रहे प्रधानमंत्री किसान सम्मेलन को संबोधित करेंगे**

अमृत विचार: मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शुक्रवार को वाराणसी पहुंच कर प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के आगमन की तैयारियों का जायजा लिया। योगी ने वहां पहले मेंहदीगंज में प्रधानमंत्री के कार्यक्रम स्थल का निरीक्षण किया और बाद में सर्किट हाउस में अधिकारियों के साथ मीटिंग करके वाराणसी और आस-पास के जिलों में चल रहे विकास कार्यों की समीक्षा की।

मुख्यमंत्री सूचना परिसर से साझा की जानकारी के अनुसार, मंडलायुक्त कौशलराज शर्मा ने जनसभा स्थल का रूट मैप मुख्यमंत्री को दिखाया और हर प्वाइंट की जानकारी दी।

पुलिस कमिश्नर मोहित अग्रवाल ने सुरक्षा दायरा, आंतरिक सुरक्षा डी और बाह्य सुरक्षा की जानकारी योगी को दी।

इस दौरान भाजपा जिलाध्यक्ष हंसराज विश्वकर्मा, जिला पंचायत अध्यक्ष पूनम मौर्य और पूर्व विधायक सुरेन्द्र नारायण सिंह औढ़े मौजूद रहे। तीसरी बार देश का प्रधानमंत्री बनने के बाद नरेन्द्र मोदी का 18 जून को वाराणसी आगमन प्रस्तावित है।

मानसून के पहले ही बाढ़ से फसलों के बचाव की तैयारी

अमृत विचार, लखनऊ: उप्र. में फिलहाल हीटवेव का प्रकोप है और जल्द ही मानसून भी सक्रिय होने जा रहा है। ऐसे में, फसलों के उचित रखरखाव, बाढ़ से बचाव की कार्ययोजना को जमीन पर उतारने की कवायद तेज कर दी गई है।

इसके अतिरिक्त, बाढ़ की नजर से राज्य के 27 अति संवेदनशील, 13 संवेदनशील और 35 सामान्य जिलों में क्रॉप वेदर वॉच ग्रुप से मिले इनपुट के आधार पर एडवायजरी जारी की जा रही है।

तीन और आईएएस केंद्र के लिए इम्पैनल

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **मुख्य सचिव का सेवा विस्तार 30 को हो रहा समाप्त**

अमृत विचार: उत्तर प्रदेश के नए मुख्य सचिव की खोजबीन तेज हो गई है। दुर्गा शंकर मिश्र का मुख्य सचिव के रूप में तीसरी बार बढ़ा हुआ सेवा विस्तार 30 जून को समाप्त हो रहा है। मुख्य सचिव बनने की दौड़ में मनोज कुमार सिंह, देवेश चतुर्वेदी, एसपी गोयल सहित कई वरिष्ठ आईएएस अधिकारियों के नाम चर्चा में हैं।इस बीच उप्र. के तीन और आईएएस अफसर केंद्र के लिए इम्पैनल किए गए।

इन सभी को राज्य सरकार की सहमति के बाद केंद्र में तैनाती दी जाएगी। इनमें 2008 बैच के आईएएस के विजेयन्द्र पांडियन, अनिल ढींगरा और कुमार रविकांत सिंह शामिल हैं। दरअसल, राज्य सरकार ने अपर मुख्य सचिव मुख्यमंत्री एसपी गोयल और अपर मुख्य सचिव नियुक्ति देवेश चतुर्वेदी को से केंद्र के लिए एनओसी दे दी है। दोनों अधिकारी केन्द्र सरकार के सचिव पद के लिए पहले से इम्पैनल्ड हैं। ऐसे में मनोज कुमार सिंह मुख्य सचिव बनने वाले आईएएस की रेस में आगे हैं।

खराब प्रदर्शन करने वाले डीएम समेत कई अधिकारियों पर हो सकती है कार्रवाई

राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में लापरवाही पर मुख्यमंत्री सख्त

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **मुख्यमंत्री कार्यालय भेजी जाएगी राजस्व संबंधी मामलों में अनियमितता बरतने वालों की रिपोर्ट**

अमृत विचार: सरकारी कामकाज में लापरवाह अधिकारियों के खिलाफ मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने सख्त कार्रवाई करने का आदेश दिया है। साथ ही दो हफ्ते में रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपने के निर्देश दिये हैं। हाल ही में मुख्यमंत्री ने कई विभागों की समीक्षा बैठक की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को विभिन्न योजनाओं में प्रगति लाने के निर्देश दिये। साथ ही कार्यों में लापरवाही बरतने वालों की सूची बनाने के निर्देश दिये थे। बैठक में योगी ने राजस्व संबंधी मामलों में लापरवाही पर खासी नाराजगी जाहिर की थी।

मुख्यमंत्री के निर्देश के बाद राजस्व से जुड़े अधिकारी हरकत में आ गये हैं। इसी क्रम में राजस्व परिषद चेयरमैन रजनीश दुबे ने हाल ही में राजस्व से जुड़े मामलों की समीक्षा की। इसमें उन्होंने राजस्व संबंधी कार्यों में लापरवाही पर राजस्व अफसरों, एडीएम, एसडीएम, नायाब तहसीलदार और तहसीलदार स्तर के अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया।

उधर, मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्र ने भी राजस्व संबंधी मामलों को लेकर बैठक की। इस दौरान उन्होंने विभिन्न जिलों में राजस्व संबंधी मामलों के निपटारे में लापरवाह अधिकारियों को फटकार लगायी। साथ ही कार्यों में सुधार लाने के निर्देश दिये। इसके अलावा वह जल्द ही राजस्व संबंधी मामलों में अनियमितता बरतने वाले जिलों की रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंपेंगे, जिसके बाद इन अधिकारियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई हो सकती है।

महोबा, चित्रकूट और मुजफ्फरनगर फिसड्डी

राजस्व विभाग की बैठक में सामने आया कि राजस्व संबंधी मामलों के निपटारों में कई जिले फिसड्डी रहे हैं। इस पर उन्होंने अधिकारियों को फटकार लगाने के साथ इसमें सुधार लाने के निर्देश दिये। बीते दिनों बैठक में मुख्य सचिव ने पाया कि रियल टाइम खतौनी में कानपुर नगर, प्रयागराज, वाराणसी, चित्रकूट और बलरामपुर का प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसी तरह वाराणसी, सोनभद्र, बलिया, मैनपुरी और गोरखपुर में खतौनी पुनरीक्षण एवं अंश निर्धारण का प्रतिशत काफी कम रहा है। इन जिलों में करीब 50 प्रतिशत ही अंश निधारण का कार्य हुआ है। वहीं स्वामित्व योजना के तहत घरौनी तैयार करने में गोरखपुर, प्रयागराज, बाराबंकी, जौनपुर और गाजीपुर में काफी धीमी गति से कार्य हो रहा है। मुख्य सचिव ने इसमें तेजी लाने के निर्देश दिये। इसके अलावा राजस्व वादों के निस्तारण में महोबा, चित्रकूट, मुजफ्फरनगर, शामली और बागपत फिसड्डी रहे हैं। यहां आठ हजार से अधिक मामले लंबित हैं।

नामांतरण में कुशीनगर, सोनभद्र तो पैमाइश में लखनऊ और प्रयागराज पीछे

बैठक में सामने आया कि राजस्व वाद के तहत धारा-24 (पैमाइश) में लखनऊ, प्रयागराज, अमरोहा, फतेहपुर और सहारनपुर का प्रदर्शन ठीक नहीं है। इसके साथ ही धारा-34 (नामांतरण) में कुशीनगर, सोनभद्र, रायबरेली, बलिया और अमेठी में पहले से सुधार हुआ है, लेकिन निपटारे का प्रतिशत 95 प्रतिशत से कम है। इसी तरह धारा-80 (कृषिक भूमि का गैर-कृषिक भूमि में परिवर्तन) के अयोध्या में 34, प्रतापगढ़ में 21, गोरखपुर में 12, कानपुर नगर में 10 और बाराबंकी में 7 मामले लंबित हैं। यह सभी मामले एक वर्ष से अधिक और तीन वर्ष से कम के हैं। इसे लेकर मुख्य सचिव जल्द ही पूरी रिपोर्ट मुख्यमंत्री कार्यालय को सौंप सकते हैं।

थानों से जुड़े राजस्व ग्रामों में बदलाव शुरू

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **गृह विभाग ने शुरू की प्रक्रिया कई जिलों की जारी हुई सूची**

▸▸ **थानों को क्षेत्राधिकार के बारे में अवगत कराया जाएगा**

अमृत विचार: कानून-व्यवस्था के सुधार के क्रम में गृह विभाग ने थानों और उससे जुड़े राजस्व ग्रामों में संसोधन करना शुरू कर दिया है। सीमाओं को देखते हुए कुछ राजस्व ग्रामों के थानों में बदलाव भी किया जाएगा, जिससे आम नागरिक को बेहतर सुविधा मिल सके। इसके अलावा विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाना, साइबर क्राइम थाना एवं मानव तस्करी रोधी इकाई को लेकर भी गृह विभाग ने राजस्व ग्रामों को क्षेत्रों को समाविष्ट करना शुरू कर दिया है।

गृह विभाग ने जिला पुलिस एवं प्रशासन को थानों से जुड़े राजस्व ग्रामों की सूची भी जारी कर रहा है। अमरोहा, झांसी, अमेठी, हापुड़, बिजनौर, अमरोहा, बागपत आदि जिलों की जारी की गई सूची में थानों और उससे जुड़े राजस्व ग्रामों को अंकित किया गया है। नए सिरे से जारी की गई सूची में थानेदारों को उनके सीमा क्षेत्र से जुड़े राजस्व ग्रामों की जानकारी मिल जाएगी। फिलहाल अभी पुरानी व्यवस्था के अनुसार ही नियंत्रण किया जा रहा है। नई सूची जिलों में पहुंचने के बाद जिला स्तर पर ही थानों को उनके क्षेत्राधिकार के बारे में अवगत करा दिया जाएगा। उधर, विद्युत चोरी निरोधक पुलिस थाना, साइबर क्राइम थाना एवं मानव तस्करी रोधी इकाई को लेकर भी गृह विभाग ने राजस्व ग्रामों को क्षेत्रों को समाविष्ट करना शुरू कर दिया है। उक्त तीनों थानों का क्षेत्राधिकार पूरा जिला होगा।

बताते चलें कि लंबे समय थानों के सीमा क्षेत्रों में परिवर्तन की जरूरत महसूस हो रही थी। इसके लिए से प्रस्ताव भी भेजे गए थे। गृह विभाग ने आवश्यकतानुसार क्षेत्रों में परिवर्तन करने की न सिर्फ प्रक्रिया शुरू की बल्कि कई जिलों में संसोधन के साथ सूचि भी जारी कर दी।

वीडियो वायरल होने के बाद बयान से पलटे ओम प्रकाश

अमृत विचार, लखनऊ: घोसी में लोकसभा चुनाव हार का ठीकरा भाजपा पर फोड़ने संबंधी बयान वाला वीडियो शुक्रवार को वायरल होते ही कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर अपने बयान से पलट गए। सफाई देते हुए शाम को उन्होंने अपने वायरल वीडियो को फर्जी और कूटरचित बताया। कहा, वीडियो को एडिट करके सोशल मीडिया पर चलाया गया है।

मालूम हो कि सुभासपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष व कैबिनेट मंत्री ओम प्रकाश राजभर, रसड़ा स्थित पार्टी के केन्द्रीय कार्यालय में घोसी में हार के कारणों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने कहा कि जनता ने मोदी-योगी को नकार दिया है। उनकी पार्टी ने ईमानदारी से एनडीए प्रत्याशियों को वोट किया है। गठबंधन की कई दल गठबंधन का धर्म नहीं निभाते हैं। जिसकी वजह से हार का सामना करना पड़ा है। पार्टी प्रमुख ने कार्यकर्ताओं से कहा कि आप लोग भी बोलना सीखिए। इस बयान के वीडियो के वायरल होते ही ओम प्रकाश राजभर बैकफुट पर आ गए और सफाई देने लगे।

शपथ ग्रहण कार्यक्रम के दौरान विधान परिषद के लिए निर्वाचित होने वाले सदस्यों के साथ सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह। अमृत विचार

विधान परिषद के 13 सदस्यों ने ली शपथ

अमृत विचार, लखनऊ: राज्य विधानसभा निर्वाचन क्षेत्र से विधान परिषद के लिए निर्वाचित होने वाले सदस्यों ने विधान शपथ ले ली है। प्रमुख सचिव विधान परिषद उप्र. डॉ. राजेश सिंह ने बताया कि सभापति कुंवर मानवेंद्र सिंह ने बीते दिनों निर्वाचित 13 सदस्यों को विधानभवन तिलक हाल में शुक्रवार को शपथ दिलवायी।

इन सदस्यों में अशोक कटारिया, आशीष पटेल, किरणपाल कश्यप, धर्मेन्द्र सिंह, बलराम यादव, डॉ. महेन्द्र कुमार सिंह, मोहित बेनीवाल, राम तीर्थ सिंघल, विजय बहादुर, शाह आलम, संतोष सिंह, योगेश चौधरी और विच्छे लाल राम शामिल हैं। शपथ लेने वालों में भाजपा और गठबंधन के 10 और सपा के 3 सदस्य शामिल थे।

एकेटीयू में छात्रों की होगी फेशियल बायोमेट्रिक अटेंडेंस

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **कक्षाओं के साथ परीक्षाओं की होगी लाइव निगरानी**

अमृत विचार: प्रदेश में शिक्षा व्यवस्था(एजुकेशनल फ्रेमवर्क) का उच्चीकृत करने के क्रम में इसे अत्याधुनिक तकनीक से लैस किया जाना है। शुरुआत डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय(एकेटीयू) से की जा रही है, यहां पर अब छात्र-छात्राओं की उपस्थिति बायोमेट्रिक नहीं, बल्कि उनके फेशियल बायोमेट्रिक से लगेगी। साथ ही, आयोजित होने वाली सेमेस्टर परीक्षाएं भी लाइव सीसीटीवी कैमरों की निगरानी में करायी जाएंगी।

उप्र. डेवलपमेंट सिस्टम्स कॉर्पोरेशन लिमिटेड (यूपीडेस्को) द्वारा एकेटीयू में नई तकनीक फेशियल बायोमेट्रिक स्थापित की है। इसमें छात्र-छात्राओं के आधार कार्ड नंबर, चेहरा, आंखों की पुतली तथा हाथ के इंप्रेशंस के साथ कई अन्य अहम जानकारियों को संकलित किया जाएगा। ताकि किसी भी स्थिति में छात्र या कर्मी को चिह्नित किया जा सकेगा। इस डाटा से मास्टर डाटा तैयार किया जाएगा। साफ्टवेयर के माध्यम से इस मास्टर डाटा का मिलान विश्वविद्यालय में कक्षाओं में उपस्तिथ छात्रा-छात्राओं से किया जाएगा, पता चलेगा कि संबंधित छात्र-छात्राएं कक्षाओं में नियमित रूप से उपस्थित होते हैं या नहीं।

विश्वविद्यालय के विभिन्न विभागों फेशियल बायोमेट्रिक स्थापित करने के लिए यूपीडेस्को द्वारा सर्विस व सॉफ्टवेयर डेवलपमेंट प्रोवाइडर कंपनियां चुनी जाएंगी। जिन्हें कार्य आवंटन के बाद 60 दिन के भीतर सीसीटीवी इंस्टॉलेशन, सीसीटीवी मॉनिटरिंग कमांड सेंटर की स्थापना तथा छात्र व कर्मियों के बायोमेट्रिक का संकलन कर मास्टर डाटाबेस तैयार कर उन्हें सॉफ्टवेयर के माध्यम से मिलान करने योग्य बनाने आदि कार्य पूर्ण करने होंगे।

सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति में प्रदेश नम्बर एक

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **सर्वाधिक मांग 30,618 मेगावाट और खपत 655.657 मिलियन यूनिट तक पुहंची**

अमृत विचार: प्रमुख सचिव (ऊर्जा) नरेन्द्र भूषण ने शुक्रवार को उप्र. की विद्युत व्यवस्था की समीक्षा की। वीडियो कॉफ्रेंसिंग से प्रबन्ध निदेशक से लेकर अधिशासी अभियन्ताओं तक को सम्बोधित करते हुए उन्होंने सर्वाधिक विद्युत आपूर्ति करने वाले राज्यों में उप्र. के नम्बर एक बनने पर बधाई दी और इतनी भीषण गर्मी में भी निरन्तर काम कर रहे अधिकारियों व कर्मचारियों की सराहना करते हुए उनके मनोबल को बढ़ाया।

प्रमुख सचिव ने कहा कि पहली बार राज्य में विद्युत की पीक डिमाण्ड 30618 मेगावाट तक और विद्युत खपत 655.657 मिलियन यूनिट तक पहुंच गई है। उन्होंने कहा कि मुख्यमंत्री की मंशा के अनुरूप इस समय सभी क्षेत्रों को हर पल विद्युत आपूर्ति दी जा रही है। अंतिम उपभोक्ता के छोर तक विद्युत पहुंचे यह सुनिश्चित किया जाये। जहां कहीं ओवर लोडिंग या स्थानीय स्तर पर कोई समस्या है तो उसे तत्काल समाप्त किया जाये। जिन स्थानों पर भविष्य में औवर लोडिंग की संभावना हो उसके लिये भी कार्य योजना और रणनीति बना ली जाये। विद्युत व्यवधानों को तत्काल ठीक कराया जाये।

जनता से मिलने का समय सुनिश्चित करें

प्रमुख सचिव ने निर्देशित किया कि विद्युत अधिकारी जनता से मिलने का समय सुनिश्चित करें और उनकी समस्याओं का निराकरण कराये। फोन उठायें और कॉल बैक भी करें। शाम को व रात में अधिक विद्युत व्यवधान वाले क्षेत्रों में आवश्यकता के मुताबिक निर्धारित समय के लिए अतिरिक्त मैन पावर की तैनाती की जाये। वरिष्ठ अधिकारी क्षेत्र में भ्रमण करें और वर्तमान में चल रही भीषण गर्मी के मद्देनजर रात्रि में उपकेन्द्रों का भी दौरा करें।

खुले मैनहोल पर सरकार सख्त, 24 घंटे में ढकने के डीएम को निर्देश

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

अमृत विचार: खुले मैनहोल या डक्ट के कारण होने वाली दुर्घटनाओं को रोकने के लिए राज्य सरकार की ओर से एसओपी जारी करते हुए सभी निकायों को प्रभावी कदम उठाने के निर्देश दिए गए हैं। साथ ही, सभी डीएम को निकाय स्तर पर तकनीकी समिति बनाकर खुले मैनहोल व डक्ट को 24 घंटे में ढकवाने को निर्देशित किया है। स्थानीय निकाय निदेशालय की ओर से यह एसओपी सभी डीएम को शीर्ष प्राथमिकता के तहत जारी कर दी गई है और आवश्यक कदम उठाने को कहा गया है। एसओपी का पालन न करने वालों पर आवश्यक कार्रवाई होगी।

स्थानीय निकाय निदेशालय के निदेशक नितिन बंसल ने बताया कि जारी एसओपी के अनुसार, मैनहोल एवं डक्ट के खुले होने संबंधी शिकायतों के शीघ्र निस्तारण के लिए नगर निगम स्तर पर नगर आयुक्त द्वारा हर जोन में जोनल अधिकारी की अध्यक्षता में एक तकनीकी समिति का गठन किया जाएगा। इस समिति में सहायक अभियंता, अवर अभियंता जलकल सदस्य-सचिव होंगे, जबकि जोनल सेक्रेट्री ऑफिसर सदस्य होंगे। इसके साथ ही नगर पालिका परिषद, नगर पंचायत स्तर पर डीएम द्वारा तकनीकी समिति गठित की जाएगी, जिसके अध्यक्ष प्रभारी स्थानीय निकाय होंगे, जबकि अधिशासी अधिकारी सदस्य सचिव और सहायक अभियंता, अवर अभियंता सदस्य होंगे। इन समितियों द्वारा साप्ताहिक रूप से सीवर सिस्टम का निरीक्षण किया जाएगा और यदि निरीक्षण के दौरान मैनहोल अथवा डक्ट खुला पाया जाता है तो अधिकतम 24 घंटे के अंदर मैनहोल एवं डक्ट का ढके जाने की कवायद की जाएगी। तकनीकी समिति द्वारा जब तक मैनहोल को ढक नहीं दिया जाता तब तक वहां पर किसी कार्मिक को लाल झंडे के साथ तैनात किया जाएगा।

इस कारण दिखाई गंभीरता

23 अप्रैल को लखनऊ के जानकीपुरम विस्तार सेक्टर 10 में खुले मैनहोल में गिरने से एक बच्चे की मृत्यु हो गई थी। इस तरह की घटनाओं को देखते हुए सरकार ने चिंता जताई है और गंभीरता से इसके उपाय करने के निर्देश दिए हैं।

इस तरह बनाई गई है गाइडलाइन

- सीवर की सफाई होने के बाद मैनहोल को अधिकतम 12 घंटे के अंदर ढका जाए पर्याप्त मात्रा में मैनहोल कवर का भंडारण किया जाए
- किसी वजह से मैनहोल कवर न हों तो बीआरसी वेल्डेड फैब्रिक या वायर नेट वाले डमी कवर का उपयोग हो
- वाहनों को दुर्घटना से बचाने के लिए झाड़ियों, सूचना बोर्ड व रात में प्रकाश व लाइट रेफलेक्टर का प्रयोग हो
- सीवर सफाई के दौरान चिंगारी पैदा करने वाले उपकरणों के प्रयोग प्रतिबंधित हैं।

हेल्पलाइन नंबर पर करें शिकायत

इस तरह की समस्याओं के लिए केन्द्र सरकार का हेल्पलाइन नंबर 14420 है, जबकि राज्य सरकार का हेल्पलाइन नंबर 1533 है। इसे डायल करने पर स्थानीय जिले में कॉल रिसीव की जाएगी, जहां पर शिकायत की जा सकती है।

अजय सिपाही गिरोह का सदस्य रजिस्ट्रार कार्यालय से गिरफ्तार

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **हत्या के प्रयास के मामले में घोषित था 25 हजार का इनाम**

अमृत विचार: अंबेडकरनगर के माफिया अजय सिपाही गैंग का सदस्य शुक्रवार को राजधानी के बिजनौर स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय से गिरफ्तार कर लिया गया। आरोपी पर हत्या के प्रयास का मामला दर्ज था। पुलिस ने 25 हजार का इनाम भी घोषित किया था।

एसटीएफ के डीएसपी प्रमेश शुक्ला ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त उत्कर्ष सिंह निवासी कादीपुर सुल्तानपुर, अंबेडकरनगर के गैंगस्टर अजय सिपाही गैंग का सदस्य है। गत 05 अप्रैल को एक ढाबे पर खाना खाते समय अनुपम सिंह नामक व्यक्ति से उत्कर्ष झगड़ा हो गया था।

इस झगड़े के बाद समझौते की बात हुई तो दोनों पक्ष अगले दिन एकत्रित हुए। समझौते के दौरान उत्कर्ष सिंह ने अविनाश सिंह उर्फ शुभम पर फायर कर दिया। हालांकि इस हमले में अविनाश बाल-बाल बच गया। मामला कादीपुर थाने में दर्ज हुआ था।

तभी से एसटीएफ उत्कर्ष सिंह की तलाश कर रही थी। उपनिरीक्षक सौरभ मिश्रा उत्कर्ष को लेकर सूचनाओं का संकलन कर रहे थे। शुक्रवार को सूचना मिली तो उपनिरीक्षक शिवकुमार अवस्थी आदि बिजनौर स्थित रजिस्ट्रार कार्यालय पहुंचे और वहीं पर उसे गिरफ्तार कर जेल भेज दिया।

सफलता | पुलिस का अपराधियों के खिलाफ अभियान जारी, कई प्रदेश छोड़कर भागे

पुराने रूप में आई पुलिस, दो हफ्ते में तीन ढेर, 16 घायल

विनय सिंह, लखनऊ

अमृत विचार: चुनाव समाप्त होते ही उप्र पुलिस फिर पुराने रूप में आ गई है। पुलिस ने माफिया का सफाया करना शुरू कर दिया है। विगत दो हफ्ते में पुलिस ने तीन बड़े अपराधियों को ढेर कर दिया, जबकि 16 अपराधी पुलिस की गोलियों से घायल हैं। 50 से अधिक अपराधी जेल भेजे जा चुके हैं। पुलिस के शीर्ष अधिकारियों की माने तो अपराधियों के खिलाफ बड़ी कार्रवाइ होने वाली है।

पहली कार्रवाई 10 जून को हुई। मथुरा पुलिस ने 50 हजार के इनामी अपराधी मनोज को मुठभेड़ में मार गिराया। पुलिस लंबे समय से मनोज की तलाश कर रही थी। वहीं दूसरी कार्रवाई 4 जून को हुई।

जौनपुर के पत्रकार आशुतोष श्रीवास्तव की हत्या के आरोपी प्रशांत सिंह को पुलिस ने जौनपुर में तलाश कर खेतासराय थाना क्षेत्र में ढेर कर दिया। तो वहीं दो दिन बाद 6 जून को एसटीएफ ने कार्रवाई करते हुए बिहार के दो लाख के इनामी अपराधी नीलेश राय को उप्र. के मुजफ्फरनगर में एक मुठभेड़ के दौरान मार गिराया।

चल रहा है इलाज

उप्र. पुलिस की एसटीएफ और उप्र. पुलिस की मुठभेड़ में जहां तीन अपराधी मारे गए वहीं 16 अपराधी पुलिस की गोली से घायल भी हुए हैं। घायल अपराधियों का अस्पतालों में इलाज कराया जा रहा है। यह कार्रवाई एक पखवाड़े के भीतर हुई है। पुलिस अपराधियों के पीछे इस कदर पड़ गई है कि कई अपराधियों से प्रदेश छोड़ दिया है।

गिरफ्तारियां भी कर रही एसटीएफ

- **12 जून**- अंबेडकरनगर निवासी हिस्ट्रीशीटर शैलेंद्र सिंह उर्फ बबलू (25 हजार का इनामी) को ईशीपुर पुल अंडर पास चांदा सुल्तानपुर में गिरफ्तार किया गया।
- **11 जून**- 16 वर्षों से पुलिस अभिरक्षा से फरार हत्यारोपी हरैया बस्ती निवासी सुरेश मिश्रा (25 हजार का इनामी) को वाराणसी से गिरफ्तार किया गया
- **08 जून**- हैदरगंज अयोध्या निवासी आदित्य प्रताप सिंह (25 हजार का इनामी) को अयोध्या में गिरफ्तार किया गया।
- **06 जून**- पटना बिहार निवासी राजकुमार पांडेय (50 हजार का इनामी) को बुद्धाकालोनी पटना से गिरफ्तार किया गया।
- **02 जून**- देवसरा प्रतापगढ़ निवासी रमेश यादव (25 हजार का इनामी) को कोतवाली सुल्तानपुर से गिरफ्तार किया गया
- **01 जून**- गाजियाबाद का कुख्यात अपराधी, अयोध्या देवकाली निवासी देवेंद्र प्रताप सिंह (50 हजार का इनामी) को सुल्तानपुर से गिरफ्तार किया गया।

अवैध रूप से रह रही चीन की महिला की करोड़ों की संपत्ति कुर्क

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ **एनसीआर क्षेत्र में अवैध रूप से चला रहे थे होटल और क्लब**

अमृत विचार: प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) इलाहाबाद सब-जोनल कार्यालय की टीम ने भारत में अवैध रूप से रह रही चीनी नागरिक जू फेई एवं अन्य के खिलाफ कार्रवाई करते हुए धन शोधन निवारण अधिनयम के तहत 13.58 करोड़ की संपत्ति कुर्क की है।

एडीजी कानून व्यवस्था अमिताभ यश ने बताया कि प्रवर्तन निदेशालय ने आईपीसी-1860, विदेशी अधिनियम-1946 और सूचना प्रौद्योगिकी अधिनियम-2000 की विभिन्न धाराओं के तहत किए गए अपराधों के लिए एसटीएफ गौतम बुद्ध नगर द्वारा दायर एफआईआर और उसके बाद दायर आरोप पत्रों के आधार पर जांच शुरू की थी।

प्रवर्तन निदेशालय की जांच में पता चला कि चीनी नागरिक जू फेई अवैध रूप से भारत में रह रही थी। चीनी नागरिक जू फेई, रवि नटवरलाल ठक्कर और अन्य के साथ मिलकर चीनी नागरिकों के लिए एनसीआर क्षेत्रों में अवैध होटलों और क्लबों को चला रहे थे। यह क्लब उन लोगों के लिए थे जो अवैध रूप से भारत में प्रवेश करते थे और यहां रहते थे। उन्होंने एक-दूसरे की मिलीभगत से डमी निदेशकों वाली कई कागजी कंपनियां खोलीं और इनसे ऋण ऐप संचालित कर ब्लैकमेलिंग कर रहे थे।

NIMISHA CANCER CARE CLINIC
(Clinical Oncologist and Radiotherapist), MD, DNB, Medvar. Dip. Clinical, Oncologist, Ex Consultant Tata Memorial Hospital Mumbai, P.G.I.M.E.R. Chandigarh
27 वर्षों का अनुभव
सभी प्रकार के कैंसर जैसे :- मुँह का कैंसर, जबड़े का कैंसर, स्तन का कैंसर, बच्चेदानी का कैंसर पित्ताशय का कैसर, टांग, हाथ की गांठ, शरीर में कहीं भी गांठ व जख्म कैंसर का कारण हो सकता है।
Dr. Neeraj Tandon
Cancer Vibhag HOD Vivekanand Polyclinic & Institute of Medical Sciences
Vivekanand Polyclinic-: Consultation Time 11:00am To 2:00pm
सुबहः 10 से 11 बजे | दोपहर : 2:15 से 3:30 बजे तक | सायं-: 6 से 8 (रविवार व शुक्रवार को फोन करके आये।)
पताः 25 से 27, 32, 33 वसुन्धरा कॉम्प्लेक्स, पेट्रोल पम्प के दो कॉम्प्लेक्स आगे, बाटा के शोरूम के बगल मेन सेक्टर 16, लखनऊ
सम्पर्क सूत्र : 6388663844, 9198948112

मौसम

चटख धूप खिलेगी। गर्म हवा चलेगी। मौसम शुष्क रहेगा।

45.3° अधिकतम तापमान | 31.3° न्यूनतम तापमान

शहर में आज

- माता आनंदी देवी मंदिर चौक से कोनेश्वर महादेव मंदिर तक माहेश्वरी समाज महेश नवमी पर प्रभातफेरी प्रातः 8 बजे से।
- सर्वोदय नगर स्थित विकास भवन कक्ष 5 में इंडिया पोस्ट पेमेंट बैंक के सहयोग से समस्याएं सुनी जाएंगी अपराह्न 2 बजे से।
- सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण मंदिर (इस्कान) में बच्चों का ग्रीष्मकालीन शिविर प्रातः 9.00 बजे से
- संत गाडगे प्रेक्षागृह में एमरन फाउंडेशन और लखनऊ फिल्म फोरम के तत्वावधान में शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल पूर्वाहन 11 बजे
- होटल रमाडा में पीजीआई की ओर से न्यूरो एंडोक्राइन ट्यूमर पर कार्यशाला प्रातः 10 बजे।

रात में भी चलेगी गर्म हवा, तीन दिन तक राहत के आसार कम

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : दिन के साथ अब रात में भी गर्म हवा चलेगी। इसको लेकर मौसम विभाग की ओर से रेड अलर्ट जारी किया गया है। बचाव को लेकर विभाग ने गाइडलाइन भी जारी की है। फिलहाल तीन दिनों तक रात में गर्मी से राहत मिलने की उम्मीद कम है।

पिछले सात दिनों में रात के तापमान में तेजी से बढ़ोतरी हुई है। शुक्रवार को न्यूनतम तापमान 31.3 डिग्री रिकार्ड किया गया। अधिकतम तापमान भी बढ़कर 45.3 डिग्री सेल्सियस पहुंचा। मौसम वैज्ञानिक एम दानिश के अनुसार अब दिन के अलावा रात में भी लू जैसी गर्म हवा चलेगी। गर्म हवाओं के रात का तापमान 31.3 डिग्री तक पहुंच चुका है। आने वाले तीन दिनों में रात में तापमान और बढ़ेगा, जिससे गर्म हवा की तीव्रता बढ़ सकती है। तीन दिन बीतने के बाद ही गर्मी से राहत मिलने की संभावना बन रही है। मौसम वैज्ञानिक ने बताया कि दोपहर 12:00 बजे से लेकर 3:00 बजे तक जरूरी होने पर ही बाहर निकलें। घर से निकलते समय शरीर और सिर को ढकना आवश्यक है। समय-समय पर पानी का सेवन राहत देगा।

सात साल बाद बढ़ा इतना तापमान: वर्ष 2017 में जून माह के दौरान तापमान 45.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। इसके बाद लखनऊ शहर में इतना पारा नहीं बढ़ा। एक बार फिर सात साल बाद तापमान में बढ़ोतरी हुई।

सात दिनों का न्यूनतम तापमान

8 जून	28.4 डिग्री
9 जून	28.8 डिग्री
10 जून	26.2 डिग्री
11 जून	26.2 डिग्री
12 जून	31 डिग्री
13 जून	30.6 डिग्री
14 जून	31.3 डिग्री

कानपुर में रात रही सबसे गर्म

प्रदेश में 34.4 डिग्री सेल्सियस तापमान के साथ कानपुर देहात की रात सबसे गर्म रही। वहीं, प्रयागराज में न्यूनतम तापमान 34.3 डिग्री सेल्सियस रिकार्ड किया गया। आगरा में रात का तापमान 32.7 डिग्री रहा। उधर, दिन का सबसे अधिक तापमान प्रयागराज का रिकार्ड किया गया, यहां पारा 46.9 रहा। दूसरे स्थान पर कानपुर देहात का तापमान 46.7 डिग्री रहा।

तापमान बढ़ोतरी से मानसून अच्छा रहने के संकेत

मौसम वैज्ञानिक का कहना है कि जून में तापमान में बढ़ोतरी से मॉनसून अच्छा रहता है। इस बार तापमान बढ़ा है, ऐसे में लो प्रेशर एरिया बनने से हवा ऊपर उठ जाएगी। फिर रिक्त स्थान को भरने के लिए मानसूनी हवाएं तेजी के साथ आएंगी। दक्षिण पश्चिम मॉनसून पश्चिम बंगाल तक पहुंच गया है।

16-17 को इन जनपदों में हो सकती है बारिश

अमौसी स्थित आंचलिक मौसम विज्ञान केंद्र के वरिष्ठ वैज्ञानिक एम दानिश ने बताया कि प्रदेश के अधिकतर हिस्सों में लू चल रही है। लू के हालात 15 जून तक बने रहेंगे। 16 व 17 जून को गोरखपुर, बस्ती, बलरामपुर, गोंडा, श्रावस्ती समेत कई इलाकों में बारिश और बौछारों की संभावना है।

17 से पूर्वी हवाएं चलने का अनुमान

मौसम वैज्ञानिक का अनुमान है कि 17 जून से पूर्वी हवाएं चलने के आसार हैं। हवाएं चलने के बाद ही प्री मानसून आने की संभावना है। उसी के बाद तापमान में 3-4 डिग्री की गिरावट आ सकती है।

बालू अड्डे से 1090 चौराहे की ओर कल से आवाजाही पर रोक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ सड़क की मरम्मत होने तक लागू रहेगा डायवर्जन

अमृत विचार: बालू अड्डे से 1090 चौराहे की तरफ 16 जून से आवाजाही नहीं कर सकेंगे। डीसीपी ट्रैफिक ने बताया इस रूट पर सड़क की मरम्मत का कार्य होना है। इसके चलते कार्य समाप्त होने तक डायवर्जन लागू रहेगा। इस दौरान ट्रैफिक से संबंधित समस्या आने पर कंट्रोल रूम से संपर्क कर सकते हैं।

एडीसीपी अजय कुमार के अनुसार, चिरैयाझील तिराहा, बैकुण्ठ धाम, डालीबाग की तरफ से पीएनटी बालू अड्डा चौराहा की तरफ से 1090 चौराहा की तरफ जाने वाले वाहन सड़क के दूसरी तरफ विपरीत साइड से होकर आवाजाही करेंगे।

वहीं गोल्फ क्लब चौराहा, समतामूलक, सामाजिक प्रतीक स्थल की ओर से आने वाले वाहन 1090 चौराहा की तरफ से पीएनटी बालू अड्डा की तरफ नहीं जा सकेंगे। यह वाहन 1090 चौराहा से समतामूलक चौराहा से गोमती बैराज होकर जाएंगे।

एक नजर

शहर के कई इलाकों मे आज भी रहेगी बिजली गुल

अमृत विचार, लखनऊ : शहर के नूरबाड़ी उपकेंद्र में पुरानी सीटी को बदलकर नई सीटी के लगाए जाने का कार्य आज किया जाएगा। इस कारण नूरबाड़ी न्यू से पोषित होने सभी फीडरों की सप्लाई बाधित रहेगी। इससे नूरबाड़ी, दरगाह, कटरा, रूस्तम नगर, फाजिल नगर, मंसूर नगर, पुराना चबूतरा, काजमैन रोड, नौबस्ता आंशिक, मातादीन रोड, नजफ मे सुबह 8 से 11 बजे तक बिजली गुल रहेगी। वहीं अहिबरनपुर डालीगंज में पक्का पुल फीडर के अन्तर्गत बाबा का पुरवा ट्रांसफॉर्मर एलटी 250 केवीए और गुलजार शाह मजार 400 केवीए डीटीआर पर कार्य किया जाना है। इससे आसपास के इलाको मे 9 से 3 बजे तक बाधित रहेगी। वहीं इंजीनियरिंग कॉलेज के अंतर्गत ब्राइट वे, एमडीएम स्कूल के आसपास सेक्टर एच जानकीपुरम, सुल्तानपुर गांव, नियर बनाना काउंटी, सेक्टर आई, जानकीपुरम के अलीशा नगर में सुबह 10 से 4 बजे तक सप्लाई बाधित रहेगी।

लेसा ने बनाया नियंत्रण कक्ष, हेल्पलाइन नंबर जारी

अमृत विचार, लखनऊ : गंगा दशहरा, बकरीद और चौथे अंतिम बड़े मंगल पर बिजली कटौती या फॉल्ट होने की दशा में सप्लाई के बाधित होने की जानकारी लोग नियंत्रण कक्ष में फोन करके दे सकते हैं। इसके लिए लेसा ने शुक्रवार को हेल्पलाइन नंबर 0522-4101401 जारी किया। ट्रांसगोमती मुख्य अभियंता सुनील कपूर ने बताया कि लेसा ट्रांसगोमती मुख्यालय के कार्यालय में नियंत्रण कक्ष बनाया जा रहा है जहां अभियंताओं और कर्मचारियों की ड्यूटी लगाई जाएगी। शिकायत जिस उपकेंद्र की होगी, वहां के अधीक्षण अभियंता, अधिशासी अभियंता, उपखंड अधिकारी और अवर अभियंता को सूचना देकर समस्या को दूर कराया जाएगा। कंट्रोल रूप से शहर की सप्लाई की लगातार निगरानी की जाएगी। साथ ही प्राप्त होने वाली समस्याओं की रिपोर्ट उच्चाधिकारियों को दी जाएगी।

कार्रवाई तेज, अकबर नगर प्रथम में दूसरे दिन तोड़े गए 165 भवन

एलडीए ने दूसरे दिन लगाई 12 जेसीबी व 15 पोकलेन, खाली हुआ 90 फीसदी क्षेत्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : कुकरैल नदी के पुनरुद्धार के लिए लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने शुक्रवार को अकबर नगर प्रथम में कार्रवाई तेज कर दी। 27 बुलडोजर लगाकर 165 अवैध निर्माण ध्वस्त किए। दूसरी तरफ आगे की कार्रवाई के लिए मकान खाली कराए गए। इस दौरान गलियों में पुलिस बल तैनात रहा।

शुक्रवार को एलडीए ने अकबर नगर प्रथम में 12 जेसीबी व 15 पोकलेन लगाई। पहले जेसीबी से बंधे व मेन रोड पर बने मकान, दुकान, शोरूम आदि गिराये और अंदर मोहल्ले में जाने का रास्ता बनाया। इसके बाद 15 पोकलेन मलबा से होते हुए गलियों में पहुंची और तेजी से मकान गिराए। कार्रवाई के दौरान लोगों में आक्रोश रहा तो कई मकान टूटता देख निराश हुए। हर दो से तीन मकान में पुलिस कर्मी तैनात किए गए। इस वजह से लोग विरोध नहीं कर पाए। बैरीकेडिंग कर किसी को आने-जाने नहीं दिया। दो शिफ्ट में चली कार्रवाई में कुल 165 भवन तोड़े गए। जबकि गुरुवार को 54 अवैध निर्माण ध्वस्त किए थे।

आगे की कार्रवाई के लिए एलडीए व नगर निगम ने नदी और पीछे की तरफ के मकान खाली कराए। सामान ढोने के लिए 42 लोडर लगाए। दिनभर मकान खाली करने का सिलसिला चलता रहा। लोगों ने मकानों से सामान के साथ गेट, खिड़की, दरवाजा, लोहे के एंगल, लोहे का जीना, पानी की टंकी आदि सामान खुद तोड़ कर निकाले। मोहल्ले की बिजली काटते हुए केबिल आदि निकाले गए। शाम तक 90 फीसदी क्षेत्र खाली हो गया।

उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी, डीसीपी सेंट्रल रवीना त्यागी व अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा ने गलियों का भ्रमण किया और अनाउसमेंट कर जल्द खाली करने के चेतावनी दी। उपाध्यक्ष ने बताया कि प्रथम और द्वितीय में अब तक 614 अवैध निर्माण तोड़े गए हैं।

आरएएफ ने संभाला मोर्चा : अकबर नगर प्रथम में शुक्रवार को फिर से रैपिड एक्शन फोर्स (आरएएफ) लगाया गया। पूर्व में विरोध को देखते हुए 10 से 12 जून तक दो कंपनी उपलब्ध कराई गई थी। पुलिस-प्रशासन ने 20 जून तक के लिए दोबारा फोर्स मांगा था।

अकबर नगर प्रथम में मकानों को ध्वस्त करती पोकलेन मशीन। अमृत विचार

टूटे घर के बचे-खुचे सामान के साथ वाहन का इंतजार करतीं महिलाएं। अमृत विचार

▸▸ बंधे व मेन रोड की तरफ से तोड़फोड़ करते हुए अंदर पहुंचे बुलडोजर

▸▸ एक हिस्से में कार्रवाई तो दूसरे हिस्से में खाली किए गए मकान

79 परिवार बसंतकुंज में हुए शिफ्ट

विस्थापितों के लिए लगाए गए एलडीए के शिविर में आवंटन पत्र प्राप्त किए 79 परिवारों को बंसतकुंज योजना के शहरी आवास में शिफ्ट कराया। एलडीए के मुताबिक 1800 विस्थापितों को आवास दिए हैं। अब तक 971 आवासों पर परिवारों ने कब्जा प्राप्त किया। यदि कोई परिवार छूटा है तो उसका पंजीयन कराया जा रहा है।

महिलाओं की तबीयत बिगड़ी

मकान टूटता देख परिवार खूब रोये। जिसे देख अधिकारी भावुक हो गए। लेकिन, कुछ कर नहीं सकते। मीना नाम की महिला खूब रोई। बताया कि बड़ी मेहनत से मकान बनाया था, जो आंखों के सामने पल भर में धराशाई हो गया। वहीं, दो महिलाओं की मकान टूटने की बारी आने पर तबीयत खराब हो गई। दोनों को उपाध्यक्ष ने फौरन एंबुलेंस से अस्पताल भेजा।

अपने टूटे घर को देखता बच्चा।

महिलाएं बोली, नहीं हटेंगे घरों से

ध्वस्तीकरण के दौरान मौजूद उपाध्यक्ष डॉ. इंद्रमणि त्रिपाठी व अपर सचिव ज्ञानेंद्र वर्मा को महिलाएं व पुरुष घेरते रहे। किसी ने आवास गलत आवंटन तो किसी ने तमाम तरह की परेशानी बताई। उपाध्यक्ष ने समाधान का आश्वासन दिया। वहीं, कुछ महिलाओं ने बताया कि उन्हें शहरी आवास नहीं मिले हैं। इधर, घर खाली कराया जा रहा है। ऐसे में कहां जाएंगे और अधिकारी सुन नहीं रहे बल्कि भगा देते हैं। जब बुलडोजर चलेगा तो घर से नहीं निकलेंगे।

घर टूटने के बाद साइकिल से बच्चों को बसंतकुंज ले जाता युवक। अमृत विचार

भवन न मिलने की शिकायत करने जा रही वृद्धा की मदद करती पुलिसकर्मी।

चार दिन में तोड़ दिए जाएंगे सभी मकान

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : लखनऊ विकास प्राधिकरण (एलडीए) ने योजना के मुताबिक अकबर नगर प्रथम चार दिन में तोड़ने का दावा किया है। मोहल्ले की 30 गलियों में आने वाले 800 मकान 30 क्लस्टर में बांटे हैं। क्षेत्र तीन हिस्से में तोड़ा जाएगा। दो दिन में छह क्लस्टर तोड़ दिए हैं।

अकबर नगर प्रथम क्षेत्र द्वितीय से कई गुना बड़ा है। मोहल्ले की 30 गलियों में करीब 800 मकान व मुख्य रोड पर 30 से 35 दुकान व शोरूम हैं। इन्हें ध्वस्त करने के लिए एलडीए ने इस बार प्लान बनाकर कार्रवाई शुरू की है। 30 गलियां एक-एक क्लस्टर में बांटी है। इनमें ए, बी व सी ब्लॉक बनाए गए हैं। ए ब्लॉक में 11 क्लस्टर, बी ब्लॉक में 11 क्लस्टर व सी में 8 क्लस्टर हैं। शुरुआत ए ब्लॉक में बंधे की तरफ से ध्वस्तीकरण की हुई है। गुरुवार और शुक्रवार तक छह क्लस्टर में आने वाले अवैध निर्माण तोड़े गए हैं। ए ब्लॉक पूरी तरह से टूटने पर इसी रास्ते से बुलडोजर बी व सी ब्लॉक की तरफ जाएंगे। जो नदी और मोहल्ले के पीछे की तरफ बने मकान गिरायेंगे। उपाध्यक्ष इंद्रमणि त्रिपाठी ने बताया कि अकबर नगर द्वितीय तोड़ दिया गया है। जबकि प्रथम में काफी हद तक आवासीय व व्यवसायिक भवन तोड़ दिए हैं। चार दिन में सभी अवैध निर्माण तोड़ दिए जाएंगे।



अकबर नगर प्रथम में ध्वस्तीकरण का बनाया गया प्लान।

30 क्लस्टर में बांटे 30 गलियों के 800 मकान

03 हिस्से में जमींदोज होगा अकबर नगर प्रथम

02 दिन में 6 क्लस्टर में हुई ध्वस्तीकरण की कार्रवाई

नदी की कराएं पैमाइश, ध्वस्त करें अवैध निर्माण

अमृत विचार, लखनऊ : सिंचाई विभाग उद्गम स्थल अस्ति गांव से लेकर गोमती नदी में मिलने के स्थान तक कुकरैल नदी की पैमाइश कराए। कहीं पर अवैध निर्माण मिलता है तो ध्वस्त करें। साथ ही कुकरैल नदी को प्रदूषण मुक्त व पुनर्जीवित करने के लिए मास्टर प्लान तैयार करें। यह निर्देश मंडलायुक्त डॉ. रोशन जैकब ने शुक्रवार को अधिकारियों को दिए। आयुक्त कार्यालय पर कुकरैल नदी को पुनर्जीवित करने के संबंध में हुई बैठक में उन्होंने कहा, कुकरैल नदी को अपने वास्तविक स्वरूप एवं प्रकृति के हिसाब से विकसित करने के लिए डीपीआर बनाई जाए। अस्ति गांव के जो जलस्त्रोत हैं उसका डीपीआर भी बनाएं। शेष 22 तालाबों के साथ सौतल झील व शेष कार्यों का डीपीआर 10 दिन के अंदर तैयार कर उपलब्ध कराएं। मुख्य कार्य तालाबों के वाटर रिचार्ज को लेकर किया जाना है। जिन स्थानों पर सिल्ट है डी-सिल्टिंग कराएं। बैठक में डीएम सूर्यपाल गंगवार, उपाध्यक्ष एलडीए इंद्रमणि त्रिपाठी, सीडीओ अजय जैन समेत संबंधित एसडीएम रहे।

विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस | हेल्पएज इण्डिया की रिपोर्ट से हुआ खुलासा

पुत्र ही कर रहे 42 फीसदी बुजुर्गों का उत्पीड़न

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार: प्रदेश में 42 फीसदी बुजुर्गों का उत्पीड़न खुद उनके बेटे करते हैं। 28 फीसदी बुजुर्गों के उत्पीड़न में उनकी बहू शामिल हैं।

हेल्पएज इण्डिया के राज्य प्रमुख अनूप पंत ने बताया कि 11 शहरों में किए गए सर्वे में 5169 बुजुर्ग और 1333 देखभालकर्ताओं से बातचीत की गई। बताया कि इस उत्पीड़न का प्रमुख कारण बुजुर्गों में शिक्षा और जानकारी की कमी है। उन्होंने बताया कि जब बुजुर्गों से बात की गई तो कई ऐसे भी थे, जो उत्पीड़न के बाद भी चुप थे।

डिजिटल सशक्तीकरण ने दिया सहारा : रिपोर्ट के मुताबिक, 42 फीसदी बुजुर्गों ने मोबाइल अथवा डिवाइस को सहारा बनाया। इसमें महिलाओं की संख्या 33 फीसदी थी। अकेलेपन को दूर करने के लिए टीवी सीरियल और गाने देखते हैं।

आय के स्रोत न होने से बढ़ा उत्पीड़न : अनूप पंत बताते हैं कि हर तीन में से एक बुजुर्ग के पास आय के स्रोत नहीं है। ऐसे में उन्हें परिवार के उत्पीड़न का शिकार होना पड़ रहा है। 79 फीसदी ऐसे भी हैं, जिनको सरकारी अस्पताल की सुविधाओं के अलावा सेहत संबंधी कोई भी लाभ नहीं मिला। 59 फीसदी बुजुर्गों ने बताया कि वे परिवार की पसंद और प्रभाव के आधार पर देखभाल सुविधा के प्रकार का निर्णय लेते हैं।

हेल्पएज इण्डिया एवं समाज कार्य विभाग के संयुक्त तत्वाधान में विश्व बुजुर्ग दुर्व्यवहार जागरूकता दिवस पर समारोह का आयोजन किया गया। अन्वेषण रिपोर्ट का विमोचन समाज कल्याण विभाग के प्रमुख सचिव डॉ. हरियोम ने किया। इस अवसर पर लखनऊ विवि के कुलपति प्रो. आलोक कुमार राय, वरिष्ठ नागरिक महासमिति अध्यक्ष श्याम पाल सिंह, प्रो. राकेश द्विवेदी उपस्थित रहे।

कार्यक्रम का दीप जलाकर उद्घाटन करते मुख्य अतिथि। अमृत विचार

नैनीताल बैंक बेचने के विरोध में हड़ताल आज

अमृत विचार, लखनऊ : बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधन से वार्ता विफल रहने पर नैनीताल बैंक के अधिकारी-कर्मचारी शनिवार से एक दिवसीय हड़ताल करेंगे।

नैनीताल बैंक कर्मचारी यूनियन की सहायक महासचिव निशा कामथ ने बताया कि 1922 में स्थापित इस बैंक के संचालन की जिम्मेदारी 1973 में बैंक ऑफ बड़ौदा को सौंपी गई। बैंक ऑफ बड़ौदा ने 2016 मर्जर की प्रक्रिया चलाई। लेकिन, दिसंबर 2022 में बैंक ऑफ बड़ौदा की बोर्ड बैठक में इसे बेचने का निर्णय लिया गया। बैंक ऑफ बड़ौदा के प्रबंधन से कई बार वार्ता हुई। 12 जून को वार्ता विफल होने पर नैनीताल बैंक अधिकारी-कर्मचारी संघ ने हड़ताल का निर्णय लिया।

पांच करोड़ रुपये का गलत आईटीसी क्लेम वसूला

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ विशेष अनुसंधान शाखा ने जांच में मेडिकल उपकरण की फर्म का डेढ़ साल से चल रहा खेल पकड़ा

अमृत विचार : हुसैनगंज स्थित मेडिकल उपकरण के रखरखाव वाली एक फर्म ने गलत तरीके से आईटीसी (इनपुट टैक्स क्रेडिट) का क्लेम कर करीब डेढ़ साल में सरकार से करीब पांच करोड़ रुपये वसूल लिए। जीएसटी टीम ने जांच के बाद कंपनी से पांच करोड़ रुपये वसूले और खाते में जमा कराए।

जीएसटी के संयुक्त आयुक्त प्रकाश यादव के निर्देश पर इलेक्ट्रॉनिक डाटा की जांच करने के लिए डिप्टी कमिश्नर अजीत सिंह, सीटीओ दिवाकर दुबे और हर्षित श्रीवास्तव ने हुसैनगंज स्थित को प्रतिष्ठान पर छापा मारा और इलेक्ट्रानिक डाटा और अभिलेख चेक किए। इस फर्म से पंजीकृत व्यापरियों द्वारा खरीद की जाती है। जांच में पाया गया कि फर्म द्वारा कर भुगतान के लिए जीएसटीआर- 3बी में जीएसटीआर-2ए से अधिक भुगतान किया गया है। बिना ई-बे बिल लिए बड़ी संख्या में बिल जारी किए जा रहे हैं। इस पर विशेष अनुसंधान शाखा-रेंज बी ने पांच करोड़ रुपये डीआरसी के माध्यम से जमा कराए।

सरकारी डॉक्टर के घर खोले गए वेलनेस सेंटर की शासन ने मांगी रिपोर्ट

अमृत विचार, लखनऊ : त्रिवेणी नगर में सरकारी डॉक्टर के घर खोले गए हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर की शिकायत पर शासन ने रिपोर्ट तलब की है। इस मामले की शिकायत उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक से भी ट्वीट के जरिए की गई है।

त्रिवेणी नगर मारुति पार्क स्थित एक सरकारी डॉक्टर घर पर पहले पीएचसी खुली थी, जिसे हेल्थ एंड वेलनेस सेंटर में बदल दिया गया। गुरुवार को सोशल मीडिया पर लोगों ने स्वास्थ्य व एनएचम अफसरों को घेरा। केंद्र तत्कालीन सीएमओ डॉ. एसएनएस यादव के कार्यकाल में खुलवाया गया था। सीएमओ डॉ. मनोज के मुताबिक, इस मामले में जवाब तैयार कराया जा रहा है।

एक नजर

निकायों के पदों पर नियमित नियुक्ति की मांग

अमृत विचार, लखनऊ : नगर निगम कर्मचारी संघ ने सरकार से नगर निकायों में रिक्त पदों पर नियमित नियुक्ति करने की मांग की है। शुक्रवार को संघ अध्यक्ष आनन्द वर्मा ने मुख्यमंत्री योगी आदित्य नाथ को पत्र भेजकर कहा कि प्रदेश की निकाय सेवा आदेश-1962 के अनुरूप संचालित की जा रही है। 162 वर्ष में व्यापक विस्तार हुआ है इसलिए सेवा आदेश 1962 में संशोधन करते हुए निकायों की बढ़ी आबादी एवं कार्य क्षेत्र, सफाई कर्मचारी/चतुर्थ श्रेणी संवर्ग समेत केंद्रीयत/अकेंद्रीयत सेवा के संवर्गों में रिक्त पदों पर नियमित नियुक्तियां की जाएं।

सभी सदस्य निष्ठा से और निडर होकर करें कार्य

अमृत विचार, लखनऊ : सभी सदस्य निष्ठा और निडर होकर कार्य करें। यह बात उप्र महिला महिला अधिकारी एवं कर्मचारी संघ की अध्यक्ष अंबी बिष्ट (मुख्य कर निर्धारण अधिकारी) ने सदस्यों से कही। शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय पर संघ की आम सभा हुई। उन्होंने सभी सदस्यों को पूर्व के कार्य व दायित्वों की सराहना करते हुए इसी तरह एक-दूसरे की शक्ति व एकता से चलने की प्रेरणा दी। सदस्यों ने स्वास्थ्य शिविर के आयोजन की मांग की। योग दिवस सफल बनाने के लिए संघ ने योगदान की बात कही।

विशेष कार्याधिकारी पदनाम देने की मांग उठाई

अमृत विचार, लखनऊ : विद्युत परिषद आशुलेखक संघ के 46वें अधिवेशन में शुक्रवार को ऊर्जा निगमों में स्टाफिंग पैटर्न लागू कराने और 24 वर्ष की सेवा पूरी करने पर सभी आशुलेखकों को विशेष कार्याधिकारी पदनाम दिए जाने पर बल दिया गया। गांधी भवन के कस्तूरबा सभागार में हुए अधिवेशन का उद्घाटन संघ की प्रदेश उपाध्यक्ष कुसुम मिश्रा ने किया। नेशनल आर्गनाइजेशन आफ बैंक आफ वर्कर्स के अखिल भारतीय जोनल आर्गेनाइजेशन सेकेट्री दिवाकर सिंह सिकरवा, भारतीय मजदूर संघ के जिला मंत्री कीर्तिबद्धन सिंह, संघ के केंद्रीय अध्यक्ष वीके कलहंस, केंद्रीय महामंत्री शिवाजी तिवारी ने भी अधिवेशन को संबोधित किया।

245 लोगों की गृहकर समस्या का हुआ समाधान

नगर आयुक्त ने जीआईएस टीम के साथ सुनीं शिकायतें, सर्वे से गलत हुए मूल्यांकन को किया ठीक

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गृहकर संबंधी शिकायतों के निस्तारण के लिए नगर निगम के समाधान दिवस पर शुक्रवार को 245 शिकायतों का निस्तारण किया गया।

नगर निगम मुख्यालय के त्रिलोकीनाथ हॉल में आयोजित गृहकर समाधान दिवस में नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह ने सभी जोन के अधिकारियों व जीआईएस सर्वे की टीम के साथ शिकायतें सुनीं। कुल 245 भवन स्वामियों ने जीआईएस सर्वे से गलत मूल्यांकन की शिकायत की। लिखित आपत्ति, साक्ष्य व भवन की वर्तमान फोटो जमा कराने और जांच के बाद गृहकर संशोधित किया गया। इस दौरान अपर नगर आयुक्त, मुख्य कर निर्धारण अधिकारी, सहायक नगर आयुक्त, सभी जोनल अधिकारी, कर अधीक्षक, राजस्व निरीक्षक आदि मौजूद रहे।

नगर निगम के त्रिलोकीनाथ हॉल में गृहकर की शिकायतें सुनते अधिकारी। अमृत विचार

जोनवार आपत्ति व निस्तारण

जोन	आपत्तियां	निस्तारित
जोन-1	37	37
जोन-2	20	20
जोन-3	55	55
जोन-5	22	22
जोन-6	45	45
जोन-7	58	58
जोन-8	8	8

इस तरह कम हुआ बढ़ा गृहकर

- **जोन-1**
  - हरजीत सिंह 12,240 से 9,792
  - रोशन जहां 11,232 से 15,912
- **जोन-2**
  - ओम प्रकाश यादव 17,640 से 6,912
  - ऊषा गोविल 58,500 से 27,416
- **जोन-3**
  - शशि शुक्ला 26,460 से 9,720
  - चन्द्रशेखर 35,100 से 19,440
- **जोन-5**
  - विजय कुमार, मुकेश कुमार 18, हजार से 13,330
  - किरन जायसवाल 16,560 से 4,500
- **जोन-6**
  - मुनीर फातिमा 21,240 से 11,520
  - नरेश सिंह 14,256 से 8,316
- **जोन-7**
  - राम कुमार त्रिपाठी 16,200 से 7,290
  - यूवी सिंह 29,484 से 22,680
- **जोन-8**
  - ब्रिज मोहन प्रजापति 11,016 से 5,418
  - राम शंकर 32,400 से 19,125

नगर निगम कार्यकारिणी से छह सदस्य हुए बाहर

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : नगर निगम की कार्यकारिणी से छह सदस्य बाहर हो गए। बचे छह सदस्यों का कार्यकाल एक वर्ष तक रहेगा। नए सदस्यों का चयन जल्द भाजपा और सपा के महानगर संगठन की बैठक के बाद किया जाएगा।

शुक्रवार को नगर निगम मुख्यालय के राज कुमार हॉल में महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह की अध्यक्षता में कार्यकारिणी की बैठक हुई। इस दौरान महापौर ने लॉटरी के माध्यम से पर्ची निकाली। इसमें बीजेपी से हरिशचंद्र लोधी, रानी कनौजिया, पीयूष दीवान, सौरभ सिंह मोनू, शैलेंद्र वर्मा व सपा से सदस्य लईक आगा का नाम आया।

इनकी कार्यकारिणी से बाहर होने की घोषणा की गई। अब कार्यकारिणी में भाजपा से पार्षद उमेश सनवाल, मुकेश सिंह मोंटी, गिरीश गुप्ता, रंजीत सिंह और अनूप कमल, जबकि सपा से पार्षद सुरेंद्र वाल्मीकि ही बचे हैं।

1 जून को खत्म हो गया था कार्यकाल

2023 में नया सदन गठित होने पर कार्यकारिणी में 12 सदस्य चुने गए थे। इनका कार्यकाल एक वर्ष का होता है। निकाले गए सदस्यों का कार्यकाल 1 जून को खत्म हो गया था। आचार संहिता के कारण प्रक्रिया नहीं हो सकी थी।

उमेश्वर प्रताप सिंह स्मारक किसान महाविद्यालय
पारा, भंभुवा गोण्डा (उ0प्र0)
सम्बद्ध :- डा0 राम मनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय अयोध्या

आवश्यकता है

1. **प्राचार्य** – एक पद
2. **प्रवक्ता हिन्दी** – एक पद

योग्यता – यू0जी0सी0 एवं उ0प्र0 शासन के मानकानुसार
वेतन– यू0जी0सी0/उ0प्र0 शासन / विश्वविद्यालय परि नियमावली के अनुसार
नोट :– इच्छुक अभ्यर्थी एक सप्ताह के अन्दर अपने सस्त प्रमाण पत्रों की छायाप्रति एवं फोटो के साथ महाविद्यालय में सम्पर्क करें।

प्रबंधक
मो0नं0–9919226338, 9453570057

गंदगी देख भड़के विधायक, लगाई फटकार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- पूर्वी विधानसभा क्षेत्र में निरीक्षण करने निकले ओपी श्रीवास्तव 15 दिन में समाधान के दिए निर्देश

अमृत विचार : पूर्वी विधानसभा के नवनिर्वाचित विधायक ओपी श्रीवास्तव ने शुक्रवार को विधानसभा क्षेत्र का निरीक्षण किया। गंदगी व अव्यवस्थाएं देख विधायक ने मौके पर मौजूद नगर निगम के अधिकारियों को फटकार लगाई। 15 दिन के अंदर समस्याओं का निस्तारण कराने के निर्देश दिए।

विधायक ने सबसे पहले मैथलीशरण वार्ड में अग्रवाल प्लाजा पर गंदगी से पटे नाले पर पहुंचे। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों से बरसात से पहले उसे साफ कराने के निर्देश दिए। उन्होंने नगर निगम अधिकारियों से कहा की आपके सफाई कर्मी कहीं नहीं दिख रहे। क्षेत्र की सफाई में बदहाल स्थिति हैं। इसको तत्काल सही करा ले नहीं तो करवाई के लिए तैयार रहें। इसके बाद इंदिरानगर सी -1347/5 के सामने पार्क के चारों तरफ और पार्क के अंदर कूड़े के ढ़ेर पर अधिकारियों को फटकार लगाई। इस्माइलगंज वार्ड के पटेल नगर पहुंचे। यहां लोकनाथ गेस्ट हॉउस के सामने लोगों ने उनको नाले में गंदगी और जलभराव की समस्या बताई। उन्होंने जोनल अधिकारी को सफाई कार्य शुरू कराने के निर्देश दिए। इस मौके पर पार्षद प्रतिनिधि हरीश अवस्थी, कृष्णवीर सिंह बंटू, रुद्र प्रताप सिंह, देवेंद्र वर्मा, सुमित खन्ना, वेदमती शुक्ला, संदीप पाठक, शशांक शेखर गोल्डी मौजूद रहे।

नाले में कूड़े को देख अधिकारियों से नाराजगी जताते विधायक। अमृत विचार

पुलिस में आउटसोर्सिंग से भर्ती का विरोध

अमृत विचार, लखनऊ : भारत की कम्युनिस्ट पार्टी (मार्क्सवादी) उत्तर प्रदेश की राज्य सचिव मंडल की बैठक में उत्तर प्रदेश के पुलिस विभाग में आउट सोर्सिंग से पुलिस भर्ती की आलोचना की गई। पार्टी ने सवाल उठाया कि जब पुलिस विभाग में पुलिस भर्ती बोर्ड है तो सारी नियुक्तियां उसी के माध्यम से क्यों नहीं की जाती? सीपीआई (एम) किसी भी विभाग में आउटसोर्स से भर्ती के खिलाफ है।

सूचना

मेरा नाम व जन्मतिथि मेरे पुत्र Army no 15820934M Hav Narender Singh C/o 223, फील्ड वर्कशाप, CO-EME, कैंट, लखनऊ के आर्मी रिकाड्र्स में त्रुटिवश रामचन्द्र (Ramchander)- 01/01/1953 के स्थान पर रामचन्द्र सिंह Ramchander Singh- 24/05/1970 दर्ज हो गया है।

अमृत विचार क्लासीफाइड

सूचना

मैंने अपने पुत्र राहुल शर्मा के दुर्व्यवहार और गलत आचरण के कारण संबंध विच्छेद करते हुए अपनी समस्त चल अचल संपत्ति से बेदखल कर दिया है। उसके किसी कृत्य से मेरा एवं मेरे परिवार का कोई सरोकार नहीं है। **मुकेश कुमार पुत्र कामता प्रसाद शर्मा निवासी– ग्राम– संगावली, थाना जसवंतनगर, जिला– इटावा**

सूचना

सूचित किया जाता है कि **बदाला पत्नी रामकुमार और रूपन पत्नी रामकुमार** दोनो नाम एक ही महिला के है जो **ग्राम पंचायत–रेवरी सैदपुर, थाना–डीह तहसील– सलोन, जिला– रायबरेली** की निवासी है। जिनका आधार नं0– 798860321394 है।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पहले अभिलेखों में फैसल परवेज अंसारी पुत्र तुफैल अहमद अंसारी था। अब सिर्फ फैसल परवेज पुत्र तुफैल अहमद है। मुझे अब फैसल परवेज के ही नाम से जाना जाए। **फैसल परवेज पुत्र तुफैल अहमद म. न. 6/2/53 कोठापार्चा, नियर राजा बहादुर मार्केट, फैजाबाद, अयोध्या**

सूचना

सूचित हो कि मेरे पालिसी संख्या 214355856 में मेरा नाम केन्द्र प्रसाद वर्मा व आधार तथा पासबुक में **सतगुरु प्रसाद पुत्र नान्हे वर्मा निवासी गुरवा, भरथा कलां पोस्ट शंकरपुर, थाना सिरसिया जनपद श्रावस्ती** है। उपरोक्त दोनों नाम मेरे ही है किसी को आपत्ति हो तो भारतीय जीवन बीमा निगम शाखा नानपारा में 15 दिन के अंदर अपनी आपत्ति दर्ज कर सकते हैं।

सूचना

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि मेरा नाम पहले अभिलेखों में फैसल परवेज अंसारी पुत्र तुफैल अहमद अंसारी था। अब सिर्फ फैसल परवेज पुत्र तुफैल अहमद है। मुझे अब फैसल परवेज के ही नाम से जाना जाए। **फैसल परवेज पुत्र तुफैल अहमद म. न. 6/2/53 कोठापार्चा, नियर राजा बहादुर मार्केट, फैजाबाद, अयोध्या**

सूचना

सूचित हो कि मैं **रोहित कुमार पुत्र सियाराम निवासी– ग्राम–महंगूपुर, थाना– नवाबगंज, जनपद–गोण्डा,** मैं अपने पुत्र विराज जिसका चाल–चलन व स्वभाव ठीक नहीं है। इसलिए मैं उसे अपनी समस्त चल–अचल सम्पत्ति से बेदखल करता है। अब मेरा उससे कोई वास्ता व सरोकार नहीं होगा अपने कृत्यों का वह स्वयं जिम्मेदार होगा।

सूचना

सूचित हो कि मेरा नाम व जन्मतिथि मेरे पुत्र Army no 15820934M Hav Narender Singh C/o 223, फील्ड वर्कशॉप, CO-EME, कैंट, लखनऊ के आर्मी रिकाड्र्स में त्रुटिवश सावित्री – (Savitri) - 01/01 /1957 के स्थान पर सावित्री देवी (Savitri Devi) – 05/06/1975 दर्ज हो गया है

सूचना

सूचित हो कि मैं **मोहम्मद हनीफ पुत्र स्व0 कल्लू, निवासी– भवन सं0–2, मिरयासी मोहल्ला कस्बा व थाना काकोरी जनपद लखनऊ** का हूँ मेरा एक किता भवन सं0–2 स्थित मिरयासी मोहल्ला काकोरी, लखनऊ का एक मात्र कामिल मालिक व काबिज हूं। मेरे पुत्र मोहम्मद आरीश का चाल–चलन ठीक न होने के कारण और आये दिन परिवार में व अन्य सम्भ्रांत व्यक्तियों से झगड़ा फसाद में लिप्त रहने के कारण अपनी चल अचल सम्पत्ति से बेदखल कर रहा हूं। यह कि आज से मोहम्मद आरीश का भवन से कोई लेना देना नही है और वह अपने समस्त अवैधानिक कृत्यों के लिए व्यक्तिगत रूप से स्वयं उत्तरदायी होगा।

पुख्ता सुरक्षा इंतजाम के साथ होगी सीवर की सफाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अब सुरक्षा के पूरे इंतजाम के साथ शहर में सीवर की सफाई की जाएगी। सीवर चैंबर के ऊपर ट्राइपॉड लगाकर हार्नेस, विंच और लाइफलाइन रस्सी की मदद से कर्मचारी को उतारा जाएगा। इतना ही नहीं इससे पहले गैस डिटेक्टर का उपयोग कर मेनहोल, रिसीवर चैंबर या सम्प में गैस की मौजूदगी जांची जाएगी। गैस पाए जाने पर एयर ब्लोअर का प्रयोग कर हटाया जाएगी।

'वन सिटी वन ऑपरेटर' प्रोजेक्ट के तहत सीवर मेंटेनेंस का कार्य देख रही सुएज इंडिया के प्रोजेक्ट डायरेक्टर राजेश मठपाल ने बताया, इस दौरान श्वसन सुरक्षा का खास ध्यान रखा जाएगी। । इसके अलावा सफाई मित्रों को विशेष किट दी जाएगी, जिसमें हेलमेट, आईवियर, दस्ताने और मास्क होगा। इसके अतिरिक्त वाटरप्रूफ सूट, ऑक्सीजन मास्क, सेफ्टी बेल्ट और गमबूट जैसे अतिरिक्त सुरक्षा गियर भी दिए जाएंगे।

सुरक्षा उपकरणों के साथ सीवर की सफाई करते कर्मचारी। अमृत विचार

रेजीडेंसी हादसे के बाद बढ़ी सख्ती, लगा प्रशिक्षण शिविर

01 मई को रेजीडेंसी क्षेत्र में सीवर में सफाई करने घुसे पिता-पुत्र की मौत हो गई। इस हादसे के बाद नगर निगम के प्रबंध निदेशक ने सीवरेज कार्यों में सुरक्षा उपायों को सख्त करने के निर्देश दिए थे। इस पर जल निगम ने सुएज इंडिया के सहयोग से सीवर कार्य सुरक्षा प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इसमें निर्माणाधीन सीवरेज योजनाओं में अनुबंधित एजेंसियों के इंजीनियरों, सुपरवाइजरी स्टाफ और जलकल के सहायक एवं कनिष्ठ अभियंताओं को सुरक्षा उपायों की जानकारी दी गई।

कार्यालय खण्ड विकास अधिकारी, इटियाथोक–गोण्डा

पत्रांक: मेमो दिनांक: 14.06.2024

अल्पकालीन निविदा

पंचम राज्य वित्त / 15वां वित्त आयोग योजना के अन्तर्गत क्षेत्र पंचायत इटियाथोक द्वारा विभिन्न निर्माण कार्य कराया जाना है। जिसके लिए निविदा दिनांक 15.06.2024 से 20.06.2024 तक को मोहर बन्द लिफाफे में विकास खण्ड कार्यालय इटियाथोक में पंजीकृत ठेकेदारों से निविदा आमंत्रित की जाती है। जो दिनांक 20.06.2024 को 04:00 बजे सायं निविदा समिति के समक्ष निविदा दाताओं की उपस्थिति में विकास खण्ड कार्यालय इटियाथोक, गोण्डा में खोली जायेगी। निविदा के साथ हैसियत चरित्र प्रमाण–पत्र, पैन नं0, जी0एस0टी0 नम्बर की प्रमाणित प्रतियां लगामा अनिवार्य होगा। कार्यो का विवरण निम्नवत् है।

क्रमांक	कार्य का नाम	अनुमानित लागत (लाख में)	जमानत की धनराशि	समय अवधि
01	ग्रा0पं0 पृथ्वीपालगंज ग्रन्ट के मजरा भया गाँव में रामकृपाल के घर से विजय के घर तक इ0ला0 कार्य।	3.96	19800	02 माह

नियम व शर्ते :– 01–निविदा प्रपत्र कय से पूर्व निविदा दाताओं के आगणनों का संज्ञान कार्यालय दिवस में लिया जा सकता है। 02– लोक निर्माण विभाग के परीक्षोपरान्त आगणन की धनराशि घट बढ़ सकती है। 03– धन उपलब्धता के आधार पर कार्य आदेश एवं भुगतान की कार्यवाही की जायेगी। 04– समस्त निविदाओ को बिना कारण बताते निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी में निहित होगा। 05– निविदा के साथ 100–100 रूपये का स्टाम्प पेपर पर फोटो युक्त नोटरी शपथ पत्र एवं जिलाधिकारी महोदय द्वारा प्रदत चरित्र एवं हैसियत प्रमाण पत्र लगाना अनिवार्य होगा। 06– किन्ही कारणें से यदि निविदा डालने/ब्रिकी की तिथि को अवकाश घोषित हो तो (उसकी अगली तिथि) अर्थात अगला कार्य दिवस माना जायेगा। 07– निर्माण कार्य की गुणवत्ता मानक के अनुसार होनी चाहिये। 08– न्यूनतम पायी गयी दरों के आधार पर फर्म को कार्य प्रारम्भ करने हेतु आदेश जारी किया जायेगा। 09– कार्यादेश जारी करने के पूर्व फर्म को अनुमानित लागत का 05 प्रतिशत खण्ड विकास अधिकारी इटियाथोक के नाम पर बन्धक कराकर एफ0डी0आर0की मूलप्रति प्रस्तुत की जायेगी।

खण्ड विकास अधिकारी, इटियाथोक–गोण्डा

पूर्वोत्तर रेलवे

खुली ई-निविदा सूचना NER-LJN-2024-92

भारत के राष्ट्रपति की ओर से मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग/पूर्वोत्तर रेलवे/लखनऊ द्वारा निम्नलिखित कार्यों हेतु आनलाईन 'खुली' ई-निविदाएँ आमंत्रित की जाती हैं जिसका विवरण नीचे निम्नवत है :

ई-निविदा संख्या : NER-LJN-2024-92 (Two-Packet), कार्य का नाम : 1. वरिष्ठ मण्डल इन्जीनियर/द्वितीय के अनुभाग में सीसेइं/पीवे/नानपारा (किमी. 95/0-101.10, 101.70 से 103.10 एवं 103.3 से 118.5 तक, कुल 22.70 किमी.), सीसेइं/पीवे/तिकुनिया (किमी. 221.4 से 234.0/0-101.10, 101.70 से 103.10 एवं 103.3 से 118.5 तक, कुल 22.70 किमी.) के अन्तर्गत CTR(P) MG कार्य एवं साथ में डीप स्क्रीनिंग व बैलास्ट की आपूर्ति से बैलास्ट कुशन को 150mm तक बढ़ाने का कार्य। 2. वरिष्ठ मण्डल इन्जीनियर/द्वितीय के अनुभाग में सीसेइं/पीवे/नानपारा (1:12 = 10 Set), सीसेइं/पीवे/तिकुनिया (1:12 = 10 Set & 1:8.5=7 Set), सीसेइं/पीवे/मैलानी (1:12 = 10 Set & 1:8.5=4 Set) कुल 48 Set विभिन्न यार्डों (Main Line) में TTR (MG) का कार्य। **अनुमानित लागत :** रु. 37,74,71,342.12, **अग्रिम धन :** रु. 20,37,400.00, **समापन अवधि :** 18 माह।

1. उपरोक्त ई-निविदा संख्या **NER-LJN-2024-92** के लिए ई-निविदा दिनांक 04.07.2024 को 15.00 बजे तक अपलोड की जा सकती है तथा उसी दिन समय 15.00 बजे के बाद ई-निविदा खोली जायेंगी। **2.** उपरोक्त ई-निविदा से संबंधित सभी सूचना, निम्नतम अर्हता, नियम एवं शर्तों का पूर्ण विवरण पूर्वोत्तर रेलवे के वेबसाइट **www.ireps.gov.in** पर उपलब्ध है। निविदाकार ई-निविदा प्रपत्र को अपलोड करने से पूर्व इस ई-निविदा सूचना से संबंधित वेबसाइट पर उपलब्ध शुद्धिपत्र (यदि, कोई हो तो) को भी संज्ञान में लेना सुनिश्चित करें।

मंडल रेल प्रबंधक/इंजीनियरिंग, मुजाधि/डब्ल्यू-116 पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ

ट्रेनों में ज्वलनशील पदार्थ लेकर यात्रा न करें

Public Notice

This is to inform public at large that land bearing Khasra Nos. 196, 197,1 98, 200, 201 and 202 situated at Village Semra, Tehsil- Sadar, Distt.-Lucknow, is owned by M/s Banaras Glasses Pvt. Ltd., purchased the aforesaid land through sale deed dated 15.10.2009, registered in the office of sub registrar Lucknow, bearing Bahi no. I, Zild No 8999, Page nos 51 to 122, at S.No, 10911 duly executed by Shri L.N. Seth and Shri Sanjay Seth in self capacity and as Partners of A.K. Warehousing Company in favour of Banaras Glasses Pvt. Ltd has been lost.The aforesaid Sale Deed has been lost from the possession / custody of an employee working in the office of M/s Banaras Glasses Pvt. Ltd.

That to ensure no misuse of the Sale Deed happens, the undersigned has lodged F.I.R vide L.A.R No. 20240000452108 dated 30.05.2024 with E- Portal of U.P. Police Lucknow, Uttar Pradesh, stating that the aforesaid Power of Attorney has been lost.

The present owner M/s Banaras Glasses Pvt. Ltd. confirms that the said Sale Deed is lost and it has not been mortgaged in any bank /F.I. for having any credit facilities.The present property is free from all sought of encumbrance. The public at large is advised that if they have any interest they may lodge their claim within 15 days from date given of this publication.

S/D
Mohammad Abdullah Masood,
Director,
Banaras Glasses Pvt Ltd.
Ayodhya Road Near BBD Engineering College,
Chinhat, Lucknow, Uttar Pradesh 226028

सुबह छापा मार पकड़े 48 बिजली चोर

अमृत विचार, लखनऊ : राजाजीपुरम, नूरबाडी, अपट्रान और उतरेठिया क्षेत्र में शुक्रवार सुबह छापे मारकर लेसा की टीम ने 35 लोगों को बिजली चोरी करते पकड़ा। उनके खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई है। न्यू राजाजीपुरम के अधिशासी अभियंता डीके गुप्ता ने बताया कि न्यू राजाजीपुरम में 26 उपभोक्ताओं के परिसरों का चेक किया गया। 5 लोगों का बिजली चोरी का दोषी पाया गया। वहीं नूरबाडी और अपट्रान के 200 परिसरों की चेकिंग की गई। एसडीओ अखिलेश कुमार ने बताया कि 24 लोगों को मीटर बाईपास और केबल डायरेक्ट कर बिजली चोरी करते पकड़ा गया। वहीं उतरेठिया निलमथा के 105 घरों को चेक किया गया। यहां 4 लोगों को बिजली चोरी करते पाया गया। इसके साथ ही बालाघाट, आजादनगर उपकेंद्र के अंतर्गत क्षेत्रों 15 लोगों को बिजली चोरी करते पाया गया। इनसभी के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया गया है।

समय सीमा के अंदर तय बजट में मेट्रो का काम पूरा करने के बताए तरीके

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- आई-मेट्रो कार्यशाला में देशभर से मेट्रो रेल कारपोरेशन के प्रतिनिधियों ने साझा किए विचार

अमृत विचार : मेट्रो परियोजना को तय समय सीमा में लागत को कम करते हुए कैसे पूरा किया जाए, इसकी जानकारी ट्रांसपोर्ट नगर मेट्रो डिपो के प्रशिक्षण उत्कृष्टता केंद्र में हुई आई-मेट्रो कार्यशाला में दी गई। कार्यशाला में दिल्ली, बैंगलोर, एमपी, एनसीआरटीसी, जयपुर और नोएडा सहित देशभर के मेट्रो रेल कारपोरेशन के प्रतिनिधियों ने भाग लिया।

यूपीएमआरसी के एमडी सुशील कुमार ने न केवल समस्याओं को प्रभावी ढंग से हल करने के लिए बल्कि विभिन्न स्तरों पर समिति के गठन के महत्व पर जोर दिया। उन्होंने लखनऊ मेट्रो परियोजना के कार्यों को पूरा करने के दौरान बरती गई सावधानियों का जिक्र किया। इस दौरान उन्होंने स्टेशन और सुरंग निर्माण का स्वतंत्र कार्य, कानपुर और आगरा परियोजनाओं के लिए मानकीकृत रोलिंग स्टॉक और सिग्नलिंग, कैबलिंग और डक्ट निर्माण के बारे में बताया। इस दौरान डायरेक्टर वर्क्स एंड इंफ्रास्ट्रक्चर सीपी सिंह, कार्यकारी निदेशक आगरा मेट्रो अरविंद सिंह, सीई-डिजाइन परियोजना निदेशक आगरा आशीष कुमार ने विचार साझा किए। इसके अलावा एलिवेटेड मेट्रो निर्माण, डिजाइन अनुकूलन, भूमिगत निर्माण और मेट्रो स्टेशन के आकार अनुकूलन पर प्रकाश डाला गया। कार्यशाला में मुख्य वास्तुकार संगीता अग्रवाल शामिल रहीं।

कार्यालय : अधिशासी अभियन्ता
जलकल विभाग जोन-6, बालागंज, नगर निगम लखनऊ

पत्रांक:– 153/EE-6/L.J.S./2024-25 दिनांक:– 14/06/2024

(अल्पकालीन निविदा सूचना)

अधोलिखित कार्य हेतु जलकल विभाग जोन–6 द्वारा निविदाये आमन्त्रित की जाती है। उक्त निविदायें दिनांक 21/06/24 तक जलकल विभाग जोन–6 कार्यालय के कैश काउन्टर से निर्धारितं धनराशि जमा कराकर प्राप्त की जा सकती है। भरी हुयी समस्त निविदायें दिनांक 21/06/24 को जलकल विभाग जोन–6 कार्यालय से अपराहन 1.00 बजे तक प्राप्त की जायेगी तथा उसी दिन सांय 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेगी। उक्त निविदायें कार्य के अनुभवी जलकल विभाग के अनुभवी ठेकेदारों को ही विक्रय की जायेंगी। निविदा के साथ निर्धारित अर्नेस्टमनी नकद जमा की रसीद /एफडीआर / सीडीआर के रूप में अधिशासी अभियन्ता, जोन–6 जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ के पक्ष में बन्धक होना अनिवार्य है। निविदा के साथ अर्नेस्टमनी संलग्न न होने की दशा में निविदा निरस्त समझी जायेगी। किसी एक अथवा समस्त निविदाओं को बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक महोदय में निहित होगा। कार्य की विस्तृत जानकारी जलकल विभाग, जोन–6 कार्यालय में किसी भी कार्य दिवस में की जा सकती है। निविदा प्रपत्र खरीदने की अन्तिम तिथि व निविदा डालने की अंतिम तिथि को अवकाश होने पर निविदायें अगले दिन प्राप्त की जायेंगी एवं खोली जायेगी।

क्र0 सं0	कार्य का नाम	अनु0 धन0	अर्नेस्टमनी	निविदा का मूल्य	कार्य पूर्ण करने की अवधि
1	Repairing of Sumer Sible Pump 1.5 HP at Ward Acharya Narendra Dev and Maulana Kalwe Avid	रू 204232.00	रू 4100	रू 250	07 दिन

निविदा प्राप्त करने की शर्त:– 1. निविदादाता का सेल्स टैक्स एवं आयकर तथा जी0एस0टी0 में रजिस्ट्रेशन होना चाहिये।

अधिशासी अभियन्ता, जोन–6

कार्यालय नगर पंचायत दोस्तपुर–सुलतानपुर

पत्रांक:– 35/न0पं0दो0/नी0सू0/2024–25 दिनांक:– 14/06/2024

नीलामी सूचना

एतदद्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि नगर पंचायत दोस्तपुर–सुलतानपुर सीमान्तर्गत वित्तीय वर्ष 2024–2025 अर्थात् 01 जुलाई 2024 से 31 मार्च 2025 तक के लिए टैक्सी स्टैन्ड की पार्किग शुल्क वसूली की नीलामी दिनांक 24.06.2024 को समय 12.00 बजे पूर्वान्ह में कार्यालय नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर के सभाकक्ष में अधोहस्ताक्षरी द्वारा सम्पन्न करायी जायेगी, नीलामी शर्ते निम्नवत् होंगी–

1. टैक्सी स्टैन्ड की पार्किग शुल्क की नीलामी वर्ष 2024–2025 अर्थात् (01 जुलाई 2024 से 31 मार्च 2025) तक के लिए होगी। टैक्सी स्टैन्ड की पार्किग शुल्क की समस्त औचारिकताएँ (निर्धारित धनराशि व 04 प्रति0 स्टाम्प) पूर्ण करनें के उपरान्त ही 01 जुलाई 2024 से वसूली की अनुमति दी जायेगी।
2. नगर पंचायत दोस्तपुर, सुलतानपुर के अन्तर्गत दो स्थल टैक्सी स्टैण्ड की पार्किग शुल्क वसूली हेतु निर्धारण स्टैण्ड किया जाता है प्रथम रूप से छावनी तिराहा दोस्तपुर स्टैण्ड, द्वितीय रूप से ब्लाक चौराहा, डा0 भीमराव अम्बेडकर व शाही पुल के बगल दोस्तपुर संयुक्त रूप से है।
3. उक्त निर्धारित दोनों स्टैण्डों की नीलामी अलग–अलग की जोयगी।
4. नीलामी प्रारम्भ होने के पूर्व प्रत्येक व्यक्ति को प्रत्येक स्टैण्ड की अलग–अलग रू0 50,000/–(पचास हजार रूपये) जमानत धनराशि जमा करना होगा। बिना जमानत धनराशि जमा किये कोई भी व्यक्ति नीलामी में भाग नही ले सकेगा। प्रत्येक व्यक्ति को रू0 10,00,000/–(पन्द्रह लाख रूपये) का हैसियत प्रमाण व चरित्र प्रमाण पत्र जो अद्यतन समय का जिलाधिकारी द्वारा निर्गत किया गया हो व आधार कार्ड की छायाप्रति संलग्न करना होगा।
5. उपरोक्त शर्त 3 व 4 पूर्ण होने के पश्चात् ही बोली प्रारम्भ करायी जायेगी। सर्वोच्च बोली ही स्वीकार की जायेगी।
6. नगर पंचायत दोस्तपुर–सुलतानपुर से सम्बन्धित कोई भी बकाये दार नीलामी में भाग नही ले सकेगा।
7. नगर पंचायत दोस्तपुर द्वारा निर्धारित की गई दर से अधिक की वसूली नही की जायेगी अन्यथा शिकायत प्राप्त होने पर जॉचोपरान्त सत्य पाये जाने पर ठेका निरस्त करने का अधिकार अधिशासी अधिकारी/अध्यक्ष नगर पंचायत दोस्तपुर–सुलतानपुर को होगा।
8. यदि किसी प्रकार का परिवर्तन/परिवर्धन जनहित में किया जाना आवश्यक होगा तो ठेकेदार को मान्य होगा।
9. नीलामी समाप्ति के तुरन्त बाद सम्पूर्ण नीलामी की धनराशि का 1/3 भाग अर्थात एक तिहाई धनराशि तुरन्त जमा करना होगा। एक तिहाई धनराशि तुरन्त जमा न करने पर जमा की गई जमानत धनराशि नगर पंचायत दोस्तपुर के पक्ष में जब्त करते हुए ठेका निरस्त करके पुनः नीलामी करायी जायेगी।
10. अवशेष 2/3 धनराशि को दो बराबर किस्तो में क्रमशः दिनांक:– 30.09.2024 व 31.12.2024 को आवश्यक रूप से जमा करना होगा समय से किश्त जमा न करने पर जमानत धनराशि नगर पंचायत दोस्तपुर–सुलतानपुर के पक्ष में जब्त करते हुए ठेका निरस्त करते हुए उसकी क्षति पूर्ति सम्बन्धित ठेकेदार से की जायेगी।
11. जमा की गयी जमानत धनराशि का समायोजन अन्तिम किश्त में ही किया जयेगा।
12. ठेकेदार को वसूली सम्बन्धी रसीद छपवाकर अधिशासी अधिकारी, नगर पंचायत दोस्तपुर–सुलतानपुर से प्रमाणित कराने के उपरान्त प्रत्येक गाड़ी वाले ड्राइवर को वसूली सम्बन्धी रसीद देना आवश्यक होगा।
13. नगर पंचायत दोस्तपुर–सुलतानपुर के दो निवासियो का जिनके पास कम से कम 10 लाख रूपये की अचल सम्पत्ति हो, जमानतदार के रूप में शपथ–पत्र, अनुबन्ध कराते समय सम्बन्धी ठेकेदार को जमा कराना आवश्यक होगा।
14. नीलामी में भाग लेने वाले व्यक्तियों को किसी भी प्रकार की कोई भी छूट देय नही होगी।

अतः इच्छुक व्यक्ति उपरोक्त शर्तो के आधार पर उक्त निर्धारित तिथि एवं समय पर नीलामी में भाग ले सकते हैं।

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत दोस्तपुर
सुलतानपुर

अध्यक्ष
नगर पंचायत दोस्तपुर
सुलतानपुर

नन्द विहार का है सपना आपका घर हो अपना

आपका घर प्रमुख स्थानों से दूरी
- देवा रोड – 900 मीटर
- कुर्सी रोड – 3कि0मी0
- बाराबंकी रेलवे स्टेशन – 7 कि0मी0
- मटियारी चौराहा – 14 कि0मी0
- मुंशी पुलिया चौराहा – 20 कि0मी0
- बादशाह नगर रेलवे स्टेशन – 23 कि0मी0

BOOKING AMOUNT : 50,000/-
Rate 750 Rs./ Sqft. 20% Discount 600 Rs./Sqft. on Cash Rate Rs./Sqft.

Facilities:
- Security Tower • Park • Solar Light • Road
- A-Block Gate are placed at 30ft. wide road
- B-Block Gate are placed at 45ft. wide road

All Installment
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 100000 - 6 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 50000 - 12 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 25000 - 24 month
Rs 600 per Sqft. Installment Rs. 10000 - 60 month
(Per month 1 Lucky draw)

NVC Infraland Developers Pvt. Ltd.
Office:- D-4/60 2nd Floor, Vikalp Khand, Malhaur Road, Near CNG Petrol Pump, Gomti Nagar, Lucknow
Contact No: 05223131559, 9455936417, 9451006502

एक नजर

शिक्षकों की तरह कंप्यूटर ऑपरेटर का बढ़ाएं वेतन

अमृत विचार, लखनऊ : उप्र नगर निगम कर्मचारी संघ ने सेवा प्रदाता के माध्यम से कार्यरत शिक्षकों का वेतन बढ़ाने की प्रशंसा कर कंप्यूटर ऑपरेटर का वेतन बढ़ाने की मांग रखी है। इस संबंध में शुक्रवार को अध्यक्ष राजेश सिंह ने महापौर सुषमा खर्कवाल और नगर आयुक्त इंद्रजीत सिंह को ज्ञापन दिया। कहा, कार्यकारिणी एवं सदन शिक्षकों की तरह नगर निगम कार्यालयों पर सेवाप्रदाता के माध्यम से तैनात कंप्यूटर ऑपरेटरों का वेतन बढ़ाए।

दो दिवसीय यूपी इन्क्युबेटर्स मीट की हुई शुरुआत

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय में दो दिवसीय यूपी इन्क्युबेटर्स मीट 2024 का उद्घाटन किया गया। कार्यक्रम में प्रदेश सरकार की ओर से मान्यता प्राप्त 63 इन्क्युबेशन सेंटर के इन्क्युबेटर्स ने हिस्सा लिया। इस मीट में पहले दिन इन्क्युबेशन सेंटर्स की वर्तमान स्थिति की जानकारी लेकर उनके समस्याओं के समाधान पर चर्चा की गयी। मुख्य अतिथि प्रमुख सचिव डिपार्टमेंट ऑफ आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स अनिल कुमार सागर रहे। कार्यक्रम में डीन इनोवेशन प्रो. बीएम मिश्रा, एसोसिएट डीन डॉ. अनुज कुमार शर्मा मौजूद रहे।

शिक्षक संघ का चिंतन शिविर 22 को

अमृत विचार, लखनऊ : माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट का प्रदेश स्तरीय चिंतन शिविर 22 जून को कैसरबाग स्थित गांधी भवन प्रेक्षागृह में आयोजित होगा। एक दिवसीय शिविर में पुरानी पेंशन बहाली और समान कार्य समान वेतन जैसे 13 बिंदुओं पर चर्चा की जाएगी। माध्यमिक शिक्षक संघ शर्मा गुट के प्रदेश अध्यक्ष सुरेश कुमार त्रिपाठी और महामंत्री नरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि शिविर में बीते वर्ष की उपलब्धियों और आगामी साल की कार्ययोजनाओं पर चर्चा की जाएगी। बताया कि विचार गोष्ठी में 13 प्रस्तावों पर विस्तार से चर्चा करके आगे की रणनीति बनाई जाएगी।

बीबीएयू में उन्नत ध्यान सत्र का आयोजन

अमृत विचार, लखनऊ : बाबा साहेब भीमराव आंबेडकर विश्वविद्यालय में योग महोत्सव के अंतर्गत उन्नत ध्यान सत्र कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के समापन सत्र में सभी योग साधकों को योग एवं आयुर्वेद के अनुसार जीवनचर्या विषय पर योगाभ्यास के साथ ध्यान का अभ्यास भी कराया गया। इस समापन सत्र में मुख्य अतिथि के रूप में आयुष विभाग के राजकीय आयुर्वेदिक चिकित्सालय, बंगला बाजार की प्रभारी चिकित्साधिकारी डॉ. अंशुमा गुप्ता मौजूद रहीं।

स्कूलों को यू-डायस पर बच्चों के साथ देना होगा फीस का ब्योरा

रविशंकर गुप्ता, लखनऊ

अमृत विचार : केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के तहत शुरू हुए यूनिफाइड डिस्ट्रिक्ट इनफॉरमेशन सिस्टम फॉर एजुकेशन प्लस (यू-डायस) पोर्टल पर सभी निजी स्कूलों को अब फीस का ब्योरा बताना होगा।

इसके साथ ही यू-डायस पर यूनिफॉर्म से लेकर पाठ्य पुस्तक के बारे जानकारी देनी होगी। आरटीई के तहत चयनित बच्चे का प्रवेश कब लिया और प्रवेश लेने के अगले साल की स्थिति क्या है। इस बारे में भी पोर्टल पर जानकारी देनी होगी। इस संबंध में जल्द ही केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय की ओर से नोटिफिकेशन जारी करने की तैयारी हो रही है।

बता दें कि अभी तक मान्यता प्राप्त निजी व सरकारी स्कूलों को प्रत्येक वर्ष यू डायस पोर्टल पर विद्यालय के पिछले वर्ष का परीक्षा परिणाम, छात्र संख्या, भौतिक सुविधाओं के रूप में शौचालय की स्थिति पेयजल बिजली बाउंड्रीवाल कक्षाओं की संख्या व स्थिति अपलोड करनी होती है। लेकिन अब निजी विद्यालयों को ये भी बताना होगा कि कितनी फीस अभिभावकों से ली गई है और किन मदों का अतिरिक्त शुल्क लिया जा रहा है।

यू-डायस पोर्टल पर सभी निजी और सरकारी विद्यालयों के लिए छात्रों का सही विवरण अपलोड करने के निर्देश दिए हैं। अभी मौजूदा समय में बच्चों की संख्या में मैनुअल और ऑनलाइन में अंतर दिख रहा है।

-कंचन वर्मा, शिक्षा महानिदेशक

निजी स्कूलों पर रहेगी निगरानी

यू-डायस पोर्टल पर पूरा विवरण अपलोड होने के बाद विद्यालय मनमानी नहीं कर सकेंगे। अभी तक निजी विद्यालय अपने-अपने हिसाब से सिलेबस में बदलाव व फीस में बढ़ोत्तरी करते हैं। लेकिन अब फीस बढ़ोत्तरी या फिर यूनिफॉर्म बदले जाने सहित सभी जानकारी पोर्टल पर ऑनलाइन रहेगी।

प्रवेश लेने में नहीं की जा सकेगी गडबड़ी

यू-डायस पोर्टल के आने के बाद सरकारी विद्यालयों के शिक्षकों के लिए भी आसानी हुई है। दरअसल कई बार ऐसे मामले आये है कि बच्चों को निशुल्क सुविधा मिल सके इसके लिए वह सरकारी विद्यालय में भी बच्चे को प्रवेश दिलाते थे लेकिन पढ़ने के लिए निजी विद्यालय में भेजते थे। अब ऐसा नहीं हो सकेगा। क्योंकि अब हर बच्चे का परमानेंट एजुकेशन नंबर (पेन) भी आवंटित किया जा रहा है। अब कोई भी बच्चा दो जगह प्रवेश नहीं ले सकता है।

बीफार्मा और डीफार्मा के लिए करें आवेदन

अमृत विचार, लखनऊ : डॉ. शकुंतला मिश्रा राष्ट्रीय पुनर्वास विश्वविद्यालय में भेषज विज्ञान संस्थान में बीफार्मा चार वर्ष एवं डिप्लोमा कार्यक्रम डीफॉर्मा दो वर्षीय चल रहा है। विवि के प्रवक्ता डॉ. यशवंत विरोदय का कहना है कि भेषज विज्ञान संस्थान को पीसीआई दिल्ली से मान्यता है। इसके प्रवेश को लेकर आवदेन कर सकते हैं। संपूर्ण विवरण विवि की वेबसाइट पर उपलब्ध है।

एआई की पहचान में अटकी 600 अभ्यर्थियों की परीक्षा

कॉमन नर्सिंग एंट्रेंस टेस्ट : सभी उंगलियों की छाप और वीडियोग्राफी कराने के बाद मिली राहत

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : अटल बिहारी वाजपेयी चिकित्सा विश्वविद्यालय की ओर से आयोजित कॉमन नर्सिंग एंट्रेंस टेस्ट में 600 अभ्यर्थियों की एआई से पहचान न होने पर शहर के सात परीक्षा केंद्रों में अफरातफरी मच गई। आनन-फानन में बायोमेट्रिक के साथ अभ्यर्थियों की सभी उंगलियों की छाप लेते हुए वीडियोग्राफी कराई गई। इसी के बाद अभ्यर्थी परीक्षा में सम्मिलित हो सके।

शहर के 40 केंद्रों में कॉमन नर्सिंग एंट्रेंस टेस्ट 2024 परीक्षा आयोजित हुई। परीक्षा कंट्रोलर आरबी सिंह ने बताया कि अभ्यर्थियों की पहचान में एआई की मदद ली गई। सात केंद्रों पर एक-एक कर 600 अभ्यर्थियों की प्रवेश पत्र और चेहरे में बदलाव पाया गया। जिस पर अभ्यर्थियों की सभी उंगलियों के निशान लिए गए। परीक्षा केंद्रों पर खड़ा कर वीडियोग्राफी और फोटो कराए गए, अन्य मूल पत्रों की जांच के बाद ही उन्हें परीक्षा में बैठने की अनुमति मिल सकी। बताया कि शहर में कुल 40 केंद्रों पर कुल 20 हजार 200 छात्र सम्मिलित हुए। अभ्यर्थियों की स्थिति 97 प्रतिशत रही।

नेशनल पीजी कॉलेज से बीएससी नर्सेस की परीक्षा देकर बाहर निकलती छात्राएं।

अमीनुद्दीन अंसारी

आस्था

पलक

इंशा खान

रतिका मिश्रा

हर्षिता यादव

40 केंद्रों पर 20 हजार से अधिक अभ्यर्थियों ने किया परीक्षा में प्रतिभाग

प्रदेश भर में 220 केंद्रों पर आयोजित हुई परीक्षा : बीएससी नर्सिंग और पोस्ट बेसिक बीएससी नर्सिंग परीक्षा 19 शहरों के 220 केंद्रों पर आयोजित हुई। परीक्षा कंट्रोलर ने बताया कि परीक्षा में कुल 1 लाख 85 हजार 866 अभ्यर्थियों ने प्रतिभाग किया। परीक्षा के लिए 25 कंट्रोल रूम स्थापित किए गए। पांच सदस्यीय समिति के साथ 40 क्वार्डिनेटर निगरानी करते रहे।

किसी को फिजिक्स तो किसी को भायी अंग्रेजी

नेशनल पीजी कॉलेज में परीक्षा देकर निकली इंशा खान ने बताया कि सभी विषयों के पेपर सिलेबस से जुड़े थे, ऐसे में उन्हें हल करने में कोई परेशानी नहीं हुई। अमीनुद्दीन अंसारी का कहना था कि निगेटिव मार्किंग न होने के कारण प्रश्नों को हल करने में मानसिक दबाव नहीं था। रतिका मिश्रा ने कहा कि भौतिक विज्ञान के प्रश्नों को हल करने में थोड़ा समय लगा, क्योंकि वे उलझाव वाले थे। आस्था का मानना है कि अंग्रेजी के प्रश्न थोड़े कठिन थे, लेकिन निश्चित समय में हल कर लिये गए। अंशिका बताती हैं कि बायोमैट्रिक कराने के दौरान धूप में खड़े रहने से बहुत परेशान हो गए। पलक ने बताया कि एंट्रेस परीक्षा में लंबी लाइन के स्थान पर कोई दूसरी व्यवस्था करनी चाहिए थी।

शिक्षकों को बढ़ानी होगी नामांकन की संख्या

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बेसिक शिक्षा परिषद की ओर से संचालित कक्षा 1 से 8 तक सरकारी विद्यालयों में चल रहे ग्रीष्मावकाश भले ही बढ़ा दिया गया है। लेकिन विद्यालयों में बच्चों की घटती नामांकन संख्या पर शिक्षकों को विशेष ध्यान देना होगा।

इस संबंध में बेसिक शिक्षा निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने आदेश जारी किया है। निदेशक ने कहा कि 25 से 30 जून तक शिक्षक स्कूल चलो अभियान के अन्तर्गत विद्यालयों में नामांकन बढ़ाये जाने का कार्य करेंगे। इसके साथ ही हर बच्चे का डाटा यू डायस पर भी अपलोड करेंगे।

निदेशक ने कहा कि भीषण गर्मी को देखते हुए विद्यालय खुलने का समय बढ़ाया गया है। ऐसे में 24 जून तक विद्यालय बंद रहेंगे और 25 जून से विद्यालय खुलेंगे लेकिन इस दौरान शिक्षक विद्यालय जाएंगे और वहां की व्यवस्था को दुरुस्त कराएंगे। इसके बाद 28 जून से बच्चों को बुलाया जाएगा। बच्चों के लिए प्रातः 7.30 बजे से 10.00 बजे तक समय निर्धारित किया गया है।

डेढ़ बजे तक रुकेंगे शिक्षक : निदेशक प्रताप सिंह बघेल ने बताया कि 25 जून से शिक्षक, शिक्षिका, शिक्षामित्र, अनुदेशक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी प्रातः 7.30 बजे से अपरान्ह 1.30 बजे तक विद्यालय में उपस्थित रहकर पढ़ाने के साथ अन्य प्रशासकीय दायित्वों का निर्वहन करेंगे।

50 से कम नामांकन वाले स्कूल के शिक्षकों पर हो सकती है कार्रवाई

अमृत विचार : परिषदीय स्कूलों में यू-डायस पोर्टल अपडेट को लेकर लापरवाही पर महानिदेशक स्कूल शिक्षा की तरफ से कड़ा रुख अपनाया गया है। प्रदेश के सभी बेसिक शिक्षा अधिकारियों को पत्र लिखकर 50 से कम नामांकन वाले सभी स्कूलों के लिए स्पष्टीकरण मांगा गया है। 20 जून तक हर साल में ईमेल या व्हाट्सएप के जरिए जवाब देने को कहा गया है। इस संबंध में शुक्रवार को कार्रवाई के संकेत दिए गए हैं।

पॉलीटेक्निक परीक्षा : दूसरे दिन 75 .64% परीक्षार्थी हुए शामिल

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पॉलीटेक्निक संस्थानों में दाखिले के लिए प्रवेश परीक्षा का आयोजन चल रहा है। परीक्षा में दूसरे दिन शुक्रवार को 75.64% परीक्षार्थी शामिल हुए और 24.36% परीक्षार्थी अनुपस्थित रहे।

परीक्षा का आयोजन 207 केन्द्रों पर चल रहा है। इससे पहले शुक्रवार को 26.94% परीक्षार्थियों ने परीक्षा छोड़ दी थी।

शनिवार को परीक्षा में कुल 87,270 परीक्षार्थी शामिल होने थे इसमें 66,013 परीक्षार्थियों ने परीक्षा दी है। अधिकारियों ने बताया कि परीक्षा में दूसरे दिन भी किसी भी प्रकार की गड़बड़ी शिकायत नहीं आई।

207 केंद्रों पर आयोजित हुई प्रवेश परीक्षा

सभी परीक्षार्थी शामिल हुए तो सीटें भरना होगा आसान

अमृत विचार : संयुक्त प्रवेश परीक्षा परिषद की ओर से पॉलीटेक्निक प्रवेश परीक्षा जारी है। 20 जून तक चलने वाली इस परीक्षा में इस बार शामिल होने वाले परीक्षार्थियों की संख्या पिछले साल की अपेक्षा अधिक है। ऐसे में सभी परीक्षार्थी यदि परीक्षा देकर सफलता पाते हैं तो निजी कॉलेजों में हर साल खाली रह जाने वाली सीटें भरने में आसानी रहेगी। सत्र 2023-24 में पॉलीटेक्निक संस्थानों में प्रवेश के लिए 3.78 लाख अभ्यर्थियों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। लेकिन इस बार छात्रों की संख्या काफी अधिक है। इस बार 4.72 लाख परीक्षार्थियों ने पंजीकरण कराया है। जो कि पिछले से 94 हजार छात्र ज्यादा है। बता दें कि यूपी पॉलीटेक्निक में इस समय कुल 77 पाठ्यक्रम संचालित हैं और कुल 2.28 लाख सीटें हैं। इनमें इंजीनियरिंग, फार्मा, होटल मैनेजमेंट एवं अन्य कोर्सेज शामिल हैं।

ड्रोन की हर क्षेत्र में है उपयोगिता : प्रो. जेपी

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : डॉ. एपीजे अब्दुल कलाम प्राविधिक विश्वविद्यालय के सेंटर फॉर एंडवास स्टडीज की ओर से एन्सिस सॉफ्टवेयर व एआरके इंफो सॉल्यूशन के सहयोग से शुक्रवार को ड्रोन तकनीकी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन किया गया। कार्यशाला की अध्यक्षता विवि के कुलपति ने की।

ड्रोन तकनीकी पर एक दिवसीय कार्यशाला का आयोजन

कुलपति प्रो. जेपी पाण्डेय ने कहा कि ड्रोन तेजी से बढ़ती और उभरती तकनीकी है। इसका प्रयोग हर क्षेत्र में किया जा रहा है। यह सुरक्षा से लेकर स्वास्थ्य और कृषि से लेकर सामान पहुंचाने में मददगार साबित हो रहा है। बतौर विशेषज्ञ आईआईटी कानपुर के डॉ. अभिषेक ने ड्रोन डिजाइन, मैन्युफैक्चरिंग, सिमुलेटिंग आदि पर विस्तार से बताया।

तकनीकी सत्र में एआरके इंफो सॉल्यूशन के डॉ. तुषार शर्मा, बलराम राव, रोहित सांगवान, अजय शेखर रेड्डी, शुभेंद्र मिश्रा एन्सिस के अभिमन्यु सिंह ने ड्रोन तकनीकी के विभिन्न एप्लिकेशन की जानकारी दी। इस अवसर पर कार्यक्रम समन्वयक एवं डीन इनोवेशन डॉ. अनुज कुमार शर्मा, अनुराग चौबे, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

अंशिका और आयुषी ने जीता स्वर्ण

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : भारत के ग्रामीण अंचलों में आज भी चौपालों पर लोग पंजा लड़ाते हुए मिल जाएंगे। इस ग्रामीण खेल का नजारा शुक्रवार को 15वीं उत्तर प्रदेश राज्य पंजा कुश्ती चैंपियनशिप में देखने को मिला। पहले दिन कई वर्गो के मुकाबले खेले गए। जिसमें सब जूनियर बालिका 40 किग्रा में मुरादाबाद की अंशिका ने मुरादाबाद की ही परिणीता को हराकर स्वर्ण पदक जीता। वहीं सब जूनियर बालिका 60 किग्रा के फाइनल में संभल की आयुषी सागर ने मुरादाबाद की ओजस्वी को हराकर सफलता हासिल की।

चौक स्थित जवाहर लाल नेहरु राष्ट्रीय युवा केंद्र में उत्तर प्रदेश पंजा कुश्ती एसोसिएशन और उत्तर प्रदेश नॉन ओलंपिक एसोसिएशन की ओर से संयुक्त रूप से आयोजित तीन दिवसीय चैंपियनशिप का उद्घाटन मुख्य अतिथि लखनऊ रेंज के पुलिस महानिरीक्षक तरुण गाबा ने खिलाड़ियों के मार्च पास्ट और पंजा लड़ाकर किया। मुख्य अतिथि ने खिलाड़ियों से कहा कि खेल में सिर्फ अभ्यास ही काम नही आता है, उसके साथ तकनीक की जानकारी होना भी जरुरी है। जिससे प्रतिद्वंद्वी खिलाड़ी पर दबाव बनाने में भी अहम भूमिका होती है।

इस अवसर पर जिला पंजा कुश्ती एसोसिएशन लखनऊ के सचिव मुकेश बहादुर और अनिल कुमार अध्यक्ष सहित अन्य मौजूद रहें।

राज्य पंजा कुश्ती चैंपियनशिप के दौरान पंजा लड़ातीं खिलाड़ी। अमृत विचार

राज्य पंजा कुश्ती चैंपियनशिप की हुई शुरुआत

पहले दिन के परिणाम

सब जूनियर बालिका 40 किग्रा
स्वर्ण : अंशिका गोस्वामी मुरादाबाद, **रजत :** परिणीता दीक्षित मुरादाबाद
सब जूनियर बालिका 60 किग्रा
स्वर्ण : आयुषी सागर संभल, **रजत :** ओजस्वी राणा मुरादाबाद, **कांस्य :** वंशिका मुरादाबाद

आदित्य और शिवांश ने गुरुकुल क्रिकेट अकादमी को दिलाई जीत

अमृत विचार, लखनऊ : आदित्य सिंह (4 विकेट) की बेहतरीन गेंदबाजी के बाद शिवांश सिंह (44 नाबाद) की उपयोगी पारी के चलते गुरुकुल क्रिकेट अकादमी ने अभ्युदय यूथ प्रांतीय क्रिकेट प्रतियोगिता में शुक्रवार को हुए मैच में काल्विन क्रिकेट अकादमी को 8 विकेट से हराकर पूरे अंक प्राप्त किए।

सीएसएस क्रिकेट अकादमी के मैदान पर काल्विन क्रिकेट अकादमी की टीम ने पहले बल्लेबाजी करते हुए 31.4 ओवर में 112 रन ही बना सकी। जवाब में गुरुकुल क्रिकेट अकादमी ने 12.4 ओवर में मात्र 2 विकेट के नुकसान पर 115 रन बनाकर मैच जीत लिया। आतिफ हुसैन नियाजी 30 और उत्कर्ष वर्मा 19 ने पारी की शुरुआत की। उसके बाद शिवांश सिंह ने 26 गेंदों पर 7 चौके से नाबाद 44 रन की पारी खेल टीम को जीत दिलाई। मैन ऑफ द मैच गुरुकुल के आदित्य सिंह चुने गए।

सहजता के साथ मजबूत संदेश देती हैं लघु फिल्में : बहुगुणा

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : पिछले दो दशकों में फिल्म उद्योग में काफी बदलाव आया है। मैं इस बात से प्रभावित हूं कि कैसे लघु फिल्में सहजता से नाजुक सामाजिक मुद्दों का पता लगाती हैं और एक मजबूत संदेश देती हैं। ये बातें प्रो. रीता बहुगुणा जोशी ने लखनऊ शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल के उद्घाटन के दौरान कहीं।

संगीत नाटक अकादमी के संत गाडगे प्रेक्षागृह में शुक्रवार को दो दिवसीय लखनऊ शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल की शुरुआत हुई। लखनऊ फिल्म फोरम और एमरन फाउंडेशन के संयुक्त तत्वावधान में रेणुका टंडन के मार्गदर्शन में यह फेस्टिवल शुरू हुआ।

एफटीआईआई, पुणे के डीन धीरज मेश्राम ने यहां सिनेमा के महत्व पर बात की। उन्होंने कहा कि लघु फिल्में मजबूत संदेश देने का बड़ा माध्यम हैं। लखनऊ शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल जैसे आयोजन इस कला रूप को बढ़ावा देने में महत्वपूर्ण काम कर रहे हैं, क्योंकि यहां न केवल लघु फिल्में दिखाई जाती हैं बल्कि पूरे भारत से फिल्म उद्योग के विशेषज्ञ भी आते हैं।

लखनऊ के युवा फिल्म निर्माताओं को प्रोत्साहित करते हुए रेणुका टंडन ने कहा कि यहां मौजूद सभी युवा फिल्म निर्माताओं के लिए आप कई महान दिमागों से घिरे हुए हैं। जिन्होंने उत्कृष्ट सिनेमा बनाया है। मैं आप सभी को अपने ज्ञान को गहरा करने, अपने दृष्टिकोण का विस्तार करने और अपने कौशल को बढ़ाने के लिए इस अवसर को स्वीकार करने के लिए प्रोत्साहित करती हूं। इन सत्रों में उत्साह और समर्पण के साथ भाग लें। इसे अपने व्यक्तिगत और व्यवसायिक विकास के लिए उत्प्रेरक बनने दें।

इस मौके पर जूरी सदस्यों को प्रसार भारती इंडिया के अध्यक्ष नवनीत सहगल ने सम्मानित किया। ज्योति कपूर दास द्वारा निर्देशित लघु फिल्म गुड मॉर्निंग और रत्ना सिन्हा द्वारा निर्देशित अक्षय ओबेरॉय अभिनीत इश्क हो गया की विशेष निजी स्क्रीनिंग इस कार्यक्रम के मुख्य आकर्षणों में से एक थी। इसके साथ ही अमरेन फाउंडेशन की ओर से आस्मा हुसैन फैशन भी आयोजित किया गया, जिसमें कई युवतियों ने प्रतिभाग किया।

निर्देशक रत्ना सिन्हा ने पटकथा लेखन पर अपने अमूल्य सुझाव साझा किए। ज्योति कपूर दास ने निर्देशन की जटिलताओं को उजागर किया और दर्शकों को अपनी विशेषज्ञता से समृद्ध किया। दो दिवसीय महोत्सव की पहली फिल्म चंपारण मटन थी। जिसका निर्देशन रवि रौशन कुमार और रंजन कुमार ने किया।

इस अवसर पर अंबरीश टंडन, अनुष्का डालमिया, कनिका मेहरोत्रा, रिया तिवारी, अमन आर्य, तुषार, वरुण, अभिव्यक्ति, साहिबा, गार्गी और उषा विश्कर्मा तथा रेड ब्रिगेड की टीम मौजूद रही।

लखनऊ शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल में आयोजित फैशन शो में प्रतिभाग करने वाली युवतियां। अमृत विचार

शुरू हुआ दो दिवसीय लखनऊ शॉर्ट फिल्म फेस्टिवल

दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम की शुरुआत करतीं पूर्व सांसद रीता बहुगुणा जोशी व अन्य।

लखनऊ थंडर व गोल्डन ईगल्स ने दर्ज की जीत

अमृत विचार, लखनऊ : किरण फाउंडेशन के तत्वाधान में एसएएस हुंडई अर्जुन अंडर-12 क्रिकेट लीग प्रतियोगिता में शुक्रवार को लखनऊ थंडर और गोल्डन ईगल्स ने धमाकेदार जीत दर्ज की। पहले मुकाबले में लखनऊ थंडर पर्पल सीज को 9 विकेट से हराया। वहीं, ऑर्गोनेस्ट लाइफ टाइम को गोल्डन ईगल्स ने 6 विकेट से हराया दिया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए पर्पल सीज ने 30 ओवर में तीन विकेट के गवांकर 172 रन बनाएं। लखनऊ थंडर की टीम ने एक विकेट के नुकसान पर 173 रन बनाकर मैच अपने नाम कर लिया। विशाल ने शानदार 77 रनों की पारी खेली। मैच का मैन ऑफ द मैच विशाल सिंह को दिया गया। दूसरे मैच में ऑर्गोनेस्ट लाइफ टाइम को गोल्डन ईगल्स ने 6 विकेट से हराया। टॉस जीतकर पहले बल्लेबाजी करते हुए ऑर्गोनेस्ट लाइफ टाइम की टीम ने 30 ओवर में सात विकेट खोकर 175 बनाएं। गोल्डन ने चार विकेट खोकर मैच जीत लिया। टीम की जीत में अंश ने 37, दिव्यांशु 34 और आदित्य ने 24 रनों का योगदान दिया। मैन ऑफ द मैच अवनीश को मिला। मुख्य अतिथि रोहित भदौरिया और रीना शुक्ला रहीं।

एक नजर

गैंगस्टर में फरार 10-10 हजार के दो ईनामी गिरफ्तार

अमृत विचार, लखनऊ : डीसीपी उत्तरी की क्राइम टीम और मड़ियांव पुलिस ने गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहे दो इनामी आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। इंस्पेक्टर शिवानंद मिश्र के मुताबिक, 17 अप्रैल को शिवेन्द्र सिंह चौहान निवासी जानकी बिहार कॉलोनी, थाना जानकीपुरम मूल निवासी, जनपद उन्नाव, सुधीर सिंह चौहान निवासी मोहल्ला बंधु बिहार सिविल लाइन, जनपद उन्नाव और हेमन्त सिंह निवासी ग्राम नगरी, थाना अखण्ड नगर, जनपद सुल्तानपुर के खिलाफ गैंगस्टर एक्ट में मामला दर्ज किया गया था। सुधीर और हेमंत फरार चल रहे थे। दोनों पर 10-10 हजार रुपये का ईनाम घोषित था।

दो आरोपी गिरफ्तार, चोरी का सामान बरामद

अमृत विचार, लखनऊ : आशियाना पुलिस ने शुक्रवार को चोरी का सामान बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया। प्रभारी निरीक्षक छत्रपाल सिंह के मुताबिक, मुखबिर की सूचना पर जोनल पार्क के पीछे पुलिस ने दो संदिग्धों को गिरफ्तार किया। पूछताछ में आरोपियों की पहचान अमन गुप्ता निवासी एसएस-489 सेक्टर एच एलडीए कालोनी कानपुर रोड, थाना आशियाना और सूरज उर्फ सद्दाम निवासी न्यू गडौरा शहीद पथ, थाना सरोजनीनगर के रूप में हुई। इसके साथ ही घटना में शामिल तीसरे आरोपी सलीम मुख्तार के नाम का भी खुलासा किया। बताया आरोपियों को कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया गया।

चालक ने की अभद्रता, गुस्से में युवती ने अपने कपड़े फाड़े

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई के तेलीबाग चौराहे पर शुक्रवार देर रात ई-रिक्शा चालक ने युवती से अभद्रता की। विरोध करने पर आरोपी भाग निकला। इस पर युवती ने बाइक सवार युवक की मदद से पीछा कर आरोपित को पकड़ लिया। गुस्से में युवती ने चौकी के सामने अपने कपड़े फाड़ दिए। पीजीआइ पुलिस तहरीर लेकर मुकदमा दर्ज कर कार्रवाई कर रही है। पीड़िता ने बताया कि बताया कि देर शाम घर ई-रिक्शा से घर लौट रही थी। तेलीबाग चौराहे पर ई-रिक्शा से उतरी तो चालक अभद्रता करने लगा। काभी देर तक विवाद के बाद ई-रिक्शा चालक ने युवती को धक्का देकर गिरा दिया और मौके से फरार हो गया।

व्यापारी को चौकी में बंद कर पीटा वसूले 50 हजार, सिपाही निलंबित

ऑडियो वायरल होने के बाद हुई कार्रवाई, अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच शुरू

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ट्रांसपोर्टनगर पुलिस चौकी की घटना, डीसीपी ने दिए कार्रवाई के निर्देश

अमृत विचार : सरोजनीनगर थाने की ट्रांसपोर्टनगर पुलिस चौकी में मौरंग व्यापारी ओमजी तिवारी को बंधक बनाकर पीटा गया। उनको जेल भेजने की धमकी दी गई। इसके बाद छोड़ने के लिए 50 हजार रुपये की वसूली की गई। मामला तूल पकड़ने लगा तो चौकी के पुलिसकर्मी व्यापारी से फोन पर मान मनौव्वल करने लगे। पुलिसकर्मियों की बातचीत देर शाम को सोशल मीडिया पर वायरल हो गई। वहीं, व्यापारी ने पुलिसकर्मियों पर कार्रवाई की मांग करते हुए मुख्यमंत्री को पत्र भेज दिया। जानकारी होते ही आनन-फानन डीसीपी ने चौकी पर तैनात सिपाही को निलंबित कर दिया।

शुक्रवार देर शाम को सोशल मीडिया पर पुलिस और मौरंग व्यापारी ओमजी तिवारी के बातचीत का ऑडियो वायरल हुआ। जानकारी होते ही डीसीपी दक्षिणी तेज प्रताप सिंह ने इंस्पेक्टर सरोजनीनगर से रिपोर्ट मांगी। इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी ने सिपाही शिवानंद को इस मामले में संलिप्त पाया। उनकी रिपोर्ट के आधार पर देर रात को शिवानंद को निलंबित कर दिया। वहीं, अन्य पुलिस कर्मियों की भूमिका की जांच एसीपी कृष्णानगर विनय द्विवेदी को सौंपी।

पारा के प्रगति विहार निवासी ओमजी तिवारी मौरंग के व्यापारी हैं। ओमजी के मुताबिक गुरुवार तड़के 5 बजे वह मंडी पहुंचे। मंडी में नौ नंबर पार्किंग के पास मौरंग वाले ट्रक के पास खड़े थे। इस बीच दारोगा अनुज, सिपाही शिवानंद और तीन अन्य सिपाही पहुंचे। गाली-गलौज करते हुए पकड़ा और चौकी लेकर चले गए। चौकी में जमीन पर बैठाया। लात-घूसों से जमकर पीटा।

ओमजी के मुताबिक पुलिसकर्मियों ने उनकी पिटाई करते समय कहा कि धंधा करना है तो एक लाख रुपये दो। नहीं तो गांजा और स्मैक की तस्करी में जेल भेज दूंगा। रुपये की मांग करते समय लगातार उनको धमकी दी गई और मारापीटा गया। अंत में 50 हजार रुपये देने देने के बाद छोड़ा गया।

ऑडियो वायरल होते ही हरकत में आए अधिकारी

चौकी से छूटने के बाद ओमजी ने मुख्यमंत्री से इस मामले में शिकायत करते हुए कार्रवाई की मांग की। इसकी जानकारी होते ही पुलिसकर्मियों ने फोन कर धमकी देनी शुरू कर दी। इस धमकी का ऑडियो सोशल मीडिया पर वायरल हो गया। इस बातचीत के दौरान एक मौर्या का नाम सामने आया जो ओमजी द्वारा पुलिसकर्मियों को दिए गए रुपये वापस कराने की बात कही। हालांकि इस बातचीत में ओमजी ने कहा कि उन्होंने किसी से रुपये पुलिसकर्मियों को देने की बात नहीं बताई है। ऑडियो वायरल होने के बाद पुलिस उपायुक्त दक्षिणी तेज प्रताप सिंह ने संज्ञान लिया। इंस्पेक्टर सरोजनीनगर शैलेंद्र गिरी को प्राथमिक जांच सौंपी। इंस्पेक्टर की रिपोर्ट के आधार पर सिपाही शिवानंद को निलंबित कर दिया गया है। जबकि अन्य पुलिसकर्मियों के खिलाफ जांच एसीपी कृष्णानगर विनय द्विवेदी कर रहे हैं।

पत्नी से विवाद के बाद बढ़ई नहर में कूदा, मौत

संवाददाता, लखनऊ/आलमबाग

- पुलिस ने गोताखोरों की मदद से निकाल पहुंचाया था अस्पताल
- आलमबाग क्षेत्र स्थित नहर के पास की घटना

अमृत विचार: आलमबाग कोतवाली क्षेत्र में पत्नी से विवाद के बाद क्षुब्ध युवक ने शराब के नशे में नहर में छलांग लगा दी। पुलिस ने गोताखोरों की मदद से उसे निकलवा कर अस्पताल भेजा। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। युवक बढ़ई गिरी का काम करता था। तीन माह पहले ही शादी हुई थी।

इंस्पेक्टर पीके सिंह के मुताबिक क्षेत्र के सीपेट नादरगंज निवासी अंकित सक्सेना (24) पुत्र प्रदीप सक्सेना ने शुक्रवार सुबह करीब 7 बजे बाराबिरवा चौराहा वीआईपी रोड के पास से निकली नहर में छलांग लगा दी। उसे नदी में कूदता देख आसपास के लोगों में हड़कंप मच गया। प्रत्यक्षदर्शियों की सूचना पर आनन-फानन पुलिस गोताखोरों के साथ मौके पर पहुंची। गोताखोरों ने मशक्कत से अंकित को खोजकर निकाला। एंबुलेंस से उसे लोकबंधु अस्पताल भेजा गया। जहां पर डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। पूछताछ में परिजन ने बताया, तीन माह पहले ही उसकी शादी हुई थी। किसी बात पर पत्नी लाडो से हुए विवाद से क्षुब्ध होकर घर से निकला था। इसके बाद शराब पी। नशे में धुत होने के बाद वह नहर में कूदा था। परिजन ने आरोप से इंकार किया है। इंस्पेक्टर ने बताया पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। बताया अंकित बढ़ई का काम करता था।

टप्पेबाज महिलाओं ने स्वास्थ्य कर्मी की पत्नी से चेन की पार

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई क्षेत्र में अस्पताल से इलाज कराकर लौट रही स्वास्थ्य कर्मी की पत्नी से टप्पेबाजों ने चेन पार कर दी। पीड़िता ने पुलिस पर सुनवाई नहीं करने का आरोप लगाया है। कहना है कि पांच दिन से थाने के चक्कर लगा रही है, लेकिन रिपोर्ट दर्ज नहीं की गई। तेलीबाग निवासी राजकुमार यादव पीजीआई के सीवीटीएस डिपार्टमेंट में तैनात हैं। राजकुमार के मुताबिक पिछले सोमवार को उनकी पत्नी वंदना इलाज कराने पीजीआई आईं थी। साढ़े तीन बजे पत्नी घर जाने के लिए अस्पताल के पास ऑटो में सवार हुई थी। ऑटो में दूसरी सवारी नहीं थी। रास्ते में और चार महिलाएं ऑटो में सवार हुईं। महिलाएं वंदना से धक्का-मुक्की करने लगीं और कुछ देर बाद में ऑटो से उतर गईं। राजकुमार का आरोप है कि अस्पताल से दो सौ मीटर दूर ऑटो चालक उनकी पत्नी को जबरन उतार कर भाग निकला।

फंदे से लटका मिला सपा नेत्री का भाई

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- ऐरा मेडिकल कालेज से रेडियोलॉजी तृतीय वर्ष की पढ़ाई कर रहा था
- दो दिन पहले बहन गई थी ललितपुर स्थित अपने घर, दोपहर में खाने के लिए हुई थी बातचीत

अमृत विचार : आलमबाग के आदर्श नगर में किराए पर रहने वाले रिषभ यादव (20) का शव गुरुवार देर रात फंदे पर लटका मिला। रिषभ महिला सपा नेत्री पूजा यादव के भाई थे। सूचना पर पहुंचे आलमबाग इंस्पेक्टर एसएस महादेवन ने बताया कि मामले की जांच की जा रही है। अभी आत्महत्या करने का कारण पता नहीं चला है।

मूलतः ललितपुर के खंडी की रहने वाली पूजा यादव समाजवादी पार्टी की नेत्री हैं। वह लखनऊ में आलमबाग के आदर्शनगर इलाके में अजय अरोड़ा के मकान में किराए पर अपने भाई रिषभ यादव के साथ रहती हैं। रिषभ ऐरा मेडिकल कॉलेज से बैचलर ऑफ रेडियोलॉजी एंड इमेजिंग टेक्नोलॉजी की पढाई करता था। पूजा ने बताया कि दो दिन पहले मां से मिलने के लिए ललितपुर स्थित घर गई थी। शुक्रवार को रिषभ को कई बार फोन किया, लेकिन कोई जवाब नहीं मिला। इस पर पड़ोस में रहने वाली भाभी को भेजा तो उन्होंने खिड़की से झांक कर देखा तो रिषभ का शव फंदे से लटका मिला। पूजा की सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा और जांच शुरू कर दी। इंस्पेक्टर ने बताया कि कमरे की तलाशी ली गई पर, कोई सुसाइड नोट नहीं मिला है। रिषभ का मोबाइल कब्जे ले लिया गया है। उसे जांच के लिए भेजा गया है। परिवार में रिषभ के अलावा दो बहन और मां हैं।

गुरुवार दोपहर में हुई थी बात

पूजा ने बताया कि वह गांव भले ही गई थी। पर उनको छोटे भाई की चिंता रहती थी। उसने गुरुवार दोपहर को रिषभ को कॉल किया था। उससे खाने के बारे में बातचीत की थी। रिषभ ने बताया कि उसने खाना खाल लिया है। उसकी बातचीत से ऐसा कुछ नहीं लग रहा था कि वह इस तरह का आत्मघाती कदम उठा सकता है। पूजा ने बताया कि रिषभ को न तो कॉलेज से न तो घर से कोई दबाव था। ऐसे में यह कदम क्यों उठाया, किसी को जानकारी नहीं हैं। पुलिस से जांच की मांग की है।

शार्ट सर्किट से ट्रैक्टर जला, जंगल में लगी आग

अमृत विचार, लखनऊ: गोसाईगंज क्षेत्र में गुरुवार देर रात इंटरलॉकिंग फैक्ट्री में खड़े ट्रैक्टर में शार्ट सर्किट से आग लग गई। शुक्रवार सुबह फैक्ट्री पहुंचे मालिक ने घटना की जानकारी पुलिस को दी। बाराबंकी के लोनीकटरा निवासी आशीष जायसवाल का गोसाईगंज के लखपेड़ा गांव में फैक्टरी है। आशीष के मुताबिक वह बाराबंकी के असंद्रा निवासी रिश्तेदार अरुण का ट्रैक्टर मांग कर फैक्टरी में लाए थे। गंगागंज चौकी इंचार्ज चंद्रशेखर के मुताबिक, मामले की जांच की जा रही है। उधर, पीजीआई के जंगल में दोपहर में आग लग गई। सूचना पर पहुंचे दमकल कर्मियों ने मशक्कत से आग पर काबू पाया। एफएसओ मॉम चंद्र बडगूजर ने बताया कि पांच गाड़ियां आग बुझाने के कार्य में लगी हैं।

पति को कॉल कर पत्नी बोली- जान देने जा रही हूं और लगा लिया फंदा

लखनऊ/ सरोजनीनगर

- घर पहुंचा पति फंदे उतार ले गया अस्पताल, तब तक हो चुकी थी मौत
- सरोजनीनगर थाना क्षेत्र के हिंदूखेड़ा का मामला, जांच में जुटी पुलिस

अमृत विचार: सरोजनीनगर क्षेत्र में काम पर निकले राजगीर पति के मोबाइल पर फोन कर पत्नी ने फंदा लगाकर जान देने की बात बोलकर कॉल डिस्कनेक्ट कर दी। पति घर पहुंचा तो पत्नी फंदे पर लटकी मिली। मृतका के भाई ने बहनोई की प्रताड़ना से तंग आकर बहन के जान देने की बात कही है। पुलिस ने प्रार्थना-पत्र मिलने पर जांच के आधार पर आगे की कार्रवाई की बात कही है।

पुलिस के मुताबिक, हिंदू खेड़ा निवासी रामचंद्र धीमान राजगीर हैं। शुक्रवार सुबह वह काम पर चले गये थे। घर पर पत्नी सुरेखा (35) और बच्चे थे। दोपहर करीब 1 बजे पत्नी ने उसे फोन करके बताया कि वह फंदा लगाने जा रही है। उसे रोकने व कारण पूछने का प्रयास किया तो कॉल डिस्कनेक्ट कर दी। रामचंद्र आनन-फानन पड़ोसियों को मामला बता कर घर की ओर रवाना हुआ। जब वह घर पहुंचा तो पत्नी पंखे से दुपट्टे के फंदे से लटकी मिली। जबकि तीनों बेटियां घर के बाहर खेल रहीं थी। पड़ोसियों की मदद से पत्नी को फंदे से उतार कर लोक बंधु अस्पताल ले गया। जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना पर पहुंची पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया। घटना की जानकारी पर मायके वाले पहुंचे। भाई संदीप ने बहनोई रामंचद्र पर रुपयों को लेकर सुरेखा से मारपीट करने का आरोप लगाया है। उसका कहना है कि प्रताड़ना से तंग होकर बहन ने जान दी। इंस्पेक्टर शैलेंद्र गिरी का कहना है कि मायके वालों ने अभी इस संबंध में कोई प्रार्थना-पत्र नहीं दिया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर आगे की कार्रवाई की जायेगी। सुरेखा के परिवार में तीन बेटियां मुस्कान (13), अर्पिता (11) व प्रीति (10) हैं। तीनों का रो-रोकर बुरा हाल हो रहा था।

पशु चिकित्सालय में बंदर का इलाज करते पशु चिकित्सा कर्मी। अमृत विचार

कुत्तों के झुंड ने बंदर को नोचा

अमृत विचार, मलिहाबाद: मलिहाबाद क्षेत्र में कुत्तों के झुंड ने बंदर को नोच कर मरणासन्न कर दिया। राहगीरों ने कुत्तों को भगाकर बंदर का इलाज कराया है। बताया जा रहा है कि मिर्ज़ागंज मुख्य चौराहे पर करीब आधा दर्जन कुत्तों ने एक बंदर पर हमला कर नोंचना शुरू कर दिया। चौराहे पर मौजूद लोगों ने लाठी डंडों से कुत्तों को भगाकर बंदर की जान बचाई। लेकिन जब तक बंदर को ग्रामीण बचाते वह मरणासन्न हालत में पहुंच गया था। ग्रामीण जानवरों के अस्पताल पहुंचा कर बंदर का इलाज कराया।

ट्रक की टक्कर से पल्लेदार की मौत

अमृत विचार, लखनऊ : बाजारखाला क्षेत्र में सड़क पार कर रहे पल्लेदार की ट्रक की टक्कर से मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, ऐशबाग में बाराबंकी सुबेहा निवासी पल्लेदार अजय कुमार मिश्रा (30) शुक्रवार को सड़क पार करते समय ट्रक की चपेट में आ गये। अजय को दोस्त ने इलाज के लिए बलरामपुर अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टरों ने मृत घोषित कर दिया। इंस्पेक्टर बाजारखाला संतोष आर्य ने बताया कि फुटेज की मदद से आरोपी ट्रक चालक की पहचान का प्रयास किया जा रहा है। शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

डिजिटल अरेस्ट कर खाते से उड़ाए पांच लाख

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल होने का आरोप लगा साइबर जालसाजों ने की ठगी

अमृत विचार : मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल होने का आरोप लगाकर साइबर जालसाजों ने वीर बहादुर सिंह को डिजिटल अरेस्ट कर लिया। इसके बाद उनसे पांच लाख रुपये अपने खाते में ट्रांसफर करा लिया। रकम खाते में आने के बाद जालसाज ने मोबाइल भी बंद कर दिया। पीड़ित ने पीजीआई थाने में प्रार्थना पत्र दिया। जिसके आधार पर पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

पीजीआई के एल्डिको सौभाग्यम निवासी वीर बहादुर सिंह के पास बुधवार को अनजान नम्बर से कॉल आई। फोन फेडेक्स कोरियर कंपनी के कर्मचारी ने किया था। बताया कि वीर बहादुर सिंह के आधार कार्ड का प्रयोग कर एक पार्सल मुम्बई से ईरान भेजा गया है। जिसमें मादक पदार्थ होने का पता चला है। इसलिए वीर बहादुर को साइबर क्राइम अधिकारी से बात करनी पड़ेगी। कोरियर कंपनी के कर्मचारी ने एक मोबाइल नम्बर देते हुए बात करने के लिए कहा। वीर बहादुर के कॉल करने पर साइबर क्राइम अधिकारी से हुई। जिसने वीर बहादुर को डिजिटल अरेस्ट करते हुए मनी लॉन्ड्रिंग में शामिल होने का आरोप लगाते हुए खाते में जमा रुपयों की जांच करने की बात कही। इसी तरह से ठगों ने अपने खाते में वीर बहादुर से रुपये ट्रांसफर कराए। पीड़ित के मुताबिक रुपये भेजने के बाद आरोपी के मोबाइल स्विच ऑफ हो गए। संदेह होने पर उन्होंने परिचितों से बातचीत की। इसके बाद पीजीआई थाने में प्रार्थना पत्र दिया। प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश तिवारी के मुताबिक एफआईआर दर्ज कर जांच की जा रही है।

बेटे को फंसाने की धमकी दे पिता से वसूले 80 हजार

अमृत विचार, लखनऊ : इंदिरानगर के मोहम्मदपुर निवासी सम्हारू प्रसाद से साइबर जालसाजों ने 80 हजार रुपये ठग लिए। उनको कॉल कर धमकी दी कि उनका बेटा दुष्कर्म का आरोपी है। उसके खिलाफ एफआईआर न दर्ज हो इसके लिए रुपये भेजे। पीड़ित को जब ठगी का पता चला तो इंदिरानगर थाने में एफआईआर दर्ज कराई है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। मोहम्मदपुर स्थित ऋषि इंटरनेशनल स्कूल भारत गैस गोदाम के पीछे रहने वाले सम्हारू प्रसाद ने बताया कि उनको 12 जून की सुबह 10.44 बजे एक कॉल आई। कॉल करने वाले बताया कि दिल्ली के कैंट थाने से बोल रहा है। बताया कि उनके बेटे को दुष्कर्म के मामले में पकड़ा गया है।

एआई के जरिये बेटे की आवाज सुनाई : जासलाजों ने भरोसे में लेने के लिए सम्हारू को उनके बेटे की रोने की आवाज तो सुनाई ही। साथ ही आवाज में उनके बेटे की आवाज में सुनाया कि पापा-पापा मुझे बचा लो। रोते हुए बेटे ने कहा कि मुझे बहुत मारा है। इसके बाद कॉल करने वाले मोबाइल पर बात करना शुरू किया। कहा कि बेटे के खिलाफ एफआईआर न हो इसके लिए 80 हजार रुपये भेजो। इसके लिए फोन-पे या गूगल-पे का प्रयोग करें। बेटे की आवाज सुनकर सम्हारू डर गए। उन्होंने इसके बाद पांच बार में बेटी के गूगल-पे अकाउंट से 6282933913 पर 80 हजार रुपये ट्रांसफर कर दिए। पुलिस को आशंका है कि एआई तकनीक का प्रयोग कर जालसाजों ने बेटे की आवाज सुनाकर ठगी की है।

बेटे से बात होने पर ठगी का पता चला : कुछ देर बाद बेटे से बात हुई। बेटे ने इस तरह की घटना से इनकार कर दिया। इस पर सम्हारू को ठगी का पता चला। प्रभारी निरीक्षक इंदिरानगर वीरेंद्र तिवारी ने बताया कि प्रार्थना पत्र के आधार पर एफआईआर दर्ज कर लिया गया है। मामले की जांच की जा रही है।

महिला को घर में बंधक बनाकर युवक ने किया दुष्कर्म

अमृत विचार, मलिहाबाद : माल क्षेत्र में हरदोई निवासी महिला को उसकी बहन की बीमारी की बात बोल कर घर लाये युवक ने बंधक बनाकर दुष्कर्म किया। घटना के बारे में किसी से कुछ कहने पर जान से मारने की धमकी देते हुये आरोपी महिला को उसके घर छोड़ गया। पीड़िता ने मामले में शुक्रवार को आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई है। इंस्पेक्टर राजेश कुमार त्रिपाठी के अनुसार, हरदोई जनपद के अतरौली थाना क्षेत्र के एक गांव निवासी विवाहिता ने प्रार्थना-पत्र दिया। बताया उसकी बड़ी बहन की माल थाना क्षेत्र के एक गांव में ससुराल है। गांव निवासी राजन ने 9 जून को उसके मोबाइल पर फोन कर कहा कि आपकी बहन की तबीयत बहुत खराब है। जल्दी से बहन के पास आ जाओ। पीड़िता का कहना है कि वह तैयार हो रही थी। तब तक आरोपी खुद बाइक लेकर उसके घर पहुंच गया। इसके बाद बीमारी की झूठी कहानी बताते हुये बाइक से अपने घर ले गया। जहां कमरे में बंधक बनाकर बंधक बना कई बार दुष्कर्म किया। इस बीच घटना के बारे में किसी से कुछ बताने पर जान से मारने की धमकी दी। इसके अगले दिन एक अन्य युवक के साथ बाइक पर बिठाकर रास्ते पर धमकी देते हुये घर छोड़ गया।

फेसबुक पर दोस्ती, शादी का झांसा दे किया दुष्कर्म

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- प्रेमी पर गर्भपात कराने व दुष्कर्म का मामला दर्ज

अमृत विचार : काकोरी इलाके में एक निजी अस्पताल में नर्स से युवक की फेसबुक पर दोस्ती हुई। युवक ने शादी का झांसा दिया और उसके साथ शारीरिक संबंध बनाए। युवती गर्भवती हो गई और शादी के लिए कहा तो गर्भपात करा दिया। वहीं, आरोपी नर्स पर दबाव बनाने के लिए आपत्तिजनक फोटो व वीडियो वायरल करने की धमकी देने लगा। पीड़िता शुक्रवार शाम को पारा थाने पहुंची। जहां प्रेमी के खिलाफ एफआईआर दर्ज कराया। पुलिस ने आरोपी को पकड़ लिया है। उससे पूछताछ कर रही है।

सीतापुर निवासी युवती आलमबाग स्थित एक अस्पताल में नर्स है। करीब एक साल पूर्व फेसबुक पर पारा गायत्री निवासी धर्मेंद्र से दोस्ती हुई। जो एयरपोर्ट मेंटेनेंस विभाग में कार्यरत होने का दावा करता है। पीड़िता के मुताबिक सितंबर में धर्मेंद्र ने फोन कर नर्स को मिलने के लिए एक होटल में बुलाया। जहां आरोपी ने दुराचार किया। इस दौरान आरोपी ने धोखे से युवती की कुछ वीडियो और फोटो रिकार्ड कर ली। जिन्हें वायरल करने की धमकी देते हुए यौन शोषण करने लगा।

सार-संक्षेप

अलग-अलग थाना क्षेत्र से तीन किशोरी लापता, रिपोर्ट दर्ज

अमृत विचार, सरोजनीनगर/आलमबाग : अलग-अलग थाना क्षेत्र में तीन किशोरी लापता हो गईं। पीड़ित परिजनों ने संबंधित थाने में रिपोर्ट दर्ज कराई है। सरोजनीनगर क्षेत्र निवासी 17 वर्षीया किशोरी 9 जून को शाम करीब 4 बजे घर से लापता हो गई। परिजन ने टीपी नगर पार्क नंबर - 3 में रहने वाला रंजन कुमार राय पर बहला फुसला कर ले जाने का आरोप लगाया है। इसी थाना क्षेत्र की दूसरी घटना है। इसमें पीड़ित मां ने अरसल नामक युवक पर बेटी को बहला फुसला कर भगा ले जाने की रिपोर्ट दर्ज कराई है। बताया बेटी अरसल के साथ सिपेट चौराहे पर दिखी थी। इसके बाद से लापता है। इधर आशियाना थाना क्षेत्र निवासी पीड़ित पिता ने पुलिस को प्रार्थना-पत्र दिया। बताया 16 वर्षीया बेटी मंगलवार को मोबाइल लेकर घर से गयी थी। इसके बाद लापता हो गई। सहेलियों व करीबी रिश्तेदारों के यहां खोजबीन की, लेकिन पता नहीं चला। पुलिस ने मामला दर्ज कर आगे की कार्रवाई शुरू की है।

अज्ञात युवक का शव मिला, गर्मी से मौत की आशंका

अमृत विचार, पीजीआई : पीजीआई क्षेत्र में अज्ञात युवक का शव मिला। आसपास के लोगों ने गर्मी से मौत होने की आशंका जताई है। पुलिस के मुताबिक, सेक्टर 5 स्थित इग्नू कॉलेज के पास फुटपाथ पर लोगों ने युवक का शव पड़ा होने की सूचना दी थी। मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मियों ने जांच की तो कपड़ों पर सीमेंट लगा मिला। ऐसा प्रतीत होता है कि युवक मजदूरी करता था। पुलिस ने पहचान कराने का प्रयास किया, लेकिन नहीं हो सकी। शव मोर्च्युरी में रखवाया है।

दुष्कर्म करने वाला आरोपी गिरफ्तार

अमृत विचार, पीजीआई : पीजीआई पुलिस ने शादी का झांसा देकर नाबालिग से दुष्कर्म करने वाले आरोपी को शुक्रवार को गिरफ्तार किया है। पुलिस के मुताबिक, सात जून को पीड़ित पिता ने प्रार्थना-पत्र दिया था। इसमें आर्यन उर्फ शनि निवासी बघरई बांसगांव, जिला गोरखपुर पर नाबालिग बेटी को शादी का झांसा देकर बहला फुसला कर ले जाने और दुष्कर्म करने का आरोप लगाया था। पुलिस आरोपी के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कर तलाश कर रही थी। शुक्रवार को पुलिस ने आरोपी को गिरफ्तार कर कोर्ट में पेश कर जेल भेज दिया।

हादसे में घायल सिक्योरिटी गार्ड की अस्पताल में मौत

अमृत विचार, मलिहाबाद : हादसे में घायल सिक्योरिटी गार्ड ने शुक्रवार को अस्पताल में दम तोड़ दिया। मलिहाबाद क्षेत्र के मऊ रमगढ़ा निवासी शिवम् गौतम (30) सहारा होम्स यादव चौराहा में सिक्योरिटी गार्ड था। गुरुवार देर रात ड्यूटी के बाद बाइक से घर लौटते समय कसमंडी के निकट खंभे से टकरा कर वह गंभीर घायल हो गया था। परिजन ने उसे लखनऊ के बालागंज स्थित एक निजी हॉस्पिटल में भर्ती कराया था। जहां शुक्रवार को शिवम ने दम तोड़ दिया। परिजन की सूचना पर पुलिस ने पंचनामा भरकर शव पोस्टमार्टम के लिये भेजा है।

लॉन्ड्री संचालक से असलहे के बल पर लूट

संवाददाता, लखनऊ/आलमबाग

- ग्राहक बनकर आये लुटेरों ने अंजाम दी वारदात
- सीसीटीवी कैमरों की फुटेज खंगालने में जुटी पुलिस

अमृत विचार: कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र में शुक्रवार को दिन दहाड़े असलहा के बल पर लुटेरे लॉन्ड्री संचालक से लूट कर भाग निकले। लुटेरे ग्राहक बन कर दुकान में घुसे थे। यही नहीं लुटेरे अंगूठी, चेन, मोबाइल के अलावा पीड़ित की बाइक भी लूट कर भाग निकले। पीड़ित ने मामला दर्ज कराया है। तीन टीमें लुटेरों की तलाश में लगाई गई हैं।

पुलिस के मुताबिक, मूलतः बंथरा निवासी शिवनारायण काकोरी मोड़ पर रहते हैं। कृष्णा नगर क्षेत्र के कनौसी यादव चौराहा के पास लक्ष्मी नगर कालोनी में बिमल लॉंड्री के नाम से उनकी दुकान है। दुकान पर राजकुमार उनका सहयोगी है। दुकानदार ने बताया शुक्रवार सुबह राजकुमार के साथ दुकान खोली थी। लगभग 11:15 बजे दोनों बदमाश दुकान पर ग्राहक बनकर पहुंचे। कोट पैंट की धुलाई व प्रेस का रेट लेने के बाद दोनों बाहर निकल गये। करीब पांच मिनट बाद दोनों दोबारा अंदर घुसे। एक युवक पीठ पर लटके बैग को उतारने लगा, उन्हें लगा कि कपड़े निकाल रहे हैं। लेकिन इस बीच बैग से असलहा निकाल कर तानते हुये धमकी देते हुये कहा जान प्यारी है तो चुप रहो। इसके बाद शिव नारायण की दो अंगूठी, चेन, दो मोबाइल और पर्स से डेढ़ सौ रुपये और बाइक की चाबू लूट कर बाहर निकले और शटर गिरा दिया। बदमाशों के निकलते ही शिवनारायण और राजकुमार शटर उठा कर बाहर निकले, तो पता चला की उन्हीं की ग्लैमर बाइक से बदमाश भाग गये हैं। सूचना पर विजय नगर चौकी से पुलिसकर्मी पहुंचे। तब तक आसपास के व्यापारियों की भीड़ जुट चुकी थी। पुलिस कर्मियों ने आसपास के सीसीटीवी कैमरों के फुटेज खंगाले। सूत्रों का कहना है कि दो कैमरों की फुटेज में लुटेरे कैद हुये हैं। इस्पेक्टर पीके सिंह ने बताया शिव नारायण के प्रार्थना-पत्र पर लूट की रिपोर्ट दर्ज की है। लुटेरों की तलाश की जा रही है।

112 पर नहीं लगी कॉल

कृष्णा नगर क्षेत्र में दिनदहाड़े हुई लूट के बाद आसपास के व्यापारी डायल 112 पर पुलिस को फोन लगाते रहे, लेकिन नहीं लगा। इसके बाद स्थानीय पुलिस चौकी पर लूट की सूचना दी। फिलहाल मौके पर पहुंचे पुलिसकर्मी बदमाशों की तलाश में जुट गये।

खुलासे में तीन टीमें लगीं

लूट की घटना के खुलासे के लिये थाना पुलिस की टीम के अलावा, सर्विलांस और डीसीपी क्राइम टीम लगी है। पुलिस को सीसी कैमरे में दो स्थलों पर लुटेरों के फुटेज मिली है। इसके चलते बदमाशों की जल्द पहचान और गिरफ्तारी होने की उम्मीद है।

प्रेमी को बंधक बनाकर गला रेतने वाली नर्स गिरफ्तार

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

- खुर्दही बाजार स्थित एआर होटल में गुरुवार रात हुई वारदात

अमृत विचार : सुशांत गोल्फ सिटी थानाक्षेत्र के खुर्दही बाजार स्थित एआर होटल में अंकित कुमार को उसकी प्रेमिका रेनू बंधक बनाकर गला रेत दिया। गंभीर हालत में उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। शुक्रवार दोपहर को घायल युवक की मां ने थाने में प्रार्थना पत्र दिया। जिसके आधार पर पुलिस ने कार्रवाई करते हुए प्रेमिका को गिरफ्तार कर लिया।

पुलिस के मुताबिक गोसाईंगंज निवासी इलेक्ट्रिशियन अंकित कुमार की दोस्ती गोसाईंगंज अमेठी निवासी नर्स रेनू रावत से है। करीब डेढ़ साल से दोनों लोग रिलेशनशिप में है। गुरुवार शाम को रेनू ने फोन कर अंकित को मिलने बुलाया। खुर्दही बाजार स्थित एआर होटल में युवती ने कमरा बुक करा रखा था। होटल पहुंच कर दोनों लोग कमरे में चले गए।

पुलिस के मुताबिक दोनों के कमरे में जाने के कुछ देर बाद विवाद शुरू हो गया। गुस्से में रेनू ने प्रेमी अंकित के हाथ-पैर रस्सी से बांध दिए। उसकी पिटाई की। इसके बाद रेनू ने चाकू निकाल कर अंकित के गले पर वार कर दिया।

एक नजर

लता मंगेशकर सम्मान समारोह 23 को

अमृत विचार, लखनऊ : नृत्य को समर्पित संस्था उड़ान की ओर से आगामी 23 जून को भारत रत्न लता मंगेशकर और फिल्म अभिनेता ऋषि कपूर की स्मृति में उत्तर प्रदेश उर्दू अकादमी प्रेक्षागृह में तुम मुझे यूं भूला न पाओगे कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। उड़ान की अध्यक्ष सरिता सिंह ने बताया कि तुम मुझे यूं भूला न पाओगे कार्यक्रम में लखनऊ के ख्याति प्राप्त पखावज वादक पंडित राजखुशी राम, प्रसिद्ध साहित्यकार राम बहादुर मिश्र, तबला वादक मनोज मिश्रा, प्रख्यात ग़ज़ल गायक युगांतर सिंदूर, शास्त्रीय व उप शास्त्रीय गायिका पूनम वाजपेयी, कथक नृत्यांगना सुरभि सिंह, नाट्य निर्देशिका ज्योति सिंह, ग़ज़ल गायिका प्रभा श्रीवास्तव और पर्वतीय लोक कलाकार विक्रम बिष्ट को तीसरे उड़ान लता मंगेशकर सम्मान से अलंकृत किया जाएगा।

ग्रीष्मकालीन शिविर में बच्चों ने सीखी चित्रकारी

अमृत विचार, लखनऊ : सुशांत गोल्फ सिटी स्थित राधा रमण बिहारी मंदिर (इस्कान) में चल रहे ग्रीष्मकालीन शिविर के छठे दिन बच्चों ने माला व मुकुट बनाना सीखा। साथ ही बच्चों को कृष्ण लीलाओं पर चित्रकारी भी सिखाई गई। इस शिविर में मंदिर के अध्यक्ष अपरिमेय श्याम दास की पत्नी अचिन्त्य रूपिणी बच्चों को विभिन्न सांस्कृतिक गतिविधियों में दक्ष बनाने का काम कर रही हैं।

स्वयं और समाज थीम पर मनाएंगे योगा दिवस

अमृत विचार, लखनऊ : जिले में आज से योग सप्ताह का आयोजन किया जाएगा। योग दिवस शासन द्वारा निर्धारित 'योग स्वयं और समाज' थीम पर मनाएंगे। यह निर्देश शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारी को लेकर जिलाधिकारी सूर्य पाल गंगवार ने अफसरों को दिए। कहा, 21 जून को अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस वृहद स्तर पर मनाएंगे। इससे पहले शनिवार से सात दिन तक योग सप्ताह का आयोजन करेंगे। नगर निगम के 150 पार्क, लखनऊ विकास प्राधिकरण का लोहिया पार्क, आवास विकास का अरविंदो पार्क व कालिंदी पार्क में आयोजन होगा। बैठक में सीडीओ अजय जैन, एडीएम नगर पूर्वी अमित कुमार, सिटी मेजिस्ट्रेट सिद्धार्थ समेत अन्य अधिकारी रहे।

केजीएमयू के ट्रांसफ्यूजन विभाग की ओर से आयोजित कार्यक्रम में स्मारिका का विमोचन करतीं राज्यपाल। अमृत विचार

स्वैच्छिक रक्तदान करने वाले पुलिसकर्मियों को सम्मानित करतीं राज्यपाल व अन्य।

नई शिक्षा नीति में भी रक्तदान को करें शामिल

राज्यपाल ने रक्तदान में सहयोग करने वाली 120 संस्थाओं व 20 रक्तदाताओं को किया सम्मानित

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : बाइक से फर्राटा भरने और स्टंट कर दूसरों की जान जोखिम में डालने वाले युवाओं से रक्तदान कराना चाहिए। साथ ही नई शिक्षा नीति में भी रक्तदान को शामिल किया जा सकता है। इसके लिए रक्तदान करने वाले छात्रों को इसके अलग से अंक मिले तो वह रक्तदान के लिए प्रोत्साहित होंगे। ये बातें राज्यपाल आनंदीबेन पटेल ने कही। वह विश्व रक्तदाता दिवस पर शुक्रवार को केजीएमयू के ट्रांसफ्यूजन विभाग की ओर से आयोजित 'रक्तदान को सम्मान' कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहीं थीं।

उन्होंने कहा कि रक्त की जरूरत किसी को भी पड़ सकती है, रक्तदान करने से कभी पीछे नहीं रहना चाहिए। इस मौके पर ''रक्तदान को सम्मान'' स्मारिका का विमोचन भी किया गया। इस अवसर पर 20 रक्तदाता व 120 संस्थाओं को प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित भी किया गया।

21 जून को योग शिविर में भी कराएं रक्तदान : राज्यपाल ने आगामी 21 जून को अंतरराष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर सभी से योग करने की अपील करते हुए कहा कि जहां-जहां योग के लिए कैंप लगाए जाएं वहां-वहां रक्तदान शिविर का भी आयोजन किया जाए। राज्यपाल ने प्रत्येक महाविद्यालय, विश्वविद्यालय तथा जनपदीय कारागारों में ब्लड डोनेशन कैंप को लगाए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने रक्तदान के फायदे के बारे में बताते हुए कहा कि रक्तदान से रक्त की जांच होने से हमें बीमारियों का भी पता चलता है, जिसके निदान के लिए नियमित योग करने के लिए भी उत्प्रेरित होते हैं।

स्वास्थ्य एवं चिकित्सा शिक्षा राज्य मंत्री मयंकेश्वर शरण सिंह ने कहा कि रक्तदान का कार्य सभी व्यक्तियों के सामूहिक सहयोग से संभव है। चिकित्सा शिक्षा विभाग के प्रमुख सचिव पार्थ सारथी सेन शर्मा ने रक्तदान से स्वास्थ्य के साथ समर्पण की भावना का भी विकास होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में रक्तदान का प्रतिशत बढ़ाने की आवश्यकता है।

केजीएमयू की कुलपति डॉ. सोनिया नित्यानंद ने कहा कि रक्तदान से कोई कमजोरी नहीं होती। नए खून से ज्यादा स्फूर्ति का संचार होता है। उन्होंने कहा कि प्रदेश में सुरक्षित रक्तदान का प्रतिशत 30 से 40 प्रतिशत है। जिसे शत प्रतिशत करना है। उन्होंने विभाग की उपलब्धियां का विवरण देते हुए कहा कि यहां देश में सबसे ज्यादा रक्त का वार्षिक कलेक्शन होता है। इस अवसर पर राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन की निदेशक डॉ. पिंकी जोवेल, कार्यक्रम की आयोजक व केजीएमयू में ट्रांसफ्यूजन विभाग की प्रमुख प्रो. तूलिका चंद्रा और रक्तदान में सहयोग कराने वाली संस्थाओं के प्रतिनिधि सहित मेडिकल स्टाफ मौजूद रहा।

विश्व रक्तदाता दिवस

▸▸ राज्यपाल ने केजीएमयू में आयोजित कार्यक्रम में रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए दिए सुझाव

रक्तदान करने वालों को प्रशस्ति पत्र देकर किया गया सम्मानित। अमृत विचार

केक काटकर मनाया गया विश्व रक्तदाता दिवस। अमृत विचार

ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर लगा करें जागरूक : स्वतंत्र देव

अमृत विचार : लोहिया संस्थान में आयोजित कार्यक्रम में जल शक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह ने कहा कि अभी जितना भी रक्त एकत्र हो रहा है, उसमें करीब 54 प्रतिशत स्वैच्छिक है। इसे बढ़ाने की जरूरत है। यह किसी एक की जिम्मेदारी नहीं है। इसमें समाज के सभी वर्ग व समूह को जुड़ने की जरूरत है। ताकि जरूरतमंद मरीजों की जिंदगी को बचाया जा सके। रक्तदान को बढ़ावा देने के लिए ग्रामीण क्षेत्रों में शिविर व युवाओं को रक्तदान के लिए प्रेरित किया जाए। संस्थान के निदेशक डॉ. सीएम सिंह ने खुद रक्तदान किया। ब्लड बैंक के डॉ. वीके शर्मा ने बताया कि संस्थान में लगाए गए शिविर में 80 लोगों ने रक्तदान किया। कार्यक्रम में डॉ. सुब्रत चन्द्रा, प्रवक्ता डॉ. एपी जैन समेत अन्य डॉक्टर मौजूद रहे।

कैंसर मरीजों को बार-बार खून चढ़ाने की पड़ती है जरूरत

अमृत विचार : विश्व रक्तदाता दिवस पर चक गंजरिया स्थित कल्याण सिंह कैंसर संस्थान में जागरूकता कार्यक्रम और रक्तदान शिविर आयोजित किया गया। चिकित्सा अधीक्षक डॉ. देवाशीष शुक्ला ने कहा कि कैंसर मरीजों को कीमोथेरेपी, रेडियोथेरेपी देने की जरूरत पड़ती है। कठिन इलाज से मरीज में खून की कमी हो जाती है। जिसकी कमी पूरी करने के लिए मरीज को खून चढ़ाने की जरूरत पड़ती है। ऐसे मरीजों की जिंदगी बचाने के लिए रक्तदान करें। ब्लड एंड ट्रांसफ्यूजन मेडिसिन विभाग की अध्यक्ष डॉ. अंजू दुबे ने कहा कि खून का कोई दूसरा विकल्प नहीं है। अपने या परिजन के जन्मदिन को यादगार बनाने के लिए रक्तदान कर सकते हैं। विभाग के डॉ. ब्रजेश कुमार यादव ने बताया कि रक्तदान शिविर में 26 से अधिक लोगों ने रक्तदान किया।

ये भी रक्तदाता

पुलिस मित्र परिवार को भी मिला सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : उप निरीक्षक जीतेन्द्र सिंह ने बताया कि ''पुलिस मित्र परिवार एक संस्था है। गत चार सालों से पुलिस कर्मी व उनके परिवारीजन समेत अन्य लोग मिलकर रक्तदान करते हैं। साल में करीब 150-200 यूनिट रक्त दान किया जाता है। यह रक्तदान शिविर केजीएमयू, लोहिया और सिविल अस्पताल के ब्लड बैंक से मिलकर किया जाता है।

बलरामपुर अस्पताल में रक्तदान करने वाले सम्मानित

अमृत विचार, लखनऊ : बलरामपुर अस्पताल में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसका उद्घाटन अस्पताल के निदेशक डॉ. पवन कुमार अरुण ने किया। इस मौके पर रक्तदाताओं और स्थानीय एनजीओ को सम्मानित किया गया। निदेशक ने लोगों से इस नेक कार्य में भाग लेने की अपील की। कार्यक्रम में सीएमएस डॉ. एनपी सिंह, अधीक्षक डॉ. हिमांशु चतुर्वेदी रक्त केंद्र प्रभारी डॉ. विनोद हरि राम गुप्ता एवं डॉ. एमएल पुष्कर मौजूद रहे। शिविर 25 रक्तदाता और 11 संस्थाओं को सम्मानित किया गया।

शपथ लेते सिविल अस्पताल के निदेशक व अन्य। अमृत विचार

सिविल अस्पताल में जागरूकता फैलाने की ली शपथ

अमृत विचार, लखनऊ : सिविल अस्पताल में विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर अधिकारियों और कर्मचारियों ने जागरूकता फैलाने की शपथ ली। निदेशक डॉ. सुनील भारती, सीएमएस डॉ. राजेश श्रीवास्तव और चिकित्सा अधीक्षक डॉ. एसआर सिंह ने सभी डॉक्टर व कर्मचारियों को शपथ दिलाई। इस मौके पर ब्लड बैंक में रक्तदान शिविर लगाया गया। जिसमें 35 लोगों ने रक्तदान किया।

आईएमए में 43 लोग बने महादानी

अमृत विचार, लखनऊ : इंडियन मेडिकल एसोसिएशन (आईएमए) के तत्वावधान में रिवर बैंक कॉलोनी स्थित आईएमए भवन में रक्तदान शिविर का आयोजन किया गया। शिविर का उद्घाटन आईएमए लखनऊ की अध्यक्ष डॉ. विनीता मित्तल ने किया। इस मौके पर 43 लोग रक्तदान कर महादानी बने। इस मौके पर डॉ. जीपी सिंह, डॉ. जेडी रावत, डॉ. सरिता सिंह, डॉ. शाश्वत और डॉ. मनीष सिंह मौजूद रहे।

विश्व रक्तदाता दिवस पर प्रो. बोनो क्लब को मिला सम्मान

अमृत विचार, लखनऊ : विश्व रक्तदाता दिवस के अवसर पर लखनऊ विश्विद्यालय की प्रतिष्ठित संस्था प्रो. बोनो क्लब को किंग्स जॉर्ज मेडिकल यूनिवर्सिटी के ट्रांसफ्यूजन विभाग की ओर से आयोजित रक्तदाता सम्मान समारोह में सम्मानित किया गया। सम्मान समारोह में क्लब की ओर से छात्र समन्वयक मनीष तिवारी व क्लब के सदस्य अनुराग यादव शामिल हुए। क्लब के संकाय प्रभारी डॉ. आलोक यादव ने बताया कि लगभग 150 यूनिट से ज्यादा स्वैच्छिक रक्तदान होता है। संकाय प्रमुख प्रो. (डॉ.) बीडी सिंह ने कहा कि हमारा संकाय समाज को एक अच्छा, जागरूक नागरिक देने के लिए भी प्रयासरत हैं।

मेडिकल विवि में सम्मानित होते प्रो. बोनो क्लब के सदस्य। अमृत विचार

सार-संक्षेप

लखनऊ कनेक्शन संगीत प्रतियोगिता हुई लोकप्रीय

अमृत विचार, लखनऊ : लखनऊ कनेक्शन वर्ल्डवाइड ग्रुप की ऑनलाइन संगीत प्रतियोगिता सीजन-3 अपने शुरुआती दौर में ही संगीत प्रेमियों के बीच लोकप्रिय होता जा रहा है। 2 जून को शुरू हुई इस प्रतियोगिता की शुरुआती कड़ियों में ही दर्शकों का रुझान देखने को मिल रहा है। गायक और गायिकाओं ने इस प्रतियोगिता में भागीदारी के लिए आवेदन किया, जिनमें से 44 प्रतिभागियों को प्रतियोगिता में भाग लेने का मौका मिला है। यह प्रतियोगिता केवल लखनऊ कनेक्शन वर्ल्डवाइड ग्रुप के सदस्यों के लिए खुली है। ग्रुप के संस्थापक सुनील मिश्र और वरिष्ठ एडमिन अनिल शुक्ला की परिकल्पना इस प्रतियोगिता के रूप में यथार्थ के धरातल पर उतर आई है।

संकटा देवी मंदिर में कश्मीरी हिन्दुओं ने की पूजा

अमृत विचार, लखनऊ : चौपटिया स्थित संकटा देवी मंदिर में शुक्रवार को 10वीं ज्येष्ठ अष्टमी पूजा और हवन का कार्यक्रम हुआ। जम्मू-कश्मीर के गान्दरबल जिले के तुलमुल गांव में खीर भवानी मंदिर है। सभी कश्मीरी हिन्दू खीर भवानी की पूजा करते हैं। इस अवसर पर रवि कचरु, रवीन्द्र कोत्रू, प्रकाश कॉल, रोहित चंद्रा, दीपक कचरु, संदीप मुंशी, अभिषेक मोजा, नमिता कॉल, अंजली शिवपुरी, सुधीर शिवपुरी, पंकज बकाया, संगीता बकाया, ज्ञानी पुलारू, दिव्या पुलारू, आस्था रुग्गु, गगन गंज्वर, अंजली कॉल, निशा बहादुर, रेखा कॉल, विनोद डार, अजय जुत्शी, सुनील कॉल, अनिल राजान, रिचा चन्द्र, सुरेन्द्र बटपोरी, दीपक कॉल, कृष्णा कॉल, हर्षिता मुंशी और अर्चना मुंशी आदि कश्मीरी हिन्दू मौजूद रहे।

जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार से मुलाकात करते निशानेबाज। अमृत विचार

राजधानी के निशानेबाजों से डीएम ने की मुलाकात

अमृत विचार, लखनऊ : राजधानी के निशानेबाजों ने जिलाधिकारी सूर्यपाल गंगवार से शुक्रवार को मुलाकात की। इन सभी शूटर्स ने 13 जून को अयोध्या हुए में प्री-स्टेट चैंपियनशिप में लखनऊ का प्रतिनिधित्व राज्य स्तर पर किया था। जिसके बाद इन्होंने 22 मेडल हासिल किए। लखनऊ का नाम राज्य व राष्ट्रीय स्तर पर शूटिंग चैंपियनशिप के अंतर्गत विख्यात करने वाली हिमानी सिंह भी मुख्यमंत्री द्वारा रानी लक्ष्मीबाई पुरस्कार से सम्मानित हो चुकी हैं इस मुलाकात के दौरान वह भी बच्चों के साथ थी। वहीं जिलाधिकारी ने सभी बच्चों को आश्वासन दिया कि उनके साथ पूरी तरह से खड़े हैं।

आकर्षण का केन्द्र बना वरुण मिश्र का शास्त्रीय गायन

अमृत विचार, लखनऊ : भारतीय सांस्कृतिक सम्बन्ध परिषद और उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी के संयुक्त तत्वावधान में मासिक श्रृंखला क्षितिज के तहत बनारस घराने के वरुण मिश्र का शास्त्रीय गायन सुनने को मिला। संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि रंगशाला में यह कार्यक्रम किया गया। वरुण मिश्र ने यहां राग मारू विहाग को अति विलंबित एक ताल, मध्य लय, झपताल, द्रुत लय और तीन ताल में प्रस्तुत किया। शिवशंकर मिश्र उनके साथ सह गायक के रूप में मौजूद थे। हारमोनियम पर अर्जुन मिश्र, तबले पर अरुष मिश्र और तानपुरे पर सुप्रिया तिवारी संगत कर रही थीं।

सच्चा सुख तो आत्मा का परमात्मा स्वरूप है : प्रो. अभय

अमृत विचार, लखनऊ : उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान और इंदिरानगर दिगम्बर जैन सेवा समिति की ओर से इन्दिरानगर जैन मन्दिर में चल रहे जैन श्रावक संस्कार शिविर के चौथे दिन पंडित दौलत राम द्वारा रचित छह ढाला के प्रथम ढाल (प्रथम अध्याय) का समापन हुआ। ग्वालियर से आये चन्द्र प्रकाश शास्त्री ने शिविर के प्रतिभागियों को समझाया कि संसार की चारों गतियों नरकगति, पशुगति, मनुष्यगति और देवगति में दुख ही दुख है। उत्तर प्रदेश जैन विद्या शोध संस्थान के उपाध्यक्ष प्रो. अभय कुमार जैन ने बताया कि मनुष्य गति में पुण्यार्जन कर देवगति प्राप्त हो सकती है लेकिन देवगति में विषयों की तीव्रता के कारण सुख नहीं मिलता। सच्चा सुख तो आत्मा का परमात्मा स्वरूप है।

बकरीद पर बिक्री के लिए लाए गए बकरों को दिखाते मालिक। अमृत विचार

बकरा बाजार में 51 हजार का बकरा बना आकर्षण का केंद्र

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

▸▸ अबकी बार गोमती तट पर सजा है बकरों का बाजार

अमृत विचार : गोमती तट पर बकरों के बाजार में शुक्रवार को चहल-पहल बढ़ गई। बकरों की संख्या में भी बढ़ोत्तरी हुई। हालांकि अभी भी बकरा बाजार अपनी पूरी रंगत में नहीं आया है, लेकिन आज बाजार में 51 हजार रुपये का बकरा देखने को मिला। गुरुवार को सबसे महंगा बकरा 22 हजार रुपये का था।

बाजार में 51 हजार रुपये मूल्य का बकरा लेकर आये लतीफ ने बताया कि उन्होंने अपने बकरे की कीमत 51 हजार रुपये तय की है। यह कीमत बकरे की कद काठी और शक्ल के मद्देनजर रखी गई है। बकरा बाजार में आने वाले पहली ही नजर में इस बकरे की तरफ खिंचे चले आते हैं लेकिन दाम सुनकर वह दूसरे बकरों की तरफ बढ़ जाते हैं। जैसे ही कोई व्यक्ति इस बकरे के करीब जाता है वह अपने मालिक लतीफ़ के कंधे पर पांव रखकर खड़ा हो जाता है।

गोमती तट पर बकरों का बाजार सजा है लेकिन कई बकरा व्यापारी कुड़िया घाट, नीबू पार्क और गोमती बंधे पर अपने बकरों के साथ मौजूद हैं और ग्राहकों के साथ बातचीत में लगे हैं।

उत्तर रेलवे

आज़ादी का अमृत महोत्सव

ई-निविदा सूचना

भारत के राष्ट्रपति की ओर से उप मुख्य विद्युत अभियन्ता, कर्मशाला, उत्तर रेलवे, सवारी एवं माल डिब्बा कारखाना आलमबाग, लखनऊ निर्धारित प्रपत्र पर निम्नलिखित कार्यों हेतु मोहरबन्द निविदायें आमंत्रित करते हैं।

1	निविदा सूचना संख्या	विद्युत/डब्ल्यू०/आलमबाग/179/2024-25
क	कार्य का विवरण	कैरेज एण्ड वैगन वर्कशाप आलमबाग लखनऊ में वातानुकूलित एवं गैर वातानुकूलित रेलवे सैलून यानों में फ्लेमलेस कूकिंग की व्यवस्था का कार्य।
ख	अनुमानित लागत	रू 43,60,532.36
ग	धरोहर राशि	रू 87,200/-
घ	निविदा प्रपत्र मूल्य	शून्य
ड	कार्य समापन अवधि	06 माह
	अन्य सूचना	
2	निविदा प्रपत्र जमा करने की तिथि एवंम समय	05.07.2024 को अपरान्ह 15:00 बजे तक।
3	निविदा खुलने की तिथि व समय	05.07.2024 को अपरान्ह 15:00 बजे के बाद।

• निविदा प्रपत्र वेबसाइट www.ireps.gov.in पर उपलब्ध है तथा निर्धारित तिथि के अनुसार भरा जा सकता है। • मैनुअल आफर पर विचार नहीं किया जायेगा। • निविदाकर्ता निविदा फार्म की धरोहर राशि का भुगतान केवल www.ireps.gov.in पोर्टल पर उपलब्ध ऑनलाइन भुगतान प्रणाली द्वारा ही किया जायेगा। • डिमांड ड्राफ्ट/बैंकर्स चेक/डिपॉजिट रसीद/एफ०डी०आर० या अन्य किसी रूप में निविदा धरोहर धनराशि का भुगतान स्वीकार नहीं किया जायेगा। • प्रस्तावों के खुलने के बाद अतिरिक्त दस्तावेज की प्रस्तुति एवं उससे संबन्धित निविदा उपरान्त किसी प्रकार के पत्राचार स्वीकार नहीं किए जाएंगे। निविदादाता के निविदा उपरान्त पत्रों को भी शून्य एवं प्रभावहीन माना जायेगा। सं.: विद्युत/डब्ल्यू0/आलमबाग/179/2024-25 दिनांक: 14.06.2024

ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ 1810/24

कार्यालय नजारत अनुभाग, जनपद न्यायालय, श्रावस्ती।

विज्ञप्ति

सर्व साधारण को सूचित किया जाता कि जनपद न्यायालय, श्रावस्ती परिसर के गेट न0 01 के निकट स्थित खाली पड़ी भूमि को वाहन पार्किंग के रुप में नीलाम किये जाने हेतु सीलबन्द लिफाफे में निविदा आमंत्रित की जाती है। नीलामी मे भाग लेने हेतु इच्छुक व्यक्ति कैशियर से आवेदन फार्म निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदकगण से यह अपेक्षित है कि वे नीलामी हेतु धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट जो जनपद न्यायाधीश, श्रावस्ती के पक्ष में देय होगा अथवा नकद धनराशि निर्धारित फार्म के साथ संलग्न करते हुए सीलबंद लिफाफे में निविदा दिनांक 27.06.2024 को सांय 04 बजे तक जमा कर दिनांक 28.06.2024 को सायं 04.30 बजे नीलामी में सम्मिलित हो सकते हैं।

दिनांक 28.06.2024 को सायंकाल 4.30 बजे जनपद न्यायालय, श्रावस्ती के केन्द्रीय सभागार में नीलामी समिति के अध्यक्ष श्री अमित कुमार प्रजापति अपर सत्र न्यायाधीश श्रावस्ती की अध्यक्षता में नीलामी समिति के समक्ष की जायेगी।

उक्त वाहन पार्किंग स्टैण्ड वित्तीय वर्ष 2024-25 में जुलाई 2024 से मार्च 2025 की नीलामी की धरोहर राशि व न्युनतम नीलामी राशि का विवरण निम्न प्रकार से है-

क्रम सं0	स्थल	धरोहर धनराशि	वित्तीय वर्ष 2024-25 के माह जुलाई 2024 से मार्च 2025 हेतु निर्धारित न्यूनतम धनराशि
1	वाहन पार्किंग स्टैण्ड	रू0 25,000/-	रू0 1,87,500/-

नीलामी की शर्ते व नियम निम्न प्रकार से होगें-

01- ठेके की अवधि वित्तीय वर्ष 2024-25 हेतु दिनांक 01.07.2024 से दिनांक 31.03.2025 तक के लिए होगी।

02- नीलामी मे भाग लेने के इच्छुक व्यक्ति कैशियर से आवेदन फार्म निशुल्क प्राप्त कर सकते हैं। आवेदकगण से यह अपेक्षित है कि वे नीलामी हेतु धरोहर राशि का बैंक ड्राफ्ट जो जनपद न्यायाधीश, श्रावस्ती के पक्ष में देय होगा अथवा नकद धनराशि निर्धारित फार्म के साथ संलग्न करते हुए सीलबंद निविदा दिनांक 27.06.2024 को सांय 04 बजे तक जमा कर दिनांक 28.06.2024 को सायं 04.30 बजे नीलामी में सम्मिलित हो सकते हैं।

03- नीलामी में सफल ठेकेदार बिजली, पानी तथा अन्य सभी व्यवस्थाएं स्वयं करेगें।

04- ठेके से संबंधित किसी भी विवाद पर जिला न्यायाधीश महोदय का निर्णय अंतिम व सर्वमान्य होगा।

05- नीलामी ठेका पक्ष मे होने पर ठेकेदार को नियमानुसार 100 रूपये के स्टाम्प पर ठेकानामा लिखना होगा, उसे इस संबंध मे माननीय उच्च न्यायालय इलाहाबाद द्वारा समय-समय पर पारित होने वाले आदेशों का पालन करना होगा।

06- ठेकेदार ऐसे दो व्यक्ति को जमानतदार के रूप में नाम पतामय आधार कार्ड साथ प्रस्तुत करेगा, जिससे ठेकेदार द्वारा धनराशि जमा न करने पर धनराशि वसूल की जायेगी।

07- प्रत्येक सफल बोलीदाता को ठेके की धनराशि का 25 प्रतिशत प्रथम किस्त के रूप मे तुरन्त जमा करना होगा तथा शेष धनराशि प्रत्येक त्रैमास के प्रथम सप्ताह में जमा करनी होगी।

08- किसी व्यक्ति के पक्ष में नीलामी एक बार स्वीकार करने के उपरान्त निरस्त नही की जायेगी। यदि सफल ठेकेदार नीलामी की प्रथम त्रैमास की किस्त जमा करने के उपरान्त ठेका चला नहीं पाता है तो उसका ठेका निरस्त कर उसकी धरोहर राशि जब्त कर ली जायेगी।

09- ठेका आवंटित होने के उपरान्त ठेकेदार वाहन पार्किंग स्टैण्ड चलाने हेतु आवंटित प्लाट पर ठेका अवधि दिनांक 31.03.2025 को पूर्ण होने पर ठेकेदार स्वयं अपना सामान ठेकेदार स्वयं के खर्चे पर उठालेंगे एवं भूमि का कब्जा प्रभारी अधिकारी नजारत अनुभाग को उसी अवस्था मे देंगे जिस अवस्था मे उसे प्रदान किया गया था।

10- सफल बोलीदाता की धरोहर राशि चतुर्थ त्रैमास की किस्त मे समायोजित की जायेगी।

11- आपराधिक व अवांछित प्रवृत्ति वाले, पूर्व मे ठेके की किस्त न जमा करने वाले व्यक्तियों को जमानतीयों की बोली में भाग लेना वर्जित है। ऐसा कोई तथ्य संज्ञान में आने पर जनपद न्यायाधीश श्रावस्ती द्वारा किसी भी समय बिना नोटिस दिये ठेके को निरस्त किया जा सकता है।

12- प्रत्येक वाहन का पार्किंग स्टैण्ड में खड़े कराने का किराया ठेकेदार द्वारा नजारत अनुभाग को उपलब्ध कराना होगा एवं पार्किंग स्टैण्ड में प्रदर्शित करना होगा।

13- सफल ठेकेदार को ठेका स्वीकृत होने पर जितनी धनराशि का ठेका स्वीकृत हुआ है उतनी ही धनराशि की स्वयं के नाम पर दर्ज चल-अचल सम्पत्ति के दस्तावेज की छायाप्रति नजारत अनुभाग में उपलब्ध करानी होगी।

केन्द्रीय नाजिर से अपेक्षा की जाती है कि नीलामी का व्यापक प्रचार प्रसार हेतु नीलामी की सूचना माननीय उच्च न्यायालय, इलाहाबाद एवं जनपद न्यायालय, श्रावस्ती की वेबसाइट पर अपलोड करायें एवं जनसूचना अधिकारी को शासनादेश संख्या 562/उन्नीस-2-2007-1007/74 (टी0सी0) दिनाकिंत 04.07.2007 के आलोक में समस्त स्थानीय समाचार पत्रों में निशुल्क प्रकाशित कराये तथा नीलामी की सूचना जनपद न्यायालय के सूचना पट पर चस्पा करायें तथा जनपद के समस्त नगर पालिकाओं, जिलाधिकारी के नोटिस बोर्ड पर भी चस्पा कराये।

उक्त ठेका नीलामी के सम्बन्ध में किसी भी प्रकार कि जानकारी प्राप्त करने हेतु सूचना के प्रकाशन के उपरान्त नीलामी दिवस से एक दिन पूर्व किसी भी कार्य दिवस में 10 बजे से सांय 04 बजे तक नजारत अनुभाग जनपद न्यायालय, श्रावस्ती में सम्पर्क कर प्राप्त किया जा सकता है।

(अमित कुमार प्रजापति)
अध्यक्ष,
नीलामी समिति/ अपर सत्र न्यायाधीश
जनपद न्यायालय, श्रावस्ती

UP-206129 दिनांक 14.06.2024 विज्ञापन वेबसाइट www.up.gov.in पर उपलब्ध है।

एक नजर

स्वास्थ्य देखभाल की गुणवत्ता पर हुई चर्चा

अमृत विचार, लखनऊ : पीजीआई में इंडियन सोसाइटी ऑफ क्रिटिकल केयर मेडिसिन (आईएससीसीएम) की ओर से हॉस्पिटल एडमिनिस्ट्रेशन विभाग के क्वालिटी सेल के सहयोग से स्वास्थ्य देखभाल गुणवत्ता पर वेबिनार का आयोजन किया गया। आईएससीसीएम लखनऊ के अध्यक्ष और कार्यक्रम के आयोजन अध्यक्ष डॉ. तन्मय घटक ने स्वास्थ्य कर्मियों के लिए निरंतर शिक्षा और जागरूकता के महत्व पर जोर देते हुए कहा हमारा लक्ष्य यह सुनिश्चित करना है कि स्वास्थ्य देखभाल पेशेवर नवीनतम ज्ञान और कौशल प्रदान करने से लैस हों। कार्यक्रम में मरीजों को उच्चतम गुणवत्ता की देखभाल को लेकर विशेषज्ञों ने जानकारी साझा की। जिसमें करीब 500 से अधिक प्रतिभागियों ने भाग लिया। कार्यक्रम में डॉ. सौमित्र मिश्रा, डॉ. उत्सव आनंद मणि, आर.हर्षवर्धन, डॉ. प्रेरणा कपूर, प्रो. संजय धीरज मौजूद रहे।

इंडोक्राइन ट्यूमर किसी अंग को प्रभावित कर सकता है

अमृत विचार, लखनऊ : इंडोक्राइन ट्यूमर (एनईटी) सबसे ज्यादा अग्न्याशय में पाया जाता है। फेफड़े, आंत, पिट्यूटरी और थायराइड में भी ऐसा ट्यूमर पनप सकता है। । कुछ थायराइड ट्यूमर एनईटी भी होते हैं, जिनका इलाज कठिन होता है।पेशाब, खून व परमाणु इमेजिंग जांच से बीमारी की पहचान संभव है। यह जानकारी पीजीआई के इंडोक्राइन विभाग के अध्यक्ष डॉ. सुशील कुमार गुप्ता ने दी। उन्होंने बताया कि न्यूरो इंडोक्राइन ट्यूमर पर 15 एवं 16 जून को समिनार होगा। डॉ. सुशील ने बताया लगातार वजन में कमी, ग्लूकोज में कमी, बार-बार पेप्टिक अल्सर जैसे लक्षणों को नजरअंदाज नहीं करना चाहिए। यह न्यूरो इंडोक्रइन ट्यूमर के लक्षण भी हो सकते हैं। इसका समय पर इलाज जरूरी है। पीजीआई में इसका इलाज मुमकिन है। इस तरह के ट्यूमर के इलाज के लिए संस्थान में तीन से चार विभाग मिलकर काम कर रहें है।डॉ. सुशील ने बताया कि दो दो दिवसीय इस सेमिनार में इंडोक्राइन ट्यूमर की जांच, पहचान और इलाज पर मंथन होगा। इसमें प्रमुख राष्ट्रीय और अंतर्राष्ट्रीय एंडोक्राइनोलॉजिस्ट, ऑन्कोलॉजिस्ट, एंडोक्राइन सर्जन, न्यूरोसर्जन, न्यूक्लियर मेडिसिन विशेषज्ञ, प्रयोगशाला विशेषज्ञ नवीनतम शिरकत करेंगे।

पिकअप की टक्कर से 10 फिट उछल कर गिरे पूर्व बीडीसी सदस्य, मौत

संवाददाता, बीकेटी

अमृत विचार : तहसील मोड़ के पास शुक्रवार को पिकअप डाले की टक्कर से पूर्व बीडीसी 10 फिट दूर उछल कर जा गिरे। गंभीर घायल होने से उनकी मौके पर मौत हो गई।

इंस्पेक्टर बीकेटी आरके सिंह के मुताबिक, मगनलाल (65) मल्हीपुर गांव के रहने वाले थे। शुक्रवार को इटौंजा से लौटकर तहसील रोड जाने के लिए सड़क पार कर रहे थे। तभी तेज रफ्तार पिकअप डाले ने टक्कर से मौत हो गई। सूचना पर पहुंचे भांजे मैकूलाल ने बताया कि मामा सुबह लोधौली इटौंजा गए थे। वहां से राजकीय कृषि गोदाम पर धान का बीज लेने जा रहे थे। परिवार में पत्नी किरन देवी और दो बेटियां हैं। इंस्पेक्टर ने बताया परिजन की तरफ से प्रार्थना-पत्र मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

डीसीएम की टक्कर से चूना व्यापारी की मौत

अमृत विचार, लखनऊ/आलमबाग : कृष्णानगर कोतवाली क्षेत्र में नशे में धुत डीसीएम चालक ने चूना व्यापारी को टक्कर मार दी। गंभीर रूप से घायल व्यापारी को पुलिस ने अस्पताल भेजा। जहां पर डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। हादसे के बाद भागने का प्रयास कर रहे आरोपी को लोगों ने पकड़ कर पुलिस को सौंप दिया। आरोपी चालक नशे में धुत था। उप निरीक्षक हरिकिशन के मुताबिक, तलाश में मिले पहचान पत्र से बुजुर्ग की पहचान कल्लू चौरसिया (65) निवासी ग्राम रसूलपुर भटगांव, थाना बंथरा के रूप में हुई है। जानकारी पर पहुंचे परिजन ने बताया कल्लू चूना व्यापारी थे। वह पान दुकानों में चूना सप्लाई करते थे। रोज की तरह ही सुबह साइकिल से दुकानों को चूना सप्लाई करने निकले थे। उनके परिवार में पत्नी कृष्णा व दो बेटे अजीत, संतोष व एक अविवाहित बेटी ज्योति है। बताया डीसीएम चालक की पहचान बरता सिंह निवासी पानीपत के रूप में हुई है। परिजन की तरफ से प्रार्थना-पत्र मिलने पर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

गुरुद्वारा नाका हिंडोला में मना आषाढ़ माह का संक्रांति पर्व

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

अमृत विचार : गुरु सिंह सभा ने शुक्रवार को आषाढ़ माह का संक्रांति पर्व ऐतिहासिक गुरुद्वारा नाका हिंडोला में श्रद्धा व सत्कार के साथ मनाया गया। शाम का विशेष दीवान रहिरास साहिब के पाठ से शुरू हुआ।

हजूरी रागी राजिन्दर सिंह ने शबद कीर्तन "आषाढ़ तपंदा तिसु लगै हरि नाहु न जिंना पास" और नाम सिमरन से समूह संगत को मुग्ध कर दिया। मुख्य ग्रन्थी ज्ञानी सुखदेव सिंह ने आषाढ़ माह पर व्याख्यान देते हुए बताया कि आषाढ़ का महीना तप से भरा हुआ होता है। इस माह में गुरु अर्जुन देव के उपदेश से क्रोध की अग्नि नाम जपने व ध्यान करने से शांत हो सकती है।

गुरुद्वारा नाका हिंडोला में शबद कीर्तन करते हजूरी रागी राजिन्दर सिंह।

उन्होंने कहा कि प्रभु की भक्ति और वाहे गुरु के नाम की ठंडक की वजह से ही गुरु अर्जुन देव गर्म तवे पर बैठकर भी मुस्कराते रहे और कहा कि हमारा हृदय नाम जपने से शान्त और ठंडक से भरा है। हमें इसकी गर्मी महसूस नहीं होती।

गुरमति संगीत अकादमी के बच्चों ने "ऐसे गुरु कउ बलि बलि जाईयै आप मुकतु मोहि तारे" शब्द कीर्तन गायन कर उपस्थित संगत को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का संचालन सतपाल सिंह मीत ने किया। गुरु सिंह सभा और लखनऊ गुरुद्वारा प्रबन्धक कमेटी के अध्यक्ष सरदार राजेन्द्र सिंह बग्गा ने संगत को आषाढ़ माह संक्राति पर्व की बधाई दी।

गोमती का अस्तित्व बचाने के लिए सड़क पर उतरेगा संत समाज

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ

गोमती गौरव पदयात्रा 16 को

अमृत विचार : सामाजिक संस्था लोकभारती के तत्त्वावधान में आगामी 16 जून को राजधानी का संत समाज गोमती गौरव पदयात्रा निकालकर लोगों को नष्ट होती आदिगंगा गोमती को बचाने का अनुरोध करेगा। गंगा दशहरा के पर्व पर निकलने वाली इस पदयात्रा में संत समाज के साथ गोमती की चिंता करने वाले नागरिक भी शामिल होंगे।

मनकामेश्वर मंदिर की महंत देव्या ने इस सम्बन्ध में अन्य संतों के साथ पत्रकारों को इस पदयात्रा के बारे में विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने बताया कि 16 जून को सुबह 5.30 बजे मनकामेश्वर उपवन घाट से कलश में गोमती का जल लेकर सभी पदयात्री मनकामेश्वर मंदिर में जमा होंगे। कलश में लाये जल से शिव का अभिषेक किया जाएगा। इसके बाद सुबह 6 बजे मनकामेश्वर मंदिर से पदयात्रा शुरू होगी। विभिन्न क्षेत्रों से होती हुई यह पदयात्रा सुबह 9.30 बजे लेटे हुए हनुमान मंदिर पहुंचेगी। इस पदयात्रा में संत समाज के साथ आर्ट ऑफ़ लिविंग, राष्ट्रीय सेवा योजना से जुड़े लोग और योग के शिक्षक शामिल होंगे।

चिन्मय मिशन के महंत कौशिक चैतन्य ने बताया कि इस पदयात्रा का मकसद लोगों का ध्यान गोमती को स्वच्छ बनाने की तरफ आकर्षित करना है। उन्होंने कहा कि गोमती को साफ़ करने की जरूरत नहीं है। हम सिर्फ उसे गन्दा करना छोड़ दें तो वह खुद साफ़ हो जाएगी। गोमती में न कूड़ा डालें न पूजा के फूल।

हनुमंत धाम के महंत राम सेवक दास उर्फ़ गोमती बाबा ने कहा कि गोमती में गिरने वाले नालों को एक साल के भीतर रोकने का इंतजाम किया जाएगा। लेटे हुए हनुमान मंदिर ट्रस्ट के अध्यक्ष डॉ. विवेक तांगड़ी ने कहा कि गोमती हमने ही गंदी की है और यह हमें ही साफ़ करनी है।

हर लोकसभा क्षेत्र से चुनावों में हार का कारण खोजेगी भाजपा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

भाजपा प्रदेश अध्यक्ष ने कार्यकर्ताओं को लोस. क्षेत्रों में जाकर निराशाजनक परिणामों के कारणों को तलाशने का दिया निर्देश

अमृत विचार: लोकसभा चुनाव में भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन की समीक्षा में जुटा प्रदेश संगठन अब हार के जमीनी कारणों की पड़ताल में जुट गया है। प्रदेश अध्यक्ष भूपेन्द्र चौधरी ने पार्टी के वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को सभी लोकसभा क्षेत्रों में जाकर उन कारणों को तलाशने का निर्देश दिया है, जिसके कारण पार्टी का प्रदर्शन उम्मीदों से विपरीत रहा।

पर्यवेक्षक के रूप में पार्टी के अनुभवी नेता सभी लोकसभा क्षेत्रों में जाकर पार्टी के निचले स्तर के कार्यकर्ताओं के साथ बैठक कर चुनाव परिणामों की समीक्षा करेंगे और संगठन को 20 जून तक अपनी रिपोर्ट सौंपेंगे। भूपेन्द्र चौधरी की अध्यक्षता में गुरुवार और शुक्रवार को भाजपा मुख्यालय में हुई वरिष्ठ पदाधिकारियों की बैठक में यह फैसला लिया गया।

हमें जनादेश स्वीकार, अब सूचनाएं-जानकारी एकत्र करेंगे

बैठक के बाद शुक्रवार को पत्रकारों से बातचीत में जनादेश को स्वीकार करते हुए भूपेन्द्र चौधरी ने कहा कि लोकसभा चुनाव परिणामों की समीक्षा के क्रम में यह तय किया गया है कि हमारे संगठन के लोग लोकसभा क्षेत्रों में जाकर बैठकें करेंगे और उन सब विषयों की सूचनाएं-जानकारी एकत्र करेंगे जिनके कारण राजनीतिक परिणाम हमारे पक्ष में आए। लोकसभा क्षेत्रों से मिली जानकारी के आधार पर हम लोग आगे बढ़ेंगे।

उन्होंने कहा कि भाजपा एक विचारधारा से जुड़ा राजनीतिक दल है और हम अपने विचार के आधार पर काम करते हैं। राजनीतिक परिणामों और जनादेश को हमने सहजता से स्वीकार किया है और जनता के इस फैसले के आगे नतमस्तक हैं। उन्होंने कहा कि राजनीतिक दल के नाते हमारे संगठन की व्यवस्था है, उसके अनुसार हम लोगों ने सभी वरिष्ठ कार्यकर्ताओं को लोकसभा क्षेत्रों में भेजकर समीक्षा कराने का निर्णय लिया है।

हार के कारण व सुझाव पूछे

भाजपा के प्रदेश संगठन में लोकसभा चुनाव की कई सीटों पर हार की समीक्षा जारी है। इसी बीच आगामी विधानसभा चुनाव की भी रणनीति तैयार की जा रही है। भाजपा की समीक्षा के तहत क्षेत्रवार प्रत्याशियों को बुलाकर उनसे उनकी हार के कारण पूछे जा रहे हैं और सुझाव के लिए जा रहे हैं। इसकी एक विस्तृत रिपोर्ट तैयार की जा रही है। गुरुवार को जहां अवध क्षेत्र के प्रत्याशियों से बात हुई वहीं शुक्रवार को कानपुर और बुंदेलखंड क्षेत्र के प्रत्याशियों से बैठक हुई है। इसमें जानकारी हासिल की गई कि कहां ऐसी कमी रह गई कि चुनाव में भाजपा का प्रदर्शन उप्र. में निराशाजनक रहा।

सार-संक्षेप

पायलट परियोजना से छोटे किसानों का होगा आर्थिक उत्थान

अमृत विचार, बख्शी का तालाब : बख्शी का तालाब विकास खण्ड अंतर्गत गोहना कला गांव में द एनर्जी एंड रिसोर्सेज इंस्टिट्यूट नई दिल्ली द्वारा शुक्रवार को छोटे किसानों के आर्थिक उत्थान के लिए पायलट परियोजना का उद्घाटन किया गया।कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के तौर पर नाबार्ड से आनंदवर्धन सहायक प्रबंधक ने किसानों को बताया कि इस परियोजना को नाबार्ड द्वारा वित्त पोषित किया जा रहा है। इस परियोजना को सफल बनाने के लिए सीएसआईआर-सीमैप के वैज्ञानिक भी किसानों को अपना तकनीकी ज्ञान उपलब्ध कराने के लिए आगे आए हैं।कार्यक्रम में डॉ. लईक उर रहमान ने सभी किसानों को सीमैप की तरफ से मेडिसिनल प्लांट्स की खेती के संभंधित पूर्ण सहायता देने का आश्वासन दिया।नाबार्ड के सहायक प्रबंधक आनंदवर्धन ने किसानों को नाबार्ड की परियोजनाओं के बारे में बताया और सभी किसानों को इस परियोजना में भाग लेने के लिए प्रेरित किया। एसोसिएट डायरेक्टर डॉ पी के भट्टाचार्या ने बताया कि इस परियोजना से इस क्षेत्र के अनेक किसानों को आर्थिक लाभ मिलेगा। टेरी के सोलर एनर्जी एक्सपर्ट आकिफ फारूकी ने किसानो को सौर ऊर्जा के महत्व के बारे में बताया।कार्यक्रम में ग्राम प्रधान प्रतिनिधि धर्मेंद्र सिंह समेत सैकड़ों किसान उपस्थित रहे। परियोजना के प्रोजेक्ट इन्वेस्टिगेटर विजय विक्रम सिंह परिहार ने बताया कि यह परियोजना का उद्देश्य औषधीय और सुगंधित जड़ी-बूटियों की वैज्ञानिक खेती शुरू करके छोटे किसानों को उनकी आय बढ़ाने और सौर प्रौद्योगिकियों का उपयोग करके आवारा जानवरों से उनकी कृषि उपज की सुरक्षा करना है। गोहनाकला गांव के किसानों को सोलर टेक्नोलॉजी तथा औषधीय पौधों जैसे अश्वगंधा, अर्करा, और कैमोमाइल की खेती का प्रशिक्षण दिया जायेगा तथा जंगली,आवारा जानवरों से खेतों की सुरक्षा के लिए गांव में चिन्हित स्थान पर सौर बाड़ लगाई जाएगी।

आतंकवाद का किया जाना चाहिए सफाया

अमृत विचार, लखनऊ : जम्मू कश्मीर में श्रद्धालुओं से भरी बस पर 9 जून को हुए आतंकी हमले से 10 श्रद्धालुओं की जान चली गई। इस घटना की विश्व हिंदू परिषद व युवा इकाई बजरंग दल ने घोर निंदा किया है। हुसैनगंज स्थित परिषद मुख्यालय में शुक्रवार को आयोजित हुए पत्रकार वार्ता में प्रांत अध्यक्ष कन्हैयालाल नगीना ने कहा आतंकवाद का कठोरता से सफाया होना चाहिए। इस दुस्साहस से पूरा देश आहत है और हिंदू आम जनमानस में तीव्र आक्रोश है। जम्मू कश्मीर लंबे समय से पाकिस्तान पोषित आतंकवाद का दंश झेल रहा है, आए दिन हिंदुओं के साथ अत्याचार किया जा रहा है। धारा 370 हटने के बाद एक आशा की ज्योति जगी है, लेकिन लगता है उग्रवादियों का मनोबल अभी कम नहीं हुआ पाकिस्तान में पलने वाले इन आतंकवादियों का मनोबल बढ़ता जा रहा है विशेष रूप से हिंदुओं को चिन्हित कर उनकी हत्या की घटनाएं बढ़ती जा रही हैं। इस मौके पर प्रांत प्रचार प्रमुख नृपेंद्र विक्रम सिंह मौजूद रहे।

नेत्र रोगों के लिए करें जलनेति का अभ्यास

अमृत विचार, लखनऊ : केजीएमयू के स्वीमिंगपूल में विभिन्न आसनों के पश्चात लखनऊ विश्वविद्यालय की छात्रा ने प्लवानी प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर केजीएमयू के स्टूडेन्ट डीन एवं अन्य छात्र छात्राएं उपस्थित थे। फैकल्टी के कॉर्डिनेटर डॉ.अमरजीत यादव ने प्लवानी प्राणायाम के लाभ के बारे में बताते हुए कहा कि ये शरीर से अशुद्धियों और विषाक्त पदार्थों को निकालता है, पाचन में मदद करता है और कब्ज से छुटकारा दिलाता है। उन्होंने बताया कि नेत्र के रोगों के लिए जलनेति का अभ्यास, दमा के लिए गौमुखासन, मधुमेह के अर्धमृत्सेन आसन उच्च रक्तचाप के लिए भ्रामरी प्राणायाम का अभ्यास करना चाहिए। डॉ.ब्रिजेंद्र ने बताया कि शरीर में किसी प्रकार का रोग उत्पन्न ना हो, इसके लिए भोजन बहुत महत्वपूर्ण हो जाता है। सदैव ऐसे भोजन को ग्रहण करना चाहिए जो आसानी से पच जायें खट्टे, कड़वे, मसालेदार भोजन के सेवन से बचें। इस दौरान लखनऊ विवि की छात्रा रोमा हेमवानी ने प्लवानी प्राणायाम का अभ्यास किया। इस अवसर पर वेलफेयर स्टूडेन्ट डीन आरएएस कुशवाहा, अधिष्ठाता प्रोफेसर अशोक कुमार सोनकर, डॉ. रामकिशोर, डॉ. रामनरेश, शोभित सिंह व छात्र एवं छात्राएं उपस्थित थे।

संघ प्रमुख की आज योगी से मुलाकात संभव

राज्य ब्यूरो, लखनऊ अमृत विचार : लोक सभा चुनाव के नतीजों के बाद से भाजपा में मंथन का दौर जारी है। इसी बीच मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के शनिवार को संघ प्रमुख मोहन भागवत से मुलाकात करने की संभावना है। हालांकि योगी शनिवार सुबह वाराणसी में रहेंगे। लेकिन शाम को गोरखपुर पहुंचकर वह मोहन भागवत से मुलाकात कर सकते हैं। यह मुलाकात ऐसे समय में होने वाली है जब उत्तर प्रदेश में भाजपा 80 में सिर्फ 33 सीटें जीत पाई है। लोक सभा चुनाव नतीजे आने के बाद पहली बार योगी आदित्यनाथ, संघ प्रमुख से मुलाकात करेंगे। उप्र में भाजपा के निराशाजनक प्रदर्शन के बाद दोनों की इस मुलाकात को महत्वपूर्ण माना जा रहा है।

कार्यालय नगर पंचायत जरवल, बहराइच

सं0– 73/न0पं0ज0/2024–25 दिनांक– 14/06/2024

सार्वजनिक सूचना

नगर पंचायत जरवल के दाखिल खारिज, वरासत, वसीयत के नामान्तरण के लिए निम्नलिखित भवनों के सम्बन्ध में आवेदन पत्र प्राप्त हुए है। इन भवनों पर पूर्व में दर्ज भवन स्वामी/हितबद्ध को सूचित किया जाता है कि इस नामान्तरण पर यदि किसी को कोई आपत्ति हो तो अपने प्रमाणित साक्ष्य के साथ प्रकाशित तिथि से 30 दिवस के अन्दर आपत्ति पत्र प्रस्तुत करें। अन्यथा की स्थिति में नामान्तरण की कार्यवाही कर दी जायेगी। जिसका सम्पूर्ण उत्तरदायित्व आपका होगा। जिसका विवरण निम्नवत् है।

क्र0 सं0	नाम विक्रेता सहित पिता/पति	नाम क्रेता सहित पिता/पति	मोहल्ला	दाखिल खारिज/वरासत
1	शफीउल्ला पुत्र हफीजुल्ला	वारिस अली पुत्र शफीउल्ला	तकिया	वरासत
2	मो0 शाकिर पुत्र मो0 नकी	आरिफ पुत्र शाकिर	कटरा उत्तरी	वरासत
3	खान मो0 पुत्र तसद्दुक	मो0 नसीम पुत्र खान मो0	बाजदारी	वरासत
4	बकाउल्ला पुत्र रियाज हबीब	रमा शंकर पुत्र सोहन लाल	बेहनन टोला	दाखिल खारित
5	राम चन्दर पुत्र राम आसरे	पुत्तन लाल आदि पुत्र राम चन्दर	सराय	वरासत
6	आशिक अली पुत्र मो0 अली	मो0 आमिर पुत्र आशिक अली आदि	कृष्णानगर	वरासत
7	साबित अली पुत्र मो0 शफी	फात्मा बेगम पत्नी साबित अली	सराय	वरासत
8	मो0 इरफान पुत्र अ0 वहाब	जैनब बेगम पत्नी स्व0 इरफान	कटरा दक्षिणी	वरासत
9	अयाज अहमद पुत्र मुख्तार	अख्तरी शबनम पत्नी सलीम	वैराकाजी	दाखिल खारिज
10	वाहिया खातून पत्नी एजाजुल वरा	एजाजुल वरा पुत्र साबित अली	वायजाफत	दाखिल खारिज
11	छुन्ने पुत्र घिर्री उर्फ रसूल	नियाज अहमद पुत्र छुन्ने	सराय	वरासत
12	मतीनुद्दीन पुत्र अब्दुल हमीद	रफीउद्दीन पुत्र मतीनुद्दीन	अग्रवाल	वरासत
13	पांचू पुत्र अली बक्श	जमशेद पुत्र पांचू	सराय	वरासत
14	नसीरन बेवा सैदुल्ला	सलमान पुत्र समीउल्ला	जामा मस्जिद	वरासत
15	जमील पुत्र अहमद	हलीम पुत्र जमील	जामा मस्जिद	वरासत
16	हलीम पुत्र बशीर	जसीम पुत्र हलीम	जामा मस्जिद	वरासत
17	रशीद अहमद	अबीद अहमद आदि पुत्र रसीद अहमद	मदरसा टोला	वरासत
18	मो0 अख्तर	कम्मो बेगम पत्नी मो0 अख्तर	सराय	वरासत
19	रहमतुल्ला, मु0 साहेब, शकील अहमद	रईश अहमद, रहमतुल्ला	तकिया	वरासत
20	ताजदार खां	मो0 तारिक पुत्र ताजदार खां	सराय	वरासत
21	जमीला बेवा मो0 हासिम	मुबीना पत्नी छम्मो	सराय	वसीयत
22	जलील पुत्र खलील	कैशरजहां पत्नी जलील	कटरा दक्षिणी	वरासत
23	सरीकुन आदि	नाजरीन पत्नी मुबस्सिरउल्लाह	वैराकाजी	दाखिल खारिज
24	ननकू पुत्र तुलसीराम	राम प्रसाद पुत्र मनोरथ	तमोली टोला	दाखिल खारिज

अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत जरवल, बहराइच

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्मास्यूटिक्स) (2 वर्षीय)
• बी. फार्मा (4 वर्षीय) • एम. फार्मा (फार्माकोलॉजी) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय) • बी. फार्मा (4 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
केशलता कॉलेज ऑफ फार्मेसी
फार्मेसी काउंसिल ऑफ इंडिया (PCI), न्यू दिल्ली द्वारा मान्यता प्राप्त
• डी. फार्मा (2 वर्षीय)
मो. 9457672942
केशलता हॉस्पिटल कैंपस, डेलापीर रोड, बरेली (उत्तर प्रदेश)
बी.आई.यू. कॉलेज ऑफ मैनेजमेंट
• एम.एच.ए. (2 वर्षीय) • एम.पी.एच. (2 वर्षीय)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल कैंपस, पीलीभीत बाईपास रोड, बरेली
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9258888866) श्रीमती रिचा गुप्ता (9634654778) योगेन्द्र सिंह (9760578366)

प्रवेश प्रारम्भ
बरेली इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी, बरेली
फैकल्टी ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• बैचलर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (बी.एम.एल.एस.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन फिजियोथिरेपी (बी.पी.टी.) (4 वर्षीय)
• बैचलर ऑफ आप्टोमेट्री (बी. आप्टम) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन मेडिकल रेडियोलॉजिक इमेजिंग टेक्नॉलॉजी (बी.एम.आर.आई.) (3 वर्षीय)
• बैचलर इन ऑपरेशन थियेटर टेक्नोलॉजी (बी.ओ.टी.टी) (अगामी पाठ्यक्रम) (3 वर्षीय)
• एम.एस.सी. क्लीनिकल एंब्रियोलॉजी (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर इन मेडिकल लेबोरेटरी साइंस (एम.एम.एल.एस. (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
• मास्टर ऑफ फिजियोथिरेपी (एम.पी.टी.) (अगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
फैकल्टी ऑफ फॉरेंसिक साइंसेज
• बी.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (3 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
• एम.एस.सी. फॉरेंसिक साइंस (2 वर्षीय) (डिग्री कोर्स)
रोहिलखंड मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन एक्स-रे टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन लैब टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन रेडियोथिरेपी टेक्नीशियन (आगामी पाठ्यक्रम) (2 वर्षीय)
रोहिलखंड कॉलेज ऑफ पैरामेडिकल साइंसेज
उत्तर प्रदेश स्टेट मेडिकल फैकल्टी, लखनऊ द्वारा मान्यता प्राप्त
• डिप्लोमा इन डायलेसिस टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन एम.आर.आई. टेक्नीक्स (2 वर्षीय)
• डिप्लोमा इन इमरजेन्सी एण्ड ट्रामा केयर टेक्नीशियन (2 वर्षीय)
• सर्टिफिकेट इन सेनीटेशन (1 वर्षीय)
For Registration : Online - www.biu.edu.in, offline - Admission Cell Administrative Block, BIU (9105500202),
E-mail : repsbareilly@gmail.com, bareillyrcps@gmail.com
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
डॉ. आशीष शर्मा (9105500202) श्रीमती रिचा गुप्ता (9105500404) डॉ. प्रशांत गुप्ता (8445508214)

प्रवेश प्रारम्भ प्रवेश प्रारम्भ
वरुण अर्जुन विश्वविद्यालय
वरुण अर्जुन कॉलेज ऑफ नर्सिंग
उत्तर प्रदेश मेडिकल फैकल्टी से मान्यता प्राप्त
बी.एस.सी. नर्सिंग
(4 वर्षीय डिग्री कोर्स)
शैक्षिक योग्यता : इण्टरमीडिएट साइंस (बायोलॉजी) के साथ
पोस्ट बेसिक नर्सिंग
(2 वर्षीय कोर्स, योग्यता जी.एन.एम. पास आउट)
जी.एन.एम.
(3 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
ए.एन.एम.
(2 वर्षीय नर्सिंग कोर्स, शैक्षिक योग्यता-इंटरमीडिएट 10+2)
प्रवेश हेतु संपर्क करें :-
मो. 9412151327, 7521001992
पता
वरुण अर्जुन मेडिकल कॉलेज एवं रोहिलखण्ड हॉस्पिटल
NH-24, बन्थरा, जिला शाहजहाँपुर

एक नजर

गोरखपुर-एलटीटी विशेष ट्रेन 6 फेरों के लिए चलेगी

गोरखपुर, अमृत विचार : रेलवे प्रशासन द्वारा 05325/05326 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचलन गोरखपुर से 17 से 28 जून तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को तथा लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 19 से 30 जून तक प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को 06 फेरों के लिये किया जायेगा। 05325 गोरखपुर-लोकमान्य तिलक टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 17 से 28 जून तक तक प्रत्येक सोमवार, बुधवार एवं शुक्रवार को गोरखपुर से 21.15 बजे प्रस्थान कर लोकमान्य तिलक टर्मिनस 07.25 बजे पहुंचेगी। वापसी यात्रा में 05326 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 19 से 30 जून तक प्रत्येक बुधवार, शुक्रवार एवं रविवार को लोकमान्य तिलक टर्मिनस से 10.25 बजे प्रस्थान कर दूसरे दिन भोपाल से 01.15 बजे छूटकर गोरखपुर 18.00 बजे पहुंचेगी। यह जानकारी मुख्य जनसंपर्क अधिकारी पंकज कुमार सिंह ने दी।

अतिक्रमण की जद में आने वाले भवनों का चिह्नीकरण शुरू

बाराबंकी, अमृत विचार : जमुरिया नाले के आसपास सरकारी भूमि पर अतिक्रमण कर बने मकानों को चिन्हित कर गृह स्वामियों को प्रशासन ने चेतावनी दी है कि वह समय रहते मकान को खाली कर दें। प्रशासन स्तर पर ऐसे लोगों को काशीराम कालोनी में आवास आवंटित कर उन्हें शिफ्ट किया जायेगा। शुक्रवार को एसडीएम विजय त्रिवेदी के नेतृत्व में राजस्व विभाग व पुलिस बल की मौजूदगी में ऐसे मकानों को चिन्हित करने का काम शुरू कर दिया। अधिकारियों की माने तो अतिक्रमण की जद में लगभग 45 से ज्यादा मकान आ रहे हैं। अतिक्रमण क्षेत्र में बने मकानों को खाली करा कर आगे की प्रक्रिया पूरी की जाएगी। प्रशासन की तरफ से ऐसे गृह स्वामियों को कांशीराम कॉलोनी में आवास आवंटित किया जायेगा।

मुठभेड़ में इनामी बदमाश घायल

जिले के दो थाना क्षेत्रों में हुई लूट के मामले में तलाश रही थी पुलिस, एक फरार

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : करमुल्लापुर दादरा तिराहे पर गुरुवार की रात सफदरगंज पुलिस और स्वाट टीम की बदमाशों से मुठभेड़ हो गयी। 20 हजार का एक इनामी बदमाश पैर में गोली लगने से घायल हो गया। उसका साथी अंधेरे का फायदा उठाकर फरार हो गया। घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। पुलिस की गिरफ्त में आये बदमाश पर कई अपराधी मुकदमे दर्ज हैं। जिले के दो थाना क्षेत्रों में हुई लूट के मामले में पुलिस को इस बदमाश की काफी लंबे समय से तलाश भी थी।

सफदरगंज पुलिस और स्वाट टीम ने गुरुवार की रात करमुल्लापुर दादरा तिराहे पर चेकिंग लगाई थी। इस दौरान पुलिस को एक बाइक से दो संदिग्ध युवक आते दिखे। पुलिस ने उन्हें रोकने की कोशिश की। लेकिन रुकने की जगह पुलिस को देखकर बदमाशों ने भागने की कोशिश की। पुलिस ने बदमाशों का पीछा किया तो उनमें से एक बदमाश ने फायरिंग शुरू कर दी। जवाब में पुलिस व स्वाट टीम ने भी घेराबंदी करते हुए जवाबी फायरिंग शुरू की। पुलिस की गोली एक बदमाश के पैर में लगी और वह बाइक लेकर मौके पर गिर पड़ा। जबकि इसी बीच बाइक पर बैठा दूसरा बदमाश भाग लिकला। पुलिस ने घायल बदमाश को जिला अस्पताल में भर्ती कराया।

मुठभेड़ में घायल बदमाश।

एएसपी डॉ. अखिलेश नारायण सिंह ने बताया कि मुठभेड़ में घायल बदमाश ओमप्रकाश रावत उर्फ संतोष उर्फ ओपी पुत्र तुलसीराम निवासी खरेटी पोस्ट गवारी थाना थानगांव सीतापुर का निवासी है। उसके पास से 10 हजार रुपये नकद, एक तमंचा, एक खोखा, एक जिंदा कारतूस और एक बाइक बरामद की गयी। बदमाश ओपी पर बड्डूपुर थाना क्षेत्र से 20 हजार रुपए का इनाम भी घोषित था। इस पर लूट आदि के 10 मुकदमे पहले से दर्ज हैं। फरार बदमाश की पहचान शादाब पुत्र समी अहमद निवासी रहलामऊ चीनी मिल थाना महमूदाबाद, सीतापुर के रूप में की गई है। पुलिस उसकी गिरफ्तारी के लिए दबिश दे रही है। पकड़े गए बदमाश ओपी ने बताया कि उसने साथी शादाब के साथ बड्डूपुर थाना क्षेत्र व सफदरगंज थाना क्षेत्र में सराफ के साथ लूट की वारदात को अंजाम दिया था।

कानपुर में मुख्य आरक्षी की हत्या, चेहरा तेजाब से जला शव नाले में फेंका

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- फीलखाना थानाक्षेत्र में हुई वारदात
- अंगुलियां थीं कटी, नाले में ही मिली वर्दी और बेल्ट
- गुरुवार शाम से थे लापता

अमृत विचार: फीलखाना थानाक्षेत्र में शुक्रवार सुबह मुख्य आरक्षी की हत्या के बाद चेहरे को तेजाब से जलाकर शव को नाले में फेंक दिया गया। हत्यारों ने उनकी अंगुलियां भी काटी थीं। नाले में शव के पास पुलिस की बेल्ट और वर्दी भी मिली। शुक्रवार देर रात शिनाख्त हो सकी।

झांसी के मऊरानीपुर थाना बम्हौरी के ग्राम लारौनी निवासी 50 वर्षीय खेमचंद्र कानपुर पुलिस लाइन में हेड कांस्टेबल के पद पर तैनात थे। गुरुवार शाम करीब 4.30 बजे वो अपने कमरे से निकले थे। इसके बाद लौटकर पुलिस लाइन नहीं आए। उनके साथियों ने उन्हें कई बार फोन किया लेकिन फोन बंद बताता रहा था। परिजनों ने भी फोन किया किंतु उनकी बात नहीं हो सकी। शुक्रवार को फीलखाना थानाक्षेत्र में सुबह 9 बजे गुप्तार घाट के गहरे नाले में एक शव पड़ा मिला। पुलिस के अनुसार शव के पास वर्दी और पैर के पास बेल्ट पड़ी मिली। पूरे शरीर पर चोट के निशान थे। शव नाले में उतराता ऊपर आया तो आसपास रहने वाले लोगों ने जानकारी पुलिस को दी। फीलखाना इंस्पेक्टर रवींद्र प्रताप सिंह, एसीपी कोतवाली अर्चना सिंह फोरेंसिक टीम के साथ मौके पर पहुंचीं और जांच शुरू की। पुलिस ने शव को बाहर निकाला तो पता चला कि चेहरे को तेजाब से जलाया गया था और हाथों की अंगुलियां कटी थीं। पहचान के बाद पुलिस ने परिजनों को सूचना दी।

खेमचंद्र फाइल फोटो

एसीपी के अनुसार मामले के खुलासे के लिए तीन टीमों का गठन किया गया है। पुलिस सूत्रों ने बताया कि हत्याकांड के पीछे अवैध संबंध की आशंका है। पुलिस कॉल डिटेल, सीसीटीवी समेत अन्य बिंदुओं पर जांच कर रही है। कई संदिग्धों को हिरासत में लिया गया है। इस संबंध में फीलखाना इंस्पेक्टर रवींद्र प्रताप सिंह ने बताया कि मृतक खेमचंद्र का बेटा ट्रेनी दरोगा है। उसकी मेरठ में तैनाती है। बेटे ने कानपुर पुलिस से संपर्क कर पूरे मामले की जानकारी ली। वह लोग परिवार के साथ कानपुर पहुंच रहे हैं।

मुख्य सचिव ने कलेक्ट्रेट का किया निरीक्षण

कार्यालय संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार। मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा शुक्रवार को देर शाम कलेक्ट्रेट पहुंचे।उन्होंने कलेक्ट्रेट के मरम्मत कराए गए भवन का निरीक्षण किया। जिलाधिकारी कृतिका ज्योत्स्ना ने उन्हें गुलदस्ता देकर स्वागत किया। पुलिस की ओर से उन्हें सलामी दी गई।

मुख्य सचिव श्री मिश्रा डीएम व एसपी के साथ कलेक्टरेट के चारों तरफ हुए रंग रोगन की बारीकी से टोर्च की रोशनी में देखा और बारीकी से जानकारी हासिल की ।मुख्य सचिव ने विधिवत एक-एक बिंदु के बारे में डीएम से जानकारी प्राप्त की। डीएम ने बेबाकी से मुख्य सचिव को बताया। उन्होंने कलेक्ट्रेट भवन में बने पक्षियों व पौधों की आकृति को टार्च की रोशनी में देखा और सराहना किया।डीएम ने उन्हें धन्यवाद दिया।

शुक्रवार की देर शाम सुलतानपुर कलेक्ट्रेट का निरीक्षण करते मुख्य सचिव।

मुख्य सचिव जनसुविधा केन्द्र के अंदर जाकर कक्ष को देखा। इसके बाद वह मुख्य राजस्व अधिकारी के कार्यालय के ऊपर खिड़की के पास लगे तार को हटाने का आदेश डीएम को दिया। इसके बाद डीएम ने कलेक्ट्रेट भवन के ऊपर फहराए जाने वाले झंडे के बारे में सीएस को बताया। करीब 5 मिनट जिला जिलाधिकारी कार्यालय को देखा। करीब 20 मिनट तक निरीक्षण किया।निरीक्षण के समय बिजली नही होने से टार्च की रोशनी का सहारा लेना पड़ा।उसके बाद वह डीएम के साथ उनके आवास के लिए निकले। चीफ सेक्रेटरी एक्सप्रेसवे से लखनऊ के लिए निकल जाएंगे। इसके पहले वह वाराणसी से सीधे कलेक्ट्रेट पहुंचे थे। यहां पर पुलिस अधीक्षक सोमेन बर्मा, व एडीएम वित्त एवं राजस्व एसके सुधाकरण,एसडीएम टीपी सिंह, सीओ नगर शिवम मिश्रा, नगर कोतवाल श्रीराम पांडे, नाजिर अनलेंद्र सिंह, सिंह अपर उप जिलाधिकारी प्रवीण कुमार कई अफसर मौजूद थे।

दोनों डॉक्टरों को पुलिस ने छोड़ा, नहीं मिली तहरीर

कानपुर मेडिकल कॉलेज में महिला डॉक्टर की मौत का मामला

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के परीक्षा भवन में संदिग्ध परिस्थितियों में 75 फुट की ऊंचाई से डक्ट में गिरकर एमबीबीएस डॉक्टर दीक्षा तिवारी की मौत के मामले में पुलिस ने हिरासत में लिए उनके साथियों डॉ. हिमांशु और डॉ. मयंक को हिरासत से छोड़ दिया है। दोनों डॉक्टरों से लगभग आठ घंटे तक पूछताछ की गई मगर दोनों के बयान और बातचीत में पुलिस को ऐसा कुछ नहीं मिला जो हत्या की तरफ इशारा कर रहा हो। दीक्षा के परिजनों ने तहरीर नहीं दी है।

डॉ. दीक्षा तिवारी।

बरेली के थाना बारादरी के सुरेशनगर शर्मा नगर निवासी प्रदीप तिवारी की 24 वर्षीय इकलौती बेटी दीक्षा तिवारी ने जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज कानपुर से एमबीबीएस की पढ़ाई पूरी की थी। उसकी मेरठ मेडिकल कॉलेज में नौकरी लग गई थी। इस कारण वह अपना सामान लेने के लिए कानपुर आई थी। इस दौरान साथी डॉक्टर हिमांशु और डॉ मयंक के साथ वह बुधवार देर रात करीब 1 बजे मेडिकल कॉलेज के सुनसान परीक्षा भवन में पहुंची। छत पर सभी ने पार्टी की। उसी दौरान पांचवी मंजिल से वह डक्ट में जा गिरी। पुलिस ने पार्टी करने वाले दोनों डॉक्टरों को हिरासत में लिया था। गुरुवार देर शाम जब पोस्टमार्टम हो गया तब परिवार वालों ने दोनों डॉक्टरों से मुलाकात की। दीक्षा के पिता प्रदीप तिवारी ने पुलिस से कहा कि वह पहले अंतिम संस्कार करेंगे उसके बाद तहरीर देखेंगे। डीसीपी सेंट्रल आरएस गौतम ने बताया कि परिजनों की तरफ से शुक्रवार को भी कोई तहरीर नहीं दी गई।

पांच स्थानों के खंगाले कैमरे, तीनों नजर आए

कानपुर। जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज में डॉक्टर दीक्षा तिवारी की मौत के मामले में शुक्रवार को स्वरूप नगर पुलिस ने मेडिकल कॉलेज कैंपस में स्थित स्टेट बैंक, बैंक एटीएम, डाकघर, गेट के आसपास समेत पांच स्थानों पर लगे सीसीटीवी को खंगाला है। जिसमें तीनों आते और जाते नजर आए हैं। पुलिस इसे हादसा मान रही है, लेकिन परिजन हत्या का आरोप लगा रहे हैं।

डॉ. दीक्षा ने मौत से पहले भाई को किया था मैसेज

बरेली, अमृत विचार। मौत से पहले डॉ. दीक्षा तिवारी ने अपने इंजीनियर भाई मयंक तिवारी के मोबाइल फोन पर मैसेज किया था, जिसमें लिखा था कि उसे कुछ जरूरी बात करनी है, लेकिन जब तक भाई मैसेज देखता कि उससे पहले बहन की मौत की खबर पहुंच गई। परिजनों ने शुक्रवार को संजय नगर में डॉ. दीक्षा का अंतिम संस्कार किया। भाई मयंक तिवारी के अनुसार वह बुधवार रात किसी काम में व्यस्त थे। हादसे से कुछ समय पहले उनकी बहन दीक्षा ने मोबाइल फोन पर मैसेज किया कि वह कुछ जरूरी बात करना चाहती है, लेकिन जब तक वह मैसेज देख पाते कि बहन के मौत की खबर उन तक पहुंच गई। उसके बाद वह पुणे से मुंबई पहुंचे, जहां से फ्लाइट से लखनऊ आए। लखनऊ आने के बाद कानपुर के लिए रवाना हुए।

टैंकर से टकराने के बाद डंपर में लगी आग, जिंदा जले ड्राइवर-हेल्पर

संवाददाता, अछल्दा (औरैया)

अमृत विचार : बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर शुक्रवार दोपहर टैंकर से रगड़कर आगे निकला डंपर डिवाइडर से टकराकर आग का गोला बन गया। हादसे में क्लीनर व चालक जिंदा जल गए। बुंदेलखंड एक्सप्रेस वे पर दोपहर करीब 3 बजे मैनपुरी से खाली डंपर भिंड जा रहा था। डिवाइडर में लगे पौधों पर पानी डाल रहे टैंकर से डंपर रगड़ गया। इसके बाद डिवाइडर से जा टकराया जिससे डंपर में आग लग गई। आग से हेल्पर भदौरिया (50) निवासी भरौली भिंड तथा चालक शिष्यपाल उर्फ सोनू (40) निवासी मौरारा भिंड डंपर की केबिन में फंस गए। कुछ देर में हेल्पर जलते हुए नीचे गिरा तो ग्रामीणों ने आग बुझा दी, लेकिन चालक जलते केबिन में फंस गया। दमकल ने आग बुझाकर चालक के शव को बाहर निकाला। हेल्पर को जिला चिकित्सालय भेजा गया जहां उसकी भी मौत हो गई।

दबंगों ने ई-रिक्शा चालक का गला काटा

संवाददाता, हरदोई

हरदोई की घटना

- वाहन में आगे न बैठाने पर चाकू से किया हमला
- चालक की हालत गंभीर, एक हमलावर मुठभेड़ में गिरफ्तार

अमृत विचार। ई-रिक्शे पर आगे बैठने की ज़िद कर रहे युवको ने मना करने पर चालक पर चाकू से हमला कर दिया। गले पर वार से चालक गंभीर रूप से घायल हो गया। बीच आबादी में हुई इस तरह की वारदात से भगदड़ मच गई। गंभीर रूप से घायल हुए ई-रिक्शा ड्राइवर को मेडिकल कालेज में भर्ती कराया गया है। उधर पुलिस ने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए घेराबंदी की। इस पर आरोपियों ने पुलिस पर भी फॉयर कर दिया। मुठभेड़ में गोली लगने से एक आरोपी को गिरफ्तार कर लिया गया है। मुठभेड़ के दौरान एक कांस्टेबल भी घायल हो गया।

जानकारी के अनुसार बिलग्राम कस्बे के मोहल्ला काज़ीपुरा निवासी राहुल (32) पुत्र रामपाल ई-रिक्शा चलाता है। गुरुवार की शाम वह पीपल चौराहे से सवारी बैठाकर मैदानपुरा के लिए जा रहा था। उसी बीच ऊपरकोट किला के आगे अन्ना उर्फ फैज़ान निवासी खुर्दपुरा व उसके साथी सुफील निवासी मैदानपुरा ने ई-रिक्शा रुकवाया और ज़बरदस्ती आगे बैठने की ज़िद करने लगे। राहुल ने दोनों को पीछे बैठने के लिए कहा। उसी बात पर अन्ना ने चाकू से राहुल के ऊपर हमला करते हुए उसकी गर्दन काट दी, जिससे वह बुरी तरह से ज़ख्मी हो गया। पुलिस ने आनन-फानन में राहुल को सीएचसी पहुंचाया।

अफवाह फैलाने वालों पर होगी कार्रवाई:डीएम

कार्यालय संवाददाता, बाराबंकी

अमृत विचार : बकरीद त्योहार के दृष्टिगत जनपद में कानून एवं शांति व्यवस्था को सुदृढ़ बनाये रखने के उद्देश्य से जिलाधिकारी सत्येंद्र कुमार ने शुक्रवार को कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों, विभिन्न सम्प्रदाय के धर्मगुरुओं एवं प्रतिष्ठित नागरिकों के साथ बैठक की।

जिलाधिकारी ने कहा कि अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने अधिशासी अधिकारियों को नगरीय क्षेत्रों, जिला पंचायतराज अधिकारी को ग्रामीण क्षेत्रों व ईदगाहों एवं मस्जिदों के आसपास साफ-सफाई एवं जलापूर्ति की व्यवस्था सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने सार्वजनिक स्थलों, प्रमुख चौराहों तथा निर्धारित स्थलों पर कूड़ा ट्राली व बड़े डस्टबिन रखने के भी निर्देश दिए। डीएम ने अधिशासी अभियंता को विद्युत सप्लाई सुचारु रूप से करने के निर्देश दिए।

लोक सभागार में आयोजित बैठक में मौजूद धर्मगुरु व अन्य लोग।

केक मेकिंग वर्कशॉप में प्रतिभागियों ने लिया भाग

केक मेकिंग वर्कशॉप में अपने बनाए केक प्रदर्शित करतीं प्रतिभागी। अमृत विचार

लखनऊ, अमृत विचार : पुरनिया में खत्री कुकिंग क्लासेज द्वारा केक मेकिंग वर्कशॉप का आयोजन किया गया। इसमें प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के केक बनाने का प्रशिक्षण दिया गया। प्रतिभागियों को एगलेस केक बनाना सिखाया गया। इस अवसर पर खत्री कुकिंग क्लासेज की संचालिका निधि खत्री ने प्रतिभागियों को केक बनाने के कई टिप्स दिये। इसमें सबसे अच्छा केक रंग बिरंगा डॉल केक रहा। कार्यक्रम में प्रमुख रूप से रीटा त्यागी, रुचि, पूजा सेठ आदि मौजूद रहे।

वर्ग पहेली-101

बाएं से दाएं

1.1. पायल, नूपुर 2. हाथी के पैर में बांधने की ज़ंजीर।

2.1. कटोरे के आकार की कोई वस्तु 2. पत्तों का बना हुआ दोना 3. हथेली की अंजलि 4. डिब्बा, संदूक, पिटारी, (बॉक्स) 5. मृतक का कपाल, खोपड़ी 6. औषधि आदि पकाने के लिए कपड़े और गीली मिट्टी से लपेटकर बनाया गया एक पात्र 7. कोश 8. गीत का टेक, (केविटी)।

5. मस्जिद का वह ऊंचा चबूतरा जिसपर बैठकर इमाम या मुल्ला उपदेश देते हैं अथवा लोगों को नमाज़

7. बरफ़ के कण, हिम के अति सूक्ष्म टुकड़े, जमी हुई बरफ़ के क्रिस्टलों के समूह।

9.1. मुगल संबंधी, मुगलों का-सा, मुगली, मुगलों की तरह का 2. एक विशेष प्रकार का व्यंजन

10.1. मनगढ़ंत किस्सा या कहानी, कल्पित कहानी 2. ब्योरा, विवरण, हाल।

ऊपर से नीचे

2.1. संवर्धन, पालन-पोषण 2. समर्थन।

3.1. एड़ी के ऊपर और पिंडली के नीचे की उभरी हुई हड्डी 2. उक्त हड्डी के आस-पास का भाग।

4. शोथ, सूजन।

6.1. बाहरी या ऊपरी अंग 2. पूजा के आरंभ में किए जाने वाले औपचारिक और बाह्य कृत्य।

8.1. हिनहिनाना 2. घनघनाना, घंटे का बजाना 3. रक्षा करना 4. किसी काम को करते हुए सोच-विचार करने या बनाने-संवारने के लिए बीच-बीच में ठहरना, धीरे-धीरे धैर्य के साथ करना 5. बनाना, निर्माण करना, संवारना।



वर्ग पहेली -100 का हल

		1 कि		2 टि	3 पा	रा
4 रँ	ह	च	टा		ग	
		पि		5 गि	ल	6 न
	7 प	च	मे	ल		फ़
	रि			गि		सा
	षे			ला		नी
8 नि	क	ष	ण			

सुडोकू-14

सुडोकू एक तरह का तर्क वाला खेल है, जो एक वर्ग पहेली की तरह होता है। जब आप इस खेल को खेलना सीख जाते हैं तो यह बहुत ही सरलता से खेला जा सकता है। सुडोकू खेल में बॉक्स में 1 नंबर से 9 नंबर तक आने वाले अंक दिए हैं। इसमें कुछ बॉक्स खाली हैं, जिन्हें आपको भरना है। कोई भी अंक दोबारा नहीं आना चाहिए। एक सीधी लाइन और एक खड़ी लाइन तथा बॉक्स में नंबर रिपीट नहीं होना चाहिए।

		9			4			
5		8		1			6	
6		2			5			3
8	9					3	7	
1			2		9			4
	6	4					5	1
7			5			4		6
	5			6		1		7
			3			8		

सुडोकू - 13 का हल

9	2	7	8	3	5	4	1	6
8	4	6	7	1	9	5	3	2
1	5	3	2	6	4	8	9	7
4	7	2	1	5	3	9	6	8
3	1	9	6	2	8	7	4	5
6	8	5	4	9	7	3	2	1
5	6	4	3	7	1	2	8	9
7	3	1	9	8	2	6	5	4
2	9	8	5	4	6	1	7	3

आज का भविष्यफल

-पं.डॉ. ज्ञानेन्द्र शर्मा

आज की ग्रह स्थिति : 15 जून शनिवार 2024 संवत-2081, शक संवत 1946 मास-ज्येष्ठ, पक्ष-शुक्ल पक्ष, तिथि-नवमी 16 जून 02.32 तक तत्पश्चात दशमी।

आज का पंचांग



दिशाशूल-पूर्व। **ऋतु**-ग्रीष्म।
चन्द्रबल- मेष, कर्क, कन्या, वृश्चिक, धनु, मीन।
ताराबल-भरणी, कृत्तिका, रोहिणी, मृगशिरा, पुनर्वसु, आश्लेषा, पूर्वा फाल्गुनी, उत्तरा फाल्गुनी, हस्त, चित्रा, विशाखा, ज्येष्ठा, पूर्वाषाढ़ा, उत्तराषाढ़ा, श्रवण, धनिष्ठा, पूर्वाभाद्रपद, रेवती।
नक्षत्र-उत्तराफाल्गुनी 08.14 तक तत्पश्चात हस्त।

मेष — आज अधीनस्थ कर्मचारियों के ऊपर आप नाराज हो सकते हैं, लेकिन अपने संबंधों को किसी से खराब न करें। आप कुछ रचनात्मक कार्यों में प्रवृत्त हो सकते हैं। अपनी कार्यशैली से आप ज्यादा संतुष्ट नहीं रहेंगे, लेकिन फिर भी आप अपना काम अच्छी तरह से करेंगे।

वृष — आज परिस्थितियां आपके आशानुकूल प्रतीत नहीं हो रही हैं। विद्यार्थी अपनी पढ़ाई को लेकर कुछ तनाव में हो सकते हैं। अपनी परिस्थितियों में कुछ बदलाव की अपेक्षा कर रहे हैं। आप किसी परिजन के ऊपर नाराज हो सकते हैं।

मिथुन — आज आप महत्वपूर्ण कार्यों में कुछ देरी कर सकते हैं जिससे अपेक्षित परिणाम मिलने में थोड़ा समय लग सकता है। जीवनसाथी की सेहत का विशेष ध्यान रखें। विद्वान लोगों के बीच आपका प्रभाव बढ़ेगा। संतान को लेकर कुछ चिंता हो सकती है।

कर्क — आज दूसरे शहरों में रहने वाले भाई-बहन से बात हो सकती है। छुट्टी मनाने के लिए किसी अध्यात्मिक स्थल की यात्रा कर सकते हैं। आप आत्ममंथन में काफी समय बिता सकते हैं। व्यवसाय में आप कुछ बदलाव की योजना बना सकते हैं।

सिंह — आज पेट में दर्द की शिकायत हो सकती है। नशे का सेवन बिल्कुल न करें। माता के प्रति अपना व्यवहार अच्छा रखें। धन किसी को उधार न दें। आप कुछ उदास रहेंगे। कटु भाषा का प्रयोग करने से आपके स्वजन भी आपसे नाराज हो सकते हैं।

कन्या — आज आप परिस्थितियों के अनुसार बुद्धिमत्ता पूर्ण निर्णय लेंगे। आईटी और सॉफ्टवेयर क्षेत्र से जुड़े लोगों के लिए दिन उपलब्धिकारक हो सकता है। आप काफी सक्रिय रहेंगे। कार्यशैली में बदलाव करने से आपके काम की गुणवत्ता में वृद्धि होगी।

तुला — आज विदेश यात्रा को लेकर योजना बन सकती है। दूसरों के ऊपर ज्यादा निर्भरता न रखें। किसी अन्य भाषा को सीखने में आप रुचि ले सकते हैं। आपके मन में अजीबो-गरीब विचार चलते रहेंगे, लेकिन आपको काफी स्थिर रहने की आवश्यकता है।

वृश्चिक — आज आपसे अधिकारी वर्ग के लोग परामर्श ले सकते हैं। आपको प्राथमिकता क्रम निर्धारित करने में कठिनाई होगी जिसके कारण आपके कुछ आवश्यक काम छूट भी सकते हैं। दिखावा करने से आपको बचना चाहिए।

धनु — आज आपको एक कठिन काम सौंपा जा सकता है, किंतु आप उसे अच्छी तरह से पूरा कर पाएंगे। आप में काम को लेकर अतिरिक्त उत्साह रहेगा जिससे लोग काफी प्रभावित रहेंगे। आपको कुछ चुनौतियों का सामना करना पड़ेगा।

मकर — आज दांपत्य संबंधों में कड़वाहट हो सकती है। इसीलिए आपको काफी संयम और धैर्य का परिचय देना होगा। अपनी गुप्त बातें किसी से शेयर न करें। आप काफी व्यस्त रहेंगे, लेकिन उस अनुपात में आपको परिणाम नहीं मिलेगा।

कुंभ — आज क्रोधी व्यवहार का आपके व्यवसाय पर भी असर पड़ सकता है। नए कार्यों की शुरुआत न करें, चलते हुए कार्यों पर ही ध्यान दें। विरोधियों से सावधान रहें। आपका मन अशांत रहेगा। अनावश्यक शंका के कारण आपके मित्र आपसे नाराज हो सकते हैं।

मीन — आज सहकर्मी आपसे काफी अच्छा व्यवहार करेंगे। आप तेजी से अटके हुए कार्यों को पूरा करने का प्रयास करेंगे। लंबी दूरी की यात्रा न करें। बच्चों की परवरिश पर ध्यान दें। आप परिजनों को समय देंगे। जीवनसाथी को कुछ उपहार दे सकते हैं।

आज की फिल्में

B4U MOVIES	चाइना गेट सुबह : 09.46 कीमत रात : 07.00	SONY PIX	मैड मैक्स : फरी रोड सुबह : 09.35 जॉन विक : चैप्टर 2 रात : 09.00
&pictures	कहो ना प्यार है सुबह : 10.55 हिम्मतवर रात : 07.30	ZEE CINEMA	रक्षा बंधन दोपहर : 12.35 द रियल तेवर रात : 08.00
colors CINEPLEX	हीरोज सुबह : 11.21 दसवीं शाम : 05.58		

आज की सुपरहिट फिल्म

जी सिनेमा पर रात : 08.00 बजे

जोक्स ऑफ द डे

पत्नी के जन्मदिन पर पति ने पूछा- तुम्हें क्या गिफ्ट चाहिए?
पत्नी की इच्छा नई कार लेने की थी, उसने घुमा-फिराकर कहा- मुझे ऐसी चीज लेकर दो, जिस पर मेरे सवार होते ही वो दो सेकेंड में 0 से 80 पर पहुंच जाए।
शाम को ही पति ने उसे वजन करने वाला कांटा लाकर दे दिया।
अब घर में युद्ध जैसा माहौल है...

मास्टर जी ने पप्पू से एक बहुत ही कठिन सवाल पूछ लिया- सबसे पहले क्या आया मुर्गी या अंडा ?
पप्पू ने जवाब दिया- यार, सीधी सी बात है जिसका ऑर्डर पहले दोगे वो आएगा।

असन्त्यागात् पापकृतामपापांस्तुल्यो दंड स्पृशते मिश्रभावात्।
शुष्केणार्दंदह्यते मिश्रभावात्तस्मात् पापै : सह सन्धि नकुर्य्यात् ॥

दुर्जनों की संगति के कारण निरपराधी भी उन्हीं के समान दंड पाते हैं, जैसे सूखी लकड़ियों के साथ गीली भी जल जाती हैं। इसलिए दुर्जनों का साथ मैत्री नहीं करनी चाहिए।

संपादकीय

भारत की बढ़ती मान्यता

इटली के अपुलीया में आयोजित तीन दिवसीय ग्रुप ऑफ सेवन (जी-7) औद्योगिक देशों का शिखर सम्मेलन राष्ट्रों के समूह के रूप में पश्चिमी देशों के राजनीतिक विकास में एक निर्णायक क्षण साबित होने वाला है। सम्मेलन ऐसे समय में हो रहा है जब रूस-यूक्रेन युद्ध तीसरे वर्ष में प्रवेश कर रहा है। इजराइल व फिलस्तीन के संघर्ष से मानवीय संकट खड़ा हो गया है। जी-7 में शामिल अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस और कनाडा में चुनाव होने हैं। जबकि जापान में सत्ताधारी पार्टी के अध्यक्ष पद के लिए चुनाव होना है। ऐसे में जी-7 के फैसलों का नतीजा महत्वपूर्ण होगा। शिखर सम्मेलन ग्लोबल साउथ के लिए अहम मुद्दों पर विचार विमर्श का अनूठा अवसर है। नरेंद्र मोदी तीसरी बार प्रधानमंत्री बनते ही जी-7 शिखर सम्मेलन में भाग ले रहे हैं। उन्होंने कहा कि वे बेहतर भविष्य के लिए अंतर्राष्ट्रीय सहयोग को प्रोत्साहित करना चाहते हैं। गौरतलब है कि सात देशों के इस समूह का भारत हिस्सा नहीं है मगर इटली की तरफ से बुलावा आने के बाद प्रधानमंत्री ने आउटरीच देश के रूप में जी-7 शिखर सम्मेलन में हिस्सा लिया। भारत अभी तक 10 बार जी-7 शिखर सम्मेलन में शामिल हो चुका है। भारत की नियमित भागीदारी स्पष्ट रूप से भारत की बढ़ती मान्यता और उन प्रयासों के योगदान की ओर संकेत करती है, जो भारत शांति, सुरक्षा, विकास और संरक्षण सहित वैश्विक चुनौतियों को हल करने की कोशिश में लगातार कर रहा है। भारत के लिए, जी-7 शिखर सम्मेलन अमेरिका और यूरोप के साथ भारत की बढ़ती साझेदारी के वैश्विक आयाम को विस्तार देने का एक अवसर है। यानी सम्मेलन भारत और पश्चिम के बीच नए वैश्विक समझौते की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम के रूप में उभर सकता है। कुछ महीने पहले जी-20 की अध्यक्षता के दौरान भारत ने कई विवादास्पद मुद्दों पर दुनिया के अन्य सदस्य देशों के साथ सहमति बनाने में शानदार भूमिका निभाई। हमेशा भारत का उद्देश्य ग्लोबल साउथ के हितों और चिंताओं को दुनिया के सामने लाना रहा है।

भारत दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था वाला देश है। भारत, एशिया और वैश्विक दक्षिण में अपनी साझेदारी को मजबूत करना जारी रखे हुए है, पश्चिम के साथ अधिक उत्पादक साझेदारी भारत के राष्ट्रीय हितों की बढ़ती श्रृंखला को सुरक्षित करने में मदद करती है और भारत के अंतर्राष्ट्रीय संबंधों में एक नई गहराई जोड़ती है। भारत के अमेरिका, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी और जापान के साथ जहां मजबूत रिश्ते हैं, वहीं चीन भारत की वैश्विक आकांक्षाओं के लिए सबसे बड़ी बाधा है। ऐसे में एक पश्चिमी धुरी जिसमें अमेरिका, फ्रांस, ब्रिटेन, यूरोपीय संघ के साथ-साथ क्वाड के साथ मजबूत द्विपक्षीय रणनीतिक सहयोग शामिल है, भारत को चीन का मुकाबला करने में मदद कर सकता है।

सपनों पर प्रहार करती वर्तमान परीक्षा प्रणाली

अमृता पांडे
स्वतंत्र लेखिका, हल्द्वानी

बार-बार होने वाले घोटालों ने परीक्षा की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाना ही एकमात्र उपाय है। हाल ही में घोषित हुआ नीट का परिणाम इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है।

भारतीय परीक्षा प्रणाली में बदलाव पर पुनर्विचार करना जरूरी हो गया है। व्याप्त खामियों को समय रहते सुधार लेना ही हितकर होगा। चीन, अमेरिका और यूरोपीय देशों में मूल्यांकन और आकलन के पैमाने हमसे भिन्न हैं। हमारी परीक्षा प्रणाली प्रतिस्पर्धा के कारण इसे तनावपूर्ण बना देती है।

पारदर्शिता आए दिन छात्रों के लिए चुनौती बनती जा रही है। आयोजकों में उत्तरदायित्व की कमी साफ नजर आती है। बच्चे बहुत मेहनत से परीक्षा की तैयारी करते हैं और जब कभी पेपर लीक की खबर या दोबारा परीक्षा होने की खबर आती है तो उनका मनोबल टूट जाता है। छात्रों की मेहनत का अनुकूल परिणाम उन्हें देना जरूरी है। बच्चों में आलोचनात्मक कौशल विकसित करना भी जरूरी है। इसके अतिरिक्त समस्या समाधान कौशल भी जिसके अभाव में अनहोनी घटती रहती है। रटने या क्लास रूम की संस्कृति से इतर वास्तविक परिवेश से उनका सामना हो वरना आज बच्चा पढ़ाई में इतना व्यस्त है कि इन वर्षों के दौरान वह समाज से दूरी बना लेता है। परिणाम स्वरूप आने वाले वर्षों में सामंजस्य स्थापित करना मुश्किल हो जाता है। साथ ही स्कूलों में छात्रों का रचनात्मक मूल्यांकन हो। हालांकि शिक्षा व्यवस्था में कई परिवर्तन आए। जैसे शिक्षा का अधिकार अधिनियम 2009 आया। विभिन्न स्तरों पर सर्व शिक्षा अभियान चलाया गया, लेकिन अधिक फर्क नहीं आया। नई शिक्षा नीति 2020 लागू हो चुकी है। खामियां अभी भी बाकी हैं।

बार-बार होने वाले घोटालों ने परीक्षा की विश्वसनीयता पर प्रश्न चिन्ह लगा दिया है। परीक्षा प्रणाली को पारदर्शी बनाना ही एकमात्र उपाय है। हाल ही में घोषित हुआ नीट का परिणाम इसका प्रत्यक्ष उदाहरण है। तकनीकी गड़बड़ियों के चलते बोनस मार्क्स की बात हो या कुछ और दाल में काला जरूर है। यही नहीं, पिछले पांच सालों में विभिन्न राज्यों में 40 से ज्यादा पेपर लीक हुए हैं जिसमें कांस्टेबल, शिक्षक भर्ती और पटवारी जैसी कई परीक्षाएं हैं। ऐसी गड़बड़ी की जांच के लिए



विशेष जांच एजेंसी की जरूरत है। साथ ही दोषियों पर दंडात्मक कार्यवाही भी। पेपर रद होना छात्रों के लिए हमेशा निराशाजनक होता है। खासकर ग्रामीण और गरीब पृष्ठभूमि के छात्र इससे ज्यादा प्रभावित होते हैं। कई माता-पिताओं ने परीक्षा की तैयारी के लिए अपनी जरूरतों पर लगाम लगाकर अपने बच्चों को कोटा भेजा था। नीट में भी कई छात्रों का यह दूसरा और तीसरा प्रयास था। दोबारा परीक्षा कराने से अकादमी कैलेंडर भी प्रभावित होता है। परीक्षा प्रणाली पर सवाल खड़े होने लगते हैं।

कई परीक्षाएं आगे होनी हैं जिसमें आगामी 16 जून को आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षा मुख्य है, जो मई के महीने में आयोजित होनी थी, परंतु लोकसभा चुनाव की वजह से तिथि आगे बढ़ा दी गई। सिविल सेवा परीक्षा में हालांकि ऐसे अधिक अवसर नहीं आए, लेकिन लगभग डेढ़ दशक पहले आरोप जरूर लगे थे। जब सत्रह सौ उम्मीदवारों को चुना गया था और नतीजे बारह सौ अभ्यर्थियों के ही सार्वजनिक किए थे। याचिका लंबे समय तक सुप्रीम कोर्ट में लंबित रही। सिविल सेवा परीक्षा एक लोकप्रिय परीक्षा है। प्रतिष्ठा से जुड़ी होने के कारण लाखों अभ्यर्थी इस परीक्षा को पास करने का सपना देखते हैं। इस परीक्षा को क्रेक करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की जरूरत है। बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और

कई परीक्षाएं आगे होनी हैं जिसमें आगामी 16 जून को आयोजित होने वाली सिविल सेवा परीक्षा मुख्य है, जो मई के महीने में आयोजित होनी थी, परंतु लोकसभा चुनाव की वजह से तिथि आगे बढ़ा दी गई। सिविल सेवा परीक्षा में हालांकि ऐसे अधिक अवसर नहीं आए, लेकिन लगभग डेढ़ दशक पहले आरोप जरूर लगे थे। जब सत्रह सौ उम्मीदवारों को चुना गया था और नतीजे बारह सौ अभ्यर्थियों के ही सार्वजनिक किए थे। याचिका लंबे समय तक सुप्रीम कोर्ट में लंबित रही। सिविल सेवा परीक्षा एक लोकप्रिय परीक्षा है। प्रतिष्ठा से जुड़ी होने के कारण लाखों अभ्यर्थी इस परीक्षा को पास करने का सपना देखते हैं। इस परीक्षा को क्रेक करने के लिए कड़ी मेहनत और लगन की जरूरत है। बिहार, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड और राजस्थान जैसे राज्यों के युवाओं में सरकारी नौकरी के लिए एक विशेष जज्बा देखा जाता है।

राजस्थान जैसे राज्यों के युवाओं में सरकारी नौकरी के लिए एक विशेष जज्बा देखा जाता है। आज सभी छोटे बड़े शहरों में इस परीक्षा की कोचिंग के लिए बहुत सारे संस्थान खुल गए हैं। हालांकि इनमें विशेषज्ञों और सुविधाओं के बारे में जानकारी लेना एक अलग पर महत्वपूर्ण विषय है। दिल्ली के करोल बाग, मुखर्जी नगर क्षेत्र में हजारों छात्र किराए के कमरों में रहकर इस परीक्षा की तैयारी करते हैं। वहां पर लोगों ने अपने घरों का व्यावसायिक इस्तेमाल बेहतरीन तरीके से किया है। छोटे-छोटे कमरे जहां दिन भर बल्ब जलाकर उजाला करना पड़ता है, भारी भरकम किराया, फिर भी कुछ बनने की चाह में छात्र वहां रहते हैं।

परीक्षा के लिए योग्यता किसी मान्यता प्राप्त विश्वविद्यालय से स्नातक डिग्री है। यह बीई और एमबीबीएस की डिग्री भी हो सकती है। केवल भारतीय नागरिक ही इस परीक्षा के पात्र हैं। 21 से 32 वर्ष का कोई भी भारतीय नागरिक इस परीक्षा को दे सकता है। हालांकि आरक्षित वर्ग के लिए उम्र की अधिकतम सीमा में ढील दिए जाने के प्रावधान हैं। प्रयासों की संख्या सामान्य अभ्यर्थी के लिए छह है। ओबीसी और पीडब्ल्यूबीडी के लिए नौ और एससी और एसटी के लिए 37 साल की उम्र तक असीमित हैं। तीन चरणों में होने वाली यह परीक्षा मैराथन ही कही जा सकती है। पहले प्रीलिम्स, फिर मुख्य परीक्षा और अंत में इंटरव्यू। सामान्य अध्ययन इस परीक्षा का महत्वपूर्ण भाग है। एनसीईआरटी की किताबों से भी मदद मिलती है। प्रारंभिक परीक्षा में वस्तुनिष्ठ प्रश्न होते हैं जबकि मुख्य परीक्षा में वर्णनात्मक। निबंध लेखन के अलावा भारतीय संस्कृति, विश्व का इतिहास, भूगोल और सामाजिक परिदृश्य पर जानकारी स्पष्ट होनी चाहिए। सामान्य अध्ययन में संविधान, शासन प्रणाली, राजनीति, अंतर्राष्ट्रीय संबंध जैसे विषय महत्वपूर्ण हैं।

पर्यावरण, आपदा प्रबंधन के अतिरिक्त दो वैकल्पिक विषय जिसे उम्मीदवार अपनी रुचि के अनुसार चुन सकता हैं। जरूरी नहीं कि स्नातक में गणित पढ़ने वाला अभ्यर्थी गणित विषय को लेकर ही परीक्षा दे। वह समाजशास्त्र या मनोविज्ञान जैसे विषय भी ले सकता है। मुख्य परीक्षा की कट ऑफ को क्लियर करने वाले अभ्यर्थी साक्षात्कार के लिए आमंत्रित किए जाते हैं। मेरिट के अनुसार विभिन्न सेवाओं में उनका चयन किया जाता है। आए दिन विभिन्न परीक्षाओं पर घपले के जो बादल मंडरा रहे हैं, उसे देखकर आज हर परीक्षा के आयोजन पर संदेह होता है। उम्मीद यही करेंगे कि परीक्षा कराने वाली एजेंसी या संस्था अपनी गरिमा और विश्वसनीयता बनाए रखने में कायम रहेगी ताकि शिक्षा के मूल्य पर कोई संदेह न हो और छात्रों के भविष्य के साथ किसी तरह का खिलवाड़ भी नहीं।

प्रसंगवश

विकल्पहीनता में विकल्प की आशा

लोकतांत्रिक राजतंत्र और वाणिज्यतंत्र के हाथों कठपुतली की तरह नाचते हुए आज का मानव एक ऐसी स्थिति तक पहुंच चुका है, जहां उसे वीभत्स भविष्य की संभावनाओं की आहट होने लगी है। परमाणु अस्त्रों की भयावह छाया में जहां युद्ध की विभीषिका होगी, शोषण की क्रूरता होगी और होगा अराजकता का तांडव, प्रदूषण का घुटन होगा, विश्रृंखलित समाज होगा और होंगे अनैतिक मूल्य। वैज्ञानिक प्रगति और सभ्यता के विकासक्रम में पूंजीवादी और साम्यवादी दोनों ही पद्धतियों से यद्यपि मानव का भौतिक स्तर ऊंचा हुआ है, परंतु उसके नैतिक स्तर में जितनी गिरावट आती जा रही है, उतनी गिरावट पहले कभी नहीं थी।

डॉ. चन्द्रविजय चतुर्वेदी
प्रयागराज

औद्योगिक और भौतिक मूल्यों को प्रधानता देने वाली आज की वैज्ञानिक सभ्यता ने जिस समाज का संश्लेषण किया है, उसकी जीवंतता नष्ट प्रायः है। समाज का स्वतः विकासमान ऑर्गेनिक नेचर विलुप्त होता जा रहा है। विगत पांच दशकों से विश्व के लगभग सभी देशों में एक वैकल्पिक समाज और व्यवस्था की खोज की छटपाहट स्पष्ट दिख रही है। आज सारे विश्व के समक्ष एक गंभीर प्रश्न है उस मानवीय संस्कृति और समाज के निर्माण का जिससे मानवता की रक्षा हो सके, जो व्यष्टिवाद और समष्टिवाद के द्वंद्व में विनष्ट हो रहा है।

विगत पांच दशकों के विश्व का इतिहास साक्षी है कि एक ओर औद्योगिक और भौतिक मूल्यों की संस्कृति का दुष्चक्र, दूसरी ओर वैकल्पिक संस्कृति के निर्माण के खोज की अकुलाहट भरी खीज, दिशाहीन विद्रोह, झूठ, घृणा, हिंसा पर आधारित राजनीति और वैचारिक दासता आदि ने ऐसा संशय और संभ्रम उत्पन्न कर दिया है जैसा मानवीय सभ्यता के इतिहास में इसके पूर्व कभी नहीं था। इस संशय और संभ्रम के निवारण की किरणे आचार्य विनोबा भावे के नवविचार के दर्शन में प्रस्फुटित होती दिख रही हैं। गांधी के विचार और दर्शन को आध्यात्मिक और वैज्ञानिक प्रसार देने वाले भूदानयज्ञ के संत विनोबा ने लोकजीवन और उसके व्यवस्था की संरचना को हिंसा मुक्त और जीवंत बनाने के लिए जो सिद्धांत प्रतिपादित किए उन पर विचार मंथन आज बहुत प्रासंगिक हो गया है। इस वैज्ञानिक युग में राजनीति और धर्मपंथ कालबाह्य -आउट डेटेड हो चुके हैं। अब विज्ञान और अध्यात्म ही रहने वाला है। जाने के पहले राजनीति और धर्मपंथ बहुत तकलीफ देंगे, लेकिन इन्हें जाना ही है। लाख कोशिशों पर भी ये बचेंगे नहीं।

आधुनिक युग में भी सामाजिक परिवर्तन और पुनर्निर्माण के लिए दो ही शक्तियों का प्रयोग किया जा रहा है-हिंसा और दंड शक्ति, यह हिंसा और दंड शक्ति चाहे राज्य की हो या धर्मपंथ की। राजनीति के दुष्चक्र में शासन कर रहे लोकतंत्र, एकतंत्र, समाजवाद, साम्यवाद ने पूरी दुनिया को एक यांत्रिक राजनैतिक तथा संवेदनहीन आर्थिक संगठन के नीचे दबा दिया है। दुनिया ने धर्म के मूल तत्व ज्ञान को समझने के बजाय धर्मपंथ को निषेध के रूप अधिक ग्रहण किया। विनोबा ने देखा एक छोर है-ध्यान, धारणा, समाधि ,भजन कीर्तन में डूबे रहना-मोक्ष की कामना में व्यक्ति अपना चित शुद्ध कर रहा है। समाज का चित शुद्ध नहीं है तो व्यक्ति के चित शुद्धि का कोई अर्थ नहीं है।

प्रह्लाद ने नृसिंह भगवान से प्रार्थना की इन दीनजनों को छोड़कर मैं अकेले मुक्त नहीं होना चाहता। प्रह्लाद का अनुसरण करते हुए बाबा का अभूतपूर्व अद्वैत चिंतन है, वे कहते हैं कि बाबा व्यक्ति रहा ही नहीं, बाबा समूह है और समूह के नाते ही यह देह है। बाबा सामूहिक मुक्ति के पक्षधर हैं। विनोबा ने एक स्थल पर कहा की सर्वसम्मति तब तक नहीं हो सकेगी जब तक राजसत्ता चलती रहेगी और जिसको संतपुरुष माना, आचार्य माना ऐसे पुरुष की भी सत्ता राजसत्ता से कम रुकावट वाली नहीं होती। पुरुष विशेष का युग गया। एकता की आकांक्षा समग्र विश्व में इस समय भरी है। अब जो महापुरुष पैदा होंगे उनकी खूबी होगी की वे सर्वसम्मति की शक्ति से काम करेंगे।

विनोबा के चिंतन को एक वाक्य में परभाषित करते हुए कहा जा सकता है कि प्राचीन चेतनवाद अध्यात्म युगों से इसलिए सार्थक है कि वह युगयुगीन वैज्ञानिक दृष्टिकोण को समेटे हुए है तथा आज का प्रयोगवादी विज्ञान प्राचीन आध्यात्मिक मूल्यों को समेट कर ही अपनी सार्थकता सिद्ध कर सकेगा।

ऐतिहासिक मोड़ पर यूरोप

चंद्रभूषण
वरिष्ठ पत्रकार

अति राष्ट्रवाद दो यक्ष-प्रश्न लोगों के सामने हैं। यूक्रेन की लड़ाई कब ठंडी पड़ेगी और विस्थापितों की वापसी का कुछ हो पाएगा या नहीं।

द्वितीय विश्वयुद्ध के बाद यूरोप का सबसे बड़ा युद्ध यूक्रेन की जमीन पर चल रहा है जिसमें एक तरफ रूस है और दूसरी तरफ सारे नाटो देश। इस लड़ाई में एक तरफ काफी धन की बर्बादी हो रही है, दूसरी तरफ तेल और गैस समेत बहुत सारे प्राकृतिक संसाधन, जिन पर यूरोप की संपदा निर्भर करती थी, रूस से आने बंद हो गए हैं। अगली बड़ी समस्या यह है कि पूरा मध्यपूर्व जिसमें पश्चिमी एशिया और उत्तरी अफ्रीका शामिल हैं- लीबिया, सीरिया, इराक और लेबनान से लेकर अफगानिस्तान तक- पूरा इलाका अभी उजड़ा पड़ा है और वहां से बड़ी संख्या में लोग भागकर यूरोप जा रहे हैं।

दसियों लाख लोग भगदड़ की तरह तुर्की और इटली के रास्ते यूरोप के शहरों में भर गए हैं। पेरिस और बर्लिन से लेकर मिलान और वारसा तक कई मशहूर शहर, जो सदियों से अपने सुंदर रख-रखाव के लिए जाने जाते रहे हैं, अभी विशाल झुग्गी-झोपड़ियों से कसे नजर आ रहे हैं। इसका सबसे बड़ा नुकसान यह हो रहा है कि यूरोप का कम पढ़ा-लिखा मैनुअल लेबर वाला तबका या तो बेरोजगार हो गया है या उसको बहुत कम मजदूरी पर काम करना पड़ रहा है। महंगाई और बेरोजगारी की शक्ल में जाहिर हो रहे इन दोनों मुद्दों को लेकर यूरोप में काफी गुस्सा है।

अति राष्ट्रवाद दो यक्ष-प्रश्न लोगों के सामने हैं। यूक्रेन की लड़ाई कब ठंडी पड़ेगी और विस्थापितों की वापसी का कुछ हो पाएगा या नहीं। दोनों मसले सबसे ज्यादा तीखे ढंग से फ्रांस, जर्मनी और इटली की अति राष्ट्रवादी पार्टियों ने उठाए हैं और यूरोपीय संसद के चुनाव में उनके वोट 2019 के मुकाबले डेढ़ से दो गुने हो गए हैं। इन नतीजों का एक संदेश साफ है कि यूक्रेन की लड़ाई में अधिक से अधिक कुर्बानी देने की अमेरिकी पुकार यूरोप में पहले से कम सुनी जाएगी। यूरोपीय संसद को समझना हो तो यह यूरोप के एकीकरण के सात स्तरों और कानून बनाने से जुड़े तीन स्तरीय ढांचे में से एक है। द्वितीय विश्व युद्ध के बाद यूरोप समझ गया कि आपस में युद्ध का रास्ता उसे कहीं का नहीं छोड़ेगा। एकजुटता की कोशिशों के क्रम में अब से 71 साल पहले यूरोपियन पार्लियामेंट का गठन हुआ, हालांकि इसके लिए हर पांच साल पर होने वाले चुनाव 1979 से होने शुरू हुए।

यह संसद एक त्रिस्तरीय व्यवस्था के बीच में पड़ती है। सबसे ऊपर यूरोपियन कमीशन है, एक कार्यकारी ढांचा, जो किसी जरूरी मुद्दे पर कोई प्रस्ताव सांसद के सामने रखता है। यूरोपीय संसद उस पर बहस और वोटिंग करती है। अंत में राष्ट्रीय सरकारों के प्रतिनिधियों को लेकर गठित 27 सदस्यीय यूरोपियन काउंसिल आखिरी तौर पर यूरोपीय संसद की राय को स्वीकारती है, नकारती है, उसमें कोई सुधार करती है या फिर उसका कोई सदस्य उसे वीटो कर देता है। यूरोपीय संसद में अभी 720 सीटें हैं। 2019 के चुनाव में इसमें 705 सीटें थी। सबसे ज्यादा यूरोपीय सांसद जर्मनी से, फिर फ्रांस, इटली और स्पेन से चुनकर आते हैं और सबसे कम, छह-छह सीटें माल्टा और लक्जमबर्ग को मिली हुई हैं। यूरोपीय संसद में अलग-अलग मिजाज की पार्टियों को मिलाकर बने गुटों में ये सांसद बैठते हैं। धुर वाम से लेकर धुर दक्षिण तक एक बड़ा पॉलिटिकल स्पेक्ट्रम यूरोपीय संसद में नजर आता है।

इस बार के चुनाव नतीजों का एक और खराब पहलू जो यूरोपियन यूनियन की ताकत या अधिकारों में कमी का दबाव बनने का है। इसकी वकालत करने वाली पार्टियों ने पहली बार लगभग एक चौथाई सीटें जीत ली हैं, जो उनके इतिहास का सबसे अच्छा प्रदर्शन है। एस्टेब्लिशमेंट की जो पार्टियां हैं, उनमें जर्मनी की क्रिश्चियन डेमोक्रेटिक यूनियन जैसे मध्य-दक्षिणपंथी दलों ने सबसे ज्यादा 191 सीटें जीती हैं। उसके बाद 125 के लगभग सीटें सोशल डेमोक्रेट्स ने जीती हैं। विपरीत विचारधारा के बावजूद इन दोनों मध्य-दक्षिण और मध्य-वाम दलों को इस्टैब्लिशमेंट की पार्टी कहा जाता है, क्योंकि ये यूरोपियन यूनियन का होना सुनिश्चित करती हैं। यानी यूरोपियन यूनियन के अस्तित्व पर फिलहाल कोई खतरा नहीं है।

फ्रांस में इमानुएल मैक्रों की पार्टी रिनासां जैसे लिबरल मिजाज के यूरोपीय दल और पर्यावरण के लिए लड़ने वाली ग्रीन पार्टियां कमजोर हुई हैं, जबकि यूरोपीय संघ के बजाय राष्ट्रों की पहचान पर ज्यादा जोर देने वाली पार्टियां मजबूत हुई हैं। इससे ऐसा लगता है कि अगले पांच सालों में, खासकर अमेरिका में डॉनल्ड ट्रंप के चुन लिए जाने की स्थिति में अमेरिका और यूरोप का नया कॉम्बिनेशन यूक्रेन के लिए नुकसानदेह साबित होगा।

सोशल फोरम

सही राह

एक बार स्वामी विवेकानंद को नदी पार जाना था। स्वामी जी नदी किनारे खड़े नाव का इंतजार कर रहे थे। इतने में दो साधु आए। उन्हें भी नदी पार ही जाना था। उन्होंने विवेकानंद को पहचान लिया और उनसे नदी के तट पर खड़े होने का प्रयोजन पूछा। स्वामी जी ने बताया कि उन्हें नदी पार जाना है, इसलिए नाव का इंतजार कर रहे हैं।

इस पर दोनों साधु थोड़ा खिल्ली उड़ाने वाले अंदाज में बोले 'बड़ा नाम सुना था तुम्हारा तो, लेकिन तुम तो बड़े साधारण साधु निकले। हमें देखो हम कैसे नदी पार करते हैं। ये कह दोनों साधु पानी पर ऐसे चलने लगे जैसे हम जमीन पर चलते हैं। इस पर स्वामी जी हैरान होते हुए बोले 'ये विद्या आपने कैसे सीखी' अरे ये विद्या नहीं सिद्धि हैं। 12 वर्ष हिमालय पर तपस्या करने से हमें ये सिद्धि प्राप्त हुई है। इस पर स्वामी विवेकानंद हंसते हुए बोले 'जो काम मल्लाह को एक धेला देने से हो जाए। उसके लिए आपने अपने जीवन के कीमती 12 वर्ष बर्बाद कर दिए। आप सोचिए इन 12 वर्षों में जन कल्याण के कितने कार्य आप कर सकते थे। सच है कि

तजिंदर सिंघ
जमशेदपुर, झारखंड

अफसोस जिन अग्रणी लोगों पर समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी थी, उन्होंने ही समाज को भटकाने का काम किया है।

हमारे देश में धार्मिक नौटंकियां होती रहती हैं। सालों भर कहीं न कहीं कुछ न कुछ चलता रहता हैं। अगर इन कामों की जगह लोगों ने कुछ सार्थक किया रहता तो दुनिया आज कितनी बेहतर रहती और कुछ नहीं तो ऐसे अवसरों पर सभी पेड़ लगाने और नदियों को साफ करने का ही प्रयास करते तो न ये ये देश गर्मी में जलता न प्यासा मरता।

हम देश और समाज हित में ऐसी परंपरा विकसित करने में नाकाम रहे। परंपराएं विकसित जरूर हुई हैं, लेकिन वो सब केवल एक खास वर्ग के हित के लिए ही विकसित हुई हैं। अफसोस जिन अग्रणी लोगों पर समाज को दिशा देने की जिम्मेदारी थी, उन्होंने ही समाज को भटकाने का काम किया है। एक बहुत बड़े समूह की ऊर्जा व्यर्थ के कामों में नष्ट हो रही है। काश इन्हें कोई सही राह दिखा पाता।

-फेसबुक वॉल से

फिर सिर उठाते आतंकवाद पर हो कड़ा प्रहार

नई सरकार बनने की प्रक्रिया के दौरान जम्मू में हुए आतंकी हमलों में पाक की भूमिका से इंकार नहीं किया जा सकता। जम्मू क्षेत्र के अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक आनंद जैन के मुताबिक, पाकिस्तान जम्मू के माहौल को बिगाड़ कर धार्मिक यात्राओं में बाधा डालना चाहता है। अगले महीनों में जम्मू-कश्मीर विधानसभा के चुनाव होने हैं, लिहाजा आतंकी घुसपैठ कर रहे हैं। पाकिस्तान की ओर जाने वाला कोई अनधिकृत रास्ता है जिसका इस्तेमाल आतंकी कर रहे हैं और हमारे सैन्य बल की गिरफ्त से बचे हुए हैं।

डॉ. ओ.पी. त्रिपाठी
अंबेडकरनगर

अचानक आतंकी हमले बढ़ने के मद्देनजर कुछ सवाल सटीक और गंभीर हैं। क्या पाक परस्त आतंकवाद कश्मीर घाटी से जम्मू के राजौरी, पुंछ, डोडा आदि क्षेत्रों में शिफ्ट हो गया है? क्या वहां के घने जंगल आतंकियों की पनाहगाह हैं और वहां की पर्याप्त खुफिया सूचनाएं नहीं मिल पा रही हैं? क्या भारत में तीसरी बार मोदी सरकार बनने से पाकिस्तान, खुफिया एजेंसी आईएसआई और आतंकवादी गुट बौखलाहट में हैं? पाकिस्तान को भारत की ओर से किसी मारक, प्रहारक हमले का डर, खौफ है? क्या मोदी सरकार आतंकी अड्डों को नेस्तनाबूद करने के लिए भी कोई सैन्य हमला करवा सकती है? क्या लोकसभा चुनावों में 50 फीसदी से अधिक मतदान इसलिए किया गया, क्योंकि औसत कश्मीरी का लोकतंत्र में विश्वास है? क्या पर्यटन और कारोबार बढ़ने से भी पाक परस्त आतंकवादी नाराज हैं, लिहाजा बदले के तौर पर हमले कर रहे हैं? बहरहाल इन सवालों के जवाब खुद-ब-खुद सामने आते रहेंगे। यह ठोस हकीकत है कि बीते एक साल के दौरान राजौरी-पुंछ क्षेत्र में करीब एक दर्जन मुठभेड़ें हुई हैं जिनमें 25 से अधिक आतंकी मारे गए, लेकिन सुरक्षा बलों के 20 से ज्यादा जवान भी 'शहीद' हुए हैं। राजौरी-पुंछ में घुसपैठिया आतंकियों को 'स्थानीय मदद' है, जिसे चिह्नित कर लिया गया है। हालांकि जम्मू में कोई 'स्थानीय आतंकवादी' नहीं है। यहां पाकिस्तान से आए आतंकी ही हमले कर रहे हैं।

कश्मीर में अलगाववाद और विभाजनकारी सोच आज भी बरकरार है। यह मानसिकता इसलिए खत्म नहीं हो सकी है, क्योंकि अनिवार्य राजनीतिक विकल्प देने में हमारी व्यवस्था नाकाम रही है। बहरहाल जम्मू-कश्मीर में आज वह आतंकवाद नहीं है, जो 12-15 साल पहले होता था। साल में सैकड़ों आतंकवादी घटनाएं होती थीं। आज कश्मीर में तो आतंकवाद नगण्य ही है, पत्थरबाज गायब हैं, अलगाववादी नेताओं के आह्वान अब कोई नहीं मानता। करीब छह साल से लोकतांत्रिक सरकार का इंतजार कर रहे कश्मीर में लोकसभा चुनावों के दौरान मतदाताओं ने जिस तरह का उत्साह दिखाया, उससे भी आतंकी संगठन और उनके आका बौखलाए हुए हैं। इसलिए आतंकी सोची-समझी साजिश के तहत वारदातों को अंजाम दे रहे हैं। जम्मू और कश्मीर के खूबसूरत इलाके 24 घंटे खुले हैं। पाकिस्तान से घुसपैठ बेहद सीमित है। उसके लिए भी सेना-सुरक्षा बलों को रणनीति में बदल करना पड़ेगा। बेशक हालात कैसे भी हों, लेकिन विधानसभा चुनाव स्थगित नहीं किए जाने चाहिए। यदि चुनाव हो भी जाते हैं तो सियासी विकल्पहीनता की स्थिति में पुराने नेता ही सत्ता में नहीं लौटने चाहिए। बहरहाल केंद्र में नई सरकार आई है, उसने आतंकवाद को खत्म करने का संकल्प दोहराया है।

भारत में मध्यम वर्ग

किसी समाज में मध्यम वर्गीय वे लोग होते हैं, जो श्रमिक वर्ग या अभिजात्य वर्ग के नहीं होते। व्यवसाय करने वाले, प्रबंधक, सामान्य डॉक्टर, सीए, इंजीनियर, शिक्षक, सिविल सेवक वेतन भोगी आमतौर पर मध्यम वर्ग में आते हैं। हाल में छह लाख सालाना से 18 लाख आय वालों को मध्यम वर्ग में माना गया।

संजीव मेहरोत्रा
बरेली

अक्सर पूछा जाता है कि मध्यम वर्ग और वर्किंग क्लास में क्या अंतर होता है। मेरे मामा जी अक्सर कहा करते हैं कि इंसान को उतने ही पैर फैलाने चाहिए जितनी लंबी चादर हो यानी आपके पास जो है उसी में खुश रहना चाहिए। दिखावा एक मृग मरीचिका है, जबकि आजकल मध्यम वर्ग दिखावे में अपना धन अपव्यय कर रहा है। इसकी जगह वो अपने बच्चों को अच्छे से शिक्षित कर उनका भविष्य बनाने में लगे तो बेहतर होगा। मध्यम वर्ग की महिलाएं अगर किटी पार्टियों में अपना समय खराब न कर अपने बच्चों को अच्छे संस्कार और देख-रेख दें तो बेहतर होगा। अधिकतर देखा गया है कि बच्चा बड़ा होकर वही बनता है, जो उसके माता-पिता चाहते हैं। हर बच्चे के अंदर की प्रतिभा को जगाने का काम उसके माता-पिता और शिक्षक से बेहतर कोई नहीं कर सकता। यही वर्किंग क्लास की मानसिकता कही जा सकती है। आधुनिक समाज में गायब हो रहे माध्यम वर्ग की चर्चा इन दिनों जोरों पर है। क्योंकि आय की असमानता ने मध्यम वर्ग को खोखला बना दिया है।

बड़े पैमाने पर शीर्ष पर बैठे लोगों को और अधिक मजबूत बना दिया है। (शीर्ष 1 प्रतिशत के पास 40 प्रतिशत संपत्ति आ गई है) दूसरी तरफ बेतहाशा महंगाई, सुरसा के मुख की तरह बढ़ती बेरोजगारी और स्थिर होती सेलरी ने मध्यम वर्ग के आकार को कम कर दिया है। माध्यम वर्ग ही है, जो सबसे ज्यादा टैक्स भरता है। दिखावे के चक्कर में मध्यम वर्ग पिसता चला जा रहा है। क्या हमारा मध्यम वर्ग अपने को वर्किंग क्लास समझकर अपने हिस्से की लड़ाई को आगे ले जा सकेगा। यह एक बड़ा प्रश्न है।

एक नजर

पिता-पुत्रों पर गैर इरादतन हत्या की एफआईआर

राजपुर, अमृत विचार : करीमनगर गांव में बुधवार को विवाद के बाद एक युवक पर पड़ोसियों ने लाठी-डंडे व राड से हमला कर लहूलुहान कर दिया था। कानपुर ले जाते समय उसकी मौत हो गई थी। मामले में मृतक के पिता की तहरीर पर पुलिस ने पिता-पुत्रों के खिलाफ गैर इरादन हत्या की रिपोर्ट दर्ज की है। सिकंदरा थाना क्षेत्र के करीमनगर गांव निवासी श्रीराम ने पुलिस को बताया कि बुधवार को उसका बेटा देव सिंह उर्फ चंदू (30) घर से खाना खाकर ट्यूबवेल पर सोने जा रहा था। तभी पड़ोस का रहने वाला प्रेमपाल नशे में धुत होकर आया और गालीगलौज करने लगा।

जूनियर बालिका फुटबॉल ट्रायल आज

अयोध्या। अमृत विचार : प्रदेश खेल निदेशालय व उप्र फुटबॉल संघ के समन्वय से जिला खेल कार्यालय सहारनपुर में 19 जून से आयोजित होने वाली प्रदेशीय अंडर-19 जूनियर बालिका फुटबॉल स्पर्धा में प्रतिभाग करने वाली अयोध्या मंडल टीम चयन के लिए मंडलीय ट्रायल शनिवार को डॉ. आंबेडकर अंतरराष्ट्रीय क्रीड़ा संकुल में होगा।

डबल मर्डर में पांच की जमानत खारिज

सुलतानपुर, अमृत विचार : बाइक खड़ी करने के मामूली विवाद में हुई मारपीट में दो लोगों की हत्या व छह लोगों को घायल करने वाले पांच आरोपितों की जमानत विशेष जज राकेश पांडे ने निरस्त कर दी है। वादी पक्ष के वकील अरविंद सिंह राजा के मुताबिक घटना की एफआईआर गोपालपुर थाना अखण्डनगर की रेनू ने लिखाया है। बीती 21 फरवरी को शाम 6 बजे गांव का जगदीश उनके दरवाजे पर बाइक खड़ा कर रहा था। मना करने पर गाली देने लगा।

नाबालिग छात्रा को थाने लाए तो धरने पर बैठे सीतापुर सांसद

नाराजगी

- खैराबाद थाने में नाबालिग किशोरी को हिरासत में लिए जाने के बाद भड़के सांसद
- बजरंग मुनि पर हुए हमले में किशोरी पर दर्ज थी एनसीआर नोटिस के बाद छोड़ा

संवाददाता, सीतापुर

खैराबाद थाने में समर्थकों के साथ जमीन पर बैठे कांग्रेस सांसद राकेश राठौर। अमृत विचार

अमृत विचार: जमीन पर बैठकर बड़ा अच्छा लग रहा है, थाने की कुर्सियों पर भ्रष्टाचार की बू और गंध आ रही है। यहां थानों पर सारे दिन कुर्सियों पर बिठाकर लूट का पैसा लिया जाता है, इसलिए थाने की जमीन स्वच्छ है। ये शब्द हैं सीतापुर लोकसभा सीट से कांग्रेस से नवनिर्वाचित सांसद राकेश राठौर के। खैराबाद थाने में नाबालिग किशोरी को हिरासत में लिए जाने के बाद पुलिस कार्रवाई से आहत सांसद अपने समर्थकों के साथ थाने पहुंचकर कुर्सियों की बजाय जमीन पर ही बैठकर किशोरी को अकारण थाने लाने की वजह जानी। थाने में सांसद के जमीन में बैठने की सूचना मिलते ही महकमे में हड़कंप मच गया। पुलिस अधिकारियों की सांसद से बातचीत के दौरान तीखी नोकझोंक के बाद सांसद और उनके समर्थक अंबेडकर पार्क में आमरण अनशन की बात कहकर थाने से वापस निकल गये।

मालूम हो कि खैराबाद थाना इलाके में स्थित बड़ी संगत के महंत बाबा बजरंग मुनि दास ने थाने पर तहरीर देकर आरोप लगाया कि वह गुरुवार की शाम अपनी मां को हॉस्पिटल में देकर वापस संगत आ रहे थे। इस दौरान रास्ते में विवादित आम की बाग में इलाके में समुदाय विशेष की तीन लड़कियां और तीन लड़के आम तोड़ रहे थे। आम तोड़ने की सूचना बाबा ने स्थानीय चौकी को दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने सभी को वहां से खदेड़ने का प्रयास किया तो वह पुलिस से लड़ने लगी। बाबा का आरोप कि इस दौरान जब वह अपने आश्रम आ रहे थे तो रास्ते में पहले से घात लगाये बैठे अतीक, लईक, सलमान, ताज, आफताब और अयान ने पत्थर और असलहे सहित धारदार हथियार से हमला किया। बाबा का कहना है कि हमले के दौरान उन्हें बचाने पहुंचे आश्रम के भंडारी पर चोटें आई है और पुलिस के आने के उपरांत हमलावर फरार हो गये। पुलिस ने बाबा की तहरीर के आधार पर छह नामजद लोगों के खिलाफ केस दर्ज कर तफ्तीश शुरू कर दी। थाना परिसर में जमीन पर अपने समर्थकों संग बैठे सांसद राकेश राठौर से एएसपी प्रकाश कुमार ने बातचीत के दौरान तीखी नोकझोंक हो गई।

किशोरी को थाने लाने पर भड़के सांसद

शुक्रवार को पुलिस ने मामले की जांच पड़ताल के दौरान पूछताछ और एनसीआर में नाम दर्ज होने के चलते इलाके की निवासिनी 16 वर्षीय छात्रा फलक को अपने साथ ले आई। किशोरी को बेवजह थाने की सूचना मिलते ही सांसद राकेश राठौर ने अपर पुलिस अधीक्षक प्रकाश कुमार से फोन पर बातकर जानकारी हासिल की। सांसद का कहना है कि एडिशनल एसपी ने फोन पर एनसीआर दर्ज होने की बात कहकर जिरह न करने की हिदायत दी। पुलिस की कार्यशैली से नाराज सांसद अपने समर्थकों संग थाने पहुंचकर जमीन पर बैठकर किशोरी को छोड़ने की मांग की।

किसान ने फांसी लगाकर जान दी

बसरेहर, इटावा, अमृत विचार: अमृत विचार। चौबिया थाना क्षेत्र के गांव चौबिया में साहूकारों के कर्ज से परेशान हो एक किसान ने फांसी लगाकर आत्महत्या कर ली।

ग्राम निवासी विकास कुमार जाटव ने साहूकारों से कर्ज ले रखा था। जिसके कारण वह काफी समय से परेशान चल रहा था। 13 जून को अपने खेतों में धान की पौध लगाकर शाम को घर नहीं पहुंचा। सुबह गांव के लोग खेतों की तरफ शौच क्रिया के लिए निकले तो देखा कि गांव से कुछ दूरी पर नीम के पेड़ पर एक व्यक्ति का शव लटका हुआ है। गांव वालों ने चौबिया ग्राम प्रधान अनिल कुमार को सूचना दी। ग्राम प्रधान ने उसकी पहचान विकास कुमार जाटव के रूप में करते हुए परिवार वालों को सूचना दी।

उन्नाव में प्रेमी की कुल्हाड़ी से हत्या

घटना की सूचना पर एएसपी मौके पर पहुंचे, आरोपियों को पकड़ने के दिए निर्देश

संवाददाता शुक्लागंज उन्नाव

अमृत विचार। गंगाघाट कोतवाली क्षेत्र के बसधना गांव में रहने वाले एक युवक का पड़ोस गांव में रहने वाली किशोरी से प्रेम प्रसंग चल रहा था, जहां शुक्रवार दोपहर किशोरी ने उसे खेतों पर मिलने बुलाया। जहां वह मिलने पहुंचा। इस दौरान किशोरी के भाई और पिता ने उसे लाठी डंडों से पीट दिया। जिसके बाद कुल्हाड़ी से हमला कर उसे बेदम कर दिया। सूचना पर परिजन पहुंचे और इलाज के लिये ले गये। जहां जिला अस्पताल ले जाते समय रास्ते में ही उसकी मौत हो गई।

आशीष।

मौत की सूचना पर परिजनों में कोहराम मच गया। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल कर विधिक कार्यवाही की है। बसधना गांव निवासी सहदेव सविता का 22 वर्षीय बेटे आशीष उर्फ बड़कू की पड़ोस के गांव में रहने वाली एक 16 वर्षीय किशोरी से मित्रता थी। सहदेव ने बताया कि शुक्रवार दोपहर उनके बेटे को फोन कर खेतों में मिलने के लिये बुलाया गया। जिस पर बेटा मिलने पहुंचा, तभी किशोरी के भाई ने पकड़ लिया और गाली गलौज करते हुये मारा पीटा। विरोध करने पर किशोरी के दो भाइयों और पिता ने लाठी डंडों से हमला बोल दिया। इस दौरान कुल्हाड़ी से कई वार कर दिये। जिससे बेटा गंभीर रूप से घायल हो गया। ग्रामीणों ने इसकी जानकारी उन्हें दी। जिस पर वह परिवार के सदस्यों के साथ मौके पर पहुंचे। जहां घायलावस्था में उसे इलाज के लिये एक निजी अस्पताल ले जाया गया।

शादी के 26 दिन पहले आशीष की मौत

शुक्लागंज, उन्नाव, अमृत विचार : हाजीपुर चौकी क्षेत्र के बसधना गांव में रहने वाले आशीष की अगले माह उन्नाव में शादी होनी थी, जिसको लेकर घर में तैयारियां चल रही थी। परिजन रिश्मेदार और पड़ोसियों को शादी का कार्ड बांट रहे थे, तभी शादी के 26 दिन पहले आशीष की निर्मम हत्या कर दी गई। जिससे शादी की खुशियां मातम में बदल गई। बसधना गांव निवासी सहदेव सविता का 22 वर्षीय बेटे आशीष उर्फ बड़कू की नौ जुलाई को उन्नाव डीएसएन रोड बारात जानी थी। जिसको लेकर परिजन तैयारियां कर रहे थे, यहां तक शादी के कार्ड बांटने भी शुरू हो गये थे। वहीं घर में बहू लाने के लिये पिता ने जेवर बनवाये। वहीं दो बहनें कोमल, सोनल, मां संजू, छोटा भाई छोटू भी शादी को लेकर कपड़ों के अलावा अन्य खरीदारी भी कर रहे थे।

अपहरण कर मांगी 30 हजार फिरौती

मौदहा, हमीरपुर, अमृत विचार: बाइक सवार का कार सवारों ने अपहरण कर लिया और उसके बाद मारपीट कर पत्नी से तीस हजार रुपये की फिरौती मांगी। पड़ोसी जनपद की पुलिस ने आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है। छिमौली निवासी धीरेंद्र उर्फ मंगल ने बताया कि वह फोटो ग्राफी का काम करता है। बीते 13 जून की शाम वह एक तेहरवीं कार्यक्रम में शामिल होने छिमौली डेरा गया था। वहां से बाइक से लौट रहा था, तभी रास्ते में महेश पुत्र रामरूप निषाद ने अपने आधा दर्जन अज्ञात साथियों के साथ चार पहिया वाहन से बाइक में टक्कर मार क्षतिग्रस्त कर दी और पीड़ित को अपहृत कर लिया।

जेसीबी बेचने के नाम पर 14 लाख ठगे, केस दर्ज

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: सोशल साइट ओएलएक्स पर जेसीबी बेचने के नाम पर 14 लाख रुपये ठग लिए। पीड़ित ने साइबर थाने में तहरीर दी, जिस पर पुलिस ने केस दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी।

चंदौली जिले के अलीनगर थाना क्षेत्र के सिंघीताली निवासी राम नरेश ने साइबर क्राइम पुलिस सुलतानपुर को तहरीर दी है। राम नरेश ने बताया कि 27 मई को ओएलएक्स पर बिक्री के लिए जेसीबी देखा, जिसमें संपर्क नंबर भी था। नंबर पर कॉल करने पर जेसीबी विक्रेता ने उसे कादीपुर जेसीबी देखने के लिए बुलाया। वह अपने भतीजे आनंद सिंह पटेल के साथ जेसीबी देख 19 लाख रुपए में तय कर लिया। 11 जून को फोन आया कि जेसीबी लेना हो तो ले लीजिए नहीं तो किसी और को बेच देंगे। पैसा व्यवस्था करने की बात कही तो विक्रेता ने खाता नंबर दिया। कहा जितना व्यवस्था हो दे दीजिए। दिए गए खाते पर 14 लाख आरटीजीएस कर दिया, जब जेसीबी लेने वह कादीपुर पहुंचा तो जेसीबी नहीं मिली। विक्रेता का नंबर भी बंद जा रहा था। साइबर क्राइम थाना प्रभारी प्रवीण यादव ने बताया कि तहरीर पर हिमकर सिंह पता अज्ञात पर धोखाधड़ी साहित अन्य धाराओं में केस दर्ज किया जा रहा है।

आतंकवाद के खिलाफ खड़े हों मुस्लिमः सूफी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

अमृत विचार। जम्मू कश्मीर के रेसई में हिंदू तीर्थ यात्रियों पर कायराना हमले का सूफी खानकाह एसोसिएशन ने कड़ा विरोध किया है। भारत सहित दुनिया भर के मुसलमानों से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होने की अपील की है।

खानकाह फैजिया मजीदिया कानपुर में जुमा की नमाज के दौरान दिए जाने वाले खुतबे में सूफी खानकाह एसोसिएशन के राष्ट्रीय अध्यक्ष सूफी मोहम्मद कौसर हसन मजीदी एडवोकेट ने कहा कि इस्लाम और कुरान किसी भी तौर से किसी बेगुनाह पर तशद्दुद की इजाजत नहीं देता। पवित्र कुरान में स्पष्ट उल्लेख है कि जिस किसी ने भी किसी एक बेगुनाह को कत्ल किया उसने सारी इंसानियत को कत्ल किया। उन्होंने कहा कि जम्मू कश्मीर के रेसई में हिंदू तीर्थयात्रियों को निशाना बनाकर किया गया आतंकी हमला कायरतापूर्ण है, जिसकी सूफी खानकाह एसोसिएशन कठोर शब्दों में निंदा करता है। भारत के मुसलमानों से आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होने की अपील करता है। विश्व भर के मुसलमानों को आतंकवाद के खिलाफ एकजुट होकर खड़े होने की जरूरत है क्योंकि कथित आतंकवाद जिस नाम पर किया जा रहा है, उससे इस्लाम और मुसलमान बदनाम होते हैं। युवा वर्ग खास तौर से मुस्लिम युवाओं को ऐसे राष्ट्र विरोधी तत्वों से न सिर्फ दूर रहना चाहिए बल्कि अपने सामर्थ्य के अनुसार संवैधानिक तरीके से ऐसे तत्वों का मुखर होकर विरोध भी करना चाहिए।

बिल्हौर में पाकिस्तानी मौलाना का स्वागत किया गया।

न हारती न निराश करती है अयोध्याः दिनेश शर्मा

अयोध्या कार्यालय

अमृत विचार : अयोध्या जागती है और यह नगरी कभी सोती नहीं है। अयोध्या कभी हारती नहीं है और कभी किसी को निराश नहीं करती। इसलिए जो भी आया है वह राम का हो गया, और राम सबके हैं। ये बातें शुक्रवार को पूर्व उपमुख्यमंत्री राज्यसभा सांसद डॉ. दिनेश शर्मा ने कहीं। वो श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के अध्यक्ष और मणिराम दास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास के 86 वां जन्मोत्सव में शामिल होने के बाद पत्रकारों से वार्ता कर रहे थे।

उन्होंने कहा कि मैं उन भाग्यशाली व्यक्तियों में से हूं जिसे प्रतिवर्ष महाराज का जन्मोत्सव में आने का सौभाग्य मिलता है। राम मंदिर आंदोलन के समय कुछ लोगों के साथ काम करने का अनुभव था और जब भी अयोध्या में आंदोलन के दौरान या प्रदर्शन के संदर्भ में आना होता था तो पूज्य महाराज श्री नृत्य गोपाल दास जी के मणिराम छावनी एक ऐसा क्षेत्र था जो सब कुछ संरक्षण भी देता था और भोजन भी देता था। उन्होंने कहा कि आंदोलन के दौरान महाराज परमहंस रामचंद्र जी और महाराज नृत्य गोपाल दास दो ऐसे संत रहे हैं जिन्हें पूरा विश्व सम्मान की दृष्टि से देखा है आज उनके 86 जन्मोत्सव पर पूज्य संतों का समागम है। इससे पूर्व मणिराम दास छावनी की कथा मंडप में आयोजित कार्यक्रम के उद्घाटन सत्र के सभी साधु संतों ने मणिरामदास छावनी के महंत नृत्य गोपाल दास को जन्मोत्सव की बधाई दी। दीप प्रजनन कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया।

महंत नृत्य गोपालदास के समक्ष श्रद्धा निवेदित करते पूर्व उप मुख्यमंत्री। अमृत विचार

सार-संक्षेप

टीवी अभिनेत्री रश्मि देसाई ने किये रामलला के दर्शन

अयोध्या कार्यालय, अमृत विचार : टीवी सिनेमा पर शानदार लुक्स के लिए पहचानी जानी वाली अभिनेत्री रश्मि देसाई शुक्रवार को प्रभु राम के दरबार पहुंची। जहां उन्होंने प्रभु रामलला के दर्शन किया और इसके बाद वह सिद्ध पीठ हनुमानगढ़ी में श्रद्धालुओं के साथ लाइन में लगकर हनुमान जी का भी आशीर्वाद लिया। उन्होंने कहा कि मैं बहुत ज्यादा आध्यात्मिक हूं। पूजा पाठ ज्यादा पसंद करती हूं। प्रभु राम का दर्शन कर मन प्रफुल्लित हो गया है। कहा कि मंदिर को बहुत अद्भुत और भव्य बनाया गया है।

हनुमानगढ़ी पर दर्शन करने पहुंचीं रश्मि देसाई।

प्रदेश स्तरीय तैराकी प्रतियोगिता का चयन ट्रायल 17 को

गोंडा कार्यालय, अमृत विचार : प्रदेश स्तरीय सब जूनियर बालक/बालिका एवं जूनियर बालक/बालिका तैराकी स्पर्धा का जिला, मंडल व राज्य स्तरीय स्पर्धा का चयन ट्रायल्स की तिथियां तय कर दी गई हैं। 17 जून को इंदिरा गांधी स्टेडियम बहराइच में जिला, 18 को मंडल स्तरीय प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। राष्ट्रीय स्तर प्रतियोगिता के लिए चयन ट्रायल 20 से 23 जून को सिद्धार्थनगर में किया जाएगा। प्रदेश स्तरीय समन्वय जूनियर, सब जूनियर बालक/ बालिका तैराकी प्रतियोगिता के लिए दो ग्रुप बनाए गए हैं। जूनियर ग्रुप एक में 15 से 17 आयु वर्ष, जूनियर ग्रुप दो में 12 से 14 आयु वर्ष रखा गया है। सब जूनियर ग्रुप में 10 से 11 वर्ष की आयु रखी गई है। प्रत्येक खिलाड़ी अधिकतम 5 इवेंट में भाग ले सकेगा। फ्री स्टाइल- 50, 100, 200, 400, 800, 1500 मीटर, बैकस्ट्रोक- 50, 100, 200 मीटर, ब्रेस्टस्ट्रोक- 50, 100, 200 मीटर, बटरफ्लाई स्ट्रोक- 50, 100, 200 मीटर, इंडिविजुअल मिडले-200, 400 मीटर, रिले फ्री स्टाईल 4×100, 4×200 मीटर तथा रिले मिडले- 4×100 मीटर की प्रतियोगिता रखी गई है। उक्त जिला स्तरीय चयन/ट्रायल्स में भाग लेने वाले खिलाड़ियों को अपनी जन्मतिथि प्रमाण पत्र की मूल प्रति व छायाप्रति लाना अनिवार्य होगा।

रंजिश में युवक को मारी गोली, मौत

बारा/नैनी, प्रयागराज, अमृत विचार : तीन महीने पहले होली पर हुए विवाद की आग सीने में सुलग रही थी। जिसको लेकर शुक्रवार की सुबह एक बार फिर दो पक्षों में विवाद हो गया। बात बढ़ी और एक पक्ष ने दूसरे पक्ष पर अवैध असलहे से फायरिंग कर दी। जिसके चलते युवक जमीन पर गिर पड़ा। वहीं हमलावर मौके से भाग निकले। आनन-फानन में घायल युवक को अस्पताल भेजा गया जहां डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया। घटना बारा थाना क्षेत्र के भेलांव गांव में शुक्रवार सुबह की है। जानकारी के मुताबिक भेलांव निवासी मनीष मिश्र (28) पुत्र संतोष मिश्र एक प्रॉपर्टी डीलर के ड्राइवर थे। गांव के ही राजेश पांडेय पुत्र श्यामाकांत पांडेय एक मनीष पाण्डेय के बीच पिछले 3 महीने पहले होली पर किसी बात को दोनों पक्षों के बीच विवाद हो गया था। जिससे दोनों पक्षों में आये दिन तनाव बना रहता था। शुक्रवार की सुबह मनीष अपने पिता के साथ खेत में नर्सरी लगाने की तैयारी कर रहा था। उस दौरान राजेश वहां पहुंचा और विवाद शुरू कर दिया। राजेश और मनीष के बीच बहस हो रही थी। इसी बीच राजेश ने अवैध असलहे से मनीष पर फायरिंग कर दी।

गुरु बनने को पहले शिष्य बनना होगाः असीम अरुण

अयोध्या, कार्यालय, अमृत विचार : पीएम मोदी ने भारत को विश्व की सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने और विकसित भारत का संकल्प लिया है और यह संकल्प उन्होंने खुद नहीं लिया है बल्कि पूरे देश के सहयोग के विश्वास के साथ लिया है। इसको पूरा करने का दायित्व हम सबका है। फिर से विश्व गुरु बनना है तो हमें पहले शिष्य भी बनना पड़ेगा। ये बातें शुक्रवार को समाज कल्याण मंत्री व पूर्व आईपीएस अधिकारी असीम अरुण ने कहीं। वो शुक्रवार को सिविल लाइंस स्थित एक होटल में भारतीय कंपनियों के सचिवों का दो दिवसीय 25वां वार्षिक सम्मेलन को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। कहा आप सब कंपनियों के नीति नियंताओं को ऐसी नीतियां बनानी होंगी, जिससे केवल सामाजिक और पर्यावरण स्थिरता न बनी रहे बल्कि इसमें उत्तरोत्तर सुधार हो। साथ ही कंपनियों को बी कार्प सर्टिफिकेशन की तरफ भी ध्यान देना चाहिए व इसकी शुरुआत अपने कर्मचारियों से प्रारंभ करना चाहिए।

मुठभेड़ में तीन लुटेरे गिरफ्तार, तीनों के पैर में लगी गोली

संवाददाता, प्रतापगढ़। अमृत विचार : कोहंडौर में पुलिस ने सर्राफा कारोबारी से लूट करने वाले बदमाशों को मुठभेड़ के बाद गिरफ्तार कर लिया। तीनों लुटेरों के पैर में गोली लगी है। उनका अस्पताल में इलाज चल रहा है। पुलिस ने लुटेरों के पास से सोने के आभूषण,तीन तमंचा, मोबाइल बरामद किया है। अमेठी जनपद के ज्ञानीपुर के रहने वाले महेन्द्र कसौधन कोहड़ौर थाना क्षेत्र के मदाफरपुर बाजार में आभूषण की दुकान है।वह गुरुवार शाम दुकान बंद कर अपने घर जा रहे थे। अकारी पट्टी के पास दो पल्सर सवार पांच बदमाशों ने 25 हजार नगदी समेत लाखों के आभूषण से भरा झोला व आभूषण लूट लिया था।

विवाद में चाचा और भतीजे को मारी गोली

फर्रुखाबाद, अमृत विचार: युवती से छेड़छाड़ के विवाद में चाचा-भतीजे को गोली मारकर घायल कर दिया। घर में नामकरण संस्कार की दावत चल रही थी। दबंगों ने डीजे बंद कराकर गाली गलौज की। पीड़ितों ने रात में ही कोतवाली पहुंचकर शिकायत की। इसके बाद डायल 112 पुलिस घायलों को घर छोड़कर आई थी। पीड़ित के अनुसार ट्यूबवेल पर चारपाई पर बैठे समय दबंगों ने चाचा भतीजे की गोली मार दी। कोतवाली कायमगंज के ग्राम न्याजू नगला निवासी 40 वर्षीय वीकेश शाक्य पुत्र नेकराम व उसके भतीजे 23 वर्षीय सुखवीर पुत्र कल्लू शाक्य को बीती देर रात गोली मारकर घायल कर दिया।

संतुलन बिगड़ने से झोपड़ी पर पलट गया था ट्रक

संवाददाता, हरदोई

अमृत विचार। बालू का ट्रक पलटने से हुईं आठ लोगों की मौत के मामले की जांच में पाया गया कि ट्रक ओवर लोड नहीं था,बल्कि उसका बैलेंस बिगड़ने से हादसा हुआ। हादसे की जांच कर रही तीन सदस्यीय समिति ने अपनी जांच पड़ताल रिपोर्ट में कहा है कि ट्रक चालक के पास खनन परिवहन अनुमति पत्र (एमएम-11) भी था।

डीएम मंगला प्रसाद सिंह ने बताया है कि 11 जून को मल्लावां में मोहिउद्दीनपुर चुंगी नंबर-2 पर बालू से लदा ट्रक पलटने से एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हो गई थी। हादसे की वजह का पता लगाने के लिए एक तीन सदस्यी जांच समिति गठित की गई थी। डीएम श्री सिंह ने बताया कि समिति ने जांच में पाया गया कि हादसे के वक्त ट्रक ओवर लोडे नहीं था। वह लोडिंग की अनुमन्य सीमा के अंदर कानपुर से बालू लेकर आ रहा था। जांच में उसके पास ख़नन परिवहन अनुमति पत्र (एमएम 11) भी पाया गया। जांच रिपोर्ट में पाया गया कि चुंगी नंबर-2 के पास ट्रक का बिगड़ा और वह पास में बनी झोपड़ी पर पलट गया जिससे एक ही परिवार के आठ लोगों की मौत हुई थी।

नॉन इंटरलॉकिंग कार्य के कारण कुछ ट्रेनें रहेंगी निरस्त

गोरखपुर, अमृत विचार: पश्चिम मध्य रेलवे के मालखेड़ी-महादेवखेड़ी खण्ड के दोहरीकरण के परिप्रेक्ष्य में मालखेड़ी एवं महादेवखेड़ी स्टेशनों के मध्य प्री-नान इण्टरलॉकिंग एवं नान इण्टरलॉकिंग कार्य के कारण गाड़ियों का निरस्तीकरण एवं मार्ग परिवर्तन निम्नवत किया जायेगा।

निरस्तीकरण : अहमदाबाद से 16, 23, 30 जून एवं 7 जुलाई को 19421 अहमदाबाद-पटना एक्सप्रेस निरस्त रहेगी। 18, 25 जून, 2 एवं 9 जुलाई को 19422 पटना-अहमदाबाद एक्सप्रेस। 5, 6, 7 एवं 9 जुलाई को 19489 अहमदाबाद-गोरखपुर एक्सप्रेस।

महिला के पेट में रुई छोड़ने के मामले में विवेचक तलब

संवाददाता, सुलतानपुर

अमृत विचार: ऑपरेशन के बाद पेट में रुई छोड़ने से महिला की मृत्यु हो जाने के मामले में सीजेएम नवनीत सिंह ने विवेचक को केस डायरी के साथ कोर्ट में तलब किया है। पांच साल पहले के प्रकरण में आभा अस्पताल के डॉ. आलोक सिंह पर लिखी एफआईआर में फाइनल रिपोर्ट लगा दी थी। अब कोर्ट के आदेश पर फिर से विवेचना हो रही है।

प्रतापगढ़ के आसपुर देवसरा निवासी कृपा शंकर मिश्र के प्रार्थनापत्र पर एसपी ने 10 अक्टूबर 2019 को एफाईआर लिखी गई थी। आरोप है कि कृपा शंकर मिश्र की पत्नी शीला का हजारों रुपये लेकर आभा अस्पताल के डॉ आलोक सिंह ने 12 अगस्त 2018 को ट्युमर बता कर ऑपरेशन किया था। उसके बाद भी शीला का दर्द बढ़ता गया, तो उसे लखनऊ में डॉ अजय चौधरी को दिखाया। उन्होंने अल्ट्रासाउंड करने के बाद बताया कि कॉटन व बैडेज पेट में छूटने से प्रॉब्लम हो रही है। दोबारा फिर डॉ आलोक ने ऑपरेशन किया, लेकिन समस्या बनी रही। फिर शीला को मुंबई ले जाकर जेजे अस्पताल में दिखाया तो वहां भी बताया गया कि गलत ऑपरेशन व कॉटन बैंडेज छूटने से इंफेक्शन हो गया जो गंभीर है। उसी वजह से शीला की 27 मार्च 2019 को मृत्यु हो गई।

आपबीती जम्मू के रियासी में हुए आतंकी हमले में घायल देवी प्रसाद ने बयां की खौफनाक मंजर की दास्तान

पांच मिनट तक लगातार गोलियां बरसाते रहे आतंकी

संवाददाता, मसकनवा, गोंडा

अमृत विचार: जम्मू आतंकी हमले में घायल हुए देवी प्रसाद बृहस्पतिवार की रात गोंडा रेलवे स्टेशन पर उतरे तो मानों लगा कि उन्हें फिर से नया जीवन मिल गया हो। उनके साथ उनकी पत्नी और दोनों बच्चे भी थे। आंखों में आतंकी हमले के खौफ के बाद वापस अपने घर लौटने की खुशी उनके चेहरे पर साफ झलक रही थी। यहां से उन्हे एंबुलेंस के जरिए उनके गांव पहुंचाया गया। घर पहुंचने के बाद पीड़ित देवी प्रसाद ने अमृत विचार संवाददाता से आतंकी हमले के खौफनाक मंजर की हकीकत बतायी। देवी प्रसाद ने कहा कि उन्होंने तो जीने की उम्मीद ही छोड़ दी थी। हमले के बाद बस सड़क किनारे खाई में गिर रही थी और आतंकी ताबड़तोड़ गोलियां बरसा रहे थे। लेकिन यह माता रानी का चमत्कार ही है कि वह और उनका परिवार जीवित है।

छपिया के भिखारीपुर गांव में मौजूद देवी प्रसाद व उनका परिवार। अमृत विचार

देवी प्रसाद ने बताया कि यात्रियों से भरी बस शिवखोड़ी मंदिर से वापस लौट रही थी। रास्ते में घने जंगल के बीच आतंकियों ने बस पर हमला कर दिया। ताबड़तोड़ फायरिंग की आवाज सुनकर बस के यात्री सहम गए।

यह था पूरा घटनाक्रम

दरअसल छपिया थाना क्षेत्र के भिखारीपुर गांव के रहने वाले देवी प्रसाद चार जून को अपने परिवार व रिश्तेदारों के साथ माता वैष्णो देवी की यात्रा पर गए थे। माता का दर्शन करने के बाद सभी शिवखोड़ी मंदिर चले गए। शिवखोड़ी से लौटते समय नौ जून को रियासी जिले में श्रद्धालुओं से भरी बस पर आतंकियों ने हमला कर दिया था। हमले के बाद बस खाई में गिर गई थी और बस में सवार दस श्रद्धालु मारे गए थे तथा 33 श्रद्धालु गंभीर रूप से घायल हो गए थे। घायलों में आठ श्रद्धालु गोंडा जिले के रहने वाले थे जिसमें देवी प्रसाद और उनका परिवार भी शामिल था।

डीएम के निर्देश के बावजूद नहीं पहुंचा कोई अफसर

डीएम नेहा शर्मा ने जम्मू के रियासी जिले में हुई दुर्घटना के पीड़ित श्रद्धालुओं को हर संभव मदद एवं उच्च कोटि के उपचार मुहैया कराने का निर्देश दिया था। उन्होने कहा था कि वह खुद इनकी स्थिति का जायजा ले रहीं हैं और जिला प्रशासन पीड़ित परिजनों के साथ खड़ा है। उन्होंने एसडीएम मनकापुर को व्यक्तिगत रूचि लेकर घायल श्रद्धालुओं को बेहतरीन मेडिकल सुविधा मुहैया कराने का निर्देश दिया था लेकिन इस निर्देश के बावजूद शुक्रवार को पूरे दिन कोई अधिकारी पीड़ितों का हाल जानने नहीं गया।

ट्रैक में आई खराबी रोकी गई वंदेभारत

अछल्दा-औरैया, अमृत विचार: दिल्ली-हावड़ा रेल मार्ग पर रेलवे ट्रैक पर तकनीकी खराबी के चलते वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन होम सिग्नल पर खड़ी हो गई। ट्रेन करीब बीस मिनट तक होम सिग्नल पर खड़ी रहने के बाद गंतव्य को रवाना हुई। दिल्ली-हावड़ा रूट मार्ग पर सुबह 10:27 बजे शुक्रबार को वाराणसी जंक्शन से चलकर नई दिल्ली को जाने वाली ट्रेन संख्या 22415 अप लाइन पर वंदेभारत एक्सप्रेस ट्रेन जा रही थी। तभी अछल्दा रेलवे सेक्शन में रेलवे ट्रैक में तकनीकी खराबी आ गई, जिससे ट्रेन के पहिये वहीं थम गए। करीब बीस मिनट तक ट्रेन होम सिंगनल पर खड़ी रही। यात्रियों को परेशानी का सामना करना पड़ा।

ट्रेन के पहियों से उठी चिंगारी व धुएं से मची अफरा-तफरी

कार्यालय संवाददाता, बिजनौर

- कई यात्री ट्रेन रुकने से पहले ही कोच से कूदकर हुए घायल
- लखनऊ-चंडीगढ़ सुपरफास्ट के पहियों के ब्रेक-शू हुए थे जाम

अमृत विचार : लखनऊ से चंडीगढ़ जा रही सुपरफास्ट ट्रेन (15011) के पहियों में चंदक रेलवे स्टेशन से कुछ दूर पहले चिंगारियां उठीं और धुआं निकलने लगा। धुआं कोच में भरने लगा तो घबराए यात्रियों में अफरा तफरी मच गई। कई यात्री ट्रेन रुकने से पहले ही कूद गए। इससे वे चोटिल हो गए। इस दौरान देहरादून से लखनऊ जा रही वंदे भारत को भी रोकना पड़ा।

चंदक के स्टेशन मास्टर अमित कुमार ने बताया कि लखनऊ-चंडीगढ़ सुपरफास्ट शुक्रवार सुबह नौ बजे मुज्जमपुर नारायण स्टेशन पर पहुंची। चंदक रेलवे स्टेशन से करीब डेढ़ किमी पहले ट्रेन की गति धीमी होते ही यात्री कूदने लगे। कुछ देर बाद ट्रेन रुकते ही सभी यात्री नीचे उतर गए और आग लगने की आशंका में जंगल की ओर दौड़े। सूचना के बाद रेलवे के अधिकारी मौके पर पहुंचे। उन्होंने जांच की तो पता चला कि ट्रेन के पहियों से धुआं निकल रहा है। स्टेशन मास्टर ने बताया कि ब्रेक शू जाम होने की वजह से चिंगारी और धुआं उठा था।

जिस इफको पर खेती संवारने का जिम्मा, उसी के पानी से बंजर हो रही जमीन

प्रदीप यादव/ अतीक खान

▸▸ दर्जनों गांवों के किसानों ने इफको प्लांट से दूषित जल डिस्चार्ज का लगाया आरोप

अमृत विचार, बरेली : रुहेलखंड में कृषि क्षेत्र के जिस सबसे बड़े इफको प्लांट पर अपने उर्वरक उत्पादों से खेती की सूरत बदलने का दारोमदार है, उसके ही प्लांट के इर्द-गिर्द की सैकड़ों बीघा खेतिहर भूमि लगभग बंजर हो चुकी है। किसानों का आरोप है कि फैक्ट्री के दूषित पानी के कारण उनके खेतों का यह हाल हुआ है। इफको से सटे दर्जनों खेत तालाब का रूप ले चुके हैं और इनमें दूषित पानी भरा हुआ है, जिससे ग्रामीणों को बीमारियां फैलने का डर सता रहा है। आंवला के नव निर्वाचित सांसद नीरज मौर्या ने डीएम रविंद्र कुमार के सामने यह मुद्दा रखा तो उन्होंने जल परीक्षण के आदेश दिए हैं।

आलमपुर जाफराबाद ब्लॉक के इस्लामाबाद गांव में इंडियन फार्मर्स फर्टिलाइजर कोऑपरेटिव लिमिटेड (इफको) का प्लांट है। इसमें यूरिया, नैनो यूरिया और अन्य रासायनिक उर्वरकों का उत्पादन होता है। करीब 695 एकड़ में फैले इस विशाल प्लांट के आसपास इस्लामाबाद, नौगवां, बागरपुर, हजरतपुर, कीरतपुर, ख्योराजपुर, सेंधी-सेंधा, भरताना, महातिया डांडी, पस्तोर, नबी नगर, मुहम्मद गंज, कुशारी, भरताना और सेंधा-सेंधी आदि गांव हैं। नौगवां के राम दयाल कहते हैं कि हमारे खेत बंजर हो गए। पटान के लिए कई खेत खोद दिए गए। उनमें दूषित पानी भर जाता है। केमिकल वाला पानी पीकर गाय-भैंस अक्सर बीमार हो जाते हैं। कोई सुनने वाला नहीं है।

इफको की चारदीवारी से सटी एक संकरी सड़क नौगवां गांव जाती है। किनारे पर कुछ खेत और तालाबों में पानी भरा है। नौगवां के बलवीर ने तालाब की शक्ल वाले एक खेत की मिट्टी दिखाते हुए कहा कि केमिकल्स ने जमीन की क्या हालत कर दी है। काली हो चुकी मिट्टी में आखिर कौन सी फसल पैदा होगी। आए दिन गाय-भैंस यहां का पानी पीकर बीमार होते रहते हैं। आखिर शिकायत किससे करें। बीमारी के कारण कोई जानवर मर जाता है तो भी कुछ नहीं कर पाते हैं।

क्षेत्र पंचायत सदस्य जयवीर यादव गंभीर ने आरोप लगाया कि कई बार यहां हानिकारक गैसों का रिसाव हो चुका है। जब भी ऐसा होता है तो ग्रामीणों का जीना दुश्वार हो जाता। प्लांट के पास ही अरिल नदी बहती है। इसमें दूषित पानी जाता है। दूषित जल और उसके नुकसान पर ग्रामीणों की चिंताएं, प्लांट प्रबंधन के समक्ष कई बार रखी जा चुकी हैं लेकिन कोई ठोस हल नहीं निकला। हालांकि इफको प्रबंधन ग्रामीणों के दूषित पानी के आरोपों को सिरे से नकारता रहा है। इस तर्क के साथ कि परिसर में वाटर रिसाइकल प्लांट लगा है। कैंपस में बने एक तालाब के अंदर ही केमिकलयुक्त जल संरक्षित होता है।

नवनिर्वाचित सांसद ने डीएम के सामने रखा मुद्दा

12 जून को जन-प्रतिनिधियों की बैठक में आंवला सांसद नीरज मौर्य ने इफको से जुड़ा यह मुद्दा जिला प्रशासन के समक्ष उठाया। सांसद ने क्षेत्रीय लोगों को रोजगार और प्लांट के वेस्ट मैटेरियल के उचित निस्तारण कराने आवश्यकता पर जोर दिया। उन्होंने इफको प्लांट से निकलने वाले पानी से बीमारियां फैलने की समस्या भी उठाई। इस पर डीएम रविंद्र कुमार ने फैक्ट्री के आसपास एकत्रित पानी का नमूना लेकर जांच कराने का निर्देश दिया। डीएम ने स्पष्ट किया कि अगली बैठक में जल परीक्षण की रिपोर्ट उपलब्ध कराई जाए।

पीआरओ ने किसानों के आरोपों को बताया निराधार

इफको प्लांट के पीआरओ विनीत शुक्ला ने किसानों के आरोपों को निराधार बताया। उन्होंने कहा कि चार-पांच साल पहले फैक्ट्री का दूषित पानी बाहर जाता था। किसानों के विरोध के बाद दूषित पानी प्लांट के अंदर बने तालाब में संरक्षित कर रीसाइकिल किया जा रहा है। वहीं आवासीय पानी अरिल नदी में बह रहा है। अब प्लांट से किसी तरह का पानी किसानों के खेत-खलियानों में नहीं पहुंच रहा है।

संदेह मजबूत होने पर भी साक्ष्य नहीं हो सकता

हाई कोर्ट ने हत्या के मामले में आरोपियों के आजीवन कारावास और जुर्माने के आदेश को किया रद

विधि संवाददाता, प्रयागराज

▸▸ गवाहों की बहुलता नहीं बल्कि गुणवत्ता मायने रखती है

अमृत विचार : इलाहाबाद हाई कोर्ट ने एक मामले में हत्यारोपियों के आजीवन कारावास और जुर्माने के आदेश को रद करते हुए कहा कि केवल जघन्य और वीभत्स अपराध ही आरोपी को दंडित करने के लिए पर्याप्त नहीं होता है। संदेह चाहे कितना भी मजबूत क्यों ना हो, साक्ष्य का स्थान नहीं ले सकता है।

कोर्ट को किसी भी मामले में गवाहों की बहुलता पर नहीं बल्कि गुणवत्ता पर ध्यान देना चाहिए। अगर गवाहों की संख्या पर जोर दिया जाता है तो न्याय का वितरण प्रभावित और बाधित होगा। अभियोजन पक्ष के समर्थन में साक्ष्य देने के लिए अगर केवल एक ही व्यक्ति उपलब्ध है तो स्वाभाविक रूप से ऐसी गवाही को सावधानीपूर्वक लेना चाहिए और अगर कोर्ट को यह विश्वास है कि साक्ष्य विश्वसनीय, भरोसेमंद और सभी दोषों से मुक्त है तो कोर्ट का ऐसी गवाही पर कार्यवाही करने का कर्तव्य बनता है। कोर्ट ने आगे कहा कि मौजूदा मामले में परिस्थितियां अपीलकर्ताओं के खिलाफ आरोप सिद्ध नहीं करती हैं। उन्हें राजनीतिक दुश्मनी के कारण झूठा फंसाया गया है। यह सर्वविदित है कि दुश्मनी एक दोधारी हथियार है। यह घटना का वास्तविक कारण भी हो सकता है और झूठे आरोपों का आधार भी बन सकता है, इसलिए न्यायालय का यह कर्तव्य बनता है कि वह प्रत्येक मामले के तथ्यों और परिस्थितियों की जड़ तक जाकर विवेचना करे कि आरोपी को दुश्मनी के कारण झूठा फंसाया गया है या नहीं।

उक्त आदेश न्यायमूर्ति अश्विनी कुमार मिश्रा और न्यायमूर्ति मोहम्मद अजहर हुसैन इदरीसी की खंडपीठ ने उजागर और दो अन्य की अपील पर सुनवाई करते हुए पारित किया, जिसमें आईपीसी की धारा 302 के तहत अपर सत्र न्यायाधीश, बरेली द्वारा पारित निर्णय और आदेश को चुनौती दी गई थी। मौजूदा मामले में अपीलकर्ताओं को गांव की पक्षपातपूर्ण राजनीति के कारण झूठा फंसाया गया है। साक्ष्य के आधार पर यह पता चलता है कि अपीलकर्ता ने मृतक के खिलाफ चुनाव लड़ा था। शिकायतकर्ता ने मृतक के साथ किसी भी तरह की दुश्मनी से इनकार किया है, जिसके कारण उसके बेटे रुकमपाल की हत्या की जा सके। अंत में कोर्ट ने निष्कर्ष निकाला कि अभियोजन पक्ष के मामले में गंभीर कमियों, विसंगतियों और विरोधाभासों के कारण कोई संतोषजनक परिणाम नहीं निकलता है। ट्रायल कोर्ट ने भी आरोपी को आईपीसी की धारा 302 के तहत दोषी ठहरने और सजा सुनाने में पूरे साक्ष्यों को गलत तरीके से पढ़ा और मूल्यांकित किया है। जिन परिस्थितियों के आधार पर आरोपी को दोषी ठहराया गया है, वे श्रृंखलाबद्ध नहीं है। अतः आरोपियों के खिलाफ आक्षेपित आदेश रद किए जाने योग्य है।

अस्पताल के शौचालय में मिला नवजात का शव

मुरादाबाद, अमृत विचार : कांठ रोड स्थित कोठीवाल डेंटल रिसर्च सेंटर के टॉयलेट में एक नवजात का शव फ्लश के ऊपर रखा मिला। अस्पताल प्रबंधन ने तुरंत इसकी सूचना पुलिस को दी।

बताया जा रहा है कि हॉस्पिटल के शौचालय में जब एक महिला गई, तो उसने शिशु का शव रखा देखा उसने इस बात की जानकारी अन्य लोगों को दी । शिशु का शव देखने के लिए मौके पर मेडिकल कालेज की छात्राओं व स्टॉफ की भीड़ जुट गई।

थानाध्यक्ष राम प्रसाद शर्मा ने घटनास्थल पर प्रारंभिक जांच की और फोरेंसिक टीम को बुलाकर साक्ष्य एकत्र कराए हैं। पुलिस सीसीटीवी की मदद से छानबीन कर पूरे मामले की जांच कर रही है। सीओ सिविल लाइंस अर्पित कपूर ने बताया कि अस्पताल के सीसीटीवी कैमरों की फुटेज जांची जा रही है।

मायके में विवाहिता की चाकू से गला काटकर हत्या

शाहजहांपुर कार्यालय

▸▸ पति से नाराज होकर एक साल से बेटी के साथ मायके में रह रही थी महिला

अमृत विचार : शहर के मोहल्ला भारद्वाजी में मायके में रह रही एक महिला की गुरुवार की रात चाकू से गला काटकर हत्या कर दी गई। एसपी अशोक कुमार मीणा ने घटनास्थल का निरीक्षण किया और खुलासे के लिए एसओजी सहित तीन टीमों को लगाया है। पुलिस ने मृतका के पति समेत दो लोगों को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है।

चौक कोतवाली के मोहल्ला भारद्वाजी की 24 वर्षीय पूर्ति गुप्ता ने दो साल पहले कोतवाली चौक के हुसैनपुरा निवासी कमल राजपूत के साथ प्रेम विवाह किया था। पति से अनबन होने पर वह डेढ़ साल की बेटी जाह्नवी को लेकर एक साल पहले मायके आ गई। तब से यहीं रहती थी। पूर्ति के पिता संजय गुप्ता दिव्यांग हैं। परिजनों के अनुसार गुरुवार रात दस बजे पूर्ति बेटी जाह्नवी और मां वंदना गुप्ता के साथ एक बेड पर सो गयी। जबकि पिता संजय गुप्ता दूसरे बेड पर सो रहे थे। वंदना गुप्ता के मुताबिक रात 12 बजे नींद खुली तो देखा कि पड़ोस में बेड पर खून पड़ा था और कमरे के बाहर बरामदे में खून से लथपथ बेटी कांप रही थी। तुरंत चौक कोतवाली को सूचना दी ।

प्रभारी निरीक्षक राजीव तोमर सिपाहियों के साथ घर पहुंचे और पूर्ति को मेडिकल कालेज भेजा जहां डाक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। फॉरेंसिक टीम ने मौके पर पहुंचकर नमूने लिए। वंदना ने बताया कि दामाद कमल राजपूत से विवाद चल रहा था। पुलिस ने मृतका के पति व एक अन्य व्यक्ति को पूछताछ के लिए हिरासत में लिया है। मां की तहरीर पर अज्ञात लोगों के खिलाफ हत्या का मुकदमा दर्ज कर लिया है।

बलिया : सुमेर सिंह हत्या मामले में चार दोषियों को उम्रकैद

बलिया, एजेंसी

▸▸ 21 मई 2017 को तब हुई थी हत्या जब मोटरसाइकिल से निमंत्रण में शामिल होने जा रहे थे सपा नेता

जिले की एक अदालत ने समाजवादी पार्टी (सपा) नेता सुमेर सिंह हत्याकांड के सात साल पुराने मामले में चार आरोपियों को शुक्रवार को दोषी करार देते हुए सभी को आजीवन कारावास की सजा सुनायी।

पुलिस अधीक्षक देव रंजन वर्मा ने बताया कि अपर सत्र न्यायाधीश हरिश्चंद्र की अदालत ने शुक्रवार को मामले की सुनवाई करते हुए दोनों पक्षों की दलील सुनने के बाद सभी चार आरोपियों को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास और 50- 50 हजार रुपये अर्थदंड की सजा सुनाई। अभियोजन पक्ष के अनुसार दोकटी थानाक्षेत्र के बालक बाबा के स्थान के सामने 21 मई 2017 की शाम सपा नेता सुमेर सिंह की गोली मारकर हत्या कर दी गयी थी। अभियोजन पक्ष के अनुसार घटना के समय सपा नेता मोटरसाइकिल से एक निमंत्रण कार्यक्रम में शामिल होने के लिए जा रहे थे। पुलिस ने इस मामले में सुमेर सिंह के बेटे अमित सिंह की तहरीर पर दोकटी थानाक्षेत्र के बहुआरा गांव के राजनारायण, जितेन्द्र सिंह, धर्मेंद्र सिंह और सागर सिंह के विरुद्ध भारतीय दंड संहिता की हत्या (302) समेत अन्य संबंधित धाराओं में एक प्राथमिकी दर्ज की थी। पुलिस ने मामले की विवेचना के बाद सभी चार आरोपियों के विरुद्ध अदालत में आरोपपत्र दाखिल किया। अदालत ने सुनवाई पूरी करने के बाद चारों को उम्र कैद की सजा सुनाई।

पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट महिला समेत पांच झुलसे

कार्यालय संवाददाता, अमरोहा

अमृत विचार : रजबपुर क्षेत्र में अमरोहा-अतरासी रोड पर पटाखा फैक्ट्री में विस्फोट से चार महिलाओं समेत पांच मजदूर झुलस गए। गंभीर हालत में दो लोगों को दिल्ली के सफदरजंग अस्पताल के बर्न सेंटर के लिए रेफर किया गया है। तीन का उपचार जिला अस्पताल में हो रहा है। अग्निशमन की टीम ने दो घंटे में आग पर काबू पाया।

जिलाधिकारी राजेश कुमार त्यागी ने फैक्ट्री का लाइसेंस निरस्त दिया है। एफएसओ अनुराग कुमार की तहरीर पर फैक्ट्री के मालिक कामरान अहमद के खिलाफ लापरवाही बरतने के मामले में एफआईआर दर्ज की गई है। रजबपुर थाना प्रभारी निरीक्षण सुनील कुमार ने बताया कि गांव सूदनपुर में हापुड़ के मोहल्ला शिवगढ़ी निवासी कामरान अहमद की पटाखा फैक्ट्री है। गांव मंगूपुरा निवासी ममता व रीता, गांव देवीपुरा निवासी अनीता, मनीषा भी फैक्ट्री में काम करती हैं। शुक्रवार सुबह साढ़े आठ बजे तेज धमाके के बाद फैक्ट्री में आग लग गई। इससे भोला समेत चारों महिलाएं गंभीर रूप से झुलस गईं। घायलों को भर्ती कराने के साथ ही आग पर काबू पा लिया गया है।

आगरा-मथुरा के मध्य एक जुलाई से मिलेगी हेलीकाप्टर सेवा

राज्य ब्यूरो, लखनऊ

▸▸ विदेशी पर्यटकों की आवक बढ़ाने के लिए होगी अंतराष्ट्रीय स्तर पर ब्रांडिंग

अमृत विचार : पर्यटन मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि प्रदेश में पर्यटकों की सुविधा के लिए एक जुलाई से आगरा और मथुरा के बीच हेलीकॉप्टर सेवा शुरू होगी। इसके लिए 25 जून तक संबन्धित औपचारिकताएं पूर्ण कर ली जाएं और विदेशी पर्यटकों की संख्या बढ़ाने के लिए बौद्ध सर्किट के पर्यटन स्थलों की अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर मार्केटिंग एवं ब्राण्डिंग कराई जाए।

पर्यटन मंत्री शुक्रवार को पर्यटन भवन में अधिकारियों के साथ समीक्षा बैठक कर रहे थे। उन्होंने कहा कि बौद्ध स्थलों पर थाईलैण्ड, लाओस, वियतनाम आदि देशों से भारी संख्या में पर्यटक आते हैं। इसलिए इन स्थलों का प्रचार प्रसार इन देशों में जरूर करना चाहिए। चित्रकूट और मध्य प्रदेश से लगे भाग में पर्यटकों को आकर्षित करने के लिए मध्य प्रदेश सरकार के अधिकारियों के साथ संबन्धित जिलाधिकारी की अध्यक्षता में बैठक कराई जाए। चित्रकूट के पर्यटन विकास के लिए संचालित परियोजनाओं के बारे में जानकारी भी दी जाए। बढ़ायें। हेलीकॉप्टर सेवा संबन्ध में उन्होंने कहा कि किराया व दी जाने वाली अन्य सुविधाओं के बारे में भी पर्यटकों को जानकारी दी जाए।

पर्यटन मंत्री ने कहा कि 57 जिलों में स्टाफ की कमी दूर करने के लिए आउटसोर्सिंग पर भर्ती की जाए। साथ ही उनके वेतन आदि के भुगतान के लिए धनराशि की भी व्यवस्था की जाए। बैठक में प्रबंध निदेशक रवि रंजन, विशेष सचिव ईशा प्रिया, निदेशक प्रखर मिश्रा, सलाहकार जेपी सिंह के अलावा उप निदेशक दिनेश एवं कल्याण सिंह आदि अधिकारी मौजूद थे।

मौत से पहले डॉ. दीक्षा को भाई से करनी थी जरूरी बात

कार्यालय संवाददाता, बरेली

▸▸ घटना से पहले भाई को भेजा था मैसेज, देखने से पहले पहुंच गई बहन की मौत की खबर

अमृत विचार : कानपुर में जीएसवीएम मेडिकल कॉलेज के परीक्षा भवन की पांचवीं मंजिल की छत से गिरने से पहले डॉ. दीक्षा तिवारी ने इंजीनियर भाई मयंक तिवारी के मोबाइल फोन पर मेसेज किया था, जिसमें लिखा था कि उसे कुछ जरूरी बात करनी है, लेकिन जब तक भाई मेसेज देखता कि उससे पहले बहन की मौत की खबर पहुंच गई। परिजनों ने शुक्रवार को संजय नगर में डॉ. दीक्षा का अंतिम संस्कार किया।

मूलरूप से जसवंत नगर इटावा के गांव अजनौरा निवासी रघुवीर तिवारी सेना में मेजर के पद पर तैनात रहे। उन्होंने सुरेश शर्मा नगर में मकान बनवा लिया था। उनके निधन के बाद से उनके बड़े बेटे प्रदीप तिवारी प्रिंटिंग प्रेस का कारोबार करने लगे। यहां पर पत्नी अनीता, इंजीनियर बेटा मयंक तिवारी, 24 वर्षीय इकलौती बेटी डॉ. दीक्षा तिवारी और मां सावित्री के साथ रह रहे थे। भाई मयंक तिवारी के अनुसार वह किसी काम से व्यस्त थे। हादसे से कुछ समय पहले उनकी बहन दीक्षा ने मोबाइल फोन पर मेसेज किया कि वह कुछ जरूरी बात करना चाहती है, लेकिन जब तक वह मेसेज देख पाते कि बहन के मौत की खबर उन तक पहुंच गई। उसके बाद वह पुणे से मुंबई पहुंचे, जहां से फ्लाइट से सीधा लखनऊ आए। लखनऊ आने के बाद कानपुर के लिए रवाना हुए।

उन्होंने बताया कि कानपुर से बहन का शव लेकर परिजन बरेली पहुंचे। जहां पर अंतिम संस्कार किया गया। मयंक ने बताया कि उन्होंने या उनके परिवार ने किसी पर कोई आरोप नहीं लगाया है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट के आधार पर पुलिस जांच कर रही है। जांच रिपोर्ट में जो भी तथ्य सामने आएंगे, उसे आधार बना कर वह आगे की कार्रवाई करेंगे।

मंयक ने साफ किया कि जिन डॉक्टरों पर आरोप लग रहा है, वे उन्हें अच्छी तरह से जानते हैं। उन डॉक्टरों का उनके घर पर चार साल से आना-जाना था। फिलहाल, परिवार के लोग किसी से बहुत ज्यादा बात नहीं कर रहे हैं। बुधवार रात मेडिकल कॉलेज की छत से गिरकर डॉ. दीक्षा की मौत हुई थी।

स्वास्थ्य कर्मियों की तैनाती अवधि मानव संपदा पर अपडेट करें

लखनऊ, अमृत विचार : स्वास्थ्य विभाग में लंबे समय से एक ही अस्पताल या मंडल में तैनात पैरामेडिकल कर्मियों के तबादले होने हैं। इसके लिए स्वास्थ्य महानिदेशक द्वारा सभी अस्पताल प्रशासन व मुख्य चिकित्साधिकारियों से 21 जून 2024 तक मानव संपदा पोर्टल पर कर्मियों के नाम, जिले में तैनाती अवधि और पिछली तीन तैनाती का विवरण अपडेट करने के निर्देश दिए गए हैं। निदेशक, पैरोमेडिकल डॉ .सुषमा सिंह ने शुक्रवार को निर्देश जारी करते हुए स्पष्ट किया है कि प्रदेश में स्थानांतरण नीति लागू हो चुकी है। स्वास्थ्य कर्मियों की सेवा अवधि संबंधी जानकारी ऑनलाइन उपलब्ध कराई जाए। साथ ही जिन कर्मियों ने स्वयं के स्थानांतरण का अनुरोध किया है, उनकी प्राथमिकताओं को संयुक्त निदेशक पैरामेडिकल को संदर्भित किया जाए। उन्होंने कहा कि संबंधित कार्रवाई समय रहते पूर्ण की जाए अन्यथा बाद में विचार नहीं किया जाएगा।

योग दिवस पर ताजमहल में निःशुल्क प्रवेश

आगरा : योग भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण ने विश्व योग दिवस पर 21 जून को आगरा में ताजमहल सहित अन्य स्मारकों में प्रवेश नि :शुल्क करने की घोषणा की है। अधीक्षण पुरातत्व विद् डॉ. राजकुमार पटेल ने बताया कि 21 जून को योग दिवस पर सभी केंद्रीय संरक्षित स्मारकों में प्रवेश के लिए कोई शुल्क नहीं लिया जाएगा।

उत्तराखंड

बिनसर अग्निकांड : तीन अधिकारियों पर गिरी गाज

कार्यालय संवाददाता, हल्द्वानी

झुलसे कर्मचारियों को विमान से दिल्ली लेकर जाते कर्मी।

- कुमाऊं के मुख्य वन संरक्षक अटैच, उत्तरी वृत्त के वन संरक्षक व अल्मोड़ा डीएफओ निलंबित
- मुख्यमंत्री धामी आदेशों के बाद चार गंभीर झुलसे एयरलिफ्ट से नई दिल्ली एम्स में भर्ती कराए गए

अमृत विचार : अल्मोड़ा बिनसर अभ्यारण्य कांड में तीन आईएफएस अधिकारियों पर गाज गिरी है। मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कुमाऊं के मुख्य वन संरक्षक को मुख्यालय से अटैच करने, उत्तरी वन वृत्त के वन संरक्षक और सिविल सोयम डिवीजन के डीएफओ को निलंबित करने के आदेश दिए हैं। वहीं, चार झुलसे हुए श्रमिकों को एयर लिफ्ट कर एम्स दिल्ली में भर्ती कराया गया है।

13 जून को बिनसर अभ्यारण्य में लगी आग बुझाने गए वन बीट अधिकारी त्रिलोक सिंह मेहता, श्रमिक दीवान राम, फायर वॉचर करन आर्या और पीआरडी जवान पूरन सिंह जिंदा जल गए थे। वहीं, 4 वन कर्मी गंभीर झुलस गए, जिन्हें डॉ. सुशीला तिवारी राजकीय अस्पताल में भर्ती कराया गया। मुख्यमंत्री धामी के निर्देश पर कुमाऊं के मुख्य वन संरक्षक पीके पात्रो को वन मुख्यालय से अटैच कर कॉर्बेट टाइगर रिजर्व के निदेशक डॉ. धीरज पांडेय को मुख्य वन संरक्षक कुमाऊं का चार्ज दिया गया है। उत्तरी वन वृत्त के वन संरक्षक कोको रोसे को निलंबित कर उनका चार्ज पश्चिम वन वृत्त के वन संरक्षक विनय भार्गव को दिया है। सिविल सोयम वन डिवीजन अल्मोड़ा के डीएफओ ध्रुव सिंह मर्तोलिया को भी निलंबित कर उनका चार्ज नैनीताल के सहायक वन संरक्षक हेमचंद्र गहतोड़ी को दिया है। वहीं फायर वॉचर कृष्ण कुमार, चालक भगवत सिंह भोज, पीआरडी जवान कुंदन नेगी और श्रमिक कैलाश भट्ट को एयरलिफ्ट से एम्स नई दिल्ली में भर्ती कराया गया है।

> सीसीएफ कुमाऊं, उत्तरी वृत्त सीएफ और अल्मोड़ा डीएफओ को हटा दिया गया है। यह सभी अफसरों के लिए चेतावनी है। बार-बार कहा जा रहा है कि दफ्तर छोड़कर धरातल पर उतरें और लापरवाही नहीं बरतें। यदि अफसर सतर्क नहीं होते हैं तो उनके खिलाफ दंडात्क कार्रवाई होगी।
> -पुष्कर सिंह धामी, मुख्यमंत्री

पूर्णागिरि धाम पहुंचे लाखों श्रद्धालु

टनकपुर, अमृत विचार : 26 मार्च से शुरू मां पूर्णागिरि धाम के मेले का 15 जून को आज समापन होगा। जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति राय शनिवार शाम पांच बजे बाद ठुलीगाड़ में मेले का समापन करेंगी। वर्ष 2010 के बाद पहली बार जिला पंचायत को फिर से मेले के आयोजन का जिम्मा मिला है।

मेले की आयोजक संस्था जिला पंचायत के अपर मुख्य अधिकारी और मेला अधिकारी भगवत पाटनी का कहना है कि समापन के साथ ही सरकारी मेले की व्यवस्थाओं के लिए अस्थाई रूप से जुटाई गई सुविधाओं को हटाना शुरू कर दिया जाएगा। 26 मार्च से शुरू हो 82 दिनों तक चलने वाले मां पूर्णागिरि धाम के सरकारी मेले में करीब 30 लाख श्रद्धालुओं ने देवी दर्शन किए।

भवाली में प्रसिद्ध कैंची धाम मेला आज

- 15 जून को मनाया जाता है स्थापना दिवस, मथुरा के कारीगर तैयार कर रहे 6लाख मालपुए

संवाददाता, भवाली

मेला से एक दिन पहले झालरों से सजा कैंची धाम। ● अमृत विचार

अमृत विचार : बाबा नीब करौरी के आश्रम कैंचीधाम आश्रम का स्थापना दिवस शनिवार को धूमधाम से मनाया जाएगा। मेले में पांच लाख श्रद्धालुओं के पहुंचने की संभावना है। मेले को लेकर पुलिस-प्रशासन ने तैयारियां कर ली हैं।

हर वर्ष 15 जून को कैंचीधाम की स्थापना दिवस पर मेला आयोजित होता है। इसमें देशभर से लाखों श्रद्धालु पहुंचते हैं। मेले को लेकर मंदिर प्रबंधन समिति ने तैयारियां की हैं। बीती 12 जून से मथुरा से आए कारीगर देसी घी के छह लाख मालपुए बनाने में लगे हुए हैं। शनिवार को बाबा नीब करौरी को भोग लगाने के बाद सुबह 6 से रात्रि 9 बजे तक प्रसाद वितरण होगा। वहीं, मेले को प्रशासन व पुलिस ने तैयारियां की हैं। श्रद्धालुओं की सहूलियत के लिए शटल सेवा चलाई जा रही है। शनिवार को भवाली रूट पर यातायात बंद रहेगा। एसएसपी पीएन मीणा ने कैंचीधाम पहुंचकर सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। बाबा नीब करौरी की बहुत मान्यता है। एप्पल के संस्थापक स्टीव जॉब्स, फेसबुक संस्थापक मार्क जुकरबर्ग, भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व कप्तान महेंद्र सिंह धोनी एवं विराट कोहली, अभिनेत्र समांथा रूथ प्रभु समेत देश विदेश की कई जानी मानी हस्तियां यहां पहुंची हैं।

एक साथ चुनाव कराने पर समिति की रिपोर्ट को मंत्रिमंडल के समक्ष जल्द रखने की योजना

रिपोर्ट को पेश करना विधि मंत्रालय के विधायी विभाग के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा

नई दिल्ली, एजेंसी

केंद्रीय विधि मंत्रालय एक राष्ट्र, एक चुनाव पर उच्च स्तरीय समिति की रिपोर्ट केंद्रीय मंत्रिमंडल के समक्ष रखने की योजना बना रहा है। सूत्रों ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। सूत्रों ने कहा कि रिपोर्ट को शीघ्र मंत्रिमंडल के समक्ष रखना विधि मंत्रालय के विधायी विभाग के 100 दिवसीय एजेंडे का हिस्सा है।

लोकसभा चुनाव से पहले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सभी केन्द्रीय मंत्रालयों और विभागों को अगली सरकार के लिए 100 दिन का एजेंडा तैयार करने का निर्देश दिया था। पूर्व राष्ट्रपति रामनाथ कोविंद की अध्यक्षता वाली एक उच्च-स्तरीय समिति ने लोकसभा और राज्य विधानसभाओं के लिए एक साथ चुनाव कराने तथा इसके बाद 100 दिन के भीतर एक साथ स्थानीय निकाय चुनाव कराने की 15 मार्च को सिफारिश की थी। समिति ने कहा था कि एक साथ चुनाव कराए जाने से विकास प्रक्रिया और सामाजिक एकजुटता को बढ़ावा मिलेगा, लोकतांत्रिक परंपरा की नींव गहरी होगी और आकांक्षाओं को साकार करने में मदद मिलेगी। उसने यह भी सिफारिश की थी कि निर्वाचन आयोग राज्य चुनाव अधिकारियों के परामर्श से एकल मतदाता सूची और पहचान पत्र तैयार करे।

विधि आयोग 2029 से एकता सरकार के प्रावधान की कर सकता है सिफारिश

सूत्रों के मुताबिक इसके लिए हालांकि कुछ संविधान संशोधन विधेयकों की आवश्यकता होगी जिन्हें संसद द्वारा पारित कराना होगा। एकल मतदाता सूची और एकल मतदाता पहचान पत्र के संबंध में कुछ प्रस्तावित परिवर्तनों के लिए कम से कम आधे राज्यों द्वारा अनुसमर्थन की आवश्यकता होगी। इसके अलावा, विधि आयोग भी शीघ्र ही एक साथ चुनाव कराने के संबंध में अपनी रिपोर्ट प्रस्तुत कर सकता है। सूत्रों ने बताया कि विधि आयोग 2029 से सरकार के सभी तीन स्तरों लोकसभा, राज्य विधानसभाओं और नगर पालिकाओं और स्थानीय निकायों के लिए एक साथ चुनाव कराने और सदन के त्रिशंकु होने या अविश्वास प्रस्ताव जैसे मामलों में एकता सरकार के प्रावधान की सिफारिश कर सकता है।

प्रतिबंधित ई-सिगरेट के साथ दो गिरफ्तार

नोएडा। थाना सेक्टर 20 पुलिस और क्यूआरटी ने एक संयुक्त कार्रवाई में दो बदमाशों को गिरफ्तार करके उनके पास से लाखों रुपये कीमत के प्रतिबंधित ई-सिगरेट और गांजा आदि बरामद किया है। पुलिस ने बताया कि इस गिरोह का सरगना फरार है और उसकी तलाश की जा रही है। पुलिस उपायुक्त (जोन प्रथम) विद्यासागर मिश्रा ने बताया कि थाना सेक्टर 20 पुलिस और क्विक रिस्पांस टीम ने एक संयुक्त कार्रवाई के तहत सेक्टर 18 के पास से बृहस्पतिवार रात को शाहनवाज, निवासी तुगलकाबाद, दिल्ली और रवि कुमार, निवासी जनपद मथुरा को गिरफ्तार किया। उन्होंने बताया कि गिरफ्तार दोनों व्यक्तियों के पास से 2480 प्रतिबंधित ई-सिगरेट, चार किलोग्राम गांजा तथा घटना में प्रयुक्त होने वाला एक ऑटो रिक्शा बरामद हुआ है।

विशाखापत्तनम में रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह शुक्रवार को पूर्वी नौसेना कमान की अपनी यात्रा के दौरान अधिकारियों से हाथ मिलाया और देश की समुद्री सीमाओं का निरीक्षण किया। ● एजेंसी

एक नजर

मणिपुर में प्रतिबंधित गतिविधियों में शामिल होने में एक गिरफ्तार

गुवाहाटी। मणिपुर में एक प्रतिबंधित संगठन की तोड़फोड़ गतिविधियों में कथित रूप से शामिल होने के आरोप में शुक्रवार को गुवाहाटी के निकट खैगौलेन किपगेन को गिरफ्तार किया गया। पुलिस के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर कार्रवाई करते हुए विशेष कार्य बल (एसटीएफ) ने राष्ट्रीय राजमार्ग 27 पर सोनापुर टोल गेट पर एक वाहन को रोका। उसने बताया कि वाहन की तलाशी के दौरान, ड्रोन में इस्तेमाल होने वाली विशेष बैटरी, 3 .40 लाख रुपये नकद, चार जोड़ी जूते और एक मोबाइल फोन बरामद किया गया।

हत्या के मामले में तीन लोगों को उम्रकैद

छपरा। बिहार में सारण जिले के व्यवहार न्यायालय ने शुक्रवार को अपने दामाद की हत्या के मामले में ससुर सहित तीन लोगों को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। सारण के विशेष न्यायाधीश अनुसूचित जाति अत्याचार निवारण अधिनियम सह अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश रघुवंश नारायण ने प्रेम विवाह के कारण दामाद की हत्या करने वाले मांझी थाना के डुमरी निवासी गणेश यादव, राजेश यादव, सुभाष यादव को आजीवन करावास सजा सुनाई।

जम्मू में बड़े जमीन घोटाले का खुलासा

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो (एसीबी) ने शुक्रवार को दावा किया कि उसने एक बड़े घोटाले का पर्दाफाश किया है, जिसमें भू-माफिया द्वारा अधिकारियों की मिलीभगत से 28 एकड़ से अधिक जमीन हड़पी गई है। पुलिस के एक वरिष्ठ अधिकारी ने यह जानकारी दी। एसीबी-जम्मू के उप महानिरीक्षक विकास गुप्ता ने यहां संवाददाताओं को बताया कि सरकारी अधिकारियों सहित आरोपियों के खिलाफ पांच प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और घोटाले में शामिल 16 लोगों के परिसरों पर छापेमारी चल रही है। विकास गुप्ता ने कहा कि पाकिस्तान के कब्जे वाले कश्मीर (पीओके) के कई शरणार्थियों को, जिन्हें 1955-56 में बसने के लिए कुछ जमीन आवंटित की गई थी, षड्यंत्रकारियों द्वारा वहां भेजा गया था। इस अवसर पर एसीबी के वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक (मध्य) सुरेन्द्र कुमार शर्मा सहित कई वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे।

सिक्किम के सीएम ने सोरेंग-चाकुंग सीट छोड़ी

गंगटोक। सिक्किम के मुख्यमंत्री प्रेम सिंह तमांग ने शुक्रवार को कहा कि वह सोरेंग-चाकुंग विधानसभा सीट छोड़ रहे हैं और रेनॉक सीट से विधायक के पद पर सेवाएं देंगे। सिक्किम विधानसभा (एसएलए) द्वारा जारी अधिसूचना के अनुसार, अध्यक्ष एम एन शेरपा ने उनका इस्तीफा स्वीकार किया। राज्य में विधानसभा चुनाव में सिक्किम क्रांतिकारी मोर्चा के अध्यक्ष तमांग ने दोनों सीट पर जीत हासिल की थी। साथ ही उनकी पार्टी ने राज्य की 32 में से 31 सीट जीतते हुए प्रचंड बहुमत से सरकार बनाई। सिक्किम विधानसभा के सचिव ललित कुमार गुरुंग द्वारा जारी की गई अधिसूचना में बताया गया कि जनप्रतिनिधित्व अधिनियम 1951 की धारा 70, चुनाव संचालन नियमावली 1951 के नियम 91 के तहत, 07-सोरेंग-चाकुंग और 19-रेनॉक विधानसभा सीट से निर्वाचित सदस्य पी एस तमांग ने 14 जून, 2024 को 07-सोरेंग-चाकुंग विधानसभा क्षेत्र से अपना इस्तीफा दे दिया है।

कोर्ट ने सीआईडी को पॉक्सो मामले में येदियुरप्पा को गिरफ्तार करने से रोका

बेंगलुरु। कर्नाटक उच्च न्यायालय ने शुक्रवार को सीआईडी को एक पॉक्सो मामले में पूर्व मुख्यमंत्री येदियुरप्पा को गिरफ्तार न करने का निर्देश दिया। उच्च न्यायालय ने वरिष्ठ भाजपा नेता येदियुरप्पा को भी इस पॉक्सो मामले की जांच कर रही सीआईडी के समक्ष 17 जून को पेश होने का निर्देश दिया। बेंगलुरु की एक अदालत ने बृहस्पतिवार को येदियुरप्पा के खिलाफ पॉक्सो मामले में गैर-जमानती गिरफ्तारी वारंट जारी किया था। यह मामला इस वर्ष 14 मार्च को दर्ज किया गया था। सीआईडी के विशेष जांच दल ने बुधवार को पूछताछ के लिए येदियुरप्पा के पेश नहीं होने पर उनके खिलाफ गिरफ्तारी वारंट जारी करने का अनुरोध करते हुए त्वरित (फास्ट ट्रैक) अदालत का दरवाजा खटखटाया था।

बिभव कुमार की जमानत अर्जी पर पुलिस से जवाब-तलब

नई दिल्ली, एजेंसी

राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल हमला मामला

दिल्ली उच्च न्यायालय ने आप की राज्यसभा सदस्य स्वाति मालीवाल पर कथित हमले से जुड़े मामले में मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल के सहयोगी बिभव कुमार की जमानत अर्जी पर शुक्रवार को दिल्ली पुलिस से जवाब मांगा।

न्यायमूर्ति अमित शर्मा की अवकाशकालीन पीठ ने जमानत अर्जी पर नोटिस जारी किया और दिल्ली पुलिस से स्थिति रिपोर्ट दाखिल करने को कहा। कुमार अभी न्यायिक हिरासत में हैं और आरोप है कि उन्होंने 13 मई को मुख्यमंत्री केजरीवाल के सरकारी आवास पर मालीवाल पर हमला किया था। मामले में कुमार को 18 मई को गिरफ्तार किया गया था। कुमार के वकील ने दलील दी कि उन्हें हिरासत में रखे रहने का कोई कारण नहीं है और अदालत से जून में ही मामले पर अगली सुनवाई करने का अनुरोध किया, क्योंकि यह उनकी व्यक्तिगत स्वतंत्रता से जुड़ा हुआ है। उन्होंने दलील दी, मैं एक ऐसे अपराध को लेकर एक महीने से हिरासत में हूं, जिसमें (पीड़िता को) कोई चोट नहीं लगी है...। वहीं, दिल्ली पुलिस की ओर से पेश हुए वरिष्ठ अधिवक्ता ने कहा कि मामले में जांच अब भी जारी है।

उज्जैन में सट्टा गिरोह का भंडाफोड़, नौ गिरफ्तार

उज्जैन (मप्र), एजेंसी

● पुलिस ने 14.58 करोड़ रुपये नकद भी बरामद किए

मध्य प्रदेश के उज्जैन में पुलिस ने शहर के विभिन्न हिस्सों में छापेमारी में एक सट्टा गिरोह का भंडाफोड़ करते हुए नौ लोगों को गिरफ्तार कर 14.58 करोड़ रुपये नकद बरामद किए। यह जानकारी एक अधिकारी ने शुक्रवार को दी।

पुलिस के एक अधिकारी ने शुक्रवार को बताया कि उन्हें टी-20 क्रिकेट विश्व कप और ऑनलाइन गेम पर सट्टा लगाने वाले एक गिरोह के बारे में सूचना मिली थी। उज्जैन रेंज के पुलिस महानिरीक्षक (आईजी) संतोष कुमार सिंह ने संवाददाताओं को बताया, "हमें सूचना मिली थी कि पीयूष चोपड़ा नामक व्यक्ति बड़े पैमाने पर ऑनलाइन सट्टेबाजी में शामिल है। हमने दो दिनों तक सूचना पर काम किया। पुलिस दलों ने बृहस्पतिवार शाम को मुसद्दीपुरा और 19 ड्रीम कॉलोनी सहित दो से तीन इलाकों में छापेमारी की।'' उन्होंने बताया कि दलों ने 14.58 करोड़ रुपये की नकदी और पाउंड और डॉलर सहित सात देशों की मुद्राएं बरामद कीं। उन्होंने बताया कि 40 से अधिक मोबाइल फोन, लैपटॉप और अन्य गैजेट भी जब्त किए गए। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने नौ लोगों को गिरफ्तार किया है, जो मध्य प्रदेश के नीमच और पंजाब के लुधियाना के रहने वाले हैं, जो इस अवैध गतिविधि में शामिल थे। उन्होंने बताया कि मुख्य आरोपी पीयूष चोपड़ा को पकड़ने के लिए एक अभियान शुरू किया गया है। उन्होंने बताया कि वह कई बार विदेश जा चुका है। सिंह ने कहा, "हम यह सुनिश्चित करने के लिए एक लुक-आउट सर्कुलर (एलओसी) जारी करने जा रहे हैं कि वह देश से भागे।" उन्होंने कहा कि इस संबंध में आयकर विभाग, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) और अन्य एजेंसियों को भी सूचित किया जाएगा।

पकड़े गए आरोपियों के नाम जसप्रीत, रोहित, गुरप्रीत सिंह, मयूर जैन, सतप्रीत सिंह, आकाश मसीही, चेतन नेगी, हरीश और गौरव बताए गए हैं। सभी आरोपियों के खिलाफ विभिन्न धाराओं के तहत मामले पंजीकृत किए गए हैं।

डेरा सच्चा सौदा प्रमुख ने अदालत से 21 दिन की फरलो का किया अनुरोध

चंडीगढ़। डेरा सच्चा सौदा प्रमुख और दुष्कर्म मामले में दोषी गुरमीत राम रहीम सिंह ने 21 दिन की फरलो के लिए पंजाब और हरियाणा उच्च न्यायालय का दरवाजा खटखटाया है। उच्च न्यायालय ने फरवरी में हरियाणा सरकार से कहा था कि डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को उसकी अनुमति के बिना और परोल नहीं दी जाए। उच्च न्यायालय तब शिरोमणि गुरुद्वारा प्रबंधक समिति की एक याचिका पर सुनवाई कर रहा था, जिसने डेरा सच्चा सौदा प्रमुख को अस्थायी तौर पर रिहा किए जाने को चुनौती दी थी। राम रहीम ने उच्च न्यायालय से निर्णय करने का अनुरोध किया है।

उच्चतम न्यायालय ने आरोपी कार्यकर्ता की अंतरिम जमानत पर एनआईए का रुख पूछा

नई दिल्ली, एजेंसी

एल्गार परिषद मामला

उच्चतम न्यायालय ने शुक्रवार को राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) से एल्गार परिषद-माओवादी संपर्क मामले में आरोपी कार्यकर्ता महेश राउत की एक याचिका पर निर्देश लेने को कहा। याचिका में राउत की दादी की मौत के बाद के अनुष्ठानों में शामिल होने के लिए अंतरिम जमानत की मांग की गई है।

न्यायमूर्ति संजय कुमार और न्यायमूर्ति अगस्टीन जॉर्ज मसीह की अवकाशकालीन पीठ ने मामले में सुनवाई के लिए 21 जून की तारीख तय की। पीठ ने राउत के वकील से पूछा, ''अंतिम संस्कार 26 मई को था तो अब कौन से अनुष्ठान बचे हैं? आपने यह नहीं बताया कि ये कब होंगे ?'' राउत की ओर से वरिष्ठ अधिवक्ता मिहिर देसाई ने कहा कि यह अंतरिम जमानत अर्जी उनकी दादी की मृत्यु के बाद कार्यक्रमों में शामिल होने के वास्ते गढ़चिरोली जाने के लिए दायर की गई है। शीर्ष अदालत ने राउत को जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के फैसले को लागू करने पर लगी रोक पिछले साल सितंबर में बढ़ा दी थी। एनआईए ने 33 वर्षीय राउत को जमानत देने के बंबई उच्च न्यायालय के 21 सितंबर के आदेश को शीर्ष अदालत में चुनौती दी थी।

महेश राउत को जून 2018 में गिरफ्तार किया गया था और वर्तमान में वह तलोजा जेल में न्यायिक हिरासत में बंद हैं। उच्च न्यायालय के 21 सितंबर के फैसले के बाद एनआईए के वकील ने इस आदेश को लागू करने पर रोक लगाने का अनुरोध किया था ताकि जांच एजेंसी इसे उच्चतम न्यायालय में चुनौती दे सके।

बलौदाबाजार आगजनी व हिंसक घटनाओं की होगी न्यायिक जांच

रायपुर। छत्तीसगढ़ के बलौदाबाजार में 10 जून को हुई हिंसा की जांच उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायमूर्ति करेंगे।

एकल सदस्यीय न्यायिक जांच समिति तीन माह के भीतर अपनी रिपोर्ट राज्य शासन को सौंपेगी। राज्य शासन ने गिरौधपुरी धाम के ग्राम महकोनी स्थित अमरगुफा में जैतखांभ की क्षति ग्रस्त होने की घटना को गंभीरता से लेते हुए छत्तीसगढ उच्च न्यायालय के सेवानिवृत्त न्यायाधीश को जांच अधिकारी नियुक्त किया है। राज्य शासन ने छह बिंदुओं पर जांच के लिए एकल सदस्यीय न्यायिक जांच का आदेश जारी किया है।

नेशनल स्टूडेंट्स यूनियन ऑफ इंडिया (एनएसयूआई) के सदस्य नीट-2024 के नतीजों में हुई अनियमितताओं को लेकर शुक्रवार को रांची में विरोध-प्रदर्शन करते हुए। ● एजेंसी

दिल्ली के पूर्व मंत्री आनंद विधानसभा की सदस्यता से घोषित किए गए अयोग्य

नई दिल्ली। पूर्व समाज कल्याण मंत्री राजकुमार आनंद को दिल्ली विधानसभा की सदस्यता से अयोग्य घोषित कर दिया गया है। विधानसभा अध्यक्ष रामनिवास गोयल ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। आनंद अप्रैल में आम आदमी पार्टी (आप) और दिल्ली सरकार में मंत्री पद से इस्तीफा देकर बहुजन समाज पार्टी (बसपा) में शामिल हो गए थे। गोयल ने कहा-उन्हें नोटिस का जवाब देने के लिए 10 जून की तारीख दी गई थी, लेकिन उन्होंने कोई जवाब नहीं दिया। इसी नोटिस में उन्हें 11 जून को उपस्थित होने को कहा गया था, लेकिन वे उपस्थित नहीं हुए। उन्हें 14 जून को उपस्थित होने का एक और मौका दिया गया था, लेकिन वे नहीं आए। दिल्ली विधानसभा से उनकी सदस्यता समाप्त कर दी गई है। आनंद को विधानसभा द्वारा 31 मई को दलबदल विरोधी कानून के तहत नोटिस दिया गया था।

उच्च न्यायालय का रुख कर नौ छात्राओं ने कक्षा में हिजाब, बुर्का पर पाबंदी के निर्देश को दी चुनौती

मुंबई, एजेंसी

हिजाब विवाद पर नाराजगी

- छात्राओं ने कोर्ट में कहा-कॉलेज द्वारा लगाया प्रतिबंध अनुचित
- मुंबई के दो कॉलेजों का सामने आया मामला

मुंबई में नौ छात्राओं ने बंबई उच्च न्यायालय का रुख कर अपने कॉलेज प्रशासन द्वारा कक्षा में हिजाब, बुर्का और नकाब पर प्रतिबंध लगाने के निर्देश को चुनौती दी है। अपनी याचिका में छात्राओं ने कहा कि चेंबूर ट्रॉम्बे एजुकेशन सोसाइटी के एन. जी. आचार्य और डी.के. मराठे कॉलेज द्वारा लगाया गया प्रतिबंध मनमाना, अनुचित और कानून के विरुद्ध है।

बंबई उच्च न्यायालय के न्यायमूर्ति ए.एस. चंदुरकर की अध्यक्षता वाली पीठ अगले सप्ताह याचिका पर सुनवाई करेगी। याचिका के अनुसार, एक मई को कॉलेज के व्हाट्सएप ग्रुप पर नोटिस के साथ एक संदेश जारी किया गया था, जिसमें बुर्का, नकाब, हिजाब, बैज, टोपी और दुपट्टा पर ड्रेस कोड प्रतिबंध लगाया गया था। याचिकाकर्ता, स्नातक द्वितीय और तृतीय वर्ष की छात्राएं हैं। उन्होंने कहा कि इस तरह का निर्देश सत्ता के दुरूपयोग के अलावा और कुछ नहीं है। याचिका में कहा गया है कि नकाब, बुर्का और हिजाब याचिकाकर्ताओं की धार्मिक आस्था का अभिन्न अंग हैं और इस पर प्रतिबंध लगाना उनके मौलिक अधिकारों का हनन है।

याचिकाकर्ताओं ने शुरूआत में कॉलेज प्रबंधन और प्राचार्य से नकाब, बुर्का और हिजाब पर प्रतिबंध हटाने का अनुरोध किया था। उन्होंने विश्वविद्यालय के कुलाधिपति और कुलपति के साथ-साथ विश्वविद्यालय अनुदान आयोग (यूजीसी) को भी नोटिस के खिलाफ अपनी शिकायत की। याचिकाकर्ताओं ने उनसे बिना किसी भेदभाव के सभी नागरिकों को शिक्षा प्रदान करने की भावना को बनाए रखने के लिए हस्तक्षेप करने का अनुरोध किया। हालांकि, जब उन्हें कोई जवाब नहीं मिला, तो छात्राओं ने उच्च न्यायालय में याचिका दायर की। याचिका में कहा गया है कि नोटिस बिना किसी कानूनी अधिकार के जारी किया गया और इसलिए यह कानूनन गलत और अमान्य है। याचिका में, कोर्ट से नोटिस को रद करने का अनुरोध किया गया है।

हजारे को महाराष्ट्र, देशभर के घोटालों को करना चाहिए उजागर: राउत

मुंबई, एजेंसी

- शिवसेना (यूबीटी) नेता बोले उनका आंदोलन आप के उभरने का था एक कारण

शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने शुक्रवार को कहा कि भ्रष्टाचार के खिलाफ आंदोलन चलाने वाले अन्ना हजारे को चुनावी बॉण्ड से जुड़े कथित घोटाले सहित देशभर के घोटालों को उजागर करना चाहिए।

राउत उन खबरों का हवाला दे रहे थे, जिनमें कहा गया है कि हजारे महाराष्ट्र राज्य सहकारी बैंक (एमएससीबी) से संबंधित कथित घोटाले की 'क्लोजर रिपोर्ट' को चुनौती देंगे। मामले के आरोपियों में उपमुख्यमंत्री अजित पवार भी शामिल हैं। 'क्लोजर रिपोर्ट', के जरिए पुलिस या जांच एजेंसी मामला बंद करने का अदालत से अनुरोध करती है। साथ ही शिवसेना (यूबीटी) नेता संजय राउत ने कहा कि हजारे को महाराष्ट्र और देश में हुए घोटालों के खिलाफ दिल्ली के रामलीला मैदान में प्रदर्शन करना चाहिए। भ्रष्टाचार के खिलाफ हजारे का आंदोलन, 2014 के लोकसभा चुनाव में कांग्रेस की हार और आप के उभरने के कारणों में एक था।

एकजुटता की उम्मीद | आरएसएस और भाजपा सहित सहयोगी संगठनों की 31 अगस्त होगी तीन दिवसीय वार्षिक समन्वय बैठक

भाजपा के साथ मतभेद की खबरों को आरएसएस ने किया खारिज

नई दिल्ली, एजेंसी

राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (आरएसएस) ने शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के साथ अपने मतभेद की खबरों को खारिज किया और इसे भ्रम पैदा करने की कोशिश करार दिया। संघ सूत्रों ने इस बात को भी मानने से इनकार किया कि लोकसभा चुनाव परिणामों को लेकर सरसंघचालक मोहन भागवत की आलोचनात्मक टिप्पणियां सत्तारूढ़ पार्टी को निशाना बनाकर की गई थी। सूत्रों ने यह भी कहा कि आरएसएस और भाजपा सहित उसके सहयोगी संगठनों की तीन दिवसीय वार्षिक समन्वय बैठक केरल के पलक्कड़ जिले में 31 अगस्त से शुरू होगी। बैठक में भाजपा अध्यक्ष समेत पार्टी के वरिष्ठ नेताओं के शामिल होने की उम्मीद है।

आरएसएस सूत्रों ने कहा- आरएसएस और भाजपा के बीच कोई दरार नहीं है। संघ का यह बयान इसलिए भी महत्वपूर्ण है क्योंकि विपक्षी नेताओं समेत लोगों के एक वर्ग का दावा है कि भागवत की वह टिप्पणी लोकसभा चुनाव में उम्मीद के मुताबिक प्रदर्शन नहीं करने के बाद भाजपा के शीर्ष नेतृत्व को एक संदेश है, जिसमें उन्होंने कहा था कि सच्चा सेवक कभी अहंकारी नहीं होता। सूत्रों ने कहा-2014 और 2019 के लोकसभा चुनावों के बाद उन्होंने (भागवत) जो भाषण दिए थे और इस बार का जो भाषण है, इनमें बहुत अधिक अंतर नहीं है। किसी भी संबोधन में राष्ट्रीय चुनावों जैसी महत्वपूर्ण घटना का संदर्भ होना लाजिमी है। उन्होंने कहा, "लेकिन इसका गलत मतलब निकाला गया और भ्रम पैदा करने के लिए इसे संदर्भ से बाहर ले जाया गया। उनकी 'अहंकार' वाली टिप्पणी कभी भी प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी या भाजपा के किसी नेता के खिलाफ नहीं थी।" अपने भाषण में भागवत ने सोमवार को मणिपुर में एक साल बाद भी शांति बहाल ना होने पर चिंता जताई थी। इसके साथ ही उन्होंने चुनाव के दौरान आम विमर्श की आलोचना की थी और चुनाव खत्म होने और परिणाम आने के बाद क्या और कैसे होगा, इस पर अनावश्यक बातचीत के बजाय आगे बढ़ने का आह्वान किया था। विपक्षी नेताओं ने भाजपा और मोदी पर निशाना साधने के लिए उनकी टिप्पणियों को हथियार बना लिया। वहीं कांग्रेस महासचिव जयराम रमेश ने कहा था कि शायद भागवत आरएसएस के पूर्व पदाधिकारी को मणिपुर जाने के लिए राजी कर सकते हैं।

जो भगवान राम के खिलाफ थे वे सत्ता से बाहर : इंद्रेश

बयान को लेकर पैदा हुए विवाद के बीच आरएसएस की राष्ट्रीय कार्यकारिणी के सदस्य इंद्रेश कुमार ने शुक्रवार को कहा कि देश चुनाव में भाजपा के प्रदर्शन और मोदी के लगातार तीसरी बार प्रधानमंत्री बनने से वह खुश हैं। उन्होंने कहा-इस समय, ताजा खबर यह है कि जो भगवान राम के खिलाफ थे वे सत्ता से बाहर हैं और जो भगवान राम के भक्त थे वे सत्ता में हैं।" उन्होंने कहा कि मोदी के नेतृत्व में देश प्रगति करेगा। भागवत के भाषण पर चल रही बहस के बारे में पूछे जाने पर कुमार ने कहा-बेहतर होगा कि आप संघ के अधिकृत पदाधिकारियों से इस बारे में पूछें। कुमार के गुरुवार के बयान के बारे में पूछे जाने पर आरएसएस के एक अन्य पदाधिकारी ने शुक्रवार को कहा कि यह उनकी निजी राय है और यह संगठन के दृष्टिकोण को प्रतिबिंबित नहीं करता है।

चुनिंदा शेयरों में लिवाली से सेंसेक्स और निफ्टी ने बनाए नए रिकॉर्ड

मुंबई, एजेंसी

निर्यात के उत्साहजनक आंकड़ों के बीच शुक्रवार को एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज और महिंद्रा एंड महिंद्रा जैसी कंपनियों में लिवाली से लगातार तीसरे सत्र में भी तेजी रही। इससे सेंसेक्स और निफ्टी नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर बंद हुए।

बीएसई का 30 शेयरों पर आधारित सूचकांक सेंसेक्स 181.87 अंक यानी 0.24% चढ़कर 76,992.77 अंक के नए उच्च स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 270.4 अंक यानी 0.35% चढ़कर 77,081.30 अंक पर पहुंच गया था। नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का सूचकांक निफ्टी 66.70 अंक यानी 0.29% की बढ़त के साथ 23,465.60 अंक के रिकॉर्ड स्तर पर बंद हुआ। कारोबार के दौरान एक समय यह 91.5 अंक बढ़कर 23,490.40 अंक के नए सर्वकालिक उच्च स्तर पर पहुंच गया था। साप्ताहिक आधार पर बीएसई 299.41 अंक या 0.39% चढ़ा, जबकि निफ्टी में 175.45 अंक या 0.75% का उछाल आया।

- कारोबार के दौरान सेंसेक्स ने 270.4 अंक चढ़कर 77,081.30 तक पहुंचा था
- निफ्टी ने भी 91.5 अंक बढ़कर 23,490.40 अंक के सर्वकालिक उच्चस्तर को छुआ था

अनुकूल निर्यात आंकड़ों से प्रभावित रहा बाजार

सेंसेक्स में शामिल कंपनियों में से महिंद्रा एंड महिंद्रा, टाइटन, एचडीएफसी बैंक, रिलायंस इंडस्ट्रीज, अल्ट्राटेक सीमेंट, बजाज फाइनेंस, एक्सिस बैंक, टाटा मोटर्स और एशियन पेंट्स के शेयरों में अधिक तेजी रहीं। वहीं, टेक महिंद्रा, टीसीएस, विप्रो, एचसीएल टेक्नोलॉजीज, लार्सन एंड टूब्रो और एसबीआई के शेयरों में गिरावट का रुख रहा। बाजार शुक्रवार को आए अनुकूल निर्यात आंकड़ों से भी प्रभावित हुआ। वहीं एशियाई शेयरों में भी मिला-जुला रुख रहा। विदेशी संस्थागत निवेशक पूंजी बाजार में गुरुवार को बिकवाल रहे और उन्होंने शुद्ध रूप से 3,033 करोड़ रुपये की कीमत के शेयरों की बिक्री की। बकरीद के अवसर पर सोमवार को शेयर बाजार बंद रहेंगे।

विनिर्माण से मिलेगी उन्नति को नई दिशा

भारत का विनिर्माण क्षेत्र, देश की आर्थिक वृद्धि और विकास में एक महत्वपूर्ण भूमिका निभाता है। यह क्षेत्र न केवल बड़ी संख्या में रोजगार उत्पन्न करता है, बल्कि भारत को वैश्विक व्यापार में भी प्रतिस्पर्धी बनाता है। पिछले कुछ वर्षों में, सरकार और निजी क्षेत्र के मिलकर किए गए प्रयासों के परिणामस्वरूप, विनिर्माण क्षेत्र में महत्वपूर्ण सुधार और विकास देखा गया है आईए जानते हैं इसके बारे में....

- **विनिर्माण का योगदान** : भारत की जीडीपी में विनिर्माण का योगदान लगभग 15-16% है। सरकार का उद्देश्य इसे बढ़ाकर 25% तक ले जाना है, जिससे देश में अधिक रोजगार और विकास के अवसर पैदा हो सकें।
- **मेक इन इंडिया पहल** : 2014 में शुरू की गई इस पहल का उद्देश्य भारत को एक वैश्विक विनिर्माण केंद्र बनाना है। इसके अंतर्गत, निवेश को बढ़ावा देने, नवाचार को प्रोत्साहित करने, कौशल विकास को बढ़ाने और बुनियादी ढांचे को सुधारने के प्रयास किए गए हैं।
- **उद्योगों का विस्तार** : ऑटोमोबाइल, टेक्सटाइल, रसायन, और फार्मास्यूटिकल्स जैसे उद्योगों ने भारत के विनिर्माण क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान दिया है। इन उद्योगों में निरंतर निवेश और तकनीकी उन्नति से उत्पादन क्षमता और गुणवत्ता में सुधार हुआ है।
- **नवीनतम प्रौद्योगिकी और स्वचालन** : भारतीय विनिर्माण इकाइयाँ तेजी से उन्नत तकनीकों और स्वचालन को अपना रही हैं। इससे उत्पादकता में वृद्धि हो रही है और उत्पादन की लागत कम हो रही है, जिससे भारतीय उत्पाद विश्व स्तर पर अधिक प्रतिस्पर्धी हो रहे हैं।
- **चुनौतियां और संभावनाएं** : विनिर्माण क्षेत्र के सामने प्रमुख चुनौतियां जैसे कि बुनियादी ढांचे की कमी, श्रम कानूनों में जटिलता और अनुसंधान एवं विकास में कमी हैं लेकिन, सही नीतियों और सुधारों से, भारत इस क्षेत्र में मजबूत वैश्विक खिलाड़ी बनने की अपार संभावनाएं रखता है।

भारत का विनिर्माण क्षेत्र आर्थिक विकास का प्रमुख स्तंभ बनने की दिशा में अग्रसर है। सरकार की नीतियों, निवेशकों के विश्वास, और उद्योग जगत के प्रयासों से आने वाले वर्षों में इस क्षेत्र में और भी उल्लेखनीय प्रगति की उम्मीद है।

मैंथा बाजार भाव

रामपुर-शिवालिक 965 फ्लैग 1075 डीएमओ 850 बोल्ड 1135, **सम्भल-चन्दौसी**-शिवालिक 940 फ्लैग 1070 बोल्ड 1110 डीएमओ 855।

लखनऊ मंडी

अनाज (प्रति क्वि.)-	
गेहूं (आरआर 21)	2360-2800
गेहूं (के 65)	3500-3800
बाजरा	2200-2300
मक्का	2700-2800
जौ	2900-3000
चावल (प्रति क्वि.)	
चावल सेल्हा	2800-3100
चावल बासमती	7000-8000
चावल मोटा	2800-3000
चावल मन्सूरी	3200-3500
चावल शक्कर चीनी	4800-5200
चावल गोल्डन सेल्हा	5600-8600
चावल राजरानी	7000-7500
दाल दलहन	
चना देशी	6800-7000
चना फार्मी	7200-7500
चना काबली	14500-17000
मटर हरा	6000-6200
मटर सफेद	6100-6500
दाल चना	8000-8400
दाल मटर	6400-6500
उड़द हरा	12000-12500
उड़द काला	9000-9500
दाल उड़द हरी	15500-16000
दाल उड़द काली	10500-11000
दाल उड़द धोवा	12000-12500
मूंग खड़ा	10000-10500
मूंग दाल	10500-11000
मूंग धोवा	12000-13000
मसूर	8800-9000
मलका	9000-9500
दाल अरहर फूल	16000-17000
दाल स्पेशल	13000-14000
राज्मा सफेद	13000-14000
राज्मा काला	11500-12500
मूंगफली का दाना	11000-12000
तेल तिलहन	
अलसी	5310-5510
लाही	4800-5200
काली सरसों	4900-5300
पीली सरसों	5600-5800 रुपये।

सर्राफा

लखनऊ	
सोना स्टैंडड (प्रति 10 ग्राम)	72,150
सोना रवा (प्रति 10 ग्राम)	72,200
गिन्नी (प्रति 10 नग)	42, 500
चांदी (999)	88,000
चांदी तैयार	89,100
चांदी का सिक्का (प्रति सैकड़ा)	80, 000

एक नजर

एसबीआई ने बॉण्ड से 10 करोड़ डॉलर जुटाए

नई दिल्ली। भारतीय स्टेट बैंक (एसबीआई) ने कहा कि उसने कारोबार बढ़ाने के लिए बॉण्ड के जरिये 10 करोड़ अमेरिकी डॉलर (830 करोड़ रुपये) जुटाए हैं। एसबीआई ने शेयर बाजार को दी सूचना में कहा कि यह राशि वरिष्ठ असुरक्षित अस्थिर दर वाले ऋणपत्रों से जुटाई गई है। इसकी अवधि तीन साल है। ये बॉण्ड 20 जून, 2024 तक उसकी लंदन शाखा के जरिए जारी किए जाएंगे।

हुंडई मोटर की आयोनिक-5 की 1,744 इकाइयां वापस

नई दिल्ली। हुंडई मोटर इंडिया एकीकृत चार्जिंग नियंत्रण इकाई में समस्या से अपने इलेक्ट्रिक मॉडल आयोनिक-5 की 1,744 इकाइयों को वापस बुला रही है। उद्योग संगठन सियाम की वेबसाइट के अनुसार, कंपनी इसको ठीक करने के लिए 21 जुलाई 2022 से 30 अप्रैल 2024 के बीच निर्मित इकाइयों को एकीकृत चार्जिंग नियंत्रण इकाई में संभावित समस्या से वापस बुला रही है, जिससे 12वी बैटरी डिस्चार्ज हो सकती है।

निर्यात 9% बढ़कर 38.13 अरब डॉलर व्यापार में घाटा 7 महीनों में सर्वाधिक

इलेक्ट्रॉनिक्स, औषधि, कपड़ा और प्लास्टिक के क्षेत्र में वैश्विक अनिश्चितताओं के बावजूद वृद्धि

नई दिल्ली, एजेंसी

भारत का मई में वस्तु निर्यात 9% बढ़कर 38.13 अरब डॉलर हो गया, जो गत वर्ष इसी महीने में 34.95 अरब डॉलर था। वहीं व्यापार घाटा बढ़कर सात महीने के उच्चतम स्तर 23.78 अरब अमेरिकी डॉलर पर पहुंच गया।

शुक्रवार को जारी सरकारी आंकड़ों के मुताबिक, भारत ने मई में इंजीनियरिंग, इलेक्ट्रॉनिक, औषधि, कपड़ा और प्लास्टिक जैसे क्षेत्रों में स्वस्थ वृद्धि के दम पर वैश्विक आर्थिक अनिश्चितताओं के बावजूद निर्यात में वृद्धि दर्ज की है। आलोच्य अवधि में कच्चे तेल का आयात बढ़ने से देश का कुल आयात 7.7% बढ़कर 61.91 अरब अमेरिकी डॉलर हो गया। यह मई 2023 में 57.48 अरब अमेरिकी डॉलर था। तेल आयात मई में 28% बढ़कर 20 अरब डॉलर हो गया। वित्त वर्ष 2024-25 के पहले दो महीनों में तेल आयात 24.4% बढ़कर 36.4 अरब डॉलर हो गया। इस साल मई में सोने का आयात मामूली घटकर 3.33 अरब डॉलर रहा, जो गत वर्ष 3.69 अरब डॉलर था। समीक्षाधीन महीने में आयात और निर्यात के बीच का अंतर यानी देश का व्यापार घाटा बढ़कर 23.78 अरब डॉलर रहा जो सात महीनों का उच्चतम स्तर है। पिछली बार अक्टूबर 2023 में यह 31.46 अरब अमरीकी डॉलर रहा था।

- आयात-निर्यात के बीच व्यापार घाटा बढ़कर 23.78 अरब डॉलर

उच्च आर्थिक वृद्धि दर्ज कर रहा भारत

वाणिज्य सचिव सुनील बर्थवाल ने कहा कि निर्यात के नजरिये से मई महीना उत्कृष्ट रहा है और यह प्रवृत्ति जारी रहने की उम्मीद है। उन्नत अर्थव्यवस्थाओं में मुद्रास्फीति धीमी हो रही है और इससे क्रय शक्ति को बढ़ाने में मदद मिलेगी, जिससे आयात की मांग बढ़ेगी। व्यापार घाटे पर बोले- भारत उच्च आर्थिक वृद्धि दर्ज कर रहा है, आयात की घरेलू मांग बढ़ेगी तथा निर्यात योग्य अधिशेष में कमी आएगी। प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) आ रहा है, विदेशी मुद्रा आ रही है और आप इसे अन्य तरीकों से संतुलित कर रहे हैं, तब तक मैं व्यापार घाटे को उतना बुरा नहीं मानता।

इराक से आयात मई में 58.68% बढ़कर 3.76 अरब डॉलर

नई दिल्ली। इराक से भारत का आयात मई में 58.68% बढ़कर 3.76 अरब डॉलर हो गया, जबकि यूएई से आयात इस महीने 50% बढ़ा है। वाणिज्य मंत्रालय ने आंकड़े जारी कर यह जानकारी दी। रूस से आयात मई में 18% बढ़कर 7.1 अरब डॉलर हो गया है। तेल आयात से यह वृद्धि हुई। मई में चीन से आयात 2.82% बढ़कर 8.48 अरब डॉलर हो गया। भारत के शीर्ष 20 आयात स्रोत देशों में सऊदी अरब, स्विट्जरलैंड, जापान, जर्मनी, हांगकांग, ऑस्ट्रेलिया और मलेशिया से आयात मई में घट गया। वहीं, भारत से दक्षिण अफ्रीका, इटली, नेपाल, बेल्जियम और ऑस्ट्रेलिया को निर्यात में मई माह के दौरान नकारात्मक वृद्धि हुई है। अमेरिका, यूएई, नीदरलैंड, ब्रिटेन, सिंगापुर और अरब को निर्यात में सकारात्मक वृद्धि दर्ज की गई है।

लेज ने डाक विभाग के साथ मिलकर जारी किए कस्टमाइज्ड माय स्टाम्प

नयी दिल्ली, एजेंसी

- 12 टिकटों के माय स्टाम्प के सेट में महिला किसान का जीवंत चित्रण किया गया है

महिलाएं पीढ़ियों से कृषि के क्षेत्र में काम करती आई हैं। इसके बावजूद उनकी कहानियां अनकही रह गईं और उनके योगदान को अनदेखा किया गया। इसी दिशा में कार्य करते हुए पेप्सिको इंडिया ने आज अपने लेज ब्रांड के जरिए डाक विभाग के सहयोग से एक अनूठा प्रयास किया। इसके तहत महिला किसानों को सम्मानित करने के लिए कस्टमाइज्ड माई स्टैम्प जारी किया गया है। 15 जून से ये टिकट ई-पोस्ट ऑफिस पर आम लोगों के लिए उपलब्ध होंगे। डाक टिकट संचार का सशक्त माध्यम है और यह भारत की संस्कृति और इतिहास में महत्वपूर्ण आयाम का प्रतीक है। टिकटों को जारी करके लेज़ इन गुमनाम नायकों हमारी महिला किसानों के अथक समर्पण को सामने लाता है, जिसने भारत के कृषि परिदृश्य में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई है।

यह लॉन्च प्रोजेक्ट फार्म इक्वल का विस्तार है, जो ग्लोबल डेवलपमेंट अलायंस प्रोजेक्ट (जीडीए) के माध्यम से पेप्सिको इंडिया और यूएस एजेंसी फॉर इंटरनेशनल डवलपमेंट (यूएसएआईडी) द्वारा संचालित एक बहुआयामी कार्यक्रम है। यह परियोजना 2,500 से अधिक महिला किसानों को उनकी विशिष्ट चुनौतियों का समाधान करके सशक्त बनाती है। 12 टिकटों के माय स्टाम्प के सेट में महिला किसान का जीवंत चित्रण किया गया है, जो पीले रंग की साड़ी पहने हुए, ताजे आलू से भरी टोकरी को पकड़ी हुई है। यह तस्वीर लेज़ के आलू के खेतों में अथक परिश्रम करने वाली अनगिनत महिलाओं का सशक्त प्रतिनिधित्व है तथा उनके समर्पण और त्याग का प्रतीक है। दिल्ली सर्किल की मुख्य पोस्टमास्टर जनरल मंजू कुमार ने कहा, " डाक टिकटों का हमेशा से ही अनूठा सांस्कृतिक महत्व रहा है, जो हमारी विरासत और मूल्यों से जुड़ी कहानियों को पिरोकर उन्हें व्यक्त करते हैं। डिजिटल युग के बावजूद, टिकटें कहानी बयां करने का सशक्त माध्यम बनी हुई हैं। लेज़ और डाक विभाग द्वारा जारी किए गए डाक टिकट महिला किसानों के योगदान को खूबसूरती से जीवंत करते हैं तथा भारतीय कृषि में उनकी अमूल्य भूमिका को दर्शाते हैं। लेज़ ने इतने सुंदर डिज़ाइन के ज़रिए अक्सर इन हीरोज को सम्मान देने का सराहनीय काम किया है। हमें विश्वास है कि देश भर के डाक टिकट संग्रह करने वाले इन टिकटों को पाने के लिए उत्सुक होंगे और यह अनेक लोगों को फिर से चिट्ठी भेजने के लिए प्रेरित करेगी।"

विदेशी मुद्रा भंडार 4.3 अरब डॉलर बढ़कर 655.8 अरब डॉलर की रिकॉर्ड ऊंचाई पर

मुंबई। देश का विदेशी मुद्रा भंडार 7 जून को समाप्त सप्ताह में 4.307 अरब डॉलर बढ़कर 655.817 अरब डॉलर की नयी सर्वकालिक ऊंचाई को छू गया। भारतीय रिजर्व बैंक ने शुक्रवार को यह जानकारी दी।

पूर्व के सप्ताह में विदेशी मुद्रा भंडार 4.837 अरब डॉलर के उछाल के साथ 651.51 अरब डॉलर के स्तर पर पहुंचा था। विदेशी मुद्रा भंडार का उच्चतम स्तर 10 मई को 648.87 अरब डॉलर था। पिछले कुछ सप्ताहों में विदेशी मुद्रा भंडार में उल्लेखनीय वृद्धि हुई है। रिजर्व बैंक के मुताबिक, 7 जून को समाप्त सप्ताह में मुद्रा भंडार का अहम हिस्सा मानी जाने वाली विदेशी मुद्रा आस्तियां 3.773 अरब डॉलर बढ़कर 576.337 अरब डॉलर हो गयीं। डॉलर के संदर्भ में उल्लेखित विदेशी मुद्रा आस्तियों में विदेशी मुद्रा भंडार में रखे गए यूरो, पाउंड और येन जैसी गैर-अमेरिकी मुद्राओं की घट-बढ़ का प्रभाव शामिल होता है। रिजर्व बैंक ने कहा कि समीक्षाधीन सप्ताह के दौरान स्वर्ण आरक्षित भंडार का मूल्य 48.1 करोड़ डॉलर बढ़कर 56.982 अरब डॉलर हो गया। विशेष आहरण अधिकार (एसडीआर) 4.3 करोड़ डॉलर बढ़कर 18.161 अरब डॉलर हो गया। आलोच्य सप्ताह में अंतरराष्ट्रीय मुद्राकोष (आईएमएफ) के पास भारत की आरक्षित जमा भी एक करोड़ डॉलर बढ़कर 4.336 अरब डॉलर हो गई।

पर्यटन से विदेशी मुद्रा में 17,909 करोड़ रुपये की हुई आय

नई दिल्ली। देश में इस साल अप्रैल में पर्यटन से विदेशी मुद्रा में आय सालाना आधार पर 2.90% बढ़कर 17,909 करोड़ रुपये हो गई। यह अप्रैल 2023 में 17,405 करोड़ रुपये थी। पर्यटन मंत्रालय ने हाल ही में जारी मासिक रिपोर्ट में यह जानकारी दी।

इस साल जनवरी से अप्रैल के बीच पर्यटन से विदेशी मुद्रा में आय सालाना आधार पर 27.18% बढ़कर 90,600 करोड़ रुपये हो गई। यह पिछले साल की समान अवधि में 71,235 करोड़ थी। भारत आने वाले विदेशियों की संख्या अप्रैल में सालाना आधार पर 7.7%बढ़कर 6,50,748 हो गई। गत वर्ष समान अवधि में 6,03,985 विदेशी पर्यटक भारत आए थे। जनवरी से अप्रैल के दौरान इनकी संख्या 34,71,833 रही जो एक साल पहले 31,33,751 थी। पर्यटन मंत्रालय के अनुसार अप्रैल में 26.30% पर्यटक बांग्लादेश से आए।

रक्षा निर्यात लक्ष्य को एफडीआई सुव्यवस्थित करने की जरूरत

नई दिल्ली, एजेंसी

- नेक्सजेन एग्जिबिशन के सर्वे में विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ावा देने पर दिया गया जोर

भारत के 5 अरब डॉलर के रक्षा निर्यात लक्ष्य को आगे बढ़ाने के लिए प्रत्यक्ष विदेशी निवेश (एफडीआई) को सुव्यवस्थित करने और रक्षा अनुसंधान एवं विकास तथा विनिर्माण क्षमताओं को बढ़ाने की आवश्यकता बताई गई है। एशिया की प्रमुख होमलैंड सुरक्षा और डिफेन्स एक्सपो में से एक अंतर्राष्ट्रीय पुलिस एक्सपो के आयोजक नेक्सजेन एग्जिबिशन ने हाल ही में किए सर्वे में एफडीआई को सुव्यवस्थित करने और रक्षा अनुसंधान एवं विकास एवं विनिर्माण क्षमताएं को बढ़ावा देने पर जोर दिया गया है।

भारत के 15 शहरों में आयोजित इस सर्वेक्षण में 130 से अधिक अंतर्राष्ट्रीय हथियार, गोला-बारूद और सुरक्षा उपकरण निर्माता, निर्यातक और स्टार्ट-अप समेत अनेक घरेलू कंपनियों ने भाग लिया। इसमें प्रतिभागी कंपनियों ने कई महत्वपूर्ण बिन्दुओ को रेखांकित किया जिनमे उद्योग के लिए तैयार पेशेवरों का एक बड़ा पूल बनाने के लिए मजबूत कौशल विकास पारिस्थितिकी तंत्र का निर्माण करने, सुव्यवस्थित एफडीआई प्रवाह तथा एआई और अन्य भविष्य की प्रौद्योगिकियों के साथ उन्नत प्रौद्योगिकी एकीकरण शामिल हैं।

भारत 75 से अधिक देशों को करता है रक्षा उपकरण निर्यात

भारत 75 से अधिक देशों को रक्षा उपकरण निर्यात करता है। अंतर्राष्ट्रीय पुलिस एक्सपो तेजी से पुलिस और कानून प्रवर्तन अधिकारी, सुरक्षा एजेंसियां, सरकारी प्रतिनिधि, और पेशेवरों के लिए एशिया का सबसे प्रभावशाली मंच बनता जा रहा है। 4-5 जुलाई को भारत मंडपम, प्रगति मैदान, नई दिल्ली में होने वाले अंतर्राष्ट्रीय पुलिस एक्सपो में ब्रिटेन, अमरीका, इज़राइल, पोलैंड, क्रोएशिया, संयुक्त अरब अमीरात, जर्मनी, कनाडा, सिंगापुर ब्राज़ील, हांगकांग और ताइवान सहित 25 से अधिक देशों की भागीदारी होगी।

कर दरों पर उद्योग जगत से वित्त मंत्रालय ने मांगी राय

नई दिल्ली, एजेंसी

- व्यापार एवं उद्योग संघों को 17 जून तक मंत्रालय को भेजने हैं सुझाव

वित्त मंत्रालय ने वित्त वर्ष 2024-25 के पूर्ण बजट के लिए व्यापार एवं उद्योग संघों से प्रत्यक्ष व अप्रत्यक्ष करों और उनका अनुपालन बोझ कम करने के लिए कानूनों में बदलाव के संबंध में सुझाव आमंत्रित किए हैं। व्यापार एवं उद्योग संघों को सुझाव 17 जून तक मंत्रालय को भेजने हैं। बजट जुलाई में संसद में पेश किए जाने की उम्मीद है। इस साल चुनाव होने से फरवरी में अंतरिम बजट ही पेश हुआ था।

वित्त मंत्रालय के मुताबिक इन सुझावों में शुल्क संरचना, कर दरों में परिवर्तन और प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष करों पर कर आधार को व्यापक बनाने के विचार शामिल हो सकते हैं। सीमा एवं उत्पाद शुल्क में परिवर्तन के लिए उद्योग जगत को उत्पादन, कीमतों और बदलावों के राजस्व निहितार्थ के बारे में प्रासंगिक सांख्यिकीय जानकारी के साथ मांगों को उचित ठहराना होगा। उलटे शुल्क ढांचे में सुधार के अनुरोध को उत्पाद के विनिर्माण के हर चरण में मूल्य संवर्धन से समर्थित करना होगा। उलटे शुल्क ढांचे में कच्चे माल पर अधिक शुल्क लगता है।

मुकदमे कम करने पर भी हो सकते हैं सुझाव

प्रत्यक्ष करों के संबंध में मंत्रालय ने कहा कि सुझाव अनुपालन कम करने, कर निश्चितता प्रदान करने और मुकदमेबाजी कम करने पर भी हो सकते हैं। इसमें कहा गया कि मध्यम अवधि में सरकार की नीति कर प्रोत्साहन, कटौतियों तथा छूटों को चरणबद्ध तरीके से समाप्त करने तथा साथ ही कर दरों को युक्तिसंगत बनाने की है।

श्रम सचिव ने की ईपीएफओ सुधारों पर समीक्षा बैठक

नई दिल्ली। श्रम एवं रोजगार सचिव सुमिता डावरा ने कर्मचारी भविष्य निधि से संबंधित दावा निपटान को स्वचालित बनाने और दावों की अस्वीकृति में कटौती के लिए ईपीएफओ के हालिया प्रयासों की सराहना की है। शुक्रवार को बयान में यह जानकारी दी गई।

डावरा ने कर्मचारी भविष्य निधि संगठन (ईपीएफओ) से संबंधित सुधारों पर समीक्षा बैठक में यह बात कही। उन्होंने सामाजिक सुरक्षा तंत्र के लिए अधिकारियों से करीबी समन्वय के साथ काम करने का आग्रह किया। ईपीएफओ के एप्लीकेशन में हरेक सदस्य के लिए यूनिवर्सल अकाउंट नंबर आधारित एकल लेखा प्रणाली और दावों के निपटान के लिए न्यूनतम हस्तक्षेप के साथ प्रक्रिया प्रवाह का स्वचालन भी शामिल होगा।

दशहरी आम का स्वाद चखेंगे जर्मनी के लोग

कार्यालय संवाददाता, लखनऊ/मलिहाबाद

अमृत विचार: अब फलों के राजा ''दशहरी'' आम के स्वाद लेने का समय आ गया है। बागवान आम मंडियों में लाना शुरू कर चुके हैं। ऐसे में देश ही नहीं विदेश के लोग भी इसका मजा लेने के लिए आतुर हैं। निर्यात का पहला आर्डर जर्मनी की तरफ से आया है। करीब 1.5 टन आम का भेजा जा रहा है। इसकी पहली खेप शनिवार को निकलेगी। आम की गुणवत्ता बनाए रखने और बैक्टीरिया मुक्त करने के लिए उसे रैपनिंग चैंबर और हॉट वाटर ट्रीटमेंट प्लांट से गुजारकर इसके स्वाद को और बेहतर किए जाने का काम शुरू हो गया है। पूरी प्रक्रिया से गुजारे जाने के बाद आम के निर्यात की पैकिंग भी शुरू कर दी गई है।

आम को हाट वाटर ट्रीटमेंट से गुजारने के बाद सुखाया जाता आम।

- 1.5 टन का मिला आर्डर, आज निकलेगी पहली खेप, बैक्टीरिया मुक्त और गुणवत्ता के लिए गुजारा गया तकनीकी प्रक्रिया से

> जर्मनी के आर्डर को पूरा कर लिया गया है। निर्यात के लिए आम की गुणवत्ता मैंगों पैक हाउस में पूरी कर ली गई है। पैकिंग शुरू हो गई है। शनिवार को पहली खेप निकलेगी। यह दशहरी की खेप भारत सरकार व जर्मनी सरकार के सामूहिक प्रयास से निर्यात की जा रही है। **-अकरम बेग, संचालक मैंगो पैक हाउस**

रूस और इंग्लैंड के लोग भी चखेंगे आम का स्वाद

मैंगो पैक हाउस के संदीप यादव बताते हैं कि आम का तैयार कर निर्यात के लिए उसकी पैकिंग शुरू कर दी गई है। निर्यातकों के पास सिर्फ जर्मनी ही नहीं रूस, इंग्लैंड, दुबई, ओमान और सऊदी अरब के आर्डर भी मिल गए हैं। विदेशों में करीब 30 टन आम की आपूर्ति पहले चरण में होगी। पहली खेप कल रवाना हो रही है।

निर्यात से पहले ऐसे बढ़ाई जाती है गुणवत्ता

- सबसे पहले साफ आम को बगीचे से तोड़कर मैंगों पैक हाउस लाया जाता है।
- एक आम का वजन वजन करीब 250 ग्राम से अधिक और 400 ग्राम के भीतर होना चाहिए।
- फिर कटर के माध्यम से इसके डंठल काटे जाते हैं। चेपी निकाली जाती है।
- फिर हॉट वाटर मशीन में आम को 48 डिग्री पर रखा जाता है जिससे आम के बाहरी और अंदरूनी कीट खत्म हो जाएं।
- कुछ देर की प्रक्रिया के बाद आम को निकालकर दाग और धब्बे को फिर से साफ किया जाता है।
- बैक्टीरियामुक्त होने के बाद आम ठंडा कर उसे फोम नेट जालियों में पैक कर उसे डिब्बे में रखा जाता है।

इस पूरी प्रक्रिया में करीब छह घंटे का वक्त लगता है।

सरकार से चीनी का बिक्री मूल्य 42 रुपये किलो करने की मांग

नई दिल्ली। राष्ट्रीय सहकारी चीनी कारखाना महासंघ ने शुक्रवार को सरकार से चीनी का न्यूनतम विक्रय मूल्य बढ़ाकर 42 रुपये प्रति किलो करने का आग्रह किया, ताकि बढ़ती उत्पादन लागत के बीच मिलों को परिचालन जारी रखने में मदद मिल सके। न्यूनतम बिक्री मूल्य 2019 से 31 रुपये प्रति किलो पर अपरिवर्तित रखा गया है, जबकि सरकार ने हर साल गन्ना उत्पादकों को दिए जाने वाले उचित और लाभकारी मूल्य में वृद्धि की है। महासंघ के अध्यक्ष हर्षवर्धन पाटिल ने कहा कि महासंघ ने खाद्य मंत्रालय को आंकड़े सौंपे हैं, जिसमें चीनी उत्पादन लागत में वृद्धि दिखाई दे रही है, जिससे न्यूनतम विक्रय मूल्य को गन्ने के उचित और लाभकारी मूल्य के साथ तालमेल बिठाना आवश्यक हो गया है।

T20 विश्व कप
लखनऊ, शनिवार, 15 जून 2024
www.amritvichar.com



नेपाल के सामने लगातार चौथी जीत दर्ज करने उतरेगा दक्षिण अफ्रीका

मुकाबला : सुबह 5 :00 बजे

किंग्सटाउन (सेंट विन्सेंट), एजेंसी

तीन जीत के साथ सुपर 8 में पहले ही जगह बना चुका दक्षिण अफ्रीका ग्रुप डी मैच में शनिवार को नेपाल को हराकर लगातार चौथी जीत दर्ज करने के इरादे से उतरेगा।

टूर्नामेंट में आठ विकेट के साथ संयुक्त रूप से दूसरे सबसे सफल गेंदबाज एनरिच नोर्किया बेहतरीन फॉर्म में हैं और नेपाल के बल्लेबाजों के लिए उनका सामना करना आसान नहीं होगा। अब तक कागिसो रबादा, मार्को यानेसन और ओटनील बार्टमैन ने तेज गेंदबाजी विभाग में नोर्किया का अच्छा साथ निभाया है जबकि स्पिनर विभाग में दारोमदार अनुभव केशव महाराज के कंधों पर रहा है। महाराज ने पिछले मैच में बांग्लादेश के खिलाफ 20वां ओवर करते हुए दक्षिण अफ्रीका को जीत दिलाई थी। दक्षिण अफ्रीका को साथ ही उम्मीद होगी कि क्विंटन डिकॉक, रीजा हैंड्रिक्स, कप्तान

एडेन मार्कराम और ट्रिस्टन स्टब्स की मौजूदगी वाला उसका शीर्ष क्रम सुपर आठ चरण से पहले लय हासिल करने में सफल रहेगा। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार सुबह 5 बजे से खेला जाएगा।

कोहली की फॉर्म पर रहेगी नजर, बारिश का अंदेशा

लॉडरहिल (अमेरिका), एजेंसी

भारत टी-20 विश्व कप के अपने अंतिम ग्रुप ए मैच में शनिवार को यहां जब कनाडा से भिड़ेगा तो स्टार बल्लेबाज विराट कोहली के पिछले कुछ मैचों में कम स्कोर उसके लिए चिंता की बात होंगे। टीम को साथ ही उम्मीद होगी कि मुकाबले में बारिश का खलल नहीं पड़ेगा क्योंकि फ्लोरिडा के कई हिस्सों में लगातार बारिश हो रही है।

भारत पहले ही सुपर 8 में जगह बना चुका है जिसके सभी मुकाबले वेस्टइंडीज में होंगे। आरसीबी की ओर से 150 से अधिक के स्ट्राइक रेट से 700 से अधिक रन बनाने के बाद कोहली टी-20 विश्व कप में आए थे लेकिन शुरुआती मुकाबलों में अच्छा प्रदर्शन करने में नाकाम रहे। वह अब तीन मैच में 1.66 के औसत से पांच ही रन बना पाए हैं जिसमें अमेरिका के खिलाफ 'गोल्डन डक' भी शामिल है। शहर बदलने के साथ कोहली को भाग्य भी बदलेगा। ब्रोवार्ड काउंटी स्टेडियम की पिच से गेंदबाजों को शायद न्यूयॉर्क जितनी मदद नहीं मिले। अगर भारत जायसवाल को मौका देता है तो वह पारी का आगाज करेंगे और ऐसे में कोहली को अपने तीसरे नंबर पर लौटना होगा। दूसरी तरफ कनाडा ने आयरलैंड के खिलाफ 12 रन की जीत के साथ अपनी क्षमता दिखाई है। हालांकि कनाडा के बल्लेबाजों के लिए भारत की मजबूत टीम को हराना आसान नहीं होगा। मैच में हालांकि बारिश का खलल पड़ने की आशंका है। यह मुकाबला भारतीय समयानुसार रात 8 बजे शुरू होगा।

मुकाबला : रात 8 :00 बजे

ग्रुप मैचों के बाद गिल और आवेश होंगे रिलीज

फोर्ट लाउडरहिल (फ्लोरिडा)। रिजर्व सलामी बल्लेबाज शुभमन गिल और तेज गेंदबाज आवेश खान को शनिवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ टीम के अंतिम टी-20 विश्व कप ग्रुप चरण मैच के बाद भारतीय टीम से रिलीज कर दिया जाएगा। यह समझा जाता है कि टीम प्रबंधन सुपर आठ चरण में चार स्टैंडबाय (वैकल्पिक खिलाड़ी) को ले जाने की जरूरत नहीं समझ रहा है। ऐसे में इसलिए केवल रिंकू सिंह और बाएं हाथ के तेज मध्यम खलील अहमद कैरेबियाई चरण के दौरान टीम के साथ होंगे। इस घटनाक्रम की जानकारी रखने वाले बीसीसीआई के एक वरिष्ठ सूत्र ने बताया शुभमन और आवेश को केवल अमेरिका में ग्रुप लीग चरण तक ही रुकना था। यह पहले से तय था। इसलिए आयरलैंड के खिलाफ मैच के बाद, उन्हें टीम से रिलीज (टीम से अलग होना) कर दिया जाएगा।

मुकाबला : सुबह 6 :00 बजे

बाहर हुई न्यूजीलैंड को युगांडा पर जीत की उम्मीद

तारोबा। टी-20 विश्व कप से बाहर हुई न्यूजीलैंड की टीम अब युगांडा के खिलाफ होने वाले ग्रुप सी के तीसरे मुकाबले में जीत की उम्मीद लगाए होगी। अफगानिस्तान की पापुआ न्यू गिनी पर जीत ने न्यूजीलैंड को सुपर आठ की दौड़ से बाहर कर दिया। अब ग्रुप में न्यूजीलैंड के दो मैच बचे हैं जिनके नतीजा मायने नहीं रखेगा। न्यूजीलैंड की टीम एक दशक में पहली बार विश्व कप (वनडे और टी20 प्रारूप) के ग्रुप चरण से आगे बढ़ने में विफल रही। अब उम्रदराज खिलाड़ियों से भरी न्यूजीलैंड की टीम उम्मीद करेगी कि वह नयी टीम युगांडा और पापुआ न्यू गिनी पर जीत दर्ज कर स्वदेश लौटे। यह मैच भारतीय समयानुसार सुबह 6 बजे शुरू होगा।

खेल डायरी

प्रणय की हार से भारतीय चुनौती समाप्त

सिडनी। भारत के शीर्ष रैंकिंग वाले एकल खिलाड़ी एचएस प्रणय अपने से ऊंची रैंकिंग वाले जापान के कोडाई नाराओका से 19-21, 13-21 से हार गए जिससे शुक्रवार को यहां देश का कोई भी शटलर ऑस्ट्रेलियन ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल से आगे बढ़ने में सफल नहीं रहा। विश्व रैंकिंग में 10वें स्थान पर काबिज प्रणय की हार से पहले पुरुष एकल वर्ग में समीर वर्मा और महिला एकल में आकर्षि कश्यप (महिला) के अलावा सिक्की रेड्डी एवं बी सुमित रेड्डी की मिश्रित जोड़ी को अंतिम आठ में हार का सामना करना पड़ा। प्रणय ने शुरुआती गेम में 10-16 से पिछड़ने के बाद अच्छी वापसी करते हुए स्कोर को 18-18 किया लेकिन इसके बाद लय बरकरार नहीं रख सके। वहीं समीर चीनी ताइपे के लिन चुन यी के खिलाफ दमखम नहीं दिखा सके। उन्हें महज 38 मिनट में 21-12, 21-13 से हराया।

अदिति की अच्छी शुरुआत संयुक्त 11वें स्थान पर

बेलमोंट (अमेरिका)। अदिति अशोक मेजर एलपीजीए क्लासिक गोल्फ टूर्नामेंट के पहले दौर में चार अंडर 68 के अच्छे प्रदर्शन से संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर हैं। अदिति ने पहले दौर में पांच बर्डी की लेकिन एक बोगी भी कर गईं जिससे उनका स्कोर चार अंडर रहा। मौजूदा सत्र में यह अदिति के सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन में शामिल है। उन्होंने फरवरी में थाईलैंड में होंडा एलपीजीए में भी 68 का स्कोर बनाया था और प्रतियोगिता में संयुक्त रूप से 31वें स्थान पर रहीं थी। कैलीफोर्निया की एलिसन ली ने पहले दौर में 65 के स्कोर से बढ़त बना ली है। पांच अंडर 67 के स्कोर से नौ खिलाड़ी संयुक्त रूप से दूसरे स्थान पर हैं।

वियतनाम मास्टर्स में पुखराज को मिली बढ़त

लांग एन (वियतनाम)। भारतीय गोल्फर पुखराज सिंह गिल ने दूसरे दौर में तीन अंडर 69 के स्कोर से यहां एशियाई डेवलपमेंट टूर के नैम ए बैंक वियतनाम मास्टर्स में बढ़त बना ली है। पहले दौर में 64 का स्कोर बनाने वाले पुखराज का इस 85 हजार डॉलर इनामी टूर्नामेंट में दो दिन के बाद कुल स्कोर 11 अंडर है। गिल ने दूसरे स्थान पर चल रहे इंडोनेशिया के जोनाथन विजोनो (68-67) पर दो शॉट की बढ़त बना रखी है जो नौ अंडर के कुल स्कोर से दूसरे स्थान पर हैं। टूर्नामेंट के लिए कट एक अंडर पर तय दिया है और 52 खिलाड़ी कट हासिल करने में सफल रहे। अन्य भारतीयों में सुनहित बिश्नोई (70-69) संयुक्त रूप से 11वें स्थान पर रहे।

एचआईएल के लिए शुरू किया पंजीकरण

नई दिल्ली। हॉकी इंडिया ने शुक्रवार को कहा कि उसने अपनी राष्ट्रीय लीग के लिए पंजीकरण की प्रक्रिया शुरू कर दी है जिसका आठ साल बाद दोबारा आयोजन किया जाएगा और यह पुरुष तथा महिला दोनों वर्ग में होगी। हॉकी इंडिया लीग (एचआईएल) में आठ पुरुष और छह महिला टीम हिस्सा लेंगी और इसके लिए पंजीकरण की अंतिम तारीख 30 जून है। हॉकी इंडिया ने लीग में भाग लेने के इच्छुक खिलाड़ियों और सहयोगी स्टाफ से भी आवेदन आमंत्रित किए हैं जो दिसंबर 2024 से फरवरी 2025 के बीच आयोजित होने वाली है। इस विंडो (टूर्नामेंट के आयोजन का समय) को अंतर्राष्ट्रीय हॉकी महासंघ (एफआईएच) ने मंजूरी दे दी है।

सुमित नागल पेरूगिया चैलेंजर के सेमीफाइनल में

पेरूगिया (इटली)। भारतीय टेनिस खिलाड़ी सुमित नागल ने अपनी शानदार फॉर्म जारी रखते हुए शुक्रवार को यहां चल रहे पेरूगिया चैलेंजर टूर्नामेंट के सेमीफाइनल में प्रवेश किया। छठे वरीय नागल ने क्वार्टरफाइनल में गैर वरीयता प्राप्त पोलैंड के माक्स कसनिकोवस्की पर सीधे सेट में 6-4, 7-5 से जीत हासिल की। यह नागल की जर्मनी में हीलब्रोन चैलेंजर के शुरू होने के बाद लगातार आठवीं जीत है। शनिवार को सेमीफाइनल में नागल का सामना स्पेन के गैर वरीय बर्नाबे जापाटा मिरालेस और दूसरे वरीय सर्बिया के लास्लो जेरे के बीच होने वाले क्वार्टरफाइनल के विजेता से होगा। नागल ने इससे पहले शुरूआती दौर में बोस्निया हर्जेगोविना के गैर वरीय नर्मन फाटिक पर और फिर प्री क्वार्टरफाइनल में इटली के एलेसांद्रो जियानेसी पर जीत दर्ज की थी। पिछले हफ्ते नागल ने हीलब्रोन चैलेंजर खिताब जीता था जो उनकी इस सत्र में दूसरी चैलेंजर ट्राफी थी। उन्होंने फरवरी में चेन्नई चैलेंजर में फतह हासिल की थी। एटीपी एकल रैंकिंग में नागल अभी 77वें स्थान पर है जिससे उनका अगले महीने होने वाले पेरिस ओलंपिक में स्थान सुनिश्चित हुआ।

पीएनजी को हराकर सुपर 8 में अफगानिस्तान

अफगानिस्तान के तेज गेंदबाज फारूकी ने झटके तीन विकेट, पापुआ न्यू गिनी की पूरी टीम को 95 रनों पर समेटा

पापुआ न्यू गिनी खिलाफ जीत दर्ज करने के बाद एक दूसरे को बधाई देते मोहम्मद नबी व गुलबदिन। ● एजेंसी

20 जून को अपने पहले सुपर 8 मुकाबले में भारत से बारबडोस में भिड़ेगी अफगानिस्तान की टीम

49 रन की शानदार पारी 36 गेंद में नाबाद खेलकर गुलबदिन नैब ने टीम को दिलाई जीत, नबी ने बनाए 16 रन

तारोबा (त्रिनिदाद), एजेंसी

फजलहक फारूकी और नवीन उल हक की धारदार गेंदबाजी से अफगानिस्तान ने यहां ग्रुप सी में पापुआ न्यू गिनी (पीएनजी) को सात विकेट से हराकर पहली बार टी-20 विश्व कप के सुपर आठ चरण में जगह बनाई। बाएं हाथ के तेज गेंदबाज फारूकी (16 रन पर तीन विकेट) और नवीन (चार रन पर दो विकेट) की धारदार गेंदबाजी के सामने पीएनजी की टीम पहले बल्लेबाजी करते हुए 19.5 ओवर में 95 रन पर सिमट गई।

इसके जवाब में अफगानिस्तान ने शुरुआती झटकों से उबरते हुए 15.1 ओवर में तीन विकेट पर 101 रन बनाकर जीत दर्ज की। गुलबदिन नैब ने 36 गेंद में नाबाद 49 रन की पारी खेलकर टीम को लक्ष्य तक पहुंचाया। तीन मैच में तीन जीत से छह अंक के साथ अफगानिस्तान ग्रुप सी से सुपर आठ में जगह बनाने वाली दूसरी टीम बनी। सहमेजबान वेस्टइंडीज पहले ही अगले दौर में जगह बना चुका है। 2021 टूर्नामेंट के फाइनल में जगह बनाने वाला न्यूजीलैंड प्रतियोगिता से बाहर हो गया। अफगानिस्तान सुपर आठ चरण में पहला मैच 20 जून को बारबडोस में भारत के खिलाफ खेलेगी।

राशिद खान ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी का फैसला किया जिसके बाद फारूकी ने अपने दूसरे ओवर में दो विकेट चटकाकर टीम को शानदार शुरुआत दिलाई। वह अब तक टूर्नामेंट में 11.2 ओवर में 42 रन देकर 12 विकेट चटका चुके हैं। फारूकी के तेज गेंदबाजी जोड़ीदार नवीन ने उनका अच्छा साथ निभाते हुए 2.5 ओवर में चार रन देकर दो विकेट चटकाए। सेमो कामिया के रन आउट के साथ 19.5 ओवर में पीएनजी की पारी सिमट गई। अफगानिस्तान ने अगर 25 अतिरिक्त रन नहीं दिए होते तो पीएनजी की हालत और खराब होती। इसमें 13 रन वाइड के भी शामिल हैं। पीएनजी की ओर से किपलिन डोरिगा ने सर्वाधिक 27 रन बनाए। उनके अलावा सलामी बल्लेबाज टोरी ऊरा (11) और एलेई नाओ (13) ही दोहरे अंक में पहुंच पाए।

टी-20 विश्वकप अंक तालिका

ग्रुप ए	मैच	जीत	हार	अंक	रन रेट	रद
भारत (क्वा)	3	3	0	6	1.137	0
अमेरिका (क्वा)	4	2	1	5	0.127	1
पाकिस्तान (बा)	3	1	2	2	0.191	0
कनाडा (बा)	3	1	2	2	-0.493	0
आयरलैंड (बा)	3	0	2	1	-1.712	1
ग्रुप बी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
ऑस्ट्रेलिया (क्वा)	3	3	0	6	3.580	0
स्कॉटलैंड	3	2	0	5	2.164	1
इंग्लैंड	3	1	1	3	3.081	1
नामीबिया (बा)	3	1	2	2	-2.098	0
ओमान (बा)	4	0	4	0	-3.062	0
ग्रुप सी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
अफगानिस्तान (क्वा)	3	3	0	6	4.230	0
वेस्टइंडीज (क्वा)	3	3	0	6	2.596	0
युगांडा (बा)	3	1	2	2	-4.217	0
पापुआ न्यू गिनी (बा)	2	0	2	0	-0.434	0
न्यूजीलैंड (बा)	2	0	2	0	-2.425	0
ग्रुप डी	**मैच**	**जीत**	**हार**	**अंक**	**रन रेट**	**रद**
द. अफ्रीका (क्वा)	3	3	0	6	0.603	0
बांग्लादेश	3	2	1	4	0.478	0
नीदरलैंड	3	1	2	2	0.408	0
नेपाल	2	0	1	1	-0.539	1
श्रीलंका (बा)	3	0	2	1	-0.777	1

स्कोर बोर्ड

पापुआ न्यू गिनी 95/10 (19.5 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
टोनी ऊरा बोल्ड नवीन उल हक	11	18	1/0
असद रन आउट (फारुकी/गुरबाज)	3	2	0/0
सियाका कैच गुरबाज बोल्ड फारुकी	0	1	0/0
सेसे बाऊ कैच गुरबाज बो फारुकी	0	1	0/0
हिरी हिरी बोल्ड नवीन उल हक	1	3	0/0
चैड सोपर रन आउट (नूर/राशिद)	9	26	0/0
किप्लिन डोरिगा पगबाधा नूर	27	32	2/0
नॉर्मन वानुआ रन आउट (राशिद)	0	7	0/0
आलेई कैच राशिद बोल्ड फारुकी	13	19	2/0
जॉन करिको नाबाद	4	7	1/0
सेमो कमेया रन आउट (गुरबाज)	2	3	0/0

अतिरिक्त : 25, **गेंदबाज :** फजलहक फारूकी 4-0-16-3, मोहम्मद नबी 1-0-9-0, नवीन उल हक 2.5-0-4-2, राशिद खान 4-0-25-0, नूर अहमद 4-0-14-1, अजमतउल्लाह उमरजई 2-1-5-0, करीम जनत 2-0-10-0

अफगानिस्तान 101/3 (15.1 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
रहमानउल्लाह गुरबाज बोल्ड नाओ	11	7	1/1
इब्राहिम जदरान बोल्ड कमेया	0	7	0/0
गुलबदीन नईब नाबाद	49	36	4/2
अजमतउल्लाह उमरजई बोल्ड वानुआ	13	18	1/0
मोहम्मद नबी नाबाद	16	23	1/0

अतिरिक्त : 12, **गेंदबाज :** आलेई नाओ 4-0-26-1, सेमो कमेया 3-0-16-1, चैड सोपर 2.1-0-19-0, नॉर्मन वानुआ-3-0-18-1, जॉन करिको 3-0-15-0

ओलंपिक क्वालीफायर में यूक्रेन से हारी भारतीय तीरंदाजी टीम

अंताल्या (तुर्की), एजेंसी

दीपिका कुमारी, भजन कौर और अंकिता भकत की भारतीय महिला रिकर्व टीम शुक्रवार को यहां अंतिम ओलंपिक क्वालीफायर के प्री क्वार्टरफाइनल में बढ़त गंवाकर निचली रैंकिंग पर काबिज यूक्रेन से 3-5 से उलटफेर का शिकार हो गई।

पांचवें वरीय के तौर पर क्वालीफाई करने वाली भारतीय टीम को प्री क्वार्टरफाइनल में बाई मिली थी जिससे उसे पेरिस ओलंपिक के लिए कोटा हासिल करने के लिए एलिमिनेशन दौर में दो जीत की दरकार थी। सेमीफाइनल में पहुंचने वाली टीम पेरिस ओलंपिक का कोटा हासिल करेगी। विश्व रैंकिंग में आठवें स्थान पर काबिज भारतीय टीम यूक्रेन की वेरोनिका मार्चेंको, अनास्तासिया पावलोवा और ओल्हा चेबोतारेंको की तिकड़ी से 3-1 की बढ़त गंवाकर 3-5 (51-51, 55-52, 53-54, 52-54) से हार गई। यूक्रेन की टीम विश्व रैंकिंग में भारत से 10 पायदान नीचे है। पुरुष टीम की क्वालीफाइंग स्पर्धा शनिवार को होगी जिसमें 46 टीमों के बीच कड़ी स्पर्धा होगी क्योंकि सिर्फ तीन कोटे दाव पर लगे होंगे।

पेरिस ओलंपिक में कई स्पर्धा में खेलेंगे सिनर

रोम। शीर्ष रैंकिंग पर काबिज खिलाड़ी यानिक सिनर पेरिस ओलंपिक में पुरुष एकल और युगल दोनों स्पर्धाओं में इटली का प्रतिनिधित्व करेंगे।

इटली टेनिस महासंघ ने शुक्रवार को यह जानकारी दी। फ्रेंच ओपन के सेमीफाइनल तक पहुंचकर इस हफ्ते पुरुष रैंकिंग में शीर्ष स्थान पर पहुंचे सिनर के लिए यह पहला ओलंपिक होगा। सिनर ने जनवरी में आस्ट्रेलियाई ओपन में पहला ग्रैंडस्लैम खिताब जीता था। 2024 में उनका जीत का रिकॉर्ड 33-3 रहा है जिसमें उन्होंने तीन खिताब हासिल किए। महासंघ ने कहा कि युगल मुकाबले में वह लोरेंजो मुसेटी के साथ जोड़ी बनाएंगे।

इंग्लैंड की रिकार्ड जीत, सुपर 8 की उम्मीद

कश्यप का विकेट लेने के बाद साथी खिलाड़ियों के साथ जश्न मनाते मार्क बुड। ● एजेंसी

नॉर्थ साउंड, एजेंसी

आदिल रशीद चार विकेट, मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर के तीन-तीन विकेटों की बदौलत इंग्लैंड ने टी-20 विश्वकप के 28वें मैच (ग्रुप-सी) में ओमान को रिकार्ड 101 गेंदे शेष रहते आठ विकेट से हराकर सुपर आठ में पहुंचने की अपनी उम्मीदों को जिंदा रखा।

इंग्लैंड के कप्तान जॉस बटलर ने टॉस जीतकर पहले गेंदबाजी करने का फैसला किया और उसके गेंदबाजी कप्तान के फैसले सही साबित करते हुए बल्लेबाजी करने उतरी ओमान की टीम को 13.2 ओवर में मात्र 47 के स्कोर पर समेट दिया। ओमान का कोई भी खिलाड़ी इंग्लैंड के गेंदबाजों के आगे नहीं टिक सका और ओमान के बल्लेबाज तू चल मैं आया की तर्ज पर पवेलियन लौटे। केवल शोएब खान (11) ही दहाई आंकड़े तक पहुंच सके। इंग्लैंड की ओर से आदिल रशीद ने 11 रन देकर चार विकेट लिए। मार्क वुड और जोफ्रा आर्चर ने 12-12 रन देकर तीन-तीन विकेट झटके।

फिल सॉल्ट और कप्तान जॉस बटलर की सलामी जोड़ी ने 47 रनों के लक्ष्य को तेजी से हासिल करने के लिए पारी की तूफानी अंदाज में शुरुआत की। फिल सॉल्ट तीन गेंदों में 12 रन बनाकर आउट हो गए। अगले ही ओवर में विल जैक्स भी (5) रन बनाकर पवेलियन लौट गये। जॉस बटलर ने आठ गेंदों में नाबाद 24 रनों की पारी खेली। जॉनी बेयरस्टो आठ रन बनाकर नाबाद रहे। इंग्लैंड ने 3.1 ओवर में दो विकेट पर 50 रन बनाकर आठ विकेट से मुकाबला जीत लिया।

स्कोर बोर्ड

ओमान 47/10 (13.2 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
प्रतीक अठावले कैच सॉल्ट बोल्ड आर्चर	5	3	1/0
कश्यप कैच लिविंगस्टन बोल्ड वुड	9	16	0/1
आकिब इल्यास कैच जैक्स बोल्ड आर्चर	8	10	1/0
जीशान मकसूद कैच आउट वुड	1	5	0/0
खालिद कैल स्टंप बटलर बोल्ड रशीद	1	3	0/0
अयान खान बोल्ड वुड	1	5	0/0
शोएब कैच बटलर बोल्ड आर्चर	11	23	1/0
मेहरान कैच मोईन अली बोल्ड रशीद	0	2	0/0
फय्याज बट बोल्ड रशीद	2	7	0/0
कलीमउल्लाह बोल्ड रशीद	5	5	1/0
बिलाल खान नाबाद	0	1	0/0

अतिरिक्त : 4, **गेंदबाज :** रीस टॉप्ली 3-0-12-0, जोफ्रा आर्चर 3.2-1-12-3, मार्क वुड 3-0-12-3, रशीद 4-0-11-4

इंग्लैंड 50/2 (3.1 ओवर)

	रन	गेंद	4/6
फिल सॉल्ट बोल्ड बिलाल	12	3	0/2
जॉस बटलर नाबाद	24	8	4/1
जैक्स कैच प्रजापति बोल्ड कलीमउल्लाह	5	7	1/0
जॉनी बेयरस्टो नाबाद	8	2	2/0

अतिरिक्त : 1, **गेंदबाज :** बिलाल खा 2-0-36-1, कलीमउल्लाह 1-0-10-1, फय्याज बट 0.1-0-4-0

पेरिस ओलंपिक में नहीं खेलेंगे मेसी

ब्यूनस आयर्स। अर्जेंटीना की फुटबॉल टीम के दिग्गज लियोनेल मेसी व्यस्त कार्यक्रम और स्वास्थ्य को ध्यान में रखते हुए आगामी पेरिस ओलंपिक खेलों के लिए टीम का हिस्सा नहीं होंगे। अर्जेंटीना की अंडर-23 कोच माशचेरानो से बातचीत में मेसी ने कहा कि हम दोनों ने मौजूदा हालात को समझते और अभी ओलंपिक के बारे में सोचना मुश्किल है। यह दो-तीन महीने लगातार क्लब से दूर रहने जैसा होगा और सबसे बड़ी बात यह है कि मैं अब ऐसी उम्र में नहीं हूं कि हर चीज में हिस्सा बन सकूं। यह बहुत मुश्किल फैसला था, लेकिन मेरे करियर के इस मुकाम पर अहम है कि मैं अपने शरीर और मानसिक स्वास्थ्य का ध्यान रखूं। उन्होंने कहा कि कोपा अमेरिका के बाद मुझे अपने क्लब इंटर मियामी के लिए भी खेलना है और इतने अधिक समय तक खेल से दूर रहना आसान नहीं है। मैं ओलंपिक में खेलने और माशे के साथ मिलकर इसे जीतने के लिए बहुत भाग्यशाली रहा हूँ। यह फुटबॉल के स्तर पर एक शानदार अनुभव था।

अमेरिका इन, पाकिस्तान आउट

फोर्ट लाउडरहिल, एजेंसी

अमेरिका ने शुक्रवार को यहां आयरलैंड के खिलाफ मैच रद होने के बाद अपने पहले ही प्रयास में टी20 विश्व कप के ग्रुप चरण को पार करने के साथ ही पूर्व चैम्पियन पाकिस्तान को टूर्नामेंट से बाहर कर दिया। अमेरिका ने अपने पहले दो मुकाबलों में पड़ोसी देश कनाडा और मजबूत पाकिस्तान पर जीत दर्ज की थी। उसे भारत के खिलाफ हार का सामना करना पड़ा लेकिन ग्रुप ए में उसका आयरलैंड के खिलाफ आखिरी मैच बारिश की भेंट चढ़ गया। इस मैच के रद होने से वह ग्रुप से से भारत के साथ सुपर आठ चरण में पहुंच गया।

अंपायरों ने कई बार मैदान का निरीक्षण करने के बाद आउटफील्ड गीली होने के कारण मैच को रद करने का फैसला किया। जिसका मतलब यह हुआ कि पाकिस्तान की मजबूत टीम उस टूर्नामेंट से बाहर हो गई, जिसे उन्होंने 2009 में जीता था। अमेरिका ने ग्रुप लीग अभियान को चार मैचों में पांच अंकों के साथ समाप्त किया और पाकिस्तान अगर आयरलैंड के खिलाफ अपना आखिरी मैच जीत भी जाता है तो अधिकतम चार अंकों तक पहुंच सकता है। इससे पहले, अमेरिका ने अपने पहले मैच में लगभग 200 रनों का पीछा करते हुए कनाडा पर शानदार जीत दर्ज की थी। उसने सबसे बड़े उलटफेरों में से एक में पिछले साल के उपविजेता पाकिस्तान को झटका दिया और फिर खिताब के प्रबल दावेदार भारत को कड़ी टक्कर दी।

● बारिश के कारण रद हुआ अमेरिका-कनाडा का मुकाबला, सुपर-8 में पहुंचा यूएसए

स्वामी-रुहेलखंड इंटरप्राइजेज के लिए मुद्रक एवं प्रकाशक त्रिनाथ शुक्ला द्वारा 25/16-ए, जाप्लिंग रोड, लखनऊ-226001 (उ.प्र.) से प्रकाशित एवं प्लाट नं.-42, निकट बद्री नगर, इंडस्ट्रियल एरिया, नादरगंज, लखनऊ-226008 (उ.प्र.) से मुद्रित।
संपादक-शंभू दयाल वाजपेयी, 0522-4008111 (कार्यालय), **ईमेल**-amritvicharlucknow@gmail.com **आर.एन.आई नं0**-50986/1989 **(नोट-सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा)।**

यूक्रेन नाटो में शामिल होने की योजना छोड़े तो तत्काल संघर्ष विराम : पुतिन

मॉस्को, एजेंसी

- यूक्रेन बोला- रूस उसके सभी क्षेत्रों से अपने सैनिक हटाए

रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने शुक्रवार को वादा किया कि यदि यूक्रेन अपने कब्जे वाले चार क्षेत्रों से सैनिकों की वापसी शुरू कर देता है और नाटो में शामिल होने की योजना छोड़ देता है तो वह तत्काल यूक्रेन में संघर्ष विराम का आदेश देंगे और बातचीत शुरू करेंगे। कीव के लिए इस तरह का प्रस्ताव अनुपयोगी ही लगता है क्योंकि वह नाटो सैन्य गठबंधन में शामिल होना चाहता है। वहीं, यूक्रेन ने यह मांग भी की है कि रूस उसके सभी क्षेत्रों से अपने सैनिक हटा ले।

पुतिन ने मॉस्को में रूस के विदेश मंत्रालय में एक भाषण में कहा, हम ऐसा तत्काल कर देंगे। रूसी राष्ट्रपति का बयान ऐसे समय आया है जब जी-7 के सदस्य देशों समेत कई वैश्विक नेता इटली में जुटे हैं और यूक्रेन में शांति लाने के प्रयासों के तहत स्विट्जरलैंड इस सप्ताहांत में कई वैश्विक नेताओं के सम्मेलन की मेजबानी करने वाला है जिसमें रूस शामिल नहीं होगा। पुतिन ने कहा कि उनके प्रस्ताव का उद्देश्य यूक्रेन में संघर्ष का आखिरी समाधान निकालना है।

यूक्रेन में रूस के हवाई हमले की चेतावनी जारी

कीव। यूक्रेन की वायुसेना ने शुक्रवार को रूस की ओर से बड़े पैमाने पर हवाई हमले की चेतावनी जारी की। वायुसेना की ओर से जारी बयान के अनुसार आज तड़के उत्तरी सुमी और चेर्निहाइव के हवाई क्षेत्र से कई मिसाइल यूक्रेन में प्रवेश कर गए और कीव, पश्चिमी शहर रिव्ने और पश्चिमी खमेलनित्सकी क्षेत्र में स्टारोकोन्स्त्यंतीनिव शहर की ओर बढ़े। यूक्रेन के सरकारी प्रसारक सस्पिल्ने ने कहा कि हवाई अलर्ट के दौरान यूक्रेन की राजधानी और खमेलनित्स्की क्षेत्र में विस्फोटों की आवाजें सुनी गई।

तनाव के बीच ईरान में सेंट्रीफ्यूज लगाना शुरू

दुबई। संयुक्त राष्ट्र की परमाणु निगरानी संस्था ने शुक्रवार को कहा कि ईरान ने अपने परमाणु कार्यक्रम को लेकर आलोचना का सामना करने के बाद उन्नत सेंट्रीफ्यूज लगाना शुरू किया है और आगामी हफ्तों में अन्य को भी लगाये जाने की योजना है।

नये सेंट्रीफ्यूज लगाये जाने से ईरान के परमाणु कार्यक्रम में और तेजी आएगी, जो पहले से यूरेनियम का संवर्द्धन कर उसे आयुध स्तर का बना चुका है और कई परमाणु आयुध बनाने के लिए इसका पर्याप्त भंडारण कर चुका है। हालांकि, अंतरराष्ट्रीय परमाणु ऊर्जा एजेंसी (आईएईए) की स्वीकारोक्ति में, ईरान के अधिक संवर्द्धन करने की योजना का कोई संकेत नहीं मिला है।

न्यूट्रॉन तारों की आंतरिक संरचना की मिली जानकारी

कार्यालय संवाददाता, कानपुर

- अंतरिक्ष वेधशाला एस्ट्रोसैट से मिली जानकारी पर अध्ययन में शामिल रहा आईआईटी कानपुर
- अध्ययन से प्राप्त नतीजों का खगोल भौतिकी और संबंधित क्षेत्रों पर स्थायी प्रभाव पड़ेगा

अमृत विचार : भारत की पहली अंतरिक्ष वेधशाला 'एस्ट्रोसैट' ने न्यूट्रॉन तारों की आंतरिक संरचना के बारे में नई जानकारी दी है। आईआईटी कानपुर में स्पेस विभाग के प्रमुख पंकज जैन ने कहा है कि यह खोज न्यूट्रॉन तारों के बारे में हमारी समझ को आगे बढ़ाने के साथ भौतिकी के मौलिक सिद्धांतों की खोज के लिए नए रास्ते खोलने वाली है। अध्ययन से प्राप्त नतीजों का खगोल भौतिकी और संबंधित क्षेत्रों पर स्थायी प्रभाव पड़ेगा।

पंकज जैन

शोध दल में ये रहे शामिल

आनंद (पीएचडी स्कॉलर, आईआईटी कानपुर), रंजीव मिश्रा (वरिष्ठ प्रोफेसर, आईयूसीएए), जेएस यादव (विजिटिंग प्रोफेसर, आईआईटी कानपुर), पंकज जैन (प्रोफेसर, आईआईटी कानपुर, स्पेस विभाग प्रमुख) उमंग कुमार (पीएचडी स्कॉलर, अशोका विश्वविद्यालय) और दीपांकर भट्टाचार्य (प्रोफेसर और भौतिकी विभाग प्रमुख, अशोका विश्वविद्यालय शामिल रहे।

आईआईटी कानपुर, आईयूसीएए और अशोका विश्वविद्यालय के शोधकर्ताओं द्वारा किया गया अध्ययन प्राकृतिक प्रयोगशालाओं के रूप में न्यूट्रॉन तारों का उपयोग करने की दिशा में एक महत्वपूर्ण उपलब्धि है। आईआईटी कानपुर, अंतर-विश्वविद्यालय खगोल विज्ञान और खगोल भौतिकी केंद्र पुणे और अशोका विश्वविद्यालय के वैज्ञानिकों की टीम ने भारत की पहली खगोलीय वेधशाला, एस्ट्रोसैट से प्राप्त डेटा के जरिए महत्वपूर्ण सफलता हासिल की है। एस्ट्रोफिजिकल जर्नल में प्रकाशित इस शोध से ब्रह्मांड में सबसे सघन पिंडों में से कुछ न्यूट्रॉन तारों की आंतरिक संरचना के बारे में नई जानकारी मिली है। न्यूट्रॉन तारे विशाल तारों के ढहे हुए कोर से बनते हैं और सूर्य के द्रव्यमान से भी अधिक द्रव्यमान को मात्र 10 किलोमीटर चौड़े गोले में समेट लेते हैं। शोध दल ने भारतीय इंजीनियरिंग के घरेलू स्तर पर विकसित एवं उन्नत एस्ट्रोसैट के उपकरण से प्राप्त डेटा का उपयोग बाइनरी स्टार सिस्टम द्वारा उत्सर्जित एक्स-रे का अध्ययन करने के लिए किया है। इस सिस्टम में एक न्यूट्रॉन तारा शामिल है, जो एक साथी तारे से पदार्थ को एकत्रित करता है। शोधकर्ताओं ने बाइनरी स्टार सिस्टम से एक्स-रे डेटा का विश्लेषण किया और कई ऐसे मामले पाए जिनमें क्यूपीओ ट्रिपल देखे गए।

एक नजर

नेपाल में भूस्खलन से चार लोगों की मौत

काठमांडू। पूर्वोत्तर नेपाल के तापलेजंग जिले में गुरुवार रात भूस्खलन से एक ही परिवार के चार सदस्यों की मौत हो गयी। मीडिया रिपोर्टों के मुताबिक फाक्टांगलुंग ग्रामीण नगर पालिका में एक दंपति और उनकी जुड़वां बेटियों की घर के मलबे में दब जाने से मौत हो गई। ग्रामीण नगर पालिका के अध्यक्ष राजन लिम्बु ने बताया कि सभी चारों की मौके पर ही मौत हो गई। उनके शव शुक्रवार सुबह बरामद किए गए। रिपोर्ट के मुताबिक परिवार द्वारा पाली गई लगभग 50 बकरियां और 10 से अधिक मुर्गियां भी इस आपदा की शिकार हो गयीं। नेपाल में वर्षाजनित आपदाएं आम हैं और नेपाली अधिकारियों का अनुमान है कि इस वर्ष 10 .8 लाख से अधिक लोग प्रभावित हो सकते हैं।

पापुआ न्यू गिनी ने भारत का किया हार्दिक धन्यवाद

नयी दिल्ली/पोर्ट मोरेस्बी। भूस्खलन प्रभावित पापुआ न्यू गिनी को भारत की ओर से भेजी गयी 10 लाख अमेरिकी डॉलर की राहत सहायता शुक्रवार को पोर्ट मोरेस्बी हवाई अड्डे पर पहुंची, जहां उपस्थित पापुआ न्यू गिनी के विदेश एवं रक्षा मंत्रियों सहित वरिष्ठ अधिकारियों ने सहायता के लिए भारत का आभार व्यक्त किया। पोर्ट मोरेस्बी में भारतीय उच्चायोग ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा कि भारतीय उच्चायुक्त इनबासेकर एस ने विदेश मंत्री जस्टिन तकाचेंको को राहत सामग्री सौंपी। उसने कहा, एंगा प्रांत में भूस्खलन के पीड़ितों के लिए भारत से 10 लाख अमेरिकी डॉलर की एचएडीआर राहत सहायता पोर्ट मोरेस्बी हवाई अड्डे पर पहुंची, जिसे पापुआ न्यू गिनी के विदेश मंत्री तकाचेंको और रक्षा मंत्री बिली जोसेफ सहित कई गणमान्य अधिकारियों ने प्राप्त किया।

नाइजर के अपदस्थ राष्ट्रपति पर चलेगा केस

डकार (सेनेगल)। नाइजर की शीर्ष अदालत ने लोकतांत्रिक रूप से निर्वाचित देश के राष्ट्रपति मोहम्मद बाजौम को एक सैन्य विद्रोह में सत्ता से बेदखल किये जाने के साल भर बाद उनके विशेषाधिकारों को समाप्त कर दिया है। इसके साथ ही, कथित देशद्रोह के मामले में सैन्य शासन के लिए उनके खिलाफ मुकदमा चलाने का मार्ग प्रशस्त हो गया। पिछले साल गर्मियों के मौसम में एक सैन्य तख्तापलट के बाद से बाजौम और उनके परिवार के सदस्य नजरबंद हैं। सैन्य शासन के अधिकारियों ने कहा कि उनकी योजना देशद्रोह के आरोपों और राष्ट्रीय सुरक्षा को कमजोर करने को लेकर उनपर मुकदमा चलाने की है।

प्रवासन व आर्थिक सुरक्षा पर चर्चा

जी-7 सम्मेलन के लिए इटली पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत भारतीय राजदूत ने किया

बारी (इटली), एजेंसी

- इतालवी नेता ने जी7 की तुलना अपुलिया क्षेत्र में फैले जैतून के पेड़ों की पत्तियों से की
- प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर नरेंद्र मोदी इटली पहुंचे

दुनिया के सात प्रमुख औद्योगिक देशों के समूह (जी7) ने शुक्रवार को दक्षिणी इतालवी क्षेत्र अपुलिया में तीन दिवसीय शिखर सम्मेलन के दूसरे दिन प्रवासन के साथ ही हिंद-प्रशांत और आर्थिक सुरक्षा जैसे मुद्दों पर चर्चा की। सम्मेलन के दौरान प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कृत्रिम मेधा (एआई), ऊर्जा, अफ्रीका और भूमध्यसागरीय क्षेत्र पर ध्यान केंद्रित करने वाले एक सत्र को संबोधित किया। तीसरे कार्यकाल के लिए प्रधानमंत्री पद की शपथ लेने के बाद अपनी पहली विदेश यात्रा पर मोदी इटली पहुंचे जहां भारतीय राजदूत वाणी राव ने उनका स्वागत किया। वह जी7 की पारंपरिक फोटो से पहले विश्व नेताओं के साथ द्विपक्षीय बैठकें करेंगे।

इटली की प्रधानमंत्री जॉर्जिया मेलोनी द्वारा आयोजित जी7 के प्रतिभागियों - अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडन, ब्रिटिश प्रधानमंत्री ऋषि सुनक, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, जर्मन चांसलर ओलाफ स्कोल्ज़, फ्रांसीसी राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों, जापानी प्रधानमंत्री फूमियो किशिदा, यूरोपीय आयोग की अध्यक्ष उर्सुला वॉन डेर लेयेन और यूरोपीय परिषद के अध्यक्ष चार्ल्स मिशेल के अलावा प्रधानमंत्री मोदी के साथ शिखर सम्मेलन में आमंत्रित 10 अन्य 'आउटरीच' देशों के नेता भी शामिल हुए। मेलोनी ने कहा, इटली ने जिस एक और महत्वपूर्ण मुद्दे को प्राथमिकता दी है, वह अफ्रीका से जुड़ा है। इतालवी नेता ने जी7 की तुलना अपुलिया क्षेत्र में फैले जैतून के पेड़ों की पत्तियों से भी की, जिनकी जड़ें मजबूत हैं और शाखाएं भविष्य की ओर फैली हुई हैं।

पोप को भारत आने का न्योता दिया

अपुलिया (इटली)। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को इटली में जी7 से इतर पोप फ्रांसिस से मुलाकात की और इस दौरान वे पोप के साथ गर्मजोशी से गले मिले तथा पोप फ्रांसिस को भारत आने का न्योता भी दिया। मोदी ने एक्स पर एक पोस्ट में कहा, जी7 शिखर सम्मेलन के मौके पर पोप फ्रांसिस से मुलाकात की। मैं लोगों की सेवा करने और हमारे ग्रह को बेहतर बनाने के लिए उनकी प्रतिबद्धता की प्रशंसा करता हूं। साथ ही उन्हें भारत आने का न्योता भी दिया। गौरतलब है कि पोप स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं के कारण व्हीलचेयर का उपयोग कर रहे हैं। प्रधानमंत्री मोदी की पोप से यह दूसरी मुलाकात है।

यूक्रेन को बातचीत और कूटनीति की दी सलाह

अपुलिया। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को यूक्रेन को सलाह दी कि वह रूस के साथ शांति स्थापित करने के लिए बातचीत और कूटनीति का रास्ता अपनाये। मोदी ने यूक्रेन के राष्ट्रपति वलोदिमिर ज़ेलेंस्की के साथ द्विपक्षीय मुलाकात के दौरान यह सलाह दोहरायी। मोदी ने 'एक्स' पर अपनी पोस्ट में लिखा, राष्ट्रपति ज़ेलेंस्की के साथ बहुत सार्थक बैठक हुई। भारत, यूक्रेन के साथ द्विपक्षीय संबंधों को और मजबूत करने के लिए उत्सुक है।

रणनीतिक रक्षा सहयोग तेज करने पर सहमत

अपुलिया। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने शुक्रवार को द्विपक्षीय मुलाकात में रणनीतिक रक्षा सहयोग को तेज करने पर सहमति व्यक्त की। बैठक में मोदी ने फ्रांसीसी राष्ट्रपति की हार्दिक शुभकामनाओं के लिए उन्हें धन्यवाद दिया। दोनों नेताओं ने क्षितिज 2047 रोडमैप और हिन्द प्रशांत क्षेत्र रोडमैप पर ध्यान केंद्रित करते हुए भारत-फ्रांस द्विपक्षीय संबंधों की समीक्षा की।

रामाफोसा दूसरी बार राष्ट्रपति बनने की ओर अग्रसर

केपटाउन। दक्षिण अफ्रीका की दूसरी सबसे बड़ी पार्टी ने कहा है कि वह राष्ट्रपति पद के लिए सिरिल रामफोसा का समर्थन करेगी, जिससे उनका लगातार दूसरी बार इस पद पर आसीन होना लगभग तय माना जा रहा है। डेमोक्रेटिक अलायंस (डीए) के नेता जॉन स्टीनह्यूसेन ने कहा कि उनकी पार्टी ने अब औपचारिक रूप से रामफोसा की अफ्रीकन नेशनल कांग्रेस (एएनसी) के साथ गठबंधन समझौते पर हस्ताक्षर कर दिए हैं, और समझौते का एक हिस्सा यह है कि रामफोसा राष्ट्रपति होंगे।

इजरायली हमले में तीन फिलिस्तीनियों की मौत

रामल्ला, एजेंसी

- उत्तरी वेस्ट बैंक में कबातिया शहर में की गई कार्रवाई

उत्तरी वेस्ट बैंक में जेनिन के दक्षिण में कबातिया शहर में इजरायली हमले में तीन फिलिस्तीनी मारे गए हैं। एक फिलिस्तीनी अधिकारी ने यह जानकारी दी। जेनिन के गवर्नर कमाल अबू अल-रब ने बताया कि इजरायली पक्ष ने फिलिस्तीनी सुरक्षा समन्वय कार्यालय को सूचित किया कि इजरायली सेना ने कई घंटों तक एक घर को घेरा और गोलीबारी की, जिससे तीन युवकों की मौत हो गयी।

एक वायरल वीडियो क्लिप में एक इजरायली बुलडोजर को मारे गए लोगों में से एक के शव को घर से निकालते और जमीन पर फेंकते हुए दिखाया गया है। स्थानीय सूत्रों ने कहा कि तीनों लोग इस्लामिक जिहाद आंदोलन की जेनिन बटालियन के नेता और जेनिन शिविर के निवासी थे। फ़िलिस्तीनी रेड क्रिसेंट सोसाइटी ने एक प्रेस बयान में कहा कि इजरायली बलों ने उसके कर्मचारियों पर तब हमला किया जब उन्होंने एक घायल व्यक्ति को पड़ोस से अस्पताल ले जाने का प्रयास किया।

विभिन्न राष्ट्राध्यक्षों से मिले मोदी

अपुलिया, एजेंसी

- बोले- अमेरिकी राष्ट्रपति से मिलना खुशी की बात होती है

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने शुक्रवार को जी 7 शिखर सम्मेलन के दौरान अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन, कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो, संयुक्त राष्ट्र महासचिव एंटोनियो गुटेरेस, संयुक्त अरब अमीरात (यूएई) के राष्ट्रपति मोहम्मद बिन जायद अल नाहयान, तुर्की के राष्ट्रपति रेसेप तैयप एर्दोगन और ब्राजील के राष्ट्रपति लूला दा सिल्वा से मुलाकात की।

मोदी ने एक्स पर कनाडा के प्रधानमंत्री ट्रूडो के साथ गर्मजोशी से बात करते हुए अपनी एक तस्वीर पोस्ट की और लिखा, जी 7 शिखर सम्मेलन में कनाडा के प्रधानमंत्री जस्टिन ट्रूडो से मुलाकात की। वहीं, अमेरिकी राष्ट्रपति बाइडेन के साथ अपनी बैठक को उन्होंने पोस्ट किया, अमेरिकी राष्ट्रपति जो बाइडेन से मिलना हमेशा खुशी की बात होती है। संरा महासचिव एंटोनियो गुटेरेस के साथ अपनी बैठक के बारे में उन्होंने पोस्ट किया। उन्होंने एक्स पर एक समूह में बातचीत की तस्वीरें भी पोस्ट की है और लिखा, इटली में बातचीत जारी है...राष्ट्रपति लूला, राष्ट्रपति एदोर्गन और महामहिम शेख मोहम्मद बिन जायद के साथ सुखद बातचीत। उन्होंने जॉर्डन के किंग अब्दुल्ला II से भी मुलाकात की।

माता-पिता, एक अन्य को 14 दिन की न्यायिक हिरासत

पुणे (महाराष्ट्र), एजेंसी

पुणे कार हादसा

- तीनों की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त हो गई थी

पुणे के कल्याणी नगर में हुई पोर्श कार दुर्घटना मामले में शामिल किशोर के माता-पिता और एक अन्य आरोपी को यहां की एक अदालत ने 14 दिन की न्यायिक हिरासत में भेज दिया। इन तीनों की पुलिस हिरासत की अवधि समाप्त हो गई थी। किशोर के रक्त के नमूने कथित तौर पर बदलने को लेकर उसके पिता विशाल और मां शिवानी अग्रवाल तथा बिचौलिया अश्पक मकंदर के खिलाफ जांच की जा रही है।

किशोर के रक्त का नमूना, 19 मई को हुई दुर्घटना के दौरान उसके शराब के नशे में होने या ना होने का पता लगाने के लिए एकत्र किया जाना था। मकंदर पर अग्रवाल दंपति और ससून अस्पताल के चिकित्सकों के बीच बिचौलिए की भूमिका निभाने का आरोप है, जहां ऐसे मामलों में रक्त के नमूने एकत्र किए जाते हैं। आरोप है कि किशोर के रक्त के नमूने को उसकी मां शिवानी अग्रवाल के रक्त के नमूनों से बदल दिया गया। दंपति और मकंदर को अतिरिक्त सत्र न्यायाधीश के समक्ष पेश किया गया। अभियोजन पक्ष ने किशोर के माता-पिता को न्यायिक हिरासत में भेजने का, लेकिन मकंदर को और तीन दिनों के लिए पुलिस हिरासत में सौंपने का अनुरोध किया था।

शहबाज शरीफ ने मौलाना फजलुर रहमान को गठबंधन में शामिल होने का न्यौता दिया

इस्लामाबाद, एजेंसी

पाकिस्तान के प्रधानमंत्री शहबाज शरीफ ने अपने पूर्व सहयोगी जेयूआई-एफ प्रमुख मौलाना फजलुर रहमान को पाकिस्तान मुस्लिम लीग-नवाज (पीएमएल-एन) के नेतृत्व वाले सत्तारूढ़ गठबंधन का हिस्सा बनने और देश में राजनीतिक गतिरोध को दूर करने में भूमिका निभाने के लिए आमंत्रित किया है।

समाचार पत्र 'डॉन' की खबर के अनुसार, बिलावल भुट्टो-जरदारी की पाकिस्तान पीपुल्स पार्टी और अन्य छोटे दलों के समर्थन से गठबंधन सरकार का नेतृत्व कर रहे शरीफ ने गुरुवार को जमीयत उलेमा-ए-इस्लाम (एफ) प्रमुख के आवास पर जाकर उनका हालचाल जाना। प्रधानमंत्री शहबाज (72) ने मौजूदा राजनीतिक मुद्दों के समाधान के लिए एक समिति के गठन का भी प्रस्ताव रखा और मौलाना रहमान से सत्तारूढ़ गठबंधन में शामिल होने को कहा। जेयूआई-एफ के प्रवक्ता ने बताया कि मौलाना रहमान ने इनकार कर दिया है।

अचकजई ने नवाज और जरदारी से वार्ता की इच्छा जताई

इस्लामाबाद, एजेंसी। पाकिस्तान के सत्तारूढ़ गठबंधन के साथ वार्ता का नेतृत्व करने के लिए इमरान खान की पार्टी द्वारा चुने गए पश्तूनख्वा मिल्ली अवामी पार्टी (पीकेएमएपी) के अध्यक्ष महमूद खान अचकजई ने शुक्रवार को पीएमएल-एन के अध्यक्ष नवाज शरीफ और पीपीपी के सह-अध्यक्ष आसिफ अली जरदारी के साथ बातचीत करने की इच्छा व्यक्त की। शुक्रवार को मीडिया में आई एक खबर में यह जानकारी दी गई है। जियो न्यूज की खबर के अनुसार, इस सप्ताह की शुरुआत में जेल में बंद पूर्व प्रधानमंत्री खान की पार्टी पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) ने विपक्षी गठबंधन के मंच तहरीक-ए-तहफ्फुज आईन (टीटीएपी) के माध्यम से वार्ता का नेतृत्व करने के लिए अचकजई को चुना था। अचकजई ने एक कार्यक्रम में कहा कि पाकिस्तान को एक मजबूत सेना की जरूरत है और स्पष्ट किया कि उनका आंदोलन सेना के खिलाफ नहीं है।

हूती विद्रोहियों ने दो क्रूज मिसाइल दागीं, एक घायल

दुबई, एजेंसी

- अदन की खाड़ी में एक वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाया

अमेरिका ने गुरुवार को कहा कि ईरान समर्थित हूती विद्रोहियों ने अदन की खाड़ी में जहाज रोधी दो क्रूज मिसाइल दागीं और एक वाणिज्यिक जहाज को निशाना बनाया, जिससे जहाज में आग लग गयी व एक व्यक्ति गंभीर रूप से झुलस गया।

अमेरिकी मध्य कमान' ने बताया कि एम/वी वर्बेना में अब भी आग लगी हुई है और घटना में झुलसे व्यक्ति को चिकित्सा उपचार के लिए अमेरिकी हेलीकॉप्टर से निकटवर्ती एक अन्य जहाज पर ले जाया गया। मध्य कमान ने एक बयान में कहा कि यूक्रेन के स्वामित्व वाले वर्बेना जहाज पर पलाउ का झंडा लगा था। पौलेंड द्वार संचालित विशाल मालवाहक जहाज मलेशिया से चला था और लकड़ी लेकर इटली की ओर जा रहा था। बयान के मुताबिक, एम/वी वर्बेना क्षतिग्रस्त हुआ और उसमें आग लग गयी। चालक दल आग पर काबू पाने का प्रयास कर रहा है। इजराइल-हमास युद्ध को लेकर हूती विद्रोही इस तरह के हमले कर रहे हैं और बृहस्पतिवार को हुआ हमला उनके अभियान का हिस्सा है। ब्रिटेन की सेना के ब्रिटेन समुद्री व्यापार संगठन केंद्र ने गुरुवार को कहा कि एक जहाज पर हमला किया गया जिससे जहाज में आग लग गयी।

बॉलीवुड हलचल

अजय-तब्बू की औरों में कहां दम था का ट्रेलर रिलीज

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता अजय देवगन और तब्बू की आने वाली फिल्म औरों में कहां दम था का ट्रेलर रिलीज हो गया है। नीरज पांडे के निर्देशन में बनी फिल्म औरो में कहां दम था में अजय देवगन और तब्बू की मुख्य भूमिका है। फिल्म का ट्रेलर रिलीज हो गया है। अजय देवगन नेट्रेलर अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। ट्रेलर के आखिर में अजय देवगन कहते हैं- जब दिल में धुंआ उठा, तब बरसात का मौसम था। सौ दर्द दिए उसने जो दर्द का मलहम था। हमने ही सितम ढाए हमने ही कहर तोड़े.. दुश्मन थे हमी अपनेऔरों में कहां दम था। फिल्म औरों में कहां दम था की कहानी 2002 से 2023 के बीच की कहानी दर्शाती है। इस फिल्म में जिमी शेरगिल, सई मांजरेकर और शांतनु माहेश्वरी भी नजर आएंगे। शीतल भाटिया, नरेंद्र हीरावत और कुमार मंगत पाठक निर्मित और नीरज पांडे निर्देशित यह फिल्म 05 जुलाई 2024 को सिनेमाघरों में रिलीज होगी।

सन्नी देओल ने बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेता सन्नी देओल ने अपनी आने वाली फिल्म बार्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो सोशल मीडिया पर शेयर किया है। जे.पी दत्ता के निर्देशन में बनी सुपरहिट फिल्म बार्डर वर्ष 1997 में रिलीज हुई थी। फिल्म बॉर्डर में सन्नी देओल,अक्षय खन्ना, सुनील शेट्टी, जैकी श्रॉफ, पूजा भट्ट, राखी, तब्बू समेत कई कलाकार नजर आये थे। सन्नी देओल ने अपने सोशल मीडिया हैंडल पर फिल्म बार्डर के सीक्वल बॉर्डर 2 का अनाउंसमेंट वीडियो शेयर किया है। इस वीडियो में बैकग्राउंड में सन्नी देओल की आवाज सुनाई दे रही है, जिसमें वह कहते हुए सुनाई दे रहे हैं कि 27 साल पहले एक फौजी ने वादा किया कि वो वापस आएगा। उसी वादे को पूरा करने और हिंदुस्तान की मिट्टी को सलाम कहने आ रहा है फिर से। बॉर्डर 2 को भारत की सबसे बड़ी युद्ध फिल्म बताया जा रहा है। फिल्म बार्डर 2 का निर्माण भूषण कुमार, कृष्ण कुमार, जेपी दत्ता और निधि दत्ता करेंगी।

11 अक्टूबर को रिलीज होगी आलिया भट्ट की जिगरा

मुंबई, एजेंसी। बॉलीवुड अभिनेत्री आलिया भट्ट की आने वाली फिल्म जिगरा, 11 अक्टूबर को रिलीज होगी। आलिया भट्ट ने फिल्म जिगरा का पोस्टर अपने इंस्टाग्राम हैंडल से साझा करते हुए रिलीज डेट का खुलासा किया है। वेदांग रैना के साथ आलिया इस फिल्म में धमाल मचाती नजर आएंगी। आलिया भट्ट ने अपने इंस्टाग्राम पर फिल्म जिगरा का पोस्टर साझा करते हुए लिखा है, 11 अक्तूबर 2024 को जिगरा के साथ सिनेमाघरों में मिलते हैं। पोस्टर में आलिया का एनिमेटेड अवतार देखने को मिल रहा है, जिसमें वह पीठ पर बैग टांगे खड़ी नजर आ रही हैं। जिगरा आलिया भट्ट के लिए काफी खास फिल्म है। आलिया फिल्म जिगरा की को-प्रोड्यूसर भी है। बताया जा रहा है कि जिगरा की कहानी एक बास्केटबॉल खिलाड़ी के इर्द-गिर्द बुनी गई है।

खगोल विज्ञान | विशाल मैगेलन दूरबीन रखा गया है दूरबीन नाम

65 मीटर व्यास की होगी दुनिया की सबसे बड़ी दूरबीन

अमृत विचार, नैनीताल

दुनिया की सबसे विशाल दूरबीन 2030 में ब्रह्मांड की निगरानी शुरू कर देगी। इस दूरबीन की सुविधा उपलब्ध होने से खगोल विज्ञान में खोज का दायरा दो सौ फीसद बढ़ जाएगा। इस दूरबीन का नाम विशाल मैगेलन दूरबीन है।

चिली के लास कैम्पानास वेधशाला में यह दूरबीन स्थापित की जाएगी। यह पृथ्वी पर स्थापित की जाने वाली ऑप्टिकल दूरबीन होगी, जो 65 मीटर व्यास की है। इसका डिजाइन बनकर तैयार हो चुका है। साथ ही मिरर का कार्य भी प्रगति पर है। यह कई देशों की साझा परियोजना है। दुनिया की सबसे बड़ी खगोलीय सुविधाओं में से एक बनने वाले टेलीस्कोप का घेरा अपनी अंतिम डिजाइन समीक्षा से गुजर चुका है और अब चिली में निर्माण के लिए तैयार है। यह समीक्षा दूरबीन के लिए एक प्रमुख मील का पत्थर साबित होगी। 2030 की शुरुआत तक चालू होने की राह पर है। टेलीस्कोप के डिजाइन में दो वर्ष का समय लगा।

दुनिया की सबसे बड़ी दूरबीन का डिजाइन।

टेलीस्कोप के सुविधा प्रबंधक ब्रूस बिगेलो के अनुसार 65 मीटर लंबा घेरा अब तक निर्मित सबसे बड़ी मशीनीकृत इमारतों में से एक होगा और आधुनिक इंजीनियरिंग और सटीक विनिर्माण की सच्ची उपलब्धि का प्रतिनिधित्व करेगा। इसका वजन 5,000 मीट्रिक टन है। यह घेरा चार मिनट में पूरा चक्कर लगाने में सक्षम होगा। इसमें 46 मीटर लंबे शटर वाले दरवाजे हैं, जो आसमान की ओर 25 मीटर दूरबीन का हिस्सा आसानी से बाहर निकाल सकेंगे। इसके लिये स्मार्ट बिल्डिंग बनाई जाएगी, जो दुनिया के सात सबसे बड़े दर्पणों की सुरक्षा वाला आधुनिक भवन होगा।

एक अरब प्रकाश वर्ष क्षमतावान वाली दूरबीन

नैनीताल : यह दूरबीन एक अरब प्रकाश वर्ष से अधिक दूर आकाश में खगोलीय पिंडों को ट्रैक कर सकेगी। 36 देशों में टेलीस्कोप का निर्माण, परीक्षण और डिजाइन कार्य चल रहा है। इसकी उन्नत सफल प्रौद्योगिकियां दुनिया भर के वैज्ञानिकों को सशक्त बनाएंगी, जो ब्रह्मांड के विकास, रासायनिक तत्वों की उत्पत्ति और पहली बार दूर के एक्सोप्लैनेट पर जीवन की खोज में अद्वितीय अंतर्दृष्टि प्रदान करेंगी।